निष्कर्ष यह है कि अयोध्या के लोगों ने देश को एक बड़ा संदेश दिया है कि मंदिर और मस्जिद विवाद पर आधारित राजनीति को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने धर्म की पहचान से ऊपर उठकर सामाजिक न्याय के मुद्दों के आधार पर वोट डाला है। अयोध्या की जनता ने दिखलाया है कि वे हिंदू और मुसलमान से पहले बहुजन हैं। उन्होंने यह पैग़ाम दिया है कि मुल्क को बगुला भक्तों से सावधान रहने की ज़रूरत है। अयोध्या के महान मतदाताओं ने रोज़ी-रोटी के सवाल को महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने सत्ताधारी दलों के काम-काज के आधार पर फ़ैसला दिया है। पूरे उत्तर प्रदेश की कौन कहें, सिर्फ़ अयोध्या का ही मामला ले लीजिए। राम मंदिर निर्माण के नाम पर अयोध्या के स्थानीय लोगों की जमीनें हड़प ली गईं। सड़क को चौड़ा करने के नाम पर और "सौंदर्यीकरण" के बहाने गरीबों के घर तोड़ दिए गए और अयोध्या की पुरानी बस्तियों को मलबे के ढेर में बदल दिया गया। हज़ारों लोग बेघर हो गए और उनकी रोज़ी-रोटी छीन ली गई। लेकिन जब वहां दुकानें बांटी गईं तो कमजोर वर्गों की सबसे ज़्यादा उपेक्षा की गई। गरीबों से जो वादे किए गये थे, वह सब कुछ भुला दिया गया। घर टूटा दलित, पिछड़ा और गरीब मुसलमानों का, लेकिन जब मलाई काटने की बारी आई तो ऊंची जाति और पैसे वाले लोग सबका हक़ मार गए।

बात बहुत आसान है कि धर्म के नाम पर अयोध्या में बड़ी लूट-पाट हुई। राम को आगे रखकर माल बनाया गया और वंचितों और आम आदमी के हितों पर बुलडोज़र चला दिया गया। वोट देते वक्त मक़ामी (स्थानीय) लोगों को यह बात बखूबी याद रही कि राम का भव्य मंदिर बनने से उनके तमाम मुद्दे ख़त्म नहीं होंगे। जैसे अयोध्या के युवाओं को स्कूल, कॉलेज और रोज़गार भी तो चाहिए। उन्हें यह बात मालूम थी कि राम को लाने वाले शिक्षा, रोज़गार, चिकित्सा, आरक्षण का नाम सुनते ही भाग जाते हैं। अयोध्या के लोगों ने वोट देते वक्त यह भी याद रखा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार लगातार आमलोगों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। यही वजह रही कि फैजाबाद (अयोध्या) की जनता ने अपने वोट की ताक़त से सांप्रदायिक शक्तिओं पर गहरी चोट की है।

(संपादन : राजन/नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, संस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

Bahujan first, then Muslim

By making common cause with other Dalits and Backwards and adopting new icons, the Pasmandas have broken free from the grip of elite and casteist minority politics

Abhay Kumar January 20, 2016

Ever since the emergence of Pasmanda movement on the large political scene in the 1990s, traditional minority politics has come in for sharp criticism from the new cultural imaginary. Influenced by Mandal politics (1990s), the Pasmanda movement has not only questioned the hegemony of *ashraf* (upper-caste) Muslims but also succeeded in rewriting history and replacing the symbols and idioms of "elite" minority politics.

Pasmanda, a Persian term, refers to those who have "fallen behind", according to *Masawat ki Jung* (2001), a book that is often cited by the Pasmanda leader and JD (U) MP Ali Anwar. Examples of some well-known Pasmanda castes are Lalbegi, Halalkhor, Monchi, Pasi, Bhant, Bhatiyara, Pamriya, Nat, Bakkho, Dafali, Nalband, Dhobi, Sai, Rangrez, Chik, Mirshikar and Darzi. Simply put, Pasmanda Muslims are Backwards (Shudra) and Dalits (Ati-shudra) who embraced Islam centuries ago to free themselves from caste atrocities. But the change of religion did not liberate them from caste discrimination and material deprivation. Despite the fact that Islam underscores equality and brotherhood, there are often media reports of Dalit Muslims being denied entry to mosques and graveyards by ashraf Muslims. Besides, inter-caste marriages in Muslim society are also not common.

Thus the Pasmanda leaders lay more emphasis on their Dalit and backward identity than their Muslim identity, questioning the idea of Muslims being a "monolithic" community. In recognition of the caste discrimination among Muslims, Pasmanda politics aims at arriving at a broader "Bahujan unity" of Dalits and Backwards across religions.

Pasmanda intellectual Khalid Anis Ansari has divided the Pasmanda movement into two phases. While the second phase was the byproduct of Mandal politics (1990s), the first phase goes back to the era of the Momin Conference in Bihar. The Momin Conference (1930s and 1940s) was shaped by nationalist movements and the politics of the Congress.

Founded in Kolkata by Bihari Muslims, the Momin Conference rejected both Hindu and Muslim nationalisms. However, the organization could not remain active after Independence when its top leader Qaiyum Ansari (1905-1974) became a minister in the Congress-led Bihar government.

Qaiyum Ansari is considered to be one of the most popular icons of the Pasmanda movement. The Indian government has even issued a postal stamp in his name. Ansari emerged on the wider political scene in Bihar in the early 1940s, writes historian Mohammad Sajjad in *Muslim Politics in Bihar* (2014).

Qaiyum Ansari was also the president of the Bihar Provincial Jamiat-ul-Momineen. He joined the freedom struggle during the Khilafat Movement when he came in contact with the Ali Brothers in Sasaram, Bihar. His "assertive" politics in the 1930s and the 1940s opposed the Muslim League and the two-nation theory. After Independence, he became a minister in various Congress state governments (1946-52, 1955-57 and 1962-67) and later the president of the party's Bihar Pradesh Committee, a member of Congress Working Committee and a Rajya Sabha member (1970-72).

Decades after the death of Ansari, the second phase of Pasmanda movement resumed under the influence of politics of social justice in Bihar. The first major Pasmanda organization was All India Backward Muslim Morcha, founded in 1994 by Dr Eijaz Ali, and later Pasmanda Muslim Mahaz, founded by Ali Anwar in 1998.

While the Pasmanda movement was close to the Congress party in the first phase, it saw the parties of social justice, such as the Janata Dal, the SP, the BSP, the RJD and the JD(U), as its natural allies in the second phase. The reason for this unity between the oppressed from the Hindu and Muslim folds is based on their "shared suffering", "*dard ka rishta*", common "experience", "occupation" and "humiliation" inflicted on them by members of the upper castes.

The Pasmanda movement's slogan "pichhra pichhra ek saman Hindu ho ya Musalman" (Dalits and backwards are the same whether they are Hindus or Muslims) brilliantly encapsulates this point.

This Bahujan solidarity among Dalits and Backwards across religions owes a lot to the political ideology of the BSP founder Kanshi Ram, who invented the concept of Bahujan and created a new political bloc in Indian politics, comprising Dalits, Backwards, and minorities. Traditional politics said Dalits and Muslims were minorities, but Kanshi Ram argued that the exploiting upper castes were a minority while the oppressed were the majority (Bahujan).

A change in political equation and identity requires reinterpretation of history too. While traditional Muslim scholarship had often ignored the question of caste, the Pasmanda Muslim intellectuals give it primacy. For example, Masood Alam Falahi [*Hindustan Mein Zaat-Paat Aur Musalman* (2007)] argues that lower-caste Muslims have been discriminated against and denied access to power since the medieval period. Mughal emperors Aurangzeb (1618-1707) and Bahadur Shah Zafar (1775-1862) began to be seen as casteist. Even Muslim icons of modern India such as Sir Syed Ahmed Khan (1817-1898), the founder of Aligarh Muslim University, used, it was pointed out, derogatory language against lower-caste Muslims (*badzat jolha*) and was a protector of upper-caste interests.

Veer Abdul Hamid

By demolishing the ashraf icons, the Pasmanda Muslims constructed new icons, which belonged to the Kabir-Phule-Ambedkar tradition. While they adopted Babasaheb Ambedkar as an icon because of his struggle against the caste system, they put OBC leader Karpoori Thakur right up there with Ambedkar. When he served as Bihar's chief minister, Thakur gave 26 per cent reservation to the backward castes in which many Dalit Muslim castes were also included.

Besides them, the Pasmanda movement has also adopted new icons from lower-caste Muslim groups. They are Veer Abdul Hamid (1933-1965), who was conferred Paramveer Chakra for his heroic fight during the 1965 Pakistan War; Bismillah Khan (1913-2006), renowned shehnai player and the 2001 Bharat Ratna awardee; Qaiyum Ansari; and Maulana Atikurraham Aarvi, who was a student of Darul Uloom Deoband and a nationalist freedom fighter.

By adopting these icons, Pasmanda Muslims have challenged the hegemony of the upper castes in the sphere of culture and civil society. This invention of a new cultural imaginary is a welcome development in the intensifying Dalitization of public culture.

Published in the October 2015 issue of the FORWARD Press magazine

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ambedkar's insights and foresight remain deeply underappreciated

Sudhir Hilsayan

Dr B.R. Ambedkar's vision of democracy transcended the simplistic notion of majority rule. He critiqued majoritarian democracy as a system that risked perpetuating the...

Raidas: A modern revolutionary thinker from the feudal medieval era

Siddharth

Raidas' radical thinking and works didn't get wider national and international acceptance. In fact, his modern vision wasn't even accorded the place it deserved...

As Jharkhand turns 24, a reason to celebrate and a reality check

Md Tabrez Alam

Jharkhand stands at a crossroads. The state must strike a balance between preserving its rich cultural heritage and meeting the demands of modernization and...

How Ambedkar began mobilizing for conversion 20 years before the event

Aniket Gautam

Ambedkar said that religious conversion was no child's play and that it couldn't be achieved with merely political measures. It had to be realized...

Ambedkar's hitherto unseen intercontinental-travel and census records, some of which expose baseless claims

Nikhil Bagade

A powerful, authoritative biography of Dr Ambedkar, one that is based solely on hard, verifiable evidence, and not hearsay, is yet to be written....

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

बहुजनों के वास्तविक गुरु कौन?

अगर भारत में बहुजनों को ज्ञान देने की किसी ने कोशिश की तो वह ग़ैर-ब्राह्मणवादी परंपरा रही है। बुद्ध मत, इस्लाम, अंग्रेजों और ईसाई मिशनरियों ने बहुजनों के लिए शिक्षा के दरवाज़े खोले। बुद्ध, कबीर, नानक, फुले, अंबेडकर जैसे बहुजन चिंतकों ने उनको ज्ञान दिया। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार July 22, 2024

बात गत 21 जुलाई, 2024 की है। सुबह होते ही जब अपना मोबाइल देखा तो पाया कि गुरु पूर्णिमा से संबंधित अनेक सारे संदेश आए हुए थे। दिल्ली यूनिवर्सिटी के 'स्कूल ऑफ़ ओपन लर्निंग' के छात्रों को मैंने पिछले सेमेस्टर में राजनीति शास्त्र पढ़ाया था। उसी क्लास के एक छात्र ने मुझे 'डियर टीचर' का संदेश भेजा था। कुछ छात्रों ने मुझे फोटो फॉरवर्ड की थीं। एक फोटो ऐसा था, जिसमें एक लंबी दाढ़ी वाले गुरु कुछ लिख रहे हैं और उनकी तुलना ईश्वर से की गई थी। अगर किसी को वाक़ई लगता है कि गुरु ईश्वर का अवतार है और उसकी हर बात को आंख बंद करके मान ली जानी चाहिए, तो वह वैसा करने के लिए पूरी तरह से आज़ाद हैं।

लेकिन मेरा अनुभव शिक्षकों के साथ अच्छा नहीं रहा है। मैंने शिक्षकों के समूह के ज़्यादातर लोगों को रूढ़िवादी पाया है। वह यथास्थिति को बनाए रखने वाला वर्ग है। भारत जैसे जाति के शोषण और भेदभाव पर आधारित समाज में, मैंने शिक्षकों को अक्सर जातिवाद और कम्युनलिज्म का घोर समर्थक पाया है। कोई इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि शिक्षकों के समूह में ज़्यादातर वे हैं, जो ऊंची जातियों में पैदा हुए हैं। ऐसे शिक्षक क्लासरूम में भी जातिवादी भेदभाव करते हैं और अल्पसंख्यक विरोधी बातें बोलते हैं।

जातिवादी शिक्षक समाज का इतना ज़्यादा नुक़सान करता है, जिसका अंदाज़ा लगाना बहुत मुश्किल है। वह समाज में जाति का वायरस बच्चों के दिमाग़ में डालता है। वह ऊंची जाति के बच्चों को आगे बैठाता है, उनको मेधावी कहता है, ज़्यादा नंबर देता है, दुलार-प्यार करता है। वहीं दूसरी तरफ़, दलित, आदिवासी, पिछड़े और मुस्लिम समाज के बच्चों को क्लास में पीछे बैठाता है, उनका हर वक्त अपमान करता है, उनका मनोबल तोड़ता है और उनके दिलों में हीन भावना भरने की हरसंभव कोशिश करता है।

कई मामले तो ऐसे भी आए हैं, जहां दलित समाज का छात्र जब सवर्ण लोगों के लिए रखे गए पानी के मटके से अपनी प्यास बुझाने की कोशिश की है, उसको बुरी तरह से मारा गया है। इतना ही नहीं, स्कूल में भी कई बार दलितों को क्लास से बाहर बैठाया जाता है और दलित बच्चों के साथ भोजन के मामले में भेदभाव किया जाता है। ऊंची जातियों के शिक्षकों द्वारा जाति का

नाम लेकर बच्चों को गाली देना और मारना तो रोज़ का मामला बन गया है, जिसके ख़िलाफ़ अक्सर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

सवाल है कि स्कूल के माहौल को ख़राब करने में अगर शिक्षक ज़िम्मेदार नहीं हैं, तो कौन हैं? क्या ऐसे शिक्षकों को ईश्वर का दर्जा देना चाहिए? शोषक और भेदभाव करने वाले पूजनीय कैसे हो सकते हैं?



बुद्ध की एक पेंटिंग

कुछ दिनों पहले ही झारखंड से यह बात आई है कि वहां के कुछ सवर्ण शिक्षक खुलेआम यह बात कह रहे हैं कि वे पढ़ाना नहीं चाहते हैं, क्योंकि अगर उन्होंने ज्ञान बांट दिया तो आदिवासी और दलित के बच्चे कल कुर्सी (नौकरी) पाकर उनके बराबर बैठ जाएंगे। दरअसल, यह हाल सिर्फ़ झारखंड का ही नहीं है। ऐसी ही स्थिति पूरे देश में है, क्योंकि ज्ञान पर हमेशा से ही मुट्ठी भर जातियों का क़ब्ज़ा रहा है। उन्होंने कभी नहीं चाहा कि ज्ञान सब तक पहुंचे।

इसकी पुष्टि हिंदू धर्म के ग्रंथ भी करते हैं। मसलन, एकलव्य ज्ञान पाने के लिए द्रोणाचार्य के पास गया था। क्या हुआ उसके साथ? ज्ञान के बारे में कहा जाता है कि इसे जितना फैलाया जाता है, उतना ही बढ़ता है। मगर द्रोणाचार्य ने ज्ञान को बांटने के बजाय, एक बहुजन का अंगूठा काटना पसंद किया ताकि एक सवर्ण अर्जुन की कुर्सी के आसपास एक बहुजन न बैठ पाए।

अगर अर्जुन ईर्ष्या की वजह से एकलव्य का अंगूठा काट लेता तो यह बात कुछ हद तक समझ में भी आती, क्योंकि कई बार लोग ख़ुद के स्वार्थ के लिए घृणित से घृणित कार्य करने के लिए तैयार हो जाते हैं। मगर ध्यान देने वाली बात है की द्रोण ने अंगूठा काटा। उन्होंने यह ख़ुद के लिए नहीं काटा था, बल्कि अपने वर्ग के हितों को पूरा करने के लिए किया था। सच तो यह है कि उन्होंने एकलव्य को धोखा देकर सवर्ण समाज के स्वार्थ को पूरा किया, ताकि कोई बहुजन बराबरी की दावेदारी न कर पाए।

उपरोक्त प्रसंग मिथक ही सही लेकिन आज भी भारतीय समाज का सच है। यही स्वार्थ आज देश भर के शिक्षण संस्थानों में देखा जाता है, जहां बहुजन का अंगूठा काटने के लिए 'द्रोणाचार्य गण' हर वक्त साज़िश करते रहते हैं। कहना अतिशयोक्ति नहीं कि कल का एकलव्य आज का रोहित वेमूला है। हर रोज़ एक रोहित को मारा जा रहा है। इस खूनी खेल में क्या शिक्षक शामिल नहीं हैं?

बहुजनों के ख़िलाफ़ साज़िश हर तरफ़ हो रही है। प्राथमिक स्कूल से लेकर यूनिवर्सिटी तक बहुजन विरोधी ताक़तें क़ाबिज़ हैं। कई तरह से बहुजनों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर, दलित और बहुजन के इलाक़ों के स्कूलों में सुविधा नहीं होती है। शिक्षकों की भी कमी होती है। अगर किसी सवर्ण शिक्षक की वहां नौकरी लग जाती है तो वह बग़ैर पढ़ाए

सैलरी उठाने की हरसंभव कोशिश करता है। मुखिया, सरपंच, पदाधिकारी और नेताओं के साथ वह 'कास्ट नेटवर्क' का सहारा लेकर बहुजनों के स्वार्थ पर हमला करता है और अपनी धांधली स्कूल के भीतर चलाता है। बहुजन समाज के बच्चों को प्यार से पढ़ाने और उनको आगे बढ़ाने के बजाय वह उनके साथ ऐसा सुलूक करता है ताकि वे अगले दिन से स्कूल न आएं। कई बार ऐसा देखा गया है कि वह छोटे-छोटे बच्चों का यौन शोषण भी करता है। स्कूल के संसाधन का भी दुरुपयोग वह ख़ुद के स्वार्थ के लिए करता है। जब भी मौक़ा मिलता है, सवर्ण शिक्षक बहुजन समाज के अभिभावकों से 'विद्या दान' देने के बदले बेगारी का काम करवाता है।

दरअसल शिक्षा दोधारी तलवार है। अगर इसका उपयोग समाज को आगे लाने में किया जाए तो समाज में सामाजिक बदलाव होगा और वंचितों को उनका हक़ मिल पाएगा। मगर शिक्षा का इस्तेमाल यथास्थिति को बनाए रखने के लिए किया जाए तो यह बहुजनों के ख़िलाफ़ सबसे घातक हथियार है।

बहरहाल, हिंदुत्व के प्रचारक जितना भी चीख-चीखकर प्रोपेगंडा कर लें कि भारत 'विश्वगुरु' था और वह फिर से 'विश्वगुरु' बनने जा रहा है, लेकिन असली सच्चाई तो यह है कि बहुजनों को शिक्षा से महरूम रखने में सवर्णों ने हमेशा कोशिश की और भारत को अज्ञान के अंधकार में डाले रखा। सब जानते हैं कि भारत में सदियों से पेशा और जाति का संबंध रहा है। जहां शूद्रों से काम लिया गया, वहीं सबका पेट भरने वाले को ही बदनाम किया गया और उनको ज्ञान से दूर रखा गया। जबकि ब्राह्मण ने शिक्षा का कभी भी लोकतंत्रीकरणनहीं किया और इसको अपनी इजारेदारी बनाए रखी। जो भी बहुजन उनसे ज्ञान लेने के लिये पास आया, उसका उन्होंने अंगूठा काट लिया।

अगर भारत में बहुजनों को ज्ञान देने की किसी ने कोशिश की तो वह ग़ैर-ब्राह्मणवादी परंपरा रही है। बुद्ध मत, इस्लाम, अंग्रेजों और ईसाई मिशनरियों ने बहुजनों के लिए शिक्षा के दरवाज़े खोले। बुद्ध, कबीर, नानक, फुले, अंबेडकर जैसे बहुजन चिंतकों ने उनको ज्ञान दिया।

मगर देश के ज़्यादातर सवर्ण शिक्षकगण हमेशा से ही बहुजन विरोधी रहे हैं। यह सब कुछ आपको झारखंड और बिहार के गांवों से लेकर दिल्ली की बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटियों में दिख जाएगा। देश की इन यूनिवर्सिटियों में पूरी तरह से क़ब्ज़ा सवर्णों का है। वही मेरिट के बहाने बहुजनों का गला घोंट रहे हैं। बहुजनों का यह कड़वा अनुभव है कि यूनिवर्सिटी का बुद्धिजीवी वर्ग विचारधारा के नाम पर अलग-अलग कैम्प में दिखेगा, मगर 'कास्ट नेटवर्क' की वजह से वह आपस में मिला हुआ है। सांप्रदायिक कैंप हो या सेक्युलर-लिबरल-लेफ्ट कैंप हो, दोनों जगह सवर्ण शिक्षकों का दबदबा है, जो बहुजनों के ख़िलाफ़ छुपकर या सामने आकर हकमारी करते हैं। जो छात्र ख़ुद की अपनी सोच रखते हैं और उनका महिमामंडन नहीं करते, उनको भी बाहर का रास्ता दिखलाया जाता है। फिर ऐसे गुरु ईश्वर तुल्य कैसे हो सकते हैं?

(संपादन : राजन/नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, संस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सवर्ण व्यामोह में फंसा वाम इतिहास बोध

रिंकु यादव

जाति के प्रश्न को नहीं स्वीकारने के कारण उत्पीड़ितों की पहचान और उनके संघर्षों की उपेक्षा होती है, इतिहास को देखने से लेकर वर्तमान...

त्यौहारों को लेकर असमंजस में क्यों रहते हैं नवबौद्ध?

संजीव खुदशाह

नवबौद्धों में असमंजस की एक वजह यह भी है कि बौद्ध धर्मावलंबी होने के बावजूद वे जातियों और उपजातियों में बंटे हैं। एक वजह...

संवाद : इस्लाम, आदिवासियत व हिंदुत्व

अभय कुमार

आदिवासी इलाकों में भी, जो लोग अपनी ज़मीन और संसाधनों की रक्षा के लिए लड़ते हैं, उन्हें आतंकवाद विरोधी क़ानूनों के तहत गिरफ्तार किया...

ब्राह्मण-ग्रंथों का अंत्यपरीक्षण (संदर्भ : श्रमणत्व और संन्यास, अंतिम भाग)

ओमप्रकाश कश्यप

तिकड़ी में शामिल करने के बावजूद शिव को देवलोक में नहीं बसाया गया। वैसे भी जब एक शूद्र गांव के भीतर नहीं बस सकता...

ब्राह्मणवादी वर्चस्ववाद के खिलाफ था तमिलनाडु में हिंदी विरोध

ओमप्रकाश कश्यप

जस्टिस पार्टी और फिर पेरियार ने, वहां ब्राह्मणवाद की पूरी तरह घेरेबंदी कर दी थी। वस्तुत: राजभाषा और राष्ट्रवाद जैसे नारे तो महज ब्राह्मणवाद...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

Bihar election through Bathe's eyes

The Dalits and the Backwards here have suffered greatly at the hands of the upper castes but they are still divided in terms of their voting preferences

Abhay Kumar November 1, 2015

"How far is Laxmanpur Bathe?" I lean out of the car window to ask a group of people standing in the noisy Olidad market of Arwal, some 85 km from Patna. An old man with tilak smeared on his forehead and carrying a bag replies: "It is not far away. If you give me a lift, I will take you there." Laxmanpur Bathe, or simply Bathe, a small village on River Son, hit the national headlines in the winter of 1997 when, in a single night, 58 Dalits and members of other backward castes were killed allegedly by the militiamen of the upper-caste-Bhumihar Ranvir Sena. When the old man is boarding the car, a young man asks whether he can also come with us and then sits beside me. In no time, the old man introduces himself as Kedarnath Bharti, a retired school teacher and a tantric, and recites some Sanskrit verses that impress the young man, a B-Tech graduate (mechanical engineering) from Ranchi University, so much so that he asks the old man for help in getting a job (he has sat for many interviews but hasn't got a job yet). Bharti gives him a ring and assures him that he will definitely have a job by the upcoming Laxmipuja. The boy takes the ring and gives the old man Rs 51, the dakshina the old man demanded.

Meanwhile, we reach the Parasi market. As both of them get out, they point to a narrow, serpentine road: "Follow this road and it will take you to Bathe. It is less than 2 kilometres from here."

Within a few minutes, I am in Bathe village, which sits along the canal from Amra to Nawada. As the canal has not been cleaned for years, it is filled with tall grass. "The canal is of no use to us; we do not remember the last time water flowed through it,' says Vijay Chaudhary, a Mallah (fisherman) by caste, whose major source of income is the fish that he catches from River Son. Farmers have had to depend on bored wells for irrigating their fields, which not many can afford. Besides, Bathe does not have electricity. "Candidate after candidate said that if they were elected they would bring electricity to the village but nobody kept their promises," Chaudhary says in sheer frustration.

As I enter the main settlement of Bathe village, it is not difficult for me to make out which of the houses belong to the upper castes and which of them to the others. While the upper castes have big pucca houses, along with large swaths of land, the Dalit and lower-caste houses are a mixture of makeshift (kaccha) structures and pucca ones. The villagers tell me that most of the Dalits do not own lands and the few who do usually have less than 5 kathas.

Upper castes in the village are mostly Bhumihars and Rajputs, along with a few houses of Brahmins, while Dalits, Chaudhary Mallahs and other backward castes account for the majority. Among Dalits, there are Ravidasis (chamars), Paswans, Rajbanshis, a caste group close to Manjhis, Baithas (dhobis) and Pasis.

According to 50-year-old Bhuvaneshwar Ram, the numbers of Ravidasis, Paswans, Rajbanshis, Baithas and Pasis in Bathe are around 350, 150, 150, 20 and 10, respectively. Apart from Dalits, upper castes and a number of other backwards castes make up the total population of 2200.

Bhuvaneshwar's house is adjacent to the government middle school where some children are playing and others reading. A Class 6 student, Udit Kumar, a Ramdasi Dalit, is able to answer some simple questions related to mathematics but when asked if he knows English he is silent. His mother Lalita Devi, who frets about her name being wrongly written as Sheila Devi in her voter identity card, complains that the teachers of school don't care about the students.

According to the villagers, most of the teachers in the middle school belong to the upper and middle castes. There are about a dozen teachers, but, a woman I meet near the school tells me, "they are not bothered whether they are in the classes or running around here and there". Villages say students get their mid-day meals but rue that the cooks are only hired from the middle castes; they do not recruit Dalit cooks because the practice of untouchability prevails.

Despite discrimination at the hands of teachers, a large number of Dalit students are going to schools. The government policy of providing students with food and books has had a positive effect. "There's a change taking place and now more students from Dalit community are going to schools," says Ram. However, the relatively well off among the Dalits are sending their children to private schools.

Sitting beside us is Mritunjay Kumar, a Ravidasi Dalit, who used to work in Bellary, Karnataka, and returned to Bathe only a month ago. Like him and Udit's father, a large number of Dalits, migrate to cities in search of jobs. Lalita Devi's husband also works in the city but she does not know the name of city. "What will one eat by staying in the village?" she asks.

Soon, we begin talking about the ongoing assembly elections. Mritunjay's choice is Nitish Kumar. The alliance led by Nitish Kumar, Lalu Yadav and Congress has fielded RJD's Ravindra Singh from the Arwal constituency. The fight in Arwal is expected to be a three-way contest between the BJP candidate Chitranjan Kumar, CPI-ML's Mahanand Prasad and RJD's Ravindra Singh.

Gradually, it emerges that Ravidasis are largely supporters of Nitish-led grand alliance, while Paswans are strongly backing the BJP-led NDA. Other subcastes of Dalits such as Rajbanshi and Baitha (Dhobi) don't vote for one party.

Like Mritunjay, Bhuvaneshwar Ram also supports the grand alliance. "There is a fight between the lotus [BJP's symbol] and the lantern [RJD's symbol] and I will press the button on lantern." As I visit other Dalit houses to get their views, Mritunjay accompanies me. "We need development and Nitish is doing that," he says.

What about the CPI-ML? It was once very strong in the region and claimed to lead the struggle of Dalits against the "feudal militia" and "feudal remnants" but the likes of Mritunjay today want "development". Many Dalits are voting for the RJD because they feel RJD is in a better position to defeat the BJP. 'If BJP wins, Bhabhans [Bhumihars] and Rajputs will become *sher* [lion],' says Mritunjay. Then he points to the bank of River Son from where the upper-caste militiamen walked into the village on 1 December 1997. A couple of relatives of Mritunjay were also killed in the massacre.

As we walk up from Son's bank, Mritunjay points to a pucca house, which was earlier a kaccha (makeshift) house, the first target of the militia. A few houses away is the Shahid Smarak (Martyrs' Memorial), inaugurated by then CPI-ML state secretary Ram Jatan Sharma on 6 January 1998. The memorial, which is painted red in colour, has the names of the 58 victims inscribed on it.

Every year on December 1, a function is held by CPI-ML in memory of the victims. On the occasion, Mritunjay says, the red flag on the memorial is replaced with a new one, "bhajans" are played and "prasad" distributed. By the memorial, we met Saheb Sharan, a middle-aged Ravidasi and a CPI-ML supporter. "It is unfortunate that one casts votes on the basis of caste and religion," he says. "The poor people, due to lack of education, do not differentiate between their real friends and enemies."

While blaming the poor for not taking the right decision, Sharan says the main culprit is the government and the administration. "Those who are supposed to be watchmen are destroying the garden and those who are supposed to be dousing the fire with water have caused the fire," goes the rough translation of a Bhojpuri couplet that encapsulates his theorization.

While we are engaged in this discussion by the memorial, I see some children playing with a BJP cap a few yards away. These children are at the entrance to the house of Vinod Paswan, who, according to Sharan, works in the police department. Images of several Hindu gods and

goddesses are inscribed on the gate of Paswan's house. This may be an indication that Paswans are increasingly becoming Hinduized. Their support to the BJP has obviously to do with BJP's alliance with Ram Vilas Paswan.

Some 50 yards away from Vinod's house is another Paswan's house. Lal Mohan Paswan runs a small egg shop. Tired and hungry, I sit on a bench at his shop and order an omelette. By the way, who is he voting for? "Phool [lotus]", comes the prompt reply.

Dusk has fallen. If the visit to Laxmanpur Bathe has revealed one thing, it is how divided Dalit votes are between candidates and political parties.

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ali Anwar: By amending Waqf law, government wants to grab land, not ensure Pasmanda representation

Nawal Kishore Kumar

The creation of a Waqf is a religious process. How can a non-Muslim regulate it? Will you dare provide for non-Hindu membership on the...

Why isn't there talk about what if Ambedkar had been India's first prime minister?

Rajendra Prasad

Had India's policies been designed from a bottom-up perspective, the remnants of the British colonial system would have been dismantled far more quickly. However,...

The Waqf law, and the Ashraaf failure to come to terms with democracy

Ayaz Ahmad

The Islamophilic Ashraaf's failure to come to terms with democracy has made them hopelessly prejudiced against Common Family Code. This Ashraaf failure coupled with...

'Dabba Cartel': Amid drug trafficking, an exciting entanglement of class and gender questions

Survesh Pratap Singh

The women coming together to run a drug business disguised as a 'dabba' service has us wondering whether the old doctrine of class struggle...

K.K. Kochu and his struggle to redeem human dignity

Vinil Paul

One of the foremost Dalit thinkers of Kerala K.K. Kochu, 76, passed away on 13 March 2025. Historian Vinil Paul recalls his enduring contributions...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

बाथे की नजर से बिहार चुनाव

दलितों और पिछड़ों ने ऊँची जातियों के हाथों बहुत कुछ भोगा है परंतु वोट के मामले में वे अब भी बंटे हुए हैं

अभय कुमार November 1, 2015

लक्ष्मणपुर बाथे कितनी दूर है?" मैंने कार की खिड़की से सिर निकालकर पटना से 85 किलोमीटर दूर अरवल के ओलीदार बाजार में खड़े कुछ लोगों से पूछा। एक बूढ़े आदमी, जिसके माथे पर लंबा-सा तिलक लगा था और हाथों में एक झोला था, ने जवाब दिया, "ज्यादा दूर नहीं है। अगर तुम मुझे गाड़ी में बिठा लो तो मैं तुम्हें वहां ले चलूंगा।" लक्ष्मणपुर बाथे या केवल बाथे, सोन नदी के किनारे एक छोटा सा गांव है जो सन् 1997 की सर्दियों में, तब राष्ट्रीय सुर्खियों में आया था, जब एक ही रात में वहां दलित और पिछड़ी जाति के 58 लोगों की कथित तौर पर ऊँची जातियों के भूमिहारों की रणवीर सेना के हथियारबंद गुर्गों ने हत्या कर दी थी। जब बूढ़ा आदमी कार में बैठ रहा था, तभी एक लड़के ने मुझसे पूछा कि क्या वह भी हमारे साथ चल सकता है। और मेरे उत्तर की प्रतीक्षा किए बगैर मेरे बगल में बैठ गया। बुजुर्गवार ने अपना परिचय सेवानिवृत्त स्कूल शिक्षक और तांत्रिक केदारनाथ भारती के रूप में दिया। उन्होंने कुछ संस्कृत श्लोक सुनाए, जिससे वह लड़का काफी प्रभावित नजर आया। उसने तांत्रिक महोदय से कहा कि वह रांची विश्वविद्यालय से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक है और कई साक्षात्कार देने के बाद भी उसे अभी तक नौकरी नहीं मिल सकी है। वह चाहता था कि तांत्रिक नौकरी दिलाने में उसकी मदद करें। भारती ने उसे तुरंत एक अगूंठी पकड़ाई और आश्वासन दिया कि उसे अगली लक्ष्मी पूजा तक निश्चित ही कोई न कोई नौकरी मिल जाएगी। लड़के ने श्रद्धापूर्वक अंगूठी ग्रहण की और बूढ़े आदमी की 51 रूपये की दक्षिणा की मांग को तत्काल पूरा किया।

इस बीच, हम परासी बाजार पहुंच गए। दोनों कार से उतरे और एक संकरी, सर्पीली सड़क की ओर इशारा करते हुए कहा "यह सड़क तुम्हें सीधे बाथे ले जाएगी। यहां से बाथे दो किलोमीटर से भी कम दूर है।"

कुछ ही मिनटों बाद मैं बाथे गांव में था, जो अमरा से नवादा जाने वाली नहर के किनारे बसा है। चूंकि नहर की कई सालों से सफाई नहीं हुई थी इसलिए वह ऊँची घास से पूरी तरह ढंकी हुई थी। "यह नहर हमारे लिए किसी काम की नहीं है। मुझे याद नहीं कि आखिरी बार कब मैंने इसमें पानी बहते देखा था", विजय चौधरी ने कहा। मल्लाह जाति के चौधरी की आमदनी का मुख्य स्त्रोत वे मछलियां हैं, जिन्हें वह सोन नदी से पकड़ते हैं। किसानों को सिंचाई के लिए कुओं पर निर्भर रहना पड़ता है और सबकी इतनी हैसियत नहीं कि कुएं खुदवा सकें। बाथे में बिजली नहीं है। "सभी उम्मीदवार हमें यह आश्वासन देते आए हैं कि अगर वे चुने गए तो गांव में बिजली लाएंगे परंतु किसी ने अपना वायदा पूरा नहीं किया", चैधरी ने कहा। उनकी आवाज में कुंठा और गुस्सा साफ झलक रहा था।

जैसे ही मैं बाथे की मुख्य बसाहट में घुसा, मुझे यह तुरंत समझ में आ गया कि कौनसे घर ऊँची जातियों के हैं और कौन से अन्यों के। ऊँची जातियों के बड़े, पक्के घर हैं, जिनके आसपास काफी खुली जगह है। दलितों और नीची जातियों के लोगों के घर छोटे हैं। उनमें से कुछ पक्के और कुछ कच्चे हैं। गांववालों ने मुझे बताया कि अधिकांश दलितों के पास खुद की जमीनें नहीं हैं और जिनके पास हैं भी, उनकी कुल जमीन पांच कट्ठे से ज्यादा नहीं है। गांव के ऊँची जाति के लोगों में भूमिहारों और राजपूतों की बहुलता है। कुछ घर ब्राह्मणों के भी हैं। बहुसंख्यक निवासी दलित, चौधरी-मल्लाह और अन्य पिछड़ी जातियों के हैं। दलितों में रविदास (चमार), पासवान, राजबंसी, बैठा (धोबी) और पासी शामिल हैं।

पचास वर्षीय भुवनेश्वर राम के अनुसार, रविदासों, पासवानों, राजबंसियों, बैठों और पासियो की बाथे में आबादी क्रमश: 350, 150, 150, 20 व 10 है। दलित, ऊँची जातियां और ओबीसी मिलाकर गांव की कुल आबादी 2200 है।

भुवनेश्वर का घर सरकारी माध्यमिक शाला के बगल में है। स्कूल के मैदान में कुछ बच्चे खेल रहे हैं और कुछ पढ़ रहे हैं। रामदासी दलित उदित कुमार, कक्षा 6 का विद्यार्थी है। वह गणित के कुछ प्रश्नों का जवाब आसानी से दे देता है। पर जब मैंने उससे पूछा कि क्या वह अंग्रेजी जानता है तो वह चुप हो गया। उसकी मां ललिता देवी बहुत परेशान हैं कि उनके मतदाता परिचयपत्र में उनका नाम शीला देवी लिखा हुआ है। वे शिकायत करती हैं कि स्कूल के अध्यापक बच्चों की कोई फिक्र नहीं करते।

गांववालों के अनुसार माध्यमिक शाला के अधिकांश शिक्षक उच्च व मध्यम जातियों के हैं। स्कूल में लगभग एक दर्जन अध्यापक हैं परंतु एक महिला, जो मुझे स्कूल के पास मिली, ने बताया कि "शिक्षकों को इस बात की कतई फिक्र नहीं रहती कि बच्चे कक्षाओं में हैं या इधर-उधर घूम रहे हैं।" गांववाले कहते हैं कि विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन मिलता है परंतु उनकी शिकायत है कि रसोईयों की नियुक्ति केवल मध्यम जातियों से होती है। दलितों को रसोईये के रूप में नियुक्त नहीं किया जाता क्योंकि गांव में अछूत प्रथा अब भी जिंदा है।

शिक्षकों के हाथों भेदभाव झेलने के बाद भी बड़ी संख्या में दलित विद्यार्थी स्कूल जाते हैं। विद्यार्थियों को भोजन और किताबें मुफ्त देने की सरकारी नीति का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। "बदलाव तो आ रहा है। अब बड़ी संख्या में दलित बच्चे स्कूल जाने लगे हैं।" राम कहते हैं। अपेक्षाकृत समृद्ध दलित अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजते हैं।

हमारे बगल में मृत्युंजय कुमार नाम का एक रविदासी दलित बैठा है, जो बैल्लारी (कर्नाटक) में काम करता था और अभी एक महीना पहले ही बाथे लौटा है। उसके और उदित के पिता की तरह, बड़ी संख्या में दलित, रोजगार की तलाश में शहर जाते हैं। ललिता देवी के पति भी किसी शहर में काम करते हैं परंतु उन्हें उसका नाम नहीं मालूम। "अगर हम गांव में रहेंगे तो खाएंगे क्या?" वे पूछती हैं।

जल्दी ही बातचीत का रूख विधानसभा चुनाव की ओर मुड़ जाता है। मृत्युंजय की पसंद नीतीश कुमार हैं। नीतीश कुमार, लालू यादव और कांग्रेस के महागठबंधन ने अरवल विधानसभा क्षेत्र से आरजेडी के रवीन्द्र सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। अरवल में मुकाबला त्रिकोणीय है-भाजपा उम्मीदवार चितरंजन कुमार, सीपीआई-एमएल के महानंद प्रसाद और आरजेडी के रवीन्द्र सिंह के बीच।

बिहार सरकार
यो. एवं विकास विभाग
योजना के मद: एकीकृत कार्य योजना
योजना का नाम: राम बाथे में अम्बेदकर भवन से
भुनेश्वर राम के घर तक पी.सी.सी. कार्य
योजना सं: 0262/2013-14
प्रा.राशि: 5,02,800/
एजेन्सी के नाम पता: नागमणि कुमार

धीरे-धीरे यह उभरकर सामने आता है कि रविदास मुख्यत: नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले महागठबंधन के साथ हैं जबकि पासवान, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के समर्थक हैं। राजवंशी और बैठा जैसी अन्य दलित उपजातियां किसी एक पार्टी को वोट नहीं देतीं।

मृत्युंजय की तरह, भुवनेश्वर राम भी महागठबंधन के समर्थक हैं। "मुकाबला कमल (भाजपा का चुनाव चिन्ह) और लालटेन (आरजेडी का चुनाव चिन्ह) के बीच है और मैं तो लालटेन का बटन दबाऊंगा।" फिर मैं दूसरे दलित परिवारों से मिलने निकल पड़ता हूं ताकि उनकी राय जान सकूं। मृत्युंजय मेरे साथ है। "हमें विकास चाहिए और नीतीश वह कर रहे हैं," वह कहता है।

और सीपीआई-एमएल का क्या? एक समय वह इस क्षेत्र में बहुत शक्तिशाली थी और उसका दावा था कि वह सामंती सेनाओं और सामंती तत्वों के विरूद्ध दलितों के संघर्ष का नेतृत्व कर रही है। परंतु अब मृत्युंजय जैसे लोग 'विकास' चाहते है। कई दलित, आरजेडी को इसलिए अपना वोट देना चाहते हैं क्योंकि उनको लगता है कि आरजेडी ही भाजपा को हरा सकती है। "अगर भाजपा जीतती है तो भूमिहार और राजपूत शेर बन जाएंगे" मृत्युंजय कहता है। फिर, वह सोन नदी के किनारे की ओर इशारा करता है जहां से 1 दिसंबर, 1997 को ऊंची जातियों के हथियारबंद गुंडे गांव में घुसे थे। उस कत्लेआम में मृत्युंजय के कुछ रिश्तेदार भी मारे गए थे।

जब हम सोन के किनारे की तरफ बढ़ रहे थे तब मृत्युंजय ने एक पक्के घर की ओर इशारा किया, जो रणवीर सेना का पहला निशाना बना था। उस समय वह कच्चा था। कुछ दूरी पर शहीद स्मारक है, जिसका उद्घाटन 6 जनवरी, 1998 को सीपीआई-एमएल के तत्कालीन महासचिव रामजतन शर्मा ने किया था। लाल रंग के इस स्मारक पर सभी 58 मृतकों के नाम उत्कीर्ण हैं।

हर साल एक दिसंबर को सीपीआई-एमएल द्वारा हत्याकांड के शिकार लोगों की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उसी दिन स्मारक पर लगे लाल झंडे को बदला जाता है, भजन गाए जाते हैं और प्रसाद बंटता है। स्मारक के पास हमारी मुलाकात साहेब शरण से हुई, जो अधेड़ावस्था का रविदासी और सीपीआईएमएल का समर्थक है। "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग केवल जाति और धर्म के नाम पर वोट देते हैं," वह कहता है। "शिक्षा की कमी के कारण गरीब-गुरबा अपने असली मित्रों और शत्रुओं के बीच अंतर नहीं कर पाते"।

गरीबों को सही निर्णय न ले पाने का दोषी ठहराते हुए शरण कहता है कि सरकार और प्रशासन सबसे बड़े गुनाहगार हैं। "बागड़ ही खेत को खा रही है, आग बुझाने वाले ही आग लगा रहे हैं," वह एक भोजपुरी कहावत के जरिए कहता है।

हम बातचीत कर ही रहे थे कि मेरा ध्यान कुछ दूरी पर भाजपा की टोपी से खेल रहे कुछ बच्चों की तरफ गया। ये बच्चे विनोद पासवान के घर के अहाते में थे। शरण ने बताया कि विनोद, पुलिस विभाग में काम करता है। पासवान के घर के दरवाजे पर अनेक हिन्दू देवी-देवताओं के चित्र बने हुए हैं। स्पष्ट है कि पासवानों का तेजी से हिन्दूकरण हो रहा है और रामविलास पासवान के साथ भाजपा के गठबंधन के कारण वे भाजपा के समर्थक बन गए हैं।

विनोद के घर से कोई पचास गज दूर एक दूसरे पासवान-लाल मोहन-की छोटी अंडों की दुकान है। मैं थका हुआ था और मुझे भूख भी लग रही थी। मैं दुकान में लगी एक बैंच पर बैठ गया और आमलेट का आर्डर दिया। "तुम किसे वोट दोगे?" मैंने पूछा। "फूल को," उसने तपाक से उत्तर दिया।

धुधंलका छा रहा था। लक्ष्मणपुर बाथे की मेरी यात्रा से एक चीज साफ थी कि इस बार दलित वोट विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों में बटेंगे।

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

आंकड़ों पर पहरा

आंकड़े झूठ नहीं बोलते। ये आंकड़े बतायेंगें कि अल्पसंख्यक ऊंची जातियां देश के संसाधनों पर किस हद तक काबिज हैं। क्या इसी कारण सरकार इन आंकड़ों को जारी करने में सकुचा रही है

अभय कुमार December 16, 2015

सामाजिक-आर्थिक व जाति जनगणना 2011 (एसईसीसी) की रपट को वित्त मंत्री अरूण जेटली द्वारा तीन जुलाई को अंशत: सार्वजनिक किए जाने के बाद से सामाजिक न्याय के झंडाबरदारों ने संसद के अंदर और बाहर एक ज़ोरदार अभियान शुरू कर दिया है, जिसका उद्देश्य मोदी सरकार पर इस बात के लिए दबाव बनाना है कि वह जनगणना की संपूर्ण रपट सार्वजनिक करे। जहां जेडीयू, आरजेडी व समाजवादी पार्टी के सांसदों ने मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में इस सम्बन्ध में संसद में आवाज़ उठाई, वहीं आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव इस मांग को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। लालू ने पटना में विरोध प्रदर्शन किया, एक दिन की भूख हड़ताल की और 27 जुलाई को बिहार बंद का आह्वान किया, जो कि खासा सफल रहा। मंडल राजनीति के एक प्रमुख नेता के रूप में लालू यह जानते हैं कि जाति जनगणना की रपट के प्रकाशन में देरी ने उन्हें जनता – विशेषकर ओबीसी और दलितों – को गोलबंद करने का एक मौका दे दिया है। और किसी भी राजनेता के लिए ऐसा मौका तब सुनहरा हो जाता है, जब चुनाव नज़दीक हों।

जाति जनगणना के आंकड़ों को प्रकाशित न करने के कारण उसे राजनैतिक नुकसान न हो, इसलिए भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद पनगरिया के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ समूह का गठन कर दिया है, जिसे जाति जनगणना के आंकड़ों को वर्गीकृत कर उन्हें जारी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा एक तीर से दो निशाने साधना चाह रही है – एक ओर उसने विशेषज्ञों के समूह का गठन कर अपने उन आलोचकों का मुंह बंद करने का प्रयास किया है जो यह आरोप लगा रहे हैं कि वह इन आंकड़ों को जारी ही नहीं करना चाहती। दूसरी ओर, इस समिति को उसका कार्य सम्पन्न करने के लिए किसी समय सीमा का निर्धारण न करके उसने यह सुनिश्चित कर लिया है कि कम से कम कुछ समय तक यह "विवादित मुद्दा" नेपथ्य में रहेगा।

यहां यह ध्यान में रखना आवश्यक है कि कांग्रेस की तरह भाजपा का उच्च नेतृत्व भी जाति जनगणना के मुद्दे पर बंटा हुआ है। सन् 2010 में, जब भाजपा विपक्ष में थी, तब भी इस मुद्दे पर पार्टी में एकमत नहीं था। ऊँची जातियों के भाजपा नेता और आरएसएस ने जाति जनगणना के प्रस्ताव का विरोध किया था जबकि उसके ओबीसी नेता इसके समर्थन में थे। आज पांच साल बाद भी भगवा शिविर इस मुद्दे पर विभाजित है। भाजपा के विपरीत, आरएसएस खुलकर जाति जनगणना का विरोध कर रहा है। आरएसएस के मुखपत्र 'आर्गनाइजर' के हालिया (2 अगस्त 2015) अंक में ए. जयराम का एक लेख छपा है, जिसमें जाति जनगणना को 'विघटनकारी' बताते हुए यह कहा गया है कि इससे हिंदुओं के बीच जातिगत विभाजन और बढ़ेगा।

'आर्गनाइज़र' के एक अन्य अंक (13 अगस्त, 2015) में जनगणना के दौरान व्यक्तियों की जाति की जानकारी लेने को 'धर्मनिरपेक्षता' और 'प्रजातंत्र' के मूल्यों के विरूद्ध बताया गया है। "भारत एक धर्मनिरपेक्ष और प्रजातांत्रिक देश है, जिसमें जाति और नस्ल के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता। फिर, जाति के मुद्दे को क्यों उखाड़ा जा रहा है?"

यह अक्सर देखा गया है कि जब भी पिछड़े और दलित, अपने सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन का हवाला देते हुए, न्याय पाने के लिए राजनैतिक संघर्ष शुरू करते हैं, तब सामाजिक न्याय और आरक्षण के विरोधी, धर्मनिरपेक्षता और मेरिटोक्रेसी का नारा बुलंद करने लगते हैं।

हिंदू समुदाय के तथाकथित रक्षक हमेशा से पिछड़ों और दलितों की बदहाली के प्रति उदासीन रहे हैं। परंतु जब भी पिछड़े और दलित अपनी आवाज़ उठाते हैं और अपने न्यायसंगत हिस्से की मांग करते हैं, अचानक हिंदुओं के विभाजन पर विमर्श शुरू हो जाता है, ताकि नीचे से उठने वाली दावेदारी की मांग को दबाया जा सके। उदाहरणार्थ, जब 1930 में डॉ. बी आर आंबेडकर ने पृथक निर्वाचक मंडल की मांग उठाई तो कांग्रेस ने उन्हें यह कहकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की कि इससे हिंदू विभाजित हो जाएंगे। आश्चर्य नहीं कि ब्रिटिश राज में हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग, दोनों ने क्रमश: हिंदुओं और मुसलमानों की जाति जनगणना का विरोध किया था।

ऐतिहासिक स्थापनाएं

इतिहास के कई ग्रंथों, जो अन्यथा विद्वतापूर्ण हैं, में जाति जनगणना की अवधारणा का विरोध किया गया है और इसे कई समस्याओं का जनक बताया गया है। फ्रांसीसी दार्शनिक मिशेल फूको से प्रभावित बरनार्ड एस कोहेन, निकोलस डक्र्स व पद्मनाभ समरेन्द्र ने औपनिवेशिक काल में जनगणना में जातिगत आंकड़े इकट्ठा करने को अनुचित ठहराया है।

कोहेन के अनुसार, जाति जनगणना की शुरूआत 18वीं सदी के उतराद्र्ध में तब हुई, जब अंग्रेजों को बंगाल में लगान व अन्य कर वसूल करने का एकाधिकार मिला। इसके बाद, अंग्रेजों ने बंगाल के विभिन्न जिलों के इतिहास, वहां के प्रमुख परिवारों, उनके रीति-रिवाजों व कृषि व अन्य उत्पादों के संबंध में जानकारी इकट्ठा करने की प्रक्रिया शुरू की। इसी प्रक्रिया के चलते 1871-1872 में पूरे देश में जनगणना की गई और इसके साथ ही, हर दस वर्ष में अखिल भारतीय स्तर पर जनगणना का क्रम शुरू हुआ। पहली जनगणना में लोगों की जाति की जानकारी भी इकट्ठा की गई, परंतु 1931 के बाद से जाति संबंधी आंकड़े जुटाना बंद कर दिया गया (1941 की जनगणना द्वितीय विश्वयुद्ध शुरू हो जाने के कारण अधूरी रह गई थी)। पिछड़ों वर्गों द्वारा कई दशकों तक संघर्ष करने के बाद, अंतत:, यूपीए सरकार ने सन् 2011 में जाति जनगणना की मांग को स्वीकार किया।

सन् 1987 में प्रकाशित अपने बहुचर्चित लेख "सेंसस, सोशल स्ट्रक्चर एंड ऑब्जेक्टिफिकेशन इन साउथ एशिया" (दक्षिण एशिया में जनगणना, सामाजिक ढांचा व व्यक्ति को वस्तु की तरह देखने की अवधारणा) में कोहेन ने यह तर्क दिया कि जनगणना में जातिगत आंकड़े इकट्ठा करना, अंग्रेजों की औपनिवेशिक नीति का भाग और उनकी प्रशासनिक आवश्यकता थी। कोहेन के अनुसार, जाति और धर्म संबंधी आंकड़े इकट्ठा किए जाने का औपनिवेशिक मानसिकता से कोई लेनादेना नहीं था। जैसा कि उन्होंने लिखा, "19वीं सदी के मध्य में कई ब्रिटिश अधिकारियों को लगा कि धर्म और जाति, भारतीयों की मानसिकता को समझने की समाजवैज्ञानिक कुंजियां हैं। अगर भारतीयों पर ठीक से शासन किया जाना है तो धर्म और जाति संबंधी जानकारी को व्यवस्थित ढंग से एकत्रित करना आवश्यक है।"

कोहेन ने यह तर्क भी दिया कि ब्रिटिश सरकार द्वारा 1857 के बाद से जातिगत जनगणना शुरू किए जाने के कारण, विभिन्न समुदायों की पृथक पहचान को मजबूती मिली। यह औपनिवेशिक राज्य का अपने शासन को मज़बूती देने के प्रयास का हिस्सा था। "जनगणना का उद्देश्य देश में अलग-अलग सामाजिक वर्गों का निर्माण करना था, जिसकी सहायता से भारत का प्रशासन चलाना आसान हो जाता", उन्होंने लिखा।

कोहेन की सोच की छाया, जाति जनगणना पर वर्तमान में चल रही बहस पर स्पष्ट नजऱ आती है। उदाहरणार्थ आंबेडकरवादी-माक्र्सवादी अध्येता आनंद तेलतुम्बड़े ("कांउटिंग कास्ट", इकोनोमिक एंड पोलिटिकल वीकली, 10 जुलाई 2010) जाति जनगणना की मांग का कड़ा विरोध करते हुए कहते हैं कि इससे 'शासक वर्ग' के स्वार्थ पूरे होंगे। उनका कहना है कि जनगणना में जाति संबंधी जानकारी का समावेश, "दमितों की मुक्ति के प्रयासों के लिए, मंडल आरक्षण के बाद, दूसरा सबसे बड़ा झटका होगा।"

यह विडंबनापूर्ण है कि तेलतुम्बड़े, जो कि 'हाशिए' की आवाज़ों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं, मंडल आंदोलन के महत्व को नहीं समझ पा रहे हैं, जिसने भारतीय राजनीति के कलेवर को बदल दिया और बहुजनों की एकता की राह प्रशस्त की। जाति जनगणना का उनका विरोध, साम्यवादियों के उस भय को प्रतिबिम्बित करता है कि जाति पर आधारित कोई भी विमर्श, श्रमिक वर्ग की एकता को खंडित करेगा।

जाति जनगणना की प्रक्रिया को सिरे से खारिज करने का ऐसा ही प्रयास पद्मनाभ समरेन्द्र ("सेंसस इन कोलोनियल इंडिया एंड द बर्थ ऑफ कास्ट", ईपीडब्ल्यू, 13 अगस्त 2011) ने भी किया है। वे तो यहां तक कहते हैं कि औपनिवेशियक काल में जाति जनगणना ने ही जाति को जन्म दिया और अगर यह प्रक्रिया पुन: शुरू की जाती है तो इससे जातिगत पहचान मज़बूत होगी। यह एक तरह से निकोलस डक्रस के इस तर्क का दोहराव है कि "उपनिवेशवाद ने भारत में जातिगत ढांचे का निर्माण किया"।

कोहेन, डक्रस और समरेन्द्र का यह तर्क कि भारत में जाति का जन्म औपनिवेशिक शासन के कारण हुआ, अतिश्योक्तिपूर्ण है। ये विद्वान इतिहासज्ञ यह भूल रहे हैं कि जनगणना के आंकड़े, उनकी सभी कमियों के बावजूद, खारिज नहीं किए जा सकते और आज भी वे नीति निर्धारण में उपयोगी हैं।

ये इतिहासविद यह मानकर चल रहे हैं कि जाति, औपनिवेशिक राज्य का 'आविष्कार' है व उसके द्वारा गढ़ी गई अवधारणा है। यह धारणा स्वीकार करने योग्य नहीं है क्योंकि औपनिवेशिक काल के पहले भी जातिगत अत्याचार, हिंसा व भेदभाव के ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध हैं।

कोहेन, डक्रस व अन्यों के विपरीत जानीमानी इतिहासविद् सूजन बेली (कॉस्ट, सोसायटी एण्ड पालिटिक्स इन इंडिया फ्राम द एटींथ सेन्चुरी टू द मार्डन एज, 1999) जाति की अवधारणा के विकास का कहीं अधिक सूक्ष्म व विश्वासयोग्य विश्लेषण करती हैं। वे कहती हैं कि यद्यपि जाति की संस्था में औपनिवेशिक काल में परिवर्तन आए परंतु जाति सदियों से भारतीय समाज का 'यथार्थ' व 'सक्रिय भाग' रही है। अंग्रेजों के भारत आने के हजारों साल पहले ऋगवेद के पन्नों में जातिगत आदर्शों को उकेरा गया है। इसी तरह गीता में भी जाति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि जाति के अभाव में समाज भ्रष्ट हो जाएगा। एक अन्य ब्राहम्णवादी ग्रंथ मनुस्मृति में जाति के सिद्वांतों को सार्वभौमिक विधि का दर्जा दिया गया है।

जाति के सामाजिक जीवन की सच्चाई होते हुए भी बड़ी संख्या में अध्येता, नीति निर्धारक और राजनेता जाति के अस्तित्व को ही स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। आश्चर्य नहीं कि जाति जनगणना फिर से शुरू करने के खिलाफ बहुत कुछ लिखा गया है। जानेमाने समाजशास्त्री सतीश देशपांडे और मेरी ई जॉन ("द पालिटिक्स ऑफ नाट काउंटिग कास्ट", ईपीडब्लू, 19 जून 2010) उन अध्येताओं में से हैं, जिन्होंने जाति जनगणना के लाभों पर विस्तृत प्रकाश डाला है।

ताजा बहस

जो लोग जाति जनगणना के विरोध में हैं, वे उसकी व्यवहार्यता पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। उनका तर्क यह है कि जाति जनगणना की ही नहीं जा सकती क्योंकि जाति व्यवस्था इतनी जटिल है कि विभिन्न जातियों के सदस्यों की गिनती करना दुष्कर ही नहीं असंभव है। दूसरे शब्दों में उनका तर्क यह है कि न केवल जाति जनगणना करने की प्रक्रिया अत्यंत जटिल है वरन उसके आंकड़ों की विश्वसनीयता भी संदिग्ध होगी। वे यह भी कहते हैं कि जाति जनगणना "फूट डालो राज करो" की औपनिवेशिक नीति का अंग थी और स्वतंत्र भारत में इसे फिर से शुरू करने से जातिगत पहचान मजबूत होगी, "राजनैतिक चालबाजियां" बढ़ेंगीं, जातिगत संघर्ष और गोलबंदी "फिर से शुरू हो जाएगी" और इस तरह संवैधानिक सिद्धातों का उल्लंघन होगा।

जहां तक जाति संबंधी आंकड़ों को इकट्ठा करने की प्रक्रिया की जटिलताओं का सवाल है, देशपाण्डे और जान उच्च तकीनकी की उपलब्धता का हवाला देते हुए कहते हैं कि "यह नहीं भुलाया जाना चाहिए कि सन् 2001 के बाद से जनगणना प्राधिकारियों को पूर्व की तुलना में कहीं बेहतर तकनीकी उपलब्ध हो गई है"।

जब सरकार आधार कार्ड जारी करने के लिए बहुत कम समय में करोड़ों लोगों के संबंध में निजी जानकारी इकट्ठा कर सकती है तो क्या वह अपने नागरिकों की जाति के संबंध में सटीक आंकडे इकट्ठा नहीं कर सकती? ज्ञातव्य है कि आधार कार्ड योजना के लिए जिस तरह की जानकारियों इकट्ठा की गईं थीं, उसे कई लोगों ने नागरिकों की निजता का उल्लंघन बताया था।

क्या जाति जनगणना 'जातिवाद' को बढ़ावा देगी? जो लोग यह आशंका व्यक्त कर रहे हैं, उनसे पलटकर यह पूछा जा सकता है कि क्या सन् 1931 की आखिरी जाति जनगणना के बाद के 80 वर्षों में जाति समाप्त हो गई है? प्रोफेसर अमिताभ कुंडू, जो सच्चर समिति की सिफारिशों के क्रियान्वयन और प्रधानमंत्री के अल्पसंख्यकों की बेहतरी के लिए लागू किए गए 15 सूत्रीय कार्यक्रम का मुस्लिम समुदाय की सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक स्थिति पर प्रभाव का आंकलन करने के लिए नियुक्त समिति के अध्यक्ष थे, इस विचार को खारिज करते हैं कि जातिगणना से जातिप्रथा को बढ़ावा मिलेगा। वे कहते हैं कि "किसी भी मुद्दे को नजऱअंदाज़ करने से बेहतर है उस पर सही जानकारियों के आधार पर सार्थक बहस करना। अन्दाजिय़ा आंकड़ों पर आधारित विमर्श और बहस, केवल 'खतरनाक जातिवाद' को जन्म देंगें" (देखें साक्षात्कार पृष्ठ ३० पर)।

इन दावों में कोई दम नहीं है कि जाति जनगणना से जातिगत पहचान मजबूत होगी, जातिगत टकराव बढ़ेगा और राजनैतिक चालबाजियों को प्रोत्साहन मिलेगा। जाति जनगणना से विभिन्न जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में आंकड़े उपलब्ध हो सकेंगे। सरकार के पास अभी विभिन्न जातियों के नौकरियों में प्रतिनिधित्व के संबंध में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। अलग-अलग जातियों की जनसंख्या के संबंध में आंकड़ो के एकत्रीकरण और संकलन से सरकार को वंचित समुदायों के उत्थान के लिए योजनाएं और नीतियां बनाने में मदद मिलेगी।

प्रोफेसर कुंडू जोर देकर कहते हैं कि विभिन्न जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में ठोस जानकारी तत्काल एकत्र किए जाने की आवश्यकता है। "देश की जनसंख्या का जाति व धर्म के आधार पर वर्गीकरण कई सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए अत्यंत आवश्यक है"।

कई राजनैतिक अर्थशास्त्रियों का यह मत है कि बाजार-आधारित आर्थिक उदारीकरण से पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता बढ़ी है। भारत में इस प्रक्रिया से सर्वाधिक नुकसान पिछड़ों और दलितों को हुआ है। उदाहरणार्थ, एसईसीसी 2011 के आंकड़ों से ग्रामीण भारत की गंभीर दशा की झलक मिलती है, जहां 90 प्रतिशत परिवारों का मुख्य कमाने वाले सदस्य की आय रूपये 10,000 प्रतिमाह से कम है। इसी तरह लगभग 36 प्रतिशत शहरी परिवार गरीबी की रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे हैं और 56 प्रतिशत परिवार "शहरी गरीब" की श्रेणी में आते हैं।

यद्यपि एसईसीसी 2011 के तुलनात्मक आंकड़े, जो वर्तमान हालात को और बेहतर ढंग से हमारे सामने ला सकते थे, अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं तथापि कई अध्ययनों से यह सामने आया है कि पिछड़ों और दलितों में घोर निर्धनता व्याप्त है। उदाहरणार्थ, सोनालदे देसाई ("कॉस्ट एण्ड सेंसस", ईपीडब्लू, 17 जुलाई 2010) भारत मानव विकास सर्वेक्षण (2004-05) आंकड़ो के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंची हैं कि अगड़ी जातियों, ओबीसी, एससी, एसटी, मुस्लिम व अन्य धार्मिक समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भारी अंतर है। देसाई के अनुसार परिवारों की औसत वार्षिक आमदनी की दृष्टि से अगड़ी जातियां सबसे आगे हैं, जिनके मामले में यह राशि रूपये 72,717 है। ओबीसी परिवारों की औसत वार्षिक आय रूपये 42,331, एससी की रूपये 34,128, एसटी की रूपये 32,345 और मुस्लिम की रूपये 44,158 थी।

जाति जनगणना व आरक्षण के खिलाफ एक अन्य तर्क यह दिया जाता है कि ये दोनों धर्मनिरपेक्ष राज्य की जाति के प्रति तटस्थ रहने की नीति के विरूद्ध हैं। जैसा कि पहले कहा गया है, राज्य के जाति के प्रति तटस्थ रहने की नीति की सबसे जोरदार वकालत वे ऊँची जातियां कर रही हैं जो उत्तर-औपनिवेशिक भारत से सबसे अधिक लाभान्वित हुई हैं। देशपाण्डे और जॅन इन दावों के पीछे के असली उद्देश्य को उजागर करते हुए कहते हैं, "ऊँची जातियों के श्रेष्टि वर्ग के लिए राज्य की जाति के प्रति तटस्थता की नीति लाभदायक है क्योकि उनकी तीन पीढिय़ां अपनी जाति से जितना लाभ उठा सकतीं थीं, उठा चुकीं हैं और अब वे इस स्थिति में हैं कि उन्हें खुलकर अपनी जाति का कार्ड नहीं खेलना पड़ता है। उन्हें उत्तराधिकार में संपत्ति मिल जाती है, वे महंगी शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हैं और उनके ऐसे संपर्क-संबंध हैं जिनके कारण वे "वैध तरीकों" से आगे बढ़ सकते हैं। उच्च जातियों के यही वर्ग राज्य की जाति के प्रति तटस्थ रहने की नीति का सबसे मुखर समर्थक हैं"।

यह विडंबनापूर्ण है कि जहां ऊँची जातियों के सदस्य, जाति को राज्य की नीतियों का निर्धारक तत्व बनाये जाने के विरूद्ध हैं वहीं वे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक संस्थाओं में बहुजनों के प्रवेश को बाधित करने के लिए सदियों पुराने जातिगत नेटवर्क का उपयोग करने में तनिक भी नहीं सकुचाते। उदाहरणार्थ, डी. अजीत, हेन डोनकर व रवि सक्सेना के एक अध्ययन ('कारपोरेट बोड्र्स इन इंडिया : ब्लाक्ड बाय कॉस्ट?'(ईपीडब्लू, 11 अगस्त 2012) के अनुसार व्यापार व उद्योग के क्षेत्र में ऊँची जातियों का वर्चस्व आज भी बना हुआ है। कारपोरेट निदेशक मंडलों के 93 प्रतिशत सदस्य ऊँची जातियों से हैं और इनमें भी ब्राह्मणों और बनियों की बहुतायत है।

जहां तक शैक्षणिक संस्थाओं का प्रश्न है, पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण के बाद से स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन आया है परंतु अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उदाहरणार्थ, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में दलित-बहुजन विद्यार्थियों का अनुपात आबादी में इस समुदायों के अनुपात के लगभग बराबर हो गया है परंतु शिक्षकीय पदों के मामले में वे अब भी हाशिए पर हैं। जेएनयू की 44वीं वार्षिक रपट के अनुसार विश्वविद्यालय के 809 अध्यापकों में से 31 मार्च 2014 की स्थिति में एससी, एसटी व ओबीसी की संख्या क्रमश: 40, 12 व 14 थी।

आर्थिक व सांस्कृतिक क्षेत्र की तुलना में राजनीति के क्षेत्र में ओबीसी की स्थिति कहीं बेहतर है। राजनीति में ओबीसी के उदय की शुरूआत सन् 1960 के दशक के उत्तरार्ध में हुई जब राज्यों में कांग्रेस का दबदबा घटने लगा और अनेक ऐसी क्षेत्रीय पार्टियां उभरीं, जिनके मुखिया दलित-बहुजन थे। जानेमाने राजनीति विज्ञानी योगेन्द्र यादव का कहना है कि यद्यपि मंडल की राजनीति ने ओबसी नेताओं की राजनैतिक शक्ति को बढ़ाया है तथापि अब भी वे हाशिए पर हैं। अनेक लोग मोदी के उदय को ओबीसी राजनीति के परवान चढऩे के रूप में देखते हैं, परंतु सच यह है कि मोदी मंत्रिमंडल में ऊँची जातियों के मंत्रियों का बहुमत (27 में से 20) है। राज्यों में भी स्थिति बहुत संतोषप्रद नहीं है। देश के 29 राज्यों में मुश्किल से पांच या छह ओबीसी मुख्यमंत्री हैं और किसी भी राज्य में दलित मुख्यमंत्री नहीं है।

इन सैद्धांतिक तर्कों और सांख्यिकीय प्रमाणों के बाद भी कई लोग यह मानने के लिए तैयार नहीं हैं कि जाति जनगणना आवश्यक है। उनकी अनिच्छा के पीछे यह डर है कि आंकड़ों के जारी होने से आधिकारिक रूप से यह साबित हो जाएगा कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद ऊँची जातियों का देश के संसाधनों पर गैर आनुपातिक कब्जा है। जाति जनगणना के विरोधियों को डर है कि यदि छुपी हुई सच्चाई पर से पर्दा उठ गया तो देश में इस मांग के साथ एक नया आंदोलन शुरू हो सकता है कि आरक्षण पर लगाई गई 50 प्रतिशत की सीमा को समाप्त किया जाए। इसके अतिरिक्त जाति संबंधी आंकड़ों के प्रकाशन से सामाजिक न्याय के योद्धाओं को, जो कि इन दिनों प्रतिकूल स्थितियों का सामना कर रहे हैं, एक नया हथियार मिल जाएगा। इसलिए सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध नेताओं को चाहिए कि वे जाति जनगणना के नतीजों के जल्द से जल्द सार्वजनिक किए जाने के अभियान को और गति दें। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का जाति जनगणना के विरोधियों और समर्थकों के परस्पर समीकरणों पर निर्णायक प्रभाव पड़ेगा।

सामाजिक आर्थिक व जाति जनगणना (एसईसीसी) 2011

- **संसद में बहस के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए 2 सरकार ने एसईसीसी को मंजूरी दी।**
- **जाति जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा दोनों में आतंरिक मतभेद थे।**
- **सन 1931 के बाद, देश में पहली बार जाति जनगणना हुई।**
- **गणना की शुरुआत 29 जुलाई 2011 को पश्चिम त्रिपुरा जिले के हज़ेमारा ब्लाक के सन्खोला गाँव से हुई।**
- **यह भारत की पहली जनगणना थी, जिसमें कागज़ और कलम का इस्तेमाल नहीं हुआ। केवल हाथ में पकड़े जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों का प्रयोग किया गया।**
- **एसईसीसी देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हुई।**
- **जनगणना का सञ्चालन और समन्वय भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने किया।**

- **एसईसीसी का उद्देश्य निर्धनता के 'बहुआयामी' पहलुओं की पहचान करना है। इसके अंतर्गत ग्रामीण परिवारों के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की गयीं। इससे सरकार लक्षित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर सकेगी।**
- **वित्त मंत्री अरुण जेटली ने जनगणना के कुछ नतीजों को नयी दिल्ली में 3 जुलाई 2015 को जारी किया।**
- **विपक्षी दलों के दबाव में केंद्रीय मंत्रिपरिषद ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविन्द पनगारिया की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समूह का गठन करने का निर्णय लिया, परन्तु जनगणना की रपट को जारी करने की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गयी है।**

फारवर्ड प्रेस के सितंबर, 2015 अंक में प्रकाशित

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

अछूत प्रथा को उखाड़ फेंकना आसान नहीं

इस बात के कई प्रमाण हैं कि गांवों से लेकर शहरों और यहाँ तक कि प्रवासी भारतीयों की बीच भी, दलितों के साथ भेदभाव किया जाता है

अभय कुमार April 1, 2015

इंग्लैंड से पीएचडी की डिग्री हासिल करने के बाद जब युवा आंबेडकर भारत पहुंचे तो जाति-आधारित भारतीय समाज ने उन्हें यह याद दिलाने में तनिक भी देरी नहीं की कि वे अछूत हैं. बाबासाहेब ने स्वयं अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुआ लिखा कि बडौदा में न तो कोई हिन्दू और ना ही मुसलमान उन्हें "किराये पर मकान देने को तैयार था". इसके लगभग एक सदी बाद, पिछले सितम्बर में, बिहार के मधुबनी जिले में स्थित एक मंदिर को, तत्कालीन मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की यात्रा के बाद, धोया गया.

ये दोनों घटनाएँ उस भेदभाव और यंत्रणा का छोटा-सा उदाहरण मात्र हैं, जिनका सामना सामान्य दलित अपने दैनिक जीवन में निरंतर करते हैं. अगर मुख्यमंत्री जैसे शक्तिशाली दलित को 'अपवित्र' माना जा सकता है तो साधारण दलित की बिसात ही क्या है.

इसके बावजूद, कई प्रतिष्ठित भारतीय समाजशास्त्री, अछूत प्रथा व जाति के अभिशाप की गंभीरता को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं. उलटे, वे जाति की संस्था में कथित 'गतिशीलता' और 'परिवर्तनीयता' पर जोर देते हुए परोक्ष रूप से यह कहते हैं कि जातिवाद केवल एक "अफवाह" है और अछूत प्रथा अब प्रासंगिक नहीं रह गयी है.

उदाहरणार्थ, जानेमाने समाजशास्त्री आंद्रे बेटिल्ले का दावा है कि शुद्धता-अशुद्धता से सम्बंधित कठोर नियम, जैसे एक साथ बैठ कर भोजन न करना, काफी हद तक शिथिल हो गए हैं (द हिन्दू, २१ फरवरी, २०१२). यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि उनके ये विचार, उनके गुरु एमएन श्रीनिवास की याद दिलाते हैं. श्रीनिवास, जो कि भारतीय समाजशास्त्र के पितामह माने जाते हैं, ने अपने एक शोधपत्र ("एन ओबिचुअरी ऑफ़ कास्ट एज अ सिस्टम"", जो बाद में "इकनोमिक एंड पोलिटिकल वीकली"", १ फरवरी, २००३ में प्रकाशित हुआ), में उन्होनें स्थिति का अति-सामान्यीकरण करते हुए यह घोषित कर दिया कि जाति प्रथा या तो मर चुकी है या मृत्यु शैय्या पर है. ""मुझे पूरा विश्वास है कि यह (जाति) व्यवस्था, जो दो हज़ार सालों से चली आ रही है, समाप्त होने की कगार पर है"", उन्होंने लिखा.

क्या जाति प्रथा सचमुच समाप्त होने की कगार पर है? तथ्य तो ऐसा नहीं कहते. पिछले दो दशकों में देश में हुए कई सर्वेक्षणों, मैदानी अध्ययनों और सैद्धांतिक कृतियों से यह साफ़ है कि अछूत प्रथा – किसी पुरानी आदत की तरह – आसानी से हमारा पीछा नहीं छोड़ेगी. परन्तु जहाँ अछूत प्रथा ख़त्म नहीं हुयी है वहीं यह भी सही है कि आधारभूत ढांचे, शिक्षा व स्वस्थ्य जैसे क्षेत्रों में सरकार के हस्तेक्षप के कारण इसके प्रचलन में निश्चित रूप से कमी आयी है. जैसा कि अतिफ रब्बानी ने फारवर्ड प्रेस के मार्च २०१५ अंक में अपने लेख ("छूट नहीं रहा छुआछूत") में लिखा है, भारतीय मानव विकास सर्वेक्षण (आईएचडीएस-२) के अनुसार, हर चार में से एक भारतीय छुआछूत में विश्वास करता है और देश का कोई धर्म, जाति, जनजाति या क्षेत्र इस सामाजिक बुराई से मुक्त नहीं है. यह सर्वेक्षण नेशनल काउंसिल ऑफ़ एप्लाइड इकनोमिक रिसर्च और अमरीका के मेरीलैंड विश्वविद्यालय ने किया था.

इसके पूर्व, सुखदेव थोरात ने अपने सर्वेक्षण "दलितस इन इंडिया", २००९ में पाया कि उच्च शिक्षित व आर्थिक दृष्टी से संपन्न भारतीय भी अछूत प्रथा से उपजे पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हैं. उन्होंने विस्तार से बताया कि सार्वजनिक जीवन में दलितों को किस हद तक छुआछूत का सामना करना पड़ता है और किस प्रकार उनके साथ सार्वजनिक संसाधनों तक पहुँच और आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी के मामले में भेदभाव किया जाता है. इसके अतिरिक्त, उन पर जाति-आधारित अत्याचार तो होते ही हैं. उदाहरणार्थ, "भारतीय गांव जाति-आधारित टोलों में बंटे रहते हैं और एक जाति के लोगों के घर आसपास होते हैं" (पृष्ठ १३४). इसी प्रकार, "ग्रामीण क्षेत्रों में ४८ प्रतिशत दलितों की पीने के पानी के स्त्रोतों तक पहुँच नहीं थी और ३५ प्रतिशत के साथ गाँव की दुकानों में भेदभाव होता था" (पृष्ठ १३६).

कई प्रतिष्ठित भारतीय समाजशास्त्री, अछूत प्रथा व जाति के अभिशाप की गंभीरता को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं

ग्रामीण इलाकों में अछूत प्रथा की अपने संयुक्त अध्ययन (अनटचेबिलिटी इन रूरल इंडिया, २००६) में जाने-माने अध्येता घनश्याम शाह, सुखदेव थोरात, सतीश देशपांडे, अमिता बाविस्कर व हर्षमंदर ने पाया कि अछूत प्रथा कतई समाप्त नहीं हुयी है. डेढ़ साल (२००१-०२) चले इस अध्ययन में ११ राज्यों के ५६५ गांवों का सर्वेक्षण किया गया. अध्ययन का निष्कर्ष यह था कि "अछूत प्रथा जीवित है, यद्यपि उसके स्वरुप बदल गया है और सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों व देश के विभिन्न इलाकों में उसका प्रचलन अलग-अलग रूपों में है" (पृष्ठ ४८)

इसी तरह, प्रसिद्द राजनीतिशास्त्री गोपाल गुरु अपने लेख "दलित मिडिल क्लास हेंग्स इन एयर" (इम्तियाज़ अहमद व हेलमुट रेफेल्ड द्वारा सम्पादित "मिडिल क्लास वेल्लूज़ इन इंडिया एंड वेस्टर्न यूरोप", २००१) में उच्च जातियों के मध्यमवर्गीय लोगों द्वारा अपने आर्थिक वर्ग के दलित सदस्यों के साथ किये जाने वाले भेदभाव की चर्चा की है. वे लिखते हैं कि मध्यमवर्गीय दलितों को अक्सर जातिगत अपशब्द सुनने पड़ते हैं. इसलिए दलितों व द्विज हिन्दुओं के पारस्परिक सम्बन्ध तनावपूर्ण रहते हैं. अपने व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर गुरु लिखते हैं कि पुणे में मध्यमवर्गीय दलितों को उच्च मध्यमवर्गीय रहवासी इलाकों में मकान नहीं लेने दिया जाता था.

यहाँ तक कि विदेशों में रहने वाले भारतीय दलितों को भी छुआछूत का सामना करना पड़ता है. इंग्लॅण्ड में रह रहे प्रवासी दलित भारतीयों का आरोप है कि उच्च जातियों के हिन्दू उनके साथ स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों व सामाजिक जीवन में भेदभाव करते हैं.

एक दलित संगठन की रपट के अनुसार, "इस बात के अनेक प्रमाण हैं कि इंग्लॅण्ड में जातिगत भेदभाव कई रूपों में विद्यमान है. दलितों के साथ रोज़गार, स्वास्थ्य, शिक्षा, वस्तुओं व सेवाओं के प्रदाय, राजनीति और हिन्दू मंदिरों में प्रवेश के मामलों में भेदभाव किया जाता है". अछूत प्रथा के भारत से विदेशों में निर्यात की प्रक्रिया को समझाते हुए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में कार्यरत समाजशास्त्री विवेक कुमार (के एल शर्मा व रेणुका सिंह द्वारा सम्पादित "ड्यूल आइडेंटिटी", २०१३ में "द न्यू दलित डायस्पोरा: ए सोशिओलोजिकल एनालिसिस") लिखते हैं कि जाति में जकड़े समाज, जिसमें रिश्तों का आधार जाति होती है, में

जन्मे भारतीय जब विदेश जाते हैं तो वे अपने साथ अपने जातिगत मूल्य भी ले जाते हैं. कुमार आगे लिखते हैं कि चूँकि एक जाति के लोग नौकरी, ऋण, जीवनसाथी आदि पाने में एक-दूसरे की सहायता करते हैं, इसलिए जाति, सामाजिक संव्यवहार का महत्वपूर्ण तत्त्व बन जाती है.

कुल मिलाकर, सुदूर गांवों से लेकर महानगरों तक, अछूत प्रथा जीवित है. नस्लवाद की तरह, अछूत प्रथा, जिसे दशकों पहले गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया था, आज भी खुले और दबे-छुपे दोनों रूपों में अस्तित्व में बनी हुयी है.

फारवर्ड प्रेस के अप्रैल, 2015 अंक में प्रकाशित

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सवर्ण व्यामोह में फंसा वाम इतिहास बोध

रिंकु यादव

जाति के प्रश्न को नहीं स्वीकारने के कारण उत्पीड़ितों की पहचान और उनके संघर्षों की उपेक्षा होती है, इतिहास को देखने से लेकर वर्तमान...

त्यौहारों को लेकर असमंजस में क्यों रहते हैं नवबौद्ध?

संजीव खुदशाह

नवबौद्धों में असमंजस की एक वजह यह भी है कि बौद्ध धर्मावलंबी होने के बावजूद वे जातियों और उपजातियों में बंटे हैं। एक वजह...

संवाद : इस्लाम, आदिवासियत व हिंदुत्व

अभय कुमार

आदिवासी इलाकों में भी, जो लोग अपनी ज़मीन और संसाधनों की रक्षा के लिए लड़ते हैं, उन्हें आतंकवाद विरोधी क़ानूनों के तहत गिरफ्तार किया...

ब्राह्मण-ग्रंथों का अंत्यपरीक्षण (संदर्भ : श्रमणत्व और संन्यास, अंतिम भाग)

ओमप्रकाश कश्यप

तिकड़ी में शामिल करने के बावजूद शिव को देवलोक में नहीं बसाया गया। वैसे भी जब एक शूद्र गांव के भीतर नहीं बस सकता...

ब्राह्मणवादी वर्चस्ववाद के खिलाफ था तमिलनाडु में हिंदी विरोध

ओमप्रकाश कश्यप

जस्टिस पार्टी और फिर पेरियार ने, वहां ब्राह्मणवाद की पूरी तरह घेरेबंदी कर दी थी। वस्तुत: राजभाषा और राष्ट्रवाद जैसे नारे तो महज ब्राह्मणवाद...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

Covering Kashmir, the media stoops lower

These news channels continue to present the Kashmir issue with a claim that they themselves are “free” and “independent” but largely, the army and the governments write their scripts

Abhay Kumar July 24, 2016



Kashmiri journalists protest against media censorship

The Indian media, barring a tiny section, has now turned itself into a propaganda machine for the state’s ideology and majoritarian sentiments. This is not to say that earlier, the mainstream media was fully objective, but now with its coverage of the ongoing Kashmir crisis, it has gained new notoriety.

Even in a bourgeoisie democracy, the media is expected to be neutral in reporting on events, to bring to its readers and viewers all dimensions, but the Indian media, especially the 24×7 TV news channels, has fallen far short of such norms. These news channels continue to present the Kashmir issue with a claim that they themselves are “free” and “independent” but largely, the army and the governments write their scripts. These channels have so far telecast everything except the views of the victims.

Let me first discuss the coverage of the popular Hindi news channel Aaj Tak. The focus of a news programme aired recently wasn’t the untold sufferings of the Kashmiris at the hands of the highly militarized state, but the casualties that the armed forces has suffered. The channel shed tears and beat its chest as it reported that the army personnel were being brutally attacked by the militant Kashmiris and their lives were in a great danger.

Simply put, this is an exaggeration. The protesters will never be able to match the brute force of the state machinery, thanks to which hundreds of civilians have sustained injuries, lost their eyesight, while dozens of them have lost their lives. The curfews have left a large population to live with a scarcity of food items and medicines. Their sufferings are further aggravated by the suspension of phone and internet services whenever the state wishes. But Aaj Tak and the rest of the media have such a blinkered view that they can only see the Indian armed forces as the victim.

A sea of people at Burhan Wani's funeral

The same media has tried its best to hide the militarization of Kashmir for decades. Kashmir remains one of the most militarized zones in the world where people are stopped, frisked, interrogated and asked to prove that they are not a "threat" to security on a daily basis. The whole region is permanently under surveillance and in a state of emergency.

Even when it comes to reporting on the plight of the armed forces, how sincere is the media? Do they have courage to tell the people that the real threat to the lives of armed forces personnel, recruited mostly from lower strata of society, are not militants but the militarization?

The second example is the representation of Burhan Wani by Zee News, a Hindi news channel notorious for sensationalizing and communalizing issues, including the 9 February 2016 JNU controversy. The news channel showed Wani wearing a green headband inscribed with Islamic religious symbols. Such a depiction attempted to create an impression that the anger and struggle in Kashmir is inspired by a religion. Thus, it tried to convert a purely political issue into a religious issue.

Such a message yields a number of benefits for the Indian political elite: it polarizes society along religious lines, kills support for the victims and cultivates majoritarian sentiments for electoral gains.

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ali Anwar: By amending Waqf law, government wants to grab land, not ensure Pasmanda representation

Nawal Kishore Kumar

The creation of a Waqf is a religious process. How can a non-Muslim regulate it? Will you dare provide for non-Hindu membership on the...

Why isn't there talk about what if Ambedkar had been India's first prime minister?

Rajendra Prasad

Had India's policies been designed from a bottom-up perspective, the remnants of the British colonial system would have been dismantled far more quickly. However,...

The Waqf law, and the Ashraaf failure to come to terms with democracy

Ayaz Ahmad

The Islamophilic Ashraaf's failure to come to terms with democracy has made them hopelessly prejudiced against Common Family Code. This Ashraaf failure coupled with...

K.K. Kochu and his struggle to redeem human dignity

Vinil Paul

One of the foremost Dalit thinkers of Kerala K.K. Kochu, 76, passed away on 13 March 2025. Historian Vinil Paul recalls his enduring contributions...

Economic redistribution through democratic politics

Shiveshwar Kundu

The modern version of redistributive politics is concerned with redistribution of income and other forms of material welfare. Caste census will play a decisive...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

गाँधी, गौरक्षा और हिन्दू पहचान

अभय कुमार का तर्क है कि "उदारवादी-प्रगतिशील" बुद्धिजीवियों का बड़ा तबका, गांधीवाद से इतना गहरे तक प्रभावित है कि वह इस प्रश्न पर निरपेक्षता से विचार कर ही नहीं सकता कि क्या गाँधी ने 'पवित्र गाय' के विमर्श को केंद्र में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी

अभय कुमार October 25, 2016

स्वनियुक्त गौरक्षकों ने देश में आतंक मचा रखा है। विभिन्न स्थानों से गौरक्षा के नाम पर, दलितों और मुसलमानों पर हमलों की खबरें आ रहीं हैं। हिन्दुत्ववादी गुंडों के लिए कानून का कोई अर्थ ही नहीं रह गया है। वे खुलेआम लोगों की मुंह में गोबर ठूंस रहे हैं, मारपीट कर रहे हैं और कुछ मामलों में हत्याएं भीं। इसमें कोई संदेह नहीं कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से गौरक्षकों की गुंडागर्दी बढ़ी है परन्तु यह भी सच है कि गौरक्षा के नाम पर निर्दोषों, विशेषकर मुसलमानों और दलितों, के विरुद्ध हिंसा का लम्बा इतिहास है। गौरक्षा आन्दोलन 19 वीं सदी में शुरू हुआ था और आगे चल कर, राष्ट्रवादी आन्दोलन में लोगों को एकजूट करने के लिए इसका उपयोग किया गया। गौरक्षा के पैरोंकारों में से एक थे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी।

मरी हुई गाय की खाल उतारने के कारण ' गो-रक्षकों' ने दलित-युवकों को जुलाई, 2016 में पीटा

गाँधी के देश के राजनीतिक परिदृश्य पर छाने के लगभग चार दशक पूर्व, आर्य समाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती द्वारा 1882 में आयोजित पहली गौरक्षण सभा से देश में पवित्र गाय पर विमर्श की शुरुआत हुई। कहने की ज़रुरत नहीं कि गौरक्षा अभियानों ने देश में हिन्दू-मुस्लिम तनाव बढ़ाया जिसके नतीजे में उत्तर भारत, विशेषकर आजमगढ़ (1893), अयोध्या (1912-13) और शाहाबाद (1917), में दंगे हुए[1]।

इतिहासकारों का मत है कि दंगों का एक महत्वपूर्ण कारण था हिन्दू सम्प्रदयिक्तावादियों का मुसलमानों के विरुद्ध आक्रामक अभियान। इस अभियान में उत्तेजक भाषा और हिंसा का खुलकर इस्तेमाल होता था।

गाँधी, गौरक्षा के नाम पर हिंसा को घोर अनुचित मानते थे और इस मुद्दे पर उनके हिन्दू सांप्रदायिक ताकतों से गहरे मतभेद थे।

गाँधी का कहना था कि गौरक्षा के लिए केवल अहिंसक तरीकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। वे उन हिन्दुओं की कड़े आलोचक थे जो गौरक्षा के नाम पर मुसलमानों के विरुद्ध हिंसा करते थे। "अगर कोई मुसलमान भाई, उदाहरण के लिए, ईद पर, एक गाय का वध कर भी देता है, तो कोई हिन्दू किस हक़ से उस पर हाथ उठा सकता है? क्या शास्त्र यह कहते हैं कि गाय को बचाने के लिए हम अपने साथी मनुष्य की हत्या कर दें?"[2]

गौ सेवकों को मुसलमानों पर हमले करने के खिलाफ चेताते हुए वे कहते हैं, "शास्त्रों में ऐसा कहीं नहीं कहा गया है। उलटे, ऐसा करना शास्त्रों के विरुद्ध है। गाय को बचाने के लिए तुम अपनी जान तो कुर्बान कर सकते हो; किसी दूसरे की जान ले नहीं सकते और न ही तुम उसके खिलाफ कोई गुस्सा अपने मन में रख सकते हो[3]"। वे आगे लिखते हैं, "हिंसा से गौरक्षा करने का प्रयास, हिन्दू धर्म को शैतानी धर्म बना देगा"[4]

हिन्दू साम्प्रदायिकतावादियों के विपरीत, गाँधी यह अच्छी तरह से जानते थे कि अगर मुसलमानों को गौवध करने से रोका गया तो इसके उलटे परिणाम हो सकते हैं। इस सिलसिले में गाँधी अपने एक मुसलमान मित्र द्वारा उन्हें लिखे पत्र का हवाला देते हैं। "जैसा कि एक मुसलमान मित्र ने लिखा है, अगर हिन्दुओं द्वारा जबरदस्ती की गई तो गौमांस का भक्षण, जो अभी इस्लाम में केवल जायज है, मुसलमानों के लिए कर्त्तव्य बन जायेगा"[5]।

मुसलमानों को गौरक्षा के लिए राजी करने के अलावा, गाँधी ने इस मसले पर उनसे राजनीतिक सौदा करने से भी परहेज नहीं किया। गाँधी ने यह साफ़ कर दिया कि खिलाफत के मुद्दे पर मुसलमानों को समर्थन देने के बदले, हिन्दू उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वे गौरक्षा में उनका साथ देंगे। "गाय को बचाने का एकमात्र और सबसे बेहतर तरीका है खिलाफत को बचाना", उन्होंने कहा। [6]

खिलाफत और असहयोग आंदोलनों ने सन 1920 के दशक में देवबंदी उलेमा के संगठन जमीअत उलेमा-ए-हिंद और कांग्रेस को अंग्रेज सरकार के खिलाफ संघर्ष में एक मंच पर ला दिया। तुर्की में खलीफा के राज की पुनर्स्थापना के लिए चलाये गए आन्दोलन का समर्थन करने के लिए गाँधी की निंदा की गयी परन्तु वे जानते थे कि यह एक ऐसा अवसर था, जिसका इस्तेमाल गौरक्षा के लिए मुसलमानों का समर्थन हासिल करने के लिए किया जा सकता था।

जहाँ गाँधी गौरक्षा के लिए संवाद, समझाने-बुझाने और राजनीतिक सौदे करने के हामी थे, वहीं वे इसके लिए राज्य या कानून का इस्तेमाल करने के सख्त खिलाफ थे। वे सरकारी तंत्र की ताकत और कानून के जरिये गौवध को प्रतिबंधित करने के विरुद्ध थे।

गाँधी का कहना था कि स्वतंत्र भारत में भी इस तरह की ज़बरदस्ती के लिए कोई जगह नहीं होगी। "भारत में स्वराज में भी, हिन्दू बहुसंख्यकों के लिए यह अनुचित और मूर्खतापूर्ण होगा कि वे कानून के ज़रिये मुसलमान अल्पसंख्यकों को गौवध न करने के लिए मजबूर करें"। [7]

परन्तु, भारत के स्वतंत्र होने के बाद, एक के बाद एक राज्यों ने गौवध प्रतिबंधित करना शुरू कर दिया। इससे लाखों लोगों को अपने भोजन और रोज़ी-रोटी से हाथ धोना पड़ा।

भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा हाल में बनाए गया गौवध प्रतिषेध कानून, ऐसे ही एक भयावह कानून का उदाहरण है। जहाँ गौरक्षा के लिए हिंसा और कानून का सहारा लिए जाने के गाँधी की खिलाफत और हिन्दू सांप्रदायिक तत्वों का उनका विरोध प्रशंसनीय हैं, वहीं यह भी सच है कि उन्होंने पवित्र गाय पर विमर्श को मजबूती देने और उसे हिन्दू पहचान का केंदीय तत्त्व बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। दुर्भाग्यवश, "उदारवादी-प्रगतिशील" बुद्धिजीवियों का बड़ा तबका, गांधीवाद से इतना गहरे तक प्रभावित है कि वह इस प्रश्न पर निरपेक्षता से विचार कर ही नहीं सकता। [8]

गाँधी अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गौरक्षा आन्दोलन से जुड़े रहे। उन्होंने इस विषय पर अनेक लेख लिखे और गौरक्षा सम्मेलनों में भाषण दिए। वे गौसेवा संघ की स्थाई समिति के अध्यक्ष भी थे। इस समिति के सदस्यों में उद्योगपति जमनालाल बजाज भी शामिल थे, जिससे यह पता चलता है कि गौरक्षा मे मुद्दे पर ब्राह्मणवादी और पूंजीपति एकमत थे।

अपने लेखों में गाँधी लगातार यह कहते थे कि "गौरक्षा हिन्दू धर्म का केंद्रीय तत्त्व है" और यह भी कि "गौरक्षा विश्व को हिन्दू धर्म की देन है। हिन्दू धर्म तब तक जीवित रहेगा जब तक गोरक्षक हिन्दू मौजूद हैं"।[9] गौरक्षा की प्रति अपने प्रेम के चलते वे इस बात को भी भुला बैठे कि हिन्दुओं में बहुत विविधता है और राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों में उनमें परस्पर टकराव भी होता रहता है। हिन्दू की उनकी परिभाषा बहुत सरल थी। "हिन्दुओं की परख उनके तिलक, मंत्रों के शुद्ध उच्चारण, तीर्थयात्राओं तथा जात-पात के नियमों के अत्यौपचारिक पालन से नहीं की जाएगी, बल्कि गाय की रक्षा करने की उनकी योग्यता के आधार पर की जाएगी।"।[10]

गाँधी की हिन्दू की इस मिथकीय परिभाषा के बावजूद, तथ्य यह कि 'हिन्दू कौन है' इस प्रश्न का उत्तर देना लगभग असंभव है। कथित "हिन्दू समुदाय", जिसका निर्माण मुख्यतः औपनिवेशिक काल में "जनगणना" और चुनावी राजनीति के चलते हुआ, जाति, वर्ग और क्षेत्रीय आधारों पर विभाजित है। आश्चर्य नहीं कि जहाँ देश में बड़ी संख्या में शाकाहारी हिन्दू हैं, वहीं गाय या भैंस का मांस खाने वाले हिन्दुओं की संख्या करीब 1.25 करोड़ है"। [11]

न केवल आज के हिन्दू बल्कि प्राचीन भारतीय भी गौमांस खाते थे। जानेमाने इतिहासकारों डी.डी. कोसंबी और डी. एन. झा ने यह साबित किया है प्राचीन भारत में गौमांस, भोजन का आवश्यक भाग था। ग्रंथों और ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर झा लिखते हैं, "प्राचीन भारत में माँसाहार भोजन की संस्कृति थी और एक लम्बे समय तक, कम से कम समाज के उच्च वर्गों में, गौमांस आहार का अनिवार्य हिस्सा बना रहा"। [12]।

बी. आर.आंबेडकर, जो गाँधी के समकालीन थे, और स्वामी विवेकानंद, जो उनसे कुछ बड़े थे और जिनके विचारों का गाँधी पर गहरा प्रभाव था, मानते थे कि प्राचीन भारत में गौमांस भक्षण आम था। विवेकानंद, जिन्हें हिंदुत्व शक्तियां, "हिन्दू प्रतीक" बताती हैं, ने बिना किसी लागलपेट के कहा था, "इसी भारत में एक समय ऐसा था जब बिना गौमांस खाए कोई ब्राह्मण, ब्राह्मण नहीं रहता था। तुम वेदों में पढ़ो कि जब भी घर में कोई सन्यासी या राजा या कोई बड़ा आदमी आता था, तो सबसे अच्छे बैल को काटा जाता था।"[13]

परन्तु गाँधी ने इन सब तथ्यों को नज़रंदाज़ कर दिया। उन्होंने आधुनिक हिन्दू धर्म को परिभाषित करने के लिए गाय की प्रतीक का दोहन किया और कहा कि हिन्दू को गाय की 'रक्षा' करने की उसकी 'क्षमता' से परखा जायेगा। 'क्षमता', 'रक्षा' व 'रक्षा करने' जैसे शब्दों में यह अंतर्निहित है कि गाय (हिन्दुओं) को कसाई के छुरे (मुसलमानों) से 'खतरा' है। चंद मौकों पर गाँधी ने मुसलमानों पर भी निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि "वे निसंदेह मूर्ख और जिद्दी हैं अगर वे गाय को काट कर अकारण ही हिन्दुओं की भावनाओं को चोट पहुंचाते हैं"। [14]

इसमें कोई संदेह नहीं कि गाय के मुद्दे पर गाँधी ने कभी मुसलमानों को दोष नहीं दिया। गायों की हालत के लिए उन्होंने हिन्दुओं को ही कठघरे में खड़ा किया। गाँधी ने कहा कि "हिन्दू, मवेशियों और विशेषकर गायों को भूखा मारते हैं, उनकी उस ढ़ंग से देखभाल नहीं करते जैसी कि करनी चाहिए और जब गाय दूध देना बंद कर देती है, तब वे उसे बेच देते हैं। बिना इस बात पर विचार किये कि क्या वे गाय को कसाईखाने में बेच रहे हैं, वे उस व्यक्ति को गाय बेचते हैं जो उन्हें उसकी सबसे ज्यादा कीमत देता है। वे बैलों के साथ क्रूरता करते हैं और उन्हें 'आर' चुभा कर चलाते हैं"[15]

गाँधी द्वारा हिन्दुओं को "क्रूर" बताने से भी मुसलमानों के मन से डर और असुरक्षा का भाव समाप्त नहीं हुआ। मुसलमानों की दृष्टि में गौरक्षा की नींव ही मुस्लिम-विरोध पर रखी गयी थी।

गाँधी ने गाय के आसपास मिथकीय इतिहास का जाल बुन दिया। वे लिखते हैं, "भागवत में एक स्थान पर लेखक उन चीज़ों का वर्णन करता है, जो भारत के पतन का कारण बनीं। जो कारण बताये गए हैं, उनमें से एक यह है कि हमने गौरक्षा करनी बंद कर दी"। [16]

एक गाय के साथ गांधी और मदन मोहन मालवीय

गाँधी अक्सर अपनी बात कहने के लिए मिथकों का सहारा लेते थे। अपने विचारों के औचित्यपूर्ण ठहराने के लिए वे कहा करते थे कि "जैसा कि ग्रन्थ कहते हैं" या "जैसा कि महान या पवित्र व्यक्ति कहते हैं"। ऐसा करके, गाँधी यह सुनिश्चित करते थे कि उस मुद्दे पर आगे बहस या समालोचनात्मक अध्ययन की कोई गुंजाइश ही न बचे।

जैसा कि विद्वान कहते हैं, "पतन" एक ऐसा शब्द है जिसका कोई स्पष्ट अर्थ नहीं हो सकता। जब भी कोई अध्येता किसी समाज के पतन के कारणों का अध्ययन करे तो उसे सबसे पहले अपने से यह प्रश्न पूछना चाहिए, "किसका पतन?" परन्तु गाँधी ने पतन के कारणों की गंभीरता से विवेचना नहीं की और उन्होंने इस तथ्य को नज़रंदाज़ किया कि सामाजिक परिवर्तन राजनीतिक, ऐतिहासिक और आर्थिक मंथन का नतीजा होते हैं।

अपनी बात को वैधता प्रदान करने के लिए गाँधी कहते हैं, "गौ रक्षा का वास्तविक अर्थ है ईश्वर की समस्त मूक सृष्टि की रक्षा। गाय करुणा का काव्य है। गौरक्षा का अर्थ है कमज़ोर और असहाय की रक्षा"[17]।

इसके विपरीत, गौरक्षा आन्दोलन का कमज़ोर और असहाय की रक्षा से कोई लेनादेना नहीं है। इसका नियंत्रण ऊंची जातियों के हाथों में है और इसे हिन्दू जमींदार और व्यवसायी धन उपलब्ध करवाते हैं। उना (गुजरात) की हालिया घटना, जिसमें सात दलितों को कथित रूप से एक मरी हुयी गाय की खाल उतारने के 'अपराध' में बुरी तरह मारा-पीटा गया, इस आन्दोलन के असली चरित्र की व्याख्या करता है।

गाय के अतिरिक्त, गाँधी ने भैंस पर भी विचार किया। परन्तु गाय को पवित्र दर्जा देने के अपने अभियान के चलते, वे भैंस का तिरस्कार कर बैठे। बिना किसी ठोस आधार के उन्होंने यह घोषणा कर दी कि "चिकित्साशास्त्र की दृष्टि में, गाय का दूध, भैंस के दूध से श्रेष्ठ है"।[18] वे लिखते हैं, 'मैंने वैद्यों से सुना है कि भैंस के दूध में कुछ कमियां होती हैं और उसमें वह स्वास्थ्यकर गुण कभी नहीं लाये जा सकते जो गाय के दूध में होते हैं। पुण्यात्मा लोगों ने मुझे बताया है कि गाय का दूध सात्विक होता है और भैंस का तामसिक"। [19]

शोध से यह सिद्ध हो चुका है कि गाँधी के विचार सही नहीं थे। "भैंस का दूध उतनी ही आसानी से पचता है, जितना कि गाय का दूध और दोनों की पौष्टिकता समान होती है"। इसके अलावा, भैंस के दूध में 'कम कोलेस्ट्रोल होता है", "अधिक प्रोटीन होते हैं", "अधिक विटामिन ए होता है" और गाय की तुलना में, "महत्वपूर्ण खनिज अधिक होते हैं"। [20]

भैंस को अपमान की दृष्टि से क्यों देखा जाता है? दलितबहुजन विचारक कांचा आयलय्या कहते हैं कि भैंसों को 'पवित्र' दर्जा न मिलने का कारण ब्राह्मणवादी वर्चस्व है। वे भैंसों की स्थिति की तुलना दलितबहुजनों से करते हैं, जो भारतीय समाज का असली उत्पादक वर्ग हैं। "दलितबहुजनों की हालत काली और सुन्दर भैंसों जैसी है, जो गाय से अधिक दूध – जो गाय के दूध की तरह सफ़ेद होता है – देतीं हैं परन्तु उन्हें न तो समाज में पवित्र दर्जा प्राप्त है और ना ही संवैधानिक सुरक्षा। इस तरह की स्थिति में हमें मजबूर होकर पूछना पड़ता है कि आखिर यह भारत किसका है?"[21]

जैसा कि पहले कहा जा चुका है, 19 वीं सदी में 'पवित्र गाय' का विमर्श हिन्दू पहचान को मजबूती देने के लिए शुरू किया गया था। यद्यपि गाँधी हिन्दू संप्रदायवादियों के द्वारा हिंसा का सहारा लिए जाने के विरुद्ध थे तथापि उन्होंने इस ब्राह्मणवादी विमर्श को भरपूर खाद-पानी दिया।

[1] डी. एन. झा, द मिथ ऑफ द होली काउ, वर्सो, लन्दन, 2004, पृष्ठ 19-20 ।

[2] एम. के. गाँधी; हाउ टू सर्व द काऊ; संपादक: भरत कुमारप्पा; नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद; 1954; पृष्ठ 14

[3] एम. के. गाँधी; उपरोक्त, पृष्ठ 13

[4] उपरोक्त, पृष्ठ 13

[5]उपरोक्त, पृष्ठ 13

[6]उपरोक्त, पृष्ठ 13

[7] उपरोक्त, पृष्ठ 14

[8] ऐसे ही एक अध्येता हैं दिल्ली विश्वविद्यालय में इतिहास के प्राध्यापक अनिरुद्ध देशपांडे। गौवध के मामले में जबरदस्ती किये जाने के गाँधी के विरोध को तो वे मान्यता देते हैं परन्तु गाय को हिन्दू पहचान का केंद्र बनाने में उनकी भूमिका को नज़रंदाज़ करते हैं। देखें अनिरुद्ध देशपांडे, "प्यारी हिंदू पवित्र गाय का मृत्युलेख", *फॉरवर्ड प्रेस, 18 जुलाई 2015 https://www.forwardpress.in/2015/07/the-dear-hindu-holy-cow-an-obituary-hindi/ 15 अगस्त, 2016*

[9] उपर्युक्त पृष्ठ 3-4

[10]उपर्युक्त पृष्ठ 3-4

[11]रोशन किशोर व इशान आनंद, 'हू आर द बीफ ईटर्स इन इंडिया", लाइव मिंट, 20 अक्टूबर, 2015 http://www.livemint.com/Politics/RhPVLUFmclIDWRIiSoTC7N/Who-are-the-beef-eaters-in-India.html, *15 अगस्त, 2016,* यह रपट राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की ताज़ा रपट पर आधारित है।

[12] डी. एन, झा, पृष्ठ 23 ।

[13]अनिरुद्ध देशपांडे, "प्यारी हिंदू पवित्र गाय का मृत्युलेख" *फॉरवर्ड प्रेस, 18 जुलाई 2015; https://www.forwardpress.in/2015/07/the-dear-hindu-holy-cow-an-obituary-hindi/ 15 अगस्त, 2016। यही उद्धरण एक अन्य वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, जिसमें स्वामी विवेकानंद के उद्धरण दिए गए हैं-* http://www.swamivivekanandaquotes.org/2013/12/swami-vivekanandas-quotes-and-comments_25.html,*; 15 अगस्त, 2016*

[14] एम.के. गाँधी; उपरोक्त, पृष्ठ 17-18

[15] उपरोक्त, पृष्ठ 26

[16] उपरोक्त, पृष्ठ 8

[17] उपरोक्त, पृष्ठ 3

[18] उपरोक्त, पृष्ठ 52

[19] उपरोक्त, पृष्ठ 53

[20] http://www.indiadairy.com/info_buffalo_milk_vs.html, *15 अगस्त, 2016*

[21] कांचा आयलय्या, "द बफेलोस अनहोली मिल्क", कांचा आयलय्या, "बफेलो नेशनलिजम: अ क्रिटीक आफ स्पिरिचुअल फासिज्म, साम्य, कोलकाता, 2012, यह लेख पहले बार आउटलुक, 20 अगस्त, 2001, पृष्ठ 71 पर प्रकाशित हुआ था।

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +919968527911, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सवर्ण व्यामोह में फंसा वाम इतिहास बोध

रिंकु यादव

जाति के प्रश्न को नहीं स्वीकारने के कारण उत्पीड़ितों की पहचान और उनके संघर्षों की उपेक्षा होती है, इतिहास को देखने से लेकर वर्तमान...

त्यौहारों को लेकर असमंजस में क्यों रहते हैं नवबौद्ध?

संजीव खुदशाह

नवबौद्धों में असमंजस की एक वजह यह भी है कि बौद्ध धर्मावलंबी होने के बावजूद वे जातियों और उपजातियों में बंटे हैं। एक वजह...

संवाद : इस्लाम, आदिवासियत व हिंदुत्व

अभय कुमार

आदिवासी इलाकों में भी, जो लोग अपनी ज़मीन और संसाधनों की रक्षा के लिए लड़ते हैं, उन्हें आतंकवाद विरोधी क़ानूनों के तहत गिरफ्तार किया...

ब्राह्मण-ग्रंथों का अंत्यपरीक्षण (संदर्भ : श्रमणत्व और संन्यास, अंतिम भाग)

ओमप्रकाश कश्यप

तिकड़ी में शामिल करने के बावजूद शिव को देवलोक में नहीं बसाया गया। वैसे भी जब एक शूद्र गांव के भीतर नहीं बस सकता...

ब्राह्मणवादी वर्चस्ववाद के खिलाफ था तमिलनाडु में हिंदी विरोध

ओमप्रकाश कश्यप

जस्टिस पार्टी और फिर पेरियार ने, वहां ब्राह्मणवाद की पूरी तरह घेरेबंदी कर दी थी। वस्तुत: राजभाषा और राष्ट्रवाद जैसे नारे तो महज ब्राह्मणवाद...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

ब्राहम्णवादी प्रभुओं पर चोट दलितबहुजन विभूतियों का निर्माण

राधाकृष्णन, जो कि एक ब्राह्मण थे, के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में नहीं मनाया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने नीची जातियों और वर्गों के भारत के बहुसंख्यक लोगों के शैक्षणिक उन्नयन के लिए कुछ नहीं किया

अभय कुमार October 1, 2014

सन् 1962 से, भारत के स्कूल व अन्य शैक्षणिक संस्थायें, 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाती चली आ रही हैं। 5 सितंबर, स्वतंत्र भारत के पहले उपराष्ट्रपति व दूसरे राष्ट्रपति डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन (1888-1975) का जन्मदिन है। पिछले कुछ वर्षों से, दलितों के एक तबके – जिसमें मुख्यत: कुछ विश्वविद्यालयों के छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता व बुद्धिजीवी शामिल हैं – ने 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाये जाने का विरोध प्रारंभ कर दिया है। उनका कहना है कि राधाकृष्णन, जो कि एक ब्राह्मण थे, के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में नहीं मनाया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने नीची जातियों और वर्गों के भारत के बहुसंख्यक लोगों के शैक्षणिक उन्नयन के लिए कुछ नहीं किया। वे चाहते हैं कि राष्ट्रीय शिक्षक दिवस, 3 जनवरी को मनाया जाए जो कि 19वीं सदी की समाज सुधारक व शिक्षिका सावित्रीबाई फुले (1831-97) का जन्मदिन है।

शिक्षाविद के रूप में सावित्रीबाई फुले

सावित्रीबाई के जीवनी लेखक एम.जी. माली (क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले, 2005) के अनुसार, सावित्रीबाई फुले को उनके युवा पति जोतिबा ने आम के पेड़ की छांव में चलने वाले एक स्कूल में शिक्षा दी। शिक्षित हो जाने के कारण उन्हें दुनिया में चल रहे समतावादी आंदोलनों की जानकारी मिल सकी। उन्होंने थॉमस क्लार्कसन (1760-1846) की जीवनी पढ़ी, जिन्होंने अश्वेत अमरीकियों को मुक्ति दिलाने के लिए संघर्ष किया था। आगे चलकर, जब उन्होंने पढ़ाना शुरू किया तो इसका प्रतिक्रियावादी ब्राह्मणों ने जबरदस्त विरोध किया। उन पर पत्थर और गोबर फेंके गये और यह सब किया गया 'धर्मरक्षा के नाम पर'। जब ब्राह्मण अपनी तमाम कोशिशों के बाद भी युवा फुले दंपत्ति को उनकी राह से विचलित नहीं कर सके तो उन्होंने सावित्रीबाई के ससुर गोविंद राव को इतना भड़काया कि उन्होंने फुले दंपत्ति को अपने घर से निकाल दिया। परंतु सावित्रीबाई और उनके पति ने सभी को शिक्षा उपलब्ध करवाने के अपने मिशन को त्यागने की बजाय, वह घर त्यागना बेहतर समझा।

विरोध के बावजूद वे अभिभावकों को इस बाबत प्रेरित करने के अपने अभियान में जुटे रहे कि उन्हें लड़कियों को फुले दंपत्ति द्वारा संचालित स्कूलों में पढऩे भेजना चाहिये। उनकी कठिन मेहनत के चलते, सन् 1848 से 1852 के बीच 18 स्कूलों की स्थापना हुई। शिक्षा के प्रसार और विशेषकर दलित-बहुजनों को शिक्षित करने के अभियान के प्रति सावित्रीबाई की प्रतिबद्धता का भान उनकी कविता की इन चंद पंक्तियों से होता है, 'ज्ञान के बिना सब खो जाता है...विवेक के बिना हम पशु बन जाते हैं...इसलिये सीखो और जाति की जंजीरें तोड़ दो...ब्राह्मणों के ग्रंथ जल्दी से जल्दी फेंक दो'।

सावित्रीबाई फुले

जेएनयू, एचसीयू में दलित बहुजनों ने उठाई आवाज

यद्यपि यह दावा किया जाता है कि उग्र दलित पैंथर्स, सन् 1970 के दशक से ही सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते रहे हैं परंतु इस अभियान ने पिछले कुछ वर्षों में ही गति पकड़ी है। विश्वविद्यालयों में इस अभियान का जोर ज्यादा है। इस लेख में हम भारत के दो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) व हैदराबाद सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी (एचसीयू) में दलित-बहुजन राजनीति के ऊँचे होते स्वरों की चर्चा करेंगे।

एचसीयू में 'बहुजन स्टूडेंट्स फ्रंट' (बीएसएफ) नामक एक दलित संगठन, सन् 2007 में विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से ही सक्रिय है। यह संगठन पिछले कुछ वर्षों से सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाता आया है। सन् 2013 में जारी अपने एक पर्चे में बीएसएफ ने इसका औचित्य बताते हुये लिखा कि 'बर्बर ब्राह्मणवादी शासन में बहुजन समाज को शिक्षित नहीं होने दिया जाता था। इसके बाद भी सावित्रीबाई फुले ने मूल निवासियों के बीच ज्ञान का प्रकाश फैलाने के लिये अथक प्रयास किये। उन्होंने शिक्षा का इस्तेमाल, मुक्ति के हथियार के रूप में किया।'

दलित विचारधारा, ब्राह्मणवाद को दलितों की मुक्ति की राह में सबसे बड़ी बाधा और शिक्षा को उनकी मुक्ति का सबसे प्रभावकारी तरीका मानती है। वह एक ब्राह्मण के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाये जाने की विरोधी है क्योंकि ऐसा आरोपित है कि तुलनात्मक धर्मशास्त्र के अध्येता के तौर पर डाक्टर राधाकृष्णन, हिंदू धर्म/ब्राह्मणवाद के तरफ दार थे।

इसी तरह, एचसीयू के एक छात्र एस. स्वरूप सिरापंगी, जो अपनी दलित-बहुजन विचारधारा के लिये जाने जाते हैं, ने सन् 2012 में अपने ब्लॉग पर लिखा कि शिक्षा के क्षेत्र में राधाकृष्णन की तुलना में सावित्रीबाई फुले का योगदान कहीं अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि वे 19वीं सदी के मध्य में महिलाओं और नीची जातियों में शिक्षा के प्रसार के के हाथों शोषण और अपमान का शिकार होना पड़ता है। यही कारण है कि पसमांदा मुसलमानों ने हिन्दू नीची जातियों के साथ संयुक्त मोर्चा बना लिया है।

जेएनयू में इसी तरह का अभियान 'यूनाईटेड दलित स्टूडेंट्स फोरम' (यूडीएसएफ) द्वारा चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत गोष्ठियां, आम सभायें और जुलूसों आदि का आयोजन किया जाता है। शनै: – शनै: विश्वविद्यालय का माहौल इतना बदल गया है कि वहां हमेशा से शक्तिशाली रहे वामपंथी छात्र संगठनों के नेता-जिन पर यह आरोप लगाया जाता रहा है कि वे दलित-बहुजन विभूतियों को नजरअंदाज करते हैं-भी अब अपनी बांह पर फुले का बेज लगाने में शर्माते नहीं हैं। लब्बोलुआब यह कि ब्राह्मणवादी प्रभुओं पर चोट करने के अतिरिक्त, दलित-बहुजन अपनी विभूतियों की स्थापना भी कर रहे हैं।

(फारवर्ड प्रेस के अक्टूबर 2014 अंक में प्रकाशित)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख



क्या है ओबीसी साहित्य?

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह

राजेंद्र प्रसाद सिंह बता रहे हैं कि हिंदी के अधिकांश रचनाकारों ने किसान-जीवन का वर्णन खानापूर्ति के रूप में किया है। हिंदी साहित्य में...

बहुजनों के लिए अवसर और वंचना के स्तर

अनिल चमड़िया

संचार का सामाजिक ढांचा एक बड़े सांस्कृतिक प्रश्न से जुड़ा हुआ है। यह केवल बड़बोलेपन से विकसित नहीं हो सकता है। यह बेहद सूक्ष्मता...

पिछड़ा वर्ग आंदोलन और आरएल चंदापुरी

हरिनारायण ठाकुर

बिहार में पिछड़ों के आरक्षण के लिए वे 1952 से ही प्रयत्नशील थे। 1977 में उनके उग्र आंदोलन के कारण ही बिहार के तत्कालीन...

कुलीन धर्मनिरपेक्षता से सावधान

प्रेमकुमार मणि

ज्ञानसत्ता हासिल किए बिना यदि राजसत्ता आती है तो उसके खतरनाक नतीजे आते हैं। एक दूसरा स्वांग धर्मनिरपेक्षता का है, जिससे दलित-पिछड़ों को सुरक्षित...

दलित और बहुजन साहित्य की मुक्ति चेतना

हरिनारायण ठाकुर

आधुनिक काल की मुक्ति चेतना नवजागरण से शुरू होती है। इनमें राजाराम मोहन राय, विवेकानंद, दयानंद सरस्वती, पेरियार, आम्बेडकर आदि नाम गिनाए जा सकते...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

Dalitbahujan Assertion on ‘red soil’

Ahirwar, like Mandal, noticed the decline of upper castes’ role in the JNU leadership, attributing the trend to the Lyngdoh recommendations that has been in force since 2011. Such an open appreciation of the Lyngdoh recommendations is rare among left, democratic circles, where the recommendations are perceived as the ruling classes’ attempt to take the wind out of radical student politics

Abhay Kumar November 1, 2014

With as many as four presidential candidates locked in a close contest, pundits trying to predict the result of 2014 Jawaharlal Nehru University Students’ Union (JNUSU) election had a hard time. Dilip C. Mandal, a senior journalist, author and keen observer of JNU politics, though, appeared confident about one thing: “The result is going to turn in favour of Dalitbahujan candidates,” he said.

In mid-September every year, when Jawaharlal Nehru University (JNU) covers itself with a blanket of green foliage, thousands of JNUites and outsiders gather at the lawn of School of International Studies (SIS). Over three days, the crowd eagerly listens to the election commissioner’s loudspeakers blaring out updates at regular intervals.

Dinesh Kumar Ahirwar, a PhD student of Chinese Studies, who contested the elections for the post of president in the 2011 JNUSU election, had this to say: “Since a candidate can only contest the elections for the central panel once, the opportunities have opened up for lower-caste students. Earlier upper-caste students used to stand for elections year after year and the newcomers didn’t stand a chance.” Ahirwar, like Mandal, noticed the decline of upper castes’ role in the JNU leadership, attributing the trend to the Lyngdoh recommendations that has been in force since 2011. Such an open appreciation of the Lyngdoh recommendations is rare among left, democratic circles, where the recommendations are perceived as the ruling

classes' attempt to take the wind out of radical student politics. It is even more noteworthy considering United Dalit Students' Forum (UDSF), with which Ahirwar is associated, has been the part of the Joint Struggle Committee against the Lyngdoh recommendations.

On the third day, when the results were announced, the election of candidates fielded by the All India Students' Association (AISA) to all the four central panel posts made the headlines but what the national media didn't say was that all four were Dalitbahujans and minority students – Ashutosh Kumar, a Yadav, for president; Anant Prakash Narayan, a Dalit, for vice-president; Chintu Kumari, a Dalit, for general secretary; and Shafqat Hussain, a Kashmiri Muslim, for joint secretary. Mandal was right.

Sharing their views with the media, Ashutosh Kumar and Chintu Kumar were unambiguous in calling it a victory of the deprived section (*vanchit tabqa*). 'We have been fighting for winning the claim (*dawedari*) of deprived section,' Chintu said in a news programme on a TV channel.

It was not only the winners but also the runners-up and a large number of other contenders, who came from the lowest rungs of society. For example, Rahila Perween of Left Progressive Front (LPF), who finished asrunner-up for the post of president, is a pasmanda (OBC) Muslim; Sourabh Kumar of Akhil Bharatiya Vidyarthi Parishad (ABVP), who stood third, is a Kurmi; and Pindiga Ambedkar of Students' Federation of India (SFI), who stood fourth, is a Dalit.

Are the results of 2014 JNUSU election a Dalitbahujan assertion on "red soil"? After looking at the recent trend of JNUSU politics, one is persuaded to call it just that.

From upper caste dominance to ...

Established in 1969, JNU, despite its claim to be based on the idea of social justice, remained for a long period remained an institution dominated by upper castes and classes. It was only after years of sustained struggle that JNU could provide reservations to Dalitbahujan students

and faculty. Umakant, noted human rights activist and former student of JNU, recalled fighting for the appointment of the first SC faculty member in the early 1990s: “For JNU’s silver jubilee celebrations, then president of India Shankar Dayal Sharma was invited as the chief guest. We protested and ensured that he did not reach the campus. Our protest was justified because Dalits, Adivasis and Backward castes were denied their rights in a so-called progressive university.”

Since the first JNUSU election in November 1971, most of the elected JNUSU presidents have been from the upper strata of society. For example, the first president of JNU was a Brahmin, O. N. Shukla (1971-72, Independent). Even the most ‘popular’ and ‘successful’ student leaders were all from the top rungs of society – Prakash Karat, a Nair (1973-1974, SFI, now CPM General Secretary), Anand Kumar, a Bhumihar (1974-75, Free Thinkers, now Aam Aadmi Party leader), D. P. Tripathi, a Brahmin (1975-1976, SFI, now a General Secretary of the NCP), and Sitaram Yechury, a Brahmin (1976-1977, SFI, now CPM Politburo member), etc.

… Dalitbahujan assertion

This Dalitbahujan assertion may be traced back to the implementation of Mandal reservation in the early 1990s. Chandrasekhar Prasad of AISA, a Koiri, and Battilal Bairwa of SFI, a Dalit, became presidents for two terms from 1994-96 and 1996-1998, respectively. Apart from them, there were also a few leaders from among minorities and women: Naseer Hussain (1999-2000, SFI), Albeena Shakil (2001-2002, SFI) and Mona Das (2005-07, AISA) were the presidents of JNU.

But the major change in the social composition of JNUSU leadership was witnessed post-Mandal II. With the implementation of 27 per cent reservation for OBCs in this premier institution, the social demography began to shift in favour of Dalitbahujans. Today, around 50 per cent of JNU’s students are from the non-upper-castes. If the other deprived social groups, minorities and women are included, the upper castes and classes will become a minuscule minority.

Unite Against the Rising Trend of Rape of Dalit Women and Caste Atrocities in Haryana!
JNUSU
JNUSU
In solidarity with the Bhagana rape victims and their families, against casteism and sexual violence!
JNUSU
STOP
OR
हरियाणा सरकार शर्म करो!
सिलसिलेवार दलित महिलाओं
के साथ हो रहे बलात्कार का
जवाब दो!

This change in social demography is seen as a major factor influencing the results of last three JNUSU elections (from 2012-14), in which all presidents were from marginalized communities—V. Lenin Kumar (2012, SFI-JNU or DSF), an OBC from Tamil Nadu; Akbar Chawdhary (2013, AISA), a Muslim from UP; and Ashutosh Kumar (2014, AISA), a Yadav from Bihar.

Yet another proof of this assertion is the growth of a number of student organisations founded on the ideology of Phule, Periyar and Ambedkar in post-Mandal II phase. Some of them are All India Backward Students Forum, Untouchable India, Students for Social Justice, All India Backward Students' Parliament, etc.

Moreover, JNU has been undergoing Dalitisation of public culture. Over the years, the traditionally strong left student organisations of JNU, which, until recently, ignored Dalitbahujan icons, have now no hesitation in wearing Ambedkar, Periyar, Birsa Munda and Phule on their sleeve. The images, symbols and icons of the subaltern are all over the place on the JNU campus. Last year, the portraits of Phule and Birsa Mudna were installed in the JNUSU office. Unlike in the past, recent wall posters, pamphlets and badges, carrying the slogans and images of Dalitbahujan heroes and heroines, seem to have outshone those of Marx, Lenin, Trotsky, Stalin and Mao.

Another manifestation of this assertion is the inclusion of subaltern agendas. The upper-castes Marxists had contended for a long time that any talk of caste and reservation would fracture the working-class solidarity but now the ideologues of left parties have no hesitation in having their script and speech emblazoned with terms such as "social justice", "inclusion", representation", "reservation", "dignity" and "annihilation of caste".

The critics argued that the representation of deprived sections itself does not necessarily lead to their empowerment and the end of structural inequalities. They contended that elected representatives sometimes put sectarian party interests or individual benefits ahead of the

rights of the toiling masses. 'We have to see how far these elected leaders are able to raise the issues of deprived sections within the party and outside of it,' said Chandrasen, a PhD student and 2013 presidential candidate for JNUSU. While this concern is one that Dalitbahujan leaders must heed, this should not stop us from welcoming the newfound dynamism on the campus.

Forward Press also publishes books on Bahujan issues. Forward Press Books sheds light on the widespread problems as well as the finer aspects of Bahujan (Dalit, OBC, Adivasi, Nomadic, Pasmanda) society, culture, literature and politics. Contact us for a list of FP Books' titles and to order. Mobile: +917827427311, Email: info@forwardmagazine.in)

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ali Anwar: By amending Waqf law, government wants to grab land, not ensure Pasmanda representation

Nawal Kishore Kumar

The creation of a Waqf is a religious process. How can a non-Muslim regulate it? Will you dare provide for non-Hindu membership on the...

Why isn't there talk about what if Ambedkar had been India's first prime minister?

Rajendra Prasad

Had India's policies been designed from a bottom-up perspective, the remnants of the British colonial system would have been dismantled far more quickly. However,...

The Waqf law, and the Ashraaf failure to come to terms with democracy

Ayaz Ahmad

The Islamophilic Ashraaf's failure to come to terms with democracy has made them hopelessly prejudiced against Common Family Code. This Ashraaf failure coupled with...

K.K. Kochu and his struggle to redeem human dignity

Vinil Paul

One of the foremost Dalit thinkers of Kerala K.K. Kochu, 76, passed away on 13 March 2025. Historian Vinil Paul recalls his enduring contributions...

Economic redistribution through democratic politics

Shiveshwar Kundu

The modern version of redistributive politics is concerned with redistribution of income and other forms of material welfare. Caste census will play a decisive...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

Data under guard

Numbers don't lie. The numbers in question will reveal the extent of the minority upper castes' control over the state's resources. Does this explain the government's reluctance to publish these numbers?

Abhay Kumar December 16, 2015

Since the partial release of Socio-Economic and Caste Census 2011 (SECC) by Finance Minister Arun Jaitley on 3 July, an intensified campaign has been launched by those carrying the social-justice banner, both inside and outside Parliament, to pressurize the Modi Government for the release of the caste census. While MPs from the JD-U, the RJD and Samajwadi Party, under the leadership of Mulayam Singh Yadav, have recently raised their voices in Parliament, RJD President Lalu Prasad Yadav has taken the battle to the streets. Lalu held a protest march in Patna, sat on a daylong hunger strike, and called for a 27 July Bihar bandh, which turned out to be a success. One of the key leaders of Mandal politics, Lalu knows very well that the delay in the publication of the caste census has given him an issue to mobilize the masses on, particularly OBCs and Dalits, ahead of the upcoming Bihar Assembly election.

Realizing the possible political loss due to the withholding of the caste census data, the BJP-led NDA government approved the setting up of an expert group headed by Niti Aayog Vice-Chairman Arvind Panagariya to classify and release the caste census. The BJP is aiming at killing two birds with one stone – while by setting up the expert group the party answers the critics who say it is reluctant to release caste data, not fixing the time frame puts the "controversial" issue on the back-burner for some more time.

It is to be kept in mind that the top leadership of the BJP, much like that of the Congress, remains divided over the caste census. In 2010, the top brass of the BJP, then in the opposition, appeared split over it, with the predominant upper-caste BJP leaders and the RSS opposing the proposal of a caste census and the OBC leaders of the party supporting it. Years later, such a sharp split continues to run through the saffron camp. The RSS, unlike the BJP, does not shy away from opposing the caste census. Take for an instance, a recent article by A. Jairam in *Organiser* (2 August 2015), the mouthpiece of the RSS, which calls the caste census "divisive", adding that it would "accentuate" caste division among Hindus.

Another article in *Organiser* (13 August 2015) similarly sees the process of recording caste in census as being opposed to "secular" and "democratic" values: "India has been declared a secular and democratic country without distinction between caste and creed. Why has the bogey of caste been raised?"

It has often been seen that whenever the Backwards and Dalits wage a political battle for distributive justice citing social and educational backwardness, the opponents of reservation and social justice invoke secularism and merit.

It is nothing new that the so-called protectors of the Hindu community remain callous and indifferent towards the plight of the Backwards and Dalits. But when the Backwards and the Dalits assert themselves and demand their legitimate share, suddenly a discourse of division among Hindus is constructed to silence any claim from below. For example, when Dr B.R. Ambedkar was fighting a separate electorate in the 1930s, the Congress tried to blackmail him by saying that it would create a division among Hindus. No wonder the Hindu Mahasabha and the Muslim League opposed the caste census of Hindus and Muslims respectively during the colonial period.

Historical interpretations

Apart from the propaganda of the RSS, a large number of historical works, which are otherwise much more sophisticated, have been produced to oppose or render problematical the very concept of a caste census. Influenced by French philosopher Michel Foucault, historians such as Bernard S. Cohn, Nicholas Dirks and Padmanabh Samarendra have challenged the process of data collection in the caste censuses during the colonial period.

According to Cohn, the history of caste census could be traced to the late 18th century, when the British, after having reserved the right to collect revenues in Bengal, undertook a process to collect, among other things, information about the history of districts, leading families and their customs, agricultural and craft production, etc. It was the same process of collecting information that culminated in the full census of 1871-1872, marking the beginning of pan-India decennial census. The noting of caste, which began with the first census, was dropped after the 1931 census. (Actually, the 1941 census was interrupted and thus rendered incomplete and invalid by the outbreak of the Second World War.) After decades of struggles by the Backwards, the UPA government eventually agreed to resume the process through the 2011SECC.

In his widely cited article "Census, Social Structure and Objectification in South Asia" (c 1987), Cohn made a broad argument that noting caste in a census was part of the colonial hegemony and the logic of administrative necessity for the British. For Cohn, the gathering of information on caste and religion had to do with the colonial mentality. As he put it, "It was felt by many British officials in the middle of the nineteenth century that caste and religion were the sociological keys to understanding the Indian people. If they were to be governed well, then it was natural that information should be systematically collected about caste and religion."

Furthermore, Cohn argued that the process of caste enumeration, undertaken by the British government after 1857, made communities' identities concrete. These were all part of the governing logic of the colonial state. "What was entailed in the construction of census operations was the creation of social categories by which India was ordered for administrative purposes," added Cohn.

The resonance of Cohn is found in the contemporary debate as well. For example, Ambedkarite-Marxist scholar Anand Teltumbde ("Counting Caste", *Economic and Political Weekly*, 10 July 2010) strongly opposed the demand for caste census, which, according to him, would lead to "advancing" the cause of the "ruling classes". Thus, he said, the inclusion of information on caste in the census would be "the second biggest blow to the emancipation project of the oppressed people, the first being the Mandal reservations".

It is paradoxical that Teltumbde, who claims to represent the voices of "the margins", does not fully appreciate the Mandal movement, which changed the idiom of Indian politics and paved the way for further mobilization of the Bahujans. His tirade against the caste census is a manifestation of deep-seated fear among communists that any talk of caste would break up the solidarity of the working class.

A similar attempt to completely reject the process of caste census has been made by Padmanabh Samarendra ("Census in Colonial India and the Birth of Caste", *EPW*, 13 Aug 2011). He went to the extent of saying that censuses produced caste in the colonial period and that if it was resumed, it would further concretize caste identity. This seems to be a reiteration of what Nicolas Dirks had earlier argued – that colonialism *created* caste structure in India.

Cohn, Dirks and Samarendra's arguments of blaming the colonial government only for the birth of caste are exaggerated. These erudite historians often forget that the census records, despite their limitations, cannot be done away with and that these records are useful for policy matters even today.

However, one of their major premises is that caste is an "invention" and "fabrication" of the colonial state. Such a premise again is not persuasive as there is historical evidence of instances of caste atrocities, violence and discriminations in the pre-colonial period.

Unlike Cohn, Dirks and others, noted historian Susan Bayly (*Caste, Society and Politics in India from the Eighteenth Century to the Modern Age*, 1999) takes a more nuanced and persuasive view of caste by arguing that while the institution of caste underwent a change during the colonial period, caste has been a "real" and "active part" of India for centuries. Thousands of years before the coming of the British, the caste ideals were inscribed on the pages of the *Rig Veda*. Similarly, the sanctity of caste has also been extolled in the *Gita*, which states that without caste there would be corruption. Another brahmanical text, *Manusmriti,* propagated the principles of caste as a universal law of life.

Despite caste being a reality in social life, a large number of scholars, policymakers and politicians are still reluctant to acknowledge caste. No wonder a large corpus of literature has recently been produced in opposition to the resumption of caste census. Meanwhile, noted sociologists Satish Deshpande and Mary E. John ("The Politics of Not Counting Caste", *EPW*, 19 June 2010) have been at the forefront of showing the benefits of a caste census.

The recent debate

Those who oppose a caste census typically question its feasibility. They argue that a caste census simply cannot be done, as the process of enumeration is unlikely to capture the complexities of castes. In other words, they argue that the process of a caste census is not only complex but the authenticity of the data produced is also not beyond doubt. Further, they contend that as caste census is linked to the colonial policy of "divide and rule", its resumption, in post-Independence India, would further "reify" or concretize caste identity, fuel the process of "political manoeuvring" and "reintroduce" caste conflicts and mobilization, thus violating the principles of the Constitution.

On the question of complexities involved in data collection, Deshpande and John have rightly pointed to the availability of superior technology today, adding, "It must not be forgotten that since 2001 the Census has had access to technology far superior to that of earlier editions."

When the government has been so determined to gather personal information of millions of people within such a short span of time for the issuing of Aadhaar cards, even when such an act is being seen as a violation of privacy, is it not also capable of getting accurate caste details of its citizens?

Would a caste census promote "casteism"? Those who are raising these doubts to put a spoke in the caste-census enumerator's wheel should be countered by reversing their own logic. Has caste disappeared in the last eight decades after 1931 when there has been no caste census?

Eminent economist Professor Amitabh Kundu, who chaired the Post-Sachar Committee, constituted by the Prime Minister's Office, to evaluate the process of implementation of both the report of the Sachar Committee on the socio-economic and educational status of the Muslim community and the Prime Minister's New 15-Point Programme, dismissed the view that a caste census would promote "casteism". "It is better to have an informed debate than sweep the issues under the carpet," he said. "A discussion and debate based on speculative figures would promote dangerous casteism."

In contrast to the claims that a caste census hardens caste identity, triggers caste conflicts and leads to political manoeuvring is its primary aim: knowing the comparative social and economic status of various castes. Since the government has little data about the shares of different caste groups in jobs, collection and compilation of such data would enable the government to launch policies, targeting the deprived groups.

Prof Kundu underscored the urgent need to collect hard facts about the social and economic conditions of different castes: "The disaggregation of population by caste and religious group is extremely important for the successful implementation of many of the government programmes."

A number of political economists have agreed that inequality has risen across the world, particularly on the heels of the market-led economic liberalization. The worst victims of this process in India are believed to be the Backwards and Dalits. For example, SECC 2011 data has pointed to the grim reality of rural India where the main earning members of 90 per cent of rural households make less than Rs 10,000 a month. Similarly, almost 36 per cent of urban households live below the poverty line (BPL), while around 56 per cent households are within the broader category of "urban poor".

But while comparative data of SECC 2011, which could have made our understanding much more nuanced, has yet to be made public, some other empirical works have already hinted at the prevalence of abject poverty among the Backwards and Dalits. For example, Sonalde Desai ("Caste and Census", *EPW*, 17 July 2010), drawing on the data from the India Human Development Survey (2004-2005), has shown wide social group differences across forward castes, OBCs, SCs, STs, Muslim and other religious groups. According to Desai, the average annual income of a household was Rs 72,717 for forward castes, Rs 42,331 for OBCs, Rs 34,128 for SCs, Rs 32,345 for STs and Rs 44,158 for Muslims.

Yet another typical argument against caste census as well as reservations is that such policies go against the "caste-blind" approach of secular state. As mentioned above, the advocacy for caste-blindness is made by those upper castes who have benefited most from the post-colonial state. Deshpande and John have rightly pointed to the real interests behind such a claim: "For the most privileged sections of the upper castes this was true in a certain sense because three generations of caste blindness had allowed them to fully encash their caste advantages. They were now in a situation where they no longer needed to invoke caste explicitly, having acquired all the other resources that guaranteed them the 'legitimate' advantages of inherited wealth, expensive education and abundant connections among their own kind. It is these groups of upper castes who are the most vociferous advocates of caste blindness today."

It is ironical that while the upper castes are dead against considering caste as a variable in state's policies, they do not mind using age-old caste-networks to block the entry of Bahujans at social, economic, cultural and political institutions. For example, the study of D. Ajit, Han Donker, and Ravi Saxena ("Corporate Boards in India: Blocked by Caste?", *EPW*, 11 Aug 2012) has shown that industry and commerce continue to be dominated by the upper castes: 93 per cent of corporate board members are upper caste, particularly Brahmins and Banias.

As far as educational institutions are concerned, positive changes for the Backwards have begun, particularly after the implementation of the 27 per cent reservation but there is a lot still to be achieved. Let me cite an example of the Jawaharlal Nehru University, where the proportion of Dalitbahujans among the students has almost reached their proportion in the population but as far as faculty posts are concerned they are still marginalized. According to the 44th Annual Report of JNU, among the total 809 teachers, the number of SCs, STs and OBCs, as on 31 March 2014, was 40, 12 and 14 respectively.

Compared to their situation in economic and cultural spheres, the OBCs are faring better in the political domain. The rise of OBCs can be traced to the late 1960s when the Congress hegemony in the states began to be eroded and a number of regional parties, which were mostly headed by Dalitbahujans, emerged on the larger political scene. As noted political scientist Yogendra Yadav has documented, the political clout of OBC leaders increased after Mandal politics but the marginalization of OBC leaders continues. Despite a large section seeing the rise of Modi as the "ascendancy" of OBC politics, the reality is that the Modi Cabinet is dominated by upper-caste ministers (20 out of 27). The situation in the states is not very satisfactory either. In 29 states, there are hardly five or six OBC chief ministers and not a single Dalit CM.

These theoretical arguments and the empirical evidence don't seem to be enough to convince some people of the need for a caste census. Their unwillingness to see any usefulness in a caste census is the result of their increasing fear that the release of the figures may officially give the seal of approval to the views that the upper castes, despite being in minority, continue to appropriate the overwhelming share of resources. The opponents are afraid that if the curtain is raised over the hidden reality, a new movement is likely to be born with the demand for removing the 50 per cent cap on reservation. Furthermore, the publication of caste data will also provide a much-needed momentum to those fighting for social justice, who have been going through a hard time. Hence, the leaders who stand for social justice must further intensify their struggles for the early release of caste census. The result of the upcoming Bihar Assembly Election is likely to have a bearing on the equation between the opponents and supporters of a caste census.

Socio Economic and Caste Census (SECC) 2011

- Congress-led UPA II approved SECC in 2011 after debate in Parliament.
- Both the Congress and the BJP were internally divided over the caste-based census.
- It was the first time after 1931 that caste census was undertaken.
- The counting was launched on 29 June 2011 from Sankhola, a village of Hazemara block, West Tripura district.
- This was the first paperless census in India in which hand-held electronic devices were used.
- The SECC 2011 was carried out in all states and union territories of India.
- The Ministry of Rural Development, Government of India, conducted and coordinated the census.
- The SECC is aimed at finding out the "multidimensional" aspects of poverty. It has also gathered information about rural households to enable the state to carry out a more

effective targeting of government schemes.

- **Finance Minister Arun Jaitley released some of findings in New Delhi on 3 July 2015.**
- **Under pressure from the opposition parties, the Cabinet approved setting up an expert group headed by Niti Aayog Vice-Chairman Arvind Panagariya. However, no time frame has been fixed for the publication of the caste census.**

Published in the September 2015 issue of the FORWARD Press magazine

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ali Anwar: By amending Waqf law, government wants to grab land, not ensure Pasmanda representation

Nawal Kishore Kumar

The creation of a Waqf is a religious process. How can a non-Muslim regulate it? Will you dare provide for non-Hindu membership on the...

Why isn't there talk about what if Ambedkar had been India's first prime minister?

Rajendra Prasad

Had India's policies been designed from a bottom-up perspective, the remnants of the British colonial system would have been dismantled far more quickly. However,...

The Waqf law, and the Ashraaf failure to come to terms with democracy

Ayaz Ahmad

The Islamophilic Ashraaf's failure to come to terms with democracy has made them hopelessly prejudiced against Common Family Code. This Ashraaf failure coupled with...

'Dabba Cartel': Amid drug trafficking, an exciting entanglement of class and gender questions

Survesh Pratap Singh

The women coming together to run a drug business disguised as a 'dabba' service has us wondering whether the old doctrine of class struggle...

K.K. Kochu and his struggle to redeem human dignity

Vinil Paul

One of the foremost Dalit thinkers of Kerala K.K. Kochu, 76, passed away on 13 March 2025. Historian Vinil Paul recalls his enduring contributions...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

दिल्ली विधानसभा चुनाव : सांप्रदायिकता का खेल तेज

दिल्ली में ज्यादातर गरीब मुसलमानों और दलितों की ऐसी बस्तियां हैं, जहां पानी, सड़क और सफाई जैसी बुनियादी समस्याएं हैं। लेकिन राजनीतिक दल इन समस्याओं को हल करने के बजाय 'घुसपैठ' का मुद्दा उठाकर बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यकों से डराने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उन्हें वोट मिल सकें। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार January 7, 2025

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान हो गया है – 5 फरवरी, 2025 को मतदान होंगे और 8 फरवरी, 2025 को मतगणना। चुनाव फरवरी की गुलाबी ठंड में होंगे, लेकिन दिल्ली का राजनीतिक तापमान अभी से काफी बढ़ गया है। राजनीतिक पार्टियां पहले से ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर रही हैं और अन्य तैयारियों में जुटी हुई हैं। सत्तर सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार करीबी मुकाबले की संभावना है।

एक तरफ आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर दिल्ली में अपनी सरकार बरकरार रखने की पूरी कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा इन चुनावों को अपनी प्रतिष्ठा का सवाल मानकर मैदान में उतरी है। दिल्ली में भाजपा की आखिरी मुख्यमंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज थीं। इस प्रकार वह पिछले 26 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। भाजपा ने पिछले दो विधानसभा चुनाव मोदी के चेहरे को सामने रखकर लड़े थे, लेकिन दिल्ली की जनता ने उसे करारी शिकस्त दी थी। असल में दिल्ली विधानसभा के नतीजे मोदी की लोकप्रियता पर भी सवाल खड़े करते हैं, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी, जहां से उन्होंने देश पर शासन किया है, के मतदाताओं ने विधानसभा चुनावों के दौरान उनकी पार्टी को पूरी तरह से खारिज कर दिया।

आम आदमी पार्टी से नाराज वोटरों को लुभाने के लिए कांग्रेस भी पुरजोर कोशिश कर रही है। पार्टी अल्पसंख्यकों और दलितों के बीच अपनी खोई हुई लोकप्रियता वापस पाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस, जो इन दिनों कमजोर नजर आ रही है, एक समय दिल्ली की सबसे शक्तिशाली पार्टी थी, जिसने 1998 से 2013 तक दिल्ली पर शासन किया। कांग्रेस दिवंगत शीला दीक्षित के 15 साल के शासन को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रही है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव की अपनी जटिलताएं भी हैं। एक तरफ, राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भाजपा के खिलाफ 'इंडिया गठबंधन' का हिस्सा हैं, लेकिन दूसरी तरफ, दिल्ली में इन दोनों पार्टियों के हित एक-दूसरे से टकरा रहे हैं। जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धा कड़ी होती जा रही है, राजनीतिक दल जनविरोधी राजनीति में उलझते जा रहे हैं।

दिल्ली के वसंतकुंज इलाक़े में एक बंगाली भाषी मुस्लिम झुग्गी बस्ती का दृश्य I फोटो: मसीहुज़्ज़मा अंसारी

जनविरोधी राजनीति का एक स्पष्ट उदाहरण बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ का मुद्दा है, जिसे आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों जोर-शोर से उठा रही हैं और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रही हैं। आम आदमी पार्टी नरम हिंदुत्व का सहारा लेकर भाजपा को उसी के खेल में हराने का प्रयास कर रही है।

हालांकि, राजनीतिक टिप्पणीकारों का कहना है कि सांप्रदायिक राजनीति का जवाब धर्मनिरपेक्षता और वंचितों के बीच एकता है। उन्होंने गैर-भाजपाई दलों को चेतावनी दी है कि हिंदुत्व की बिछाई गई शतरंज की बिसात पर भाजपा को हराना संभव नहीं है। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ का मुद्दा जोर-शोर से उठाएगी और इस बहाने भाजपा पर देश की सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाएगी।

मिसाल के तौर पर, दिल्ली नगर निगम, जहां आम आदमी पार्टी बहुमत में है, ने हाल ही में एक आदेश जारी किया है, जिसमें अस्पतालों को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इस बीच, केंद्र में सत्तासीन भाजपा ने दिल्ली के उपराज्यपाल के माध्यम से दिल्ली की संदिग्ध झुग्गियों में छापेमारी करने और कथित अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान करने का आदेश दिया है। जहां एमसीडी अधिकारी अल्पसंख्यकों को तरह-तरह से परेशान कर रहे हैं, वहीं दिल्ली पुलिस गरीब मुसलमानों की झुग्गियों और बस्तियों में छापेमारी कर रही है और उन्हें कागज़ात दिखाने के नाम पर सता रही है।

जहां एक तरफ मजलूम अल्पसंख्यक प्रशासन और पुलिस की प्रताड़ना से त्रस्त हैं, वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी और भाजपा नेता एक-दूसरे पर अवैध प्रवासियों और बांग्लादेशी व रोहिंग्या मुस्लिम घुसपैठियों को पनाह देने का आरोप लगा रहे हैं। इस मुद्दे को मीडिया में इतना प्रचारित किया गया है कि रोज़ी, रोटी और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे दब गए हैं।

जिस आक्रामक रूप से आम आदमी पार्टी भाजपा के सांप्रदायिक कार्ड के सहारे दिल्ली चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है, उसने सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दलों के बीच के अंतर को काफी हद तक मिटा दिया है। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि आज दिल्ली में मुसलमान ख़ौफ़ के साये में हैं और उन्हें हर वक्त यह डर सताता है कि किसी भी समय पुलिस उनके दरवाजे पर आकर नागरिकता साबित करने के बहाने उन्हें परेशान करेगी।

दिल्ली में ज्यादातर गरीब मुसलमानों और दलितों की ऐसी बस्तियां हैं, जहां पानी, सड़क और सफाई जैसी बुनियादी समस्याएं हैं। लेकिन राजनीतिक दल इन समस्याओं को हल करने के बजाय 'घुसपैठ' का मुद्दा उठाकर बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यकों से डराने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उन्हें वोट मिल सकें।

यह सर्वविदित है कि भाजपा लंबे समय से बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाती रही है। हाल ही में झारखंड चुनावों के दौरान भी बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ का मुद्दा उछाला गया था और यह अफवाह फैलाने की पूरी कोशिश की गई थी कि मुस्लिम घुसपैठिए न केवल आदिवासियों की जमीनें हड़प रहे हैं, बल्कि आदिवासी महिलाओं से शादी कर राज्य की जनसंख्या संरचना (डेमोग्राफी) भी बदल रहे हैं। घुसपैठ का मुद्दा उठाने के पीछे भाजपा का मकसद यह था कि किसी भी तरह से आदिवासियों और मुसलमानों की एकता को तोड़ा जाए, जो भाजपा की विरोधी झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रबल समर्थक रहे हैं।

भाजपा ने असम और पश्चिम बंगाल में तो पहले से ही बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाया है। दिल्ली के इतिहास पर नजर डालें तो यहां भी भाजपा लंबे समय से बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाती रही है। उदाहरण के लिए, भाजपा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने 1990 के दशक में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाया था और गरीब अल्पसंख्यकों की झुग्गियों के सामने विरोध प्रदर्शन किया था।

लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले लोग चिंतित हैं कि चुनाव जीतने के लिए अल्पसंख्यक विरोधी और नफरत आधारित राजनीति काफी खतरनाक है। यह अक्सर भुला दिया जाता है कि एक सफल लोकतंत्र वही है, जहां अल्पसंख्यकों के हितों और अधिकारों की रक्षा की जाती है। लेकिन दुख की बात यह है कि देश के राजनेता अल्पसंख्यकों को 'खलनायक' बनाकर चुनाव जीतने को अपनी प्रमुख रणनीति मान बैठे हैं। हालांकि, लोकतंत्र में सबसे बड़ा शक्ति स्रोत मतदाता होते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि मतदान करते समय दिल्ली के मतदाता सांप्रदायिक और जनविरोधी राजनीति करने वालों को वोट के जरिए सबक सिखाएंगे।

(संपादन : राजन/नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, संस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

संसद में डॉ. आंबेडकर पर विवाद : सवर्ण पार्टियों की नूराकुश्ती

सवर्ण लॉबी की पार्टियों का असली मकसद डॉ. आंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाने से नहीं जुड़ा होता। बहुजन समाज को चाहिए कि वे सवर्ण पार्टियों के इस नूरा-कुश्ती के खेल को समझें और वंचित वर्गों के बीच एकता स्थापित करने के लिए गंभीरता से काम करें। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार December 26, 2024

केंद्र में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को इन दिनों विपक्ष और डॉ. आंबेडकर के समर्थकों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। इस विवाद का कारण कोई और नहीं बल्कि भाजपा के शीर्ष नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हैं। हाल ही में संसद में बोलते हुए शाह ने डॉ. आंबेडकर के संदर्भ में एक विवादास्पद बयान दिया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर का नाम लेना आजकल एक 'फैशन' बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर लोग आंबेडकर की जगह भगवान का नाम इतनी बार लें, तो उन्हें सात जन्मों तक स्वर्ग मिलेगा।

चुनावी राजनीति की गहरी समझ रखने वाले शाह को शायद इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनके इस बयान से उन्होंने बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट होने का अवसर दे दिया है। हालांकि, विपक्ष की बात सुनने और माफी मांगने के बजाय, भाजपा ने आक्रामक रुख अपनाया है और विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया है। इस बीच, दोनों प्रमुख पार्टियां – भाजपा और कांग्रेस – अपने-अपने तरीके से आंबेडकर के सबसे बड़े अनुयायी होने का दावा कर रही हैं, तथा दूसरी पार्टी पर आंबेडकर विरोधी होने का आरोप लगा रही हैं।

जब हम इतिहास के पन्ने पलटते हैं और डॉ. आंबेडकर की रचनाओं को पढ़ते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि आंबेडकर और दलित वर्गों के साथ सवर्ण जाति की नेतृत्व वाली राजनीतिक दलों ने कभी न्याय नहीं किया है। यह भी सच है कि जब डॉ. आंबेडकर राजनीति में सक्रिय थे, उस समय भाजपा का गठन नहीं हुआ था। लेकिन आंबेडकर ने उन तमाम भगवा संगठनों की विचारधारा और राजनीति का विरोध किया था, जिनकी कोख से भाजपा का जन्म हुआ है। चाहे वह हिंदू महासभा हो, आरएसएस हो या जनसंघ, डॉ. आंबेडकर ने इन पार्टियों को कभी अपने करीब नहीं आने दिया।

वे अच्छी तरह जानते थे कि ये प्रतिक्रियावादी पार्टियां ऐसी हैं, जिनकी विचारधारा पूरी तरह से दलित विरोधी है। भगवा संगठनों से डॉ. आंबेडकर की दूरी का मुख्य कारण यह था कि ये हिंदुत्ववादी पार्टियां धर्म के आधार पर सांप्रदायिक राजनीति करती रही हैं, जबकि आंबेडकर स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे पर आधारित लोकतंत्र की स्थापना की बात करते थे।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, डॉ. आंबेडकर व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी

इसके बावजूद, भाजपा और उसकी विचारधारा से प्रेरित भगवा पार्टियां हमेशा दलितों का वोट पाने के लिए आंबेडकर समर्थक होने का दिखावा करती रही हैं। इतिहास गवाह है कि आरएसएस और हिंदू महासभा ने कभी भी जातिगत असमानता के खिलाफ आंबेडकर के आंदोलनों का समर्थन नहीं किया। जब आंबेडकर दलितों, आदिवासियों, पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यकों जैसे कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे थे, उस समय भगवा संगठन हिंदू बनाम मुस्लिम के नाम पर देश को विभाजित करने की राजनीति में व्यस्त थे। यही प्रवृत्ति आज भी भाजपा के शासन में जारी है, जहां देश की ऊर्जा मंदिर-मस्जिद विवादों में बर्बाद की जा रही है।

भाजपा डॉ. आंबेडकर को 'मुस्लिम-विरोधी' नेता के रूप में चित्रित करने की साजिश कर रही है। लेकिन सवाल यह है कि समानता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए लड़ने वाला कोई व्यक्ति मुस्लिम-विरोधी कैसे हो सकता है?

राजनीतिक लाभ के लिए डॉ. आंबेडकर की विरासत का दावा करने वाले संगठन – जैसे हिंदू महासभा, आरएसएस, जनसंघ और उनसे उत्पन्न भाजपा – ने समाज के कमजोर वर्गों को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकार देने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किया है। इन संगठनों ने हमेशा असमान भारतीय समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिशों को विफल करने की साजिशें रची हैं। आज भी, भाजपा और आरएसएस ने अपनी रणनीति में कोई बदलाव नहीं किया है। उन्होंने न तो हिंदू राष्ट्र की स्थापना के अपने एजेंडे को छोड़ा है और न ही देश के संविधान को पूरी निष्ठा से स्वीकार किया है, जिसे बनाने में डॉ. आंबेडकर ने कड़ी मेहनत की थी।

सवर्ण जातियों का प्रवक्ता रहे आरएसएस ने संविधान निर्माण के समय से ही इसका विरोध किया है और इसकी आलोचना करते हुए मनुस्मृति की प्रशंसा की है। वही मनुस्मृति, जिसे डॉ. आंबेडकर ने असमानता को बढ़ावा देने वाली पुस्तक बताया और सार्वजनिक रूप से उसका दहन किया था। भाजपा की दोहरी राजनीति यह है कि वह सार्वजनिक तौर पर डॉ. आंबेडकर का नाम लेती है, लेकिन उसकी नीतियों और विचारधारा में मनुस्मृति ही बसी रहती है।

भाजपा बहुसंख्यक वर्चस्व की राजनीति पर विश्वास करती हैं और अल्पसंख्यकों की देशभक्ति पर सवाल उठाती हैं। वहीं डॉ. आंबेडकर ने लोकतंत्र की व्याख्या करते हुए कहा था कि एक सफल लोकतंत्र वह है, जिसमें अल्पसंख्यकों को प्रभावी और आनुपातिक प्रतिनिधित्व मिलता है और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाती है।

जहां एक ओर डॉ. आंबेडकर लोकतांत्रिक मार्ग पर चलते हुए शांतिपूर्ण तरीके से समाज में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते थे और एक कल्याणकारी तथा समाजवादी राज्य की वकालत करते थे, वहीं हिंदुत्ववादी पार्टियां पूंजीपतियों और जमींदारों का प्रतिनिधित्व करती थीं और गरीबों को बाजार की दया पर छोड़ देती थीं। डॉ. आंबेडकर ने एक धर्मनिरपेक्ष और कल्याणकारी राज्य का सपना देखा था, जबकि भाजपा एक ऐसा हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है, जहां अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ी जातियों और महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिलेंगे।

हालांकि तत्कालीन नेहरू सरकार भी डॉ. आंबेडकर के साथ न्याय करने में विफल रही। वे हिंदू कोड बिल पारित करना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस के भीतर मौजूद प्रतिक्रियावादी ताकतों ने इसका कड़ा विरोध किया। नेहरू ने कांग्रेस की दक्षिणपंथी ताकतों को खुश रखने के लिए डॉ. आंबेडकर का समर्थन नहीं किया। इस निराशा के कारण आंबेडकर ने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और सोशलिस्ट पार्टी के साथ गठबंधन करके 1952 का आम चुनाव लड़ा। हिंदू कोड बिल के मुद्दे पर कांग्रेस और भगवा पार्टियों की दक्षिणपंथी ताकतें एकजुट थीं, और दोनों ने मिलकर डॉ. आंबेडकर को निशाना बनाया।

डॉ. आंबेडकर इस बात से भी आहत थे कि नेहरू सरकार दलितों और वंचित वर्गों के हित में ठोस कदम उठाने में असफल रही। उन्होंने गरीबी और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भी कोई गंभीर प्रयास नहीं किए। नेहरू के कार्यकाल में विपक्षी दलों को पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया, और लंबे समय तक विपक्ष के नेता का पद खाली रहा।

डॉ. आंबेडकर ने स्वयं इस बात पर अपनी निराशा व्यक्त की थी कि उन्हें वह मंत्रालय नहीं दिया गया, जिसका वादा प्रधानमंत्री ने उनसे किया था। कई बार मंत्रिमंडल की बैठकों में भी आंबेडकर को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने शिकायत की कि कांग्रेस के टिकट पर चुने गए दलित नेताओं को बोलने के पर्याप्त अवसर नहीं दिए जाते थे और इन दलित नेताओं का इस्तेमाल डॉ. आंबेडकर की आलोचना करने के लिए किया जा रहा था।

इन कड़वे अनुभवों ने डॉ. आंबेडकर की उस आशंका को पुष्ट किया कि उच्च जाति की पार्टियां बहुजन समाज के हितों की रक्षा करने में सक्षम नहीं हैं। उनका मानना था कि वंचित समाज को अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि वंचित वर्गों को सवर्ण पार्टियों पर भरोसा करने के बजाय अपने राजनीतिक आंदोलन को खड़ा करना चाहिए और नेतृत्व अपने हाथों में लेना चाहिए।

आज भी, सवर्ण लॉबी की पार्टियां डॉ. आंबेडकर की विरासत को हड़पने के लिए घड़ियाली आंसू बहा रही हैं। लेकिन इनका असली मकसद डॉ. आंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाने से नहीं जुड़ा होता। बहुजन समाज को चाहिए कि वे सवर्ण पार्टियों के इस नूरा-कुश्ती के खेल को समझें और वंचित वर्गों के बीच एकता स्थापित करने के लिए गंभीरता से काम करें।

(संपादन : राजन/नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, संस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

लोकतंत्र में सेना के नाम पर वोट मांगने के खतरे

अभय कुमार का कहना है कि चुनावों के दौरान सेना से जुड़े जनता के जज्बातों के साथ खेलना लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत हैं। ठोस सवालों से जनता का ध्यान दूर करने के लिए जज्बाती मसलों को उठाया रहा हैं।

अभय कुमार May 9, 2019

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सेना को राजनीति से दूर रखने की अहमियत पर ज़ोर दिया जाता है। यह कहना कि फौज का सियासत में कोई दखलअंदाजी नहीं होता, नादानी ही होगी। मगर इस हकीकत के बावजूद, लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व की हमेशा यह कोशिश रहती है कि सेना को ज़्यादा से ज्यादा 'बैरक' तक सीमित रखा जाए।

मगर दक्षिणपंथी ताक़तें इन बातों को ताक पर रखती जा रही हैं। यही वजह है कि आजकल सेना को भारतीय राजनीति में कुछ ज़्यादा ही घसीटा जा रहा है।

विज्ञापन
बिहार की चुनावी राजनीति
जाति-वर्ग का समीकरण (1990-2015)
संजय कुमार
फारवर्ड प्रेस व सेज की विशेष प्रस्तुति
सैफोलॉजी की हिंदी में पहली किताब*
बिहार का वोटिंग पैटर्न भारत की राजनीतिक दिशा का स्पष्ट संकेत कर रहा है...
लोकतंत्र के इस महोत्सव पर पढ़ें और पढ़ाएं
Available at amazon
अमेजन से घर बैठे खरीदने के लिए यहां क्लिक करें
*अंग्रेजी से अनूदित

दूसरों की कौन कहे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना और शहीद जवानों के नाम पर वोट मांग रहें हैं। राजस्थान के सीकर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस सरकार द्वारा 'सर्जिकल स्ट्राइक' करने की क्षमता का उपहास उड़ाया और इस तरह सारा 'क्रेडिट' स्वयं लेते हुए कहा कि 'चुनाव के पहले चार चरणों में चारों खाने चित्त होने के बाद अब कांग्रेस एक नया पैंतरा चला रही है। कल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बयान दिया कि हमारे समय में भी कई बार सर्जिकल स्ट्राइक की गयी। अब कांग्रेस किसी भी तरह यह साबित करने पर तुली है कि हमने भी सर्जिकल स्ट्राइक की थी।'

सीकर, राजस्थान में चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

सर्जिकल स्ट्राइक हवाई हमला होता है, जिसमें लड़ाकू विमान सीमा पार जा कर 'आतंकवादियों' के ठिकानों पर हमला करता है। कहा जाता है कि ये हमले कुछ हद तक इजरायल के 'वार स्ट्रेटजी' पर आधारित है। आतंकवाद से निपटने के लिए भाजपा के बहुत सारे नेतागण 'इजरायल मॉडल' को अपनाने की वकालत करते रहे हैं।

इजरायल मॉडल से संघ परिवार के लगाव की वजह यह है कि संघ परिवार और उस से जुड़े हुए संगठन हमेशा से शक्ति के पूजक रहे हैं। 'एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र' की बात करने वाला संघ परिवार का यह एजेंडा रहा है कि भारत दुनिया का शक्तिशाली देश बने। लिहाज़ा साठ के दशक से ही, जब चीन ने एटम बम का परीक्षण किया, तब से संघ परिवार भारत को न्यूक्लिअर शक्ति बनने की वकालत करना आरंभ किया।

सेना का 'गुणगान' और उसे 'आलोचना से दूर' रखने की बात करना, संघ परिवार के इसी शक्ति-पूजा के सिद्धांत का फल है। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में लिबरल और गांधीवादी ट्रेंड की आलोचना और कई मौकों पर हिटलर की उग्र राजनीति के साथ सहमति, संघ परिवार के इसी दक्षिणपंथी राजनीति का हिस्सा रहा है।

सेना के जवानों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

मगर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य की एक अहम् संस्था के बतौर, सेना भी आलोचना से परे नहीं है। सेना के अंदर भी बहुत सी खामियां पाई जाती हैं। जैसे- भ्रष्ट्राचार, भेदभाव, साहेब और निचले रैंक के जवानों के बीच में दूरी, पदोन्नति के मामले में अनियमितता, पूर्व सैनिकों की परेशानियाँ, इत्यादि। आज भी सेना के शीर्ष पदों पर पिछड़े और वंचित समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं के बराबर है।

मगर मोदी इन को बातों को दरकिनार करते हुए, विपक्षी कांग्रेस पर हमला बोल रहे हैं। अक्सर मौकों पर भाजपा और उसके नेतागण कांग्रेस पर यह इल्ज़ाम लगाते हैं कि कांग्रेस 'हिंदू हित' की हिफाज़त नहीं कर पाती है। कांग्रेस पर यह भी आरोप लगाया जाता है कि वह 'देशद्रोहियों' की ज़बान बोलती है। ज़रा गौर कीजिए किस तरह सेना और हिन्दू को एक करने की कोशिश हो रही है।

इस प्रकार कांग्रेस शासन के दौरान की सर्जिकल स्ट्राइक पर कटाक्ष करते हुए मोदी कहते हैं- 'ये कैसी स्ट्राइक थी भाई, जिसके बारे में आतंकियों को कुछ नहीं पता, स्ट्राइक करने वालों को कुछ नहीं पता, पाकिस्तान को कुछ नहीं पता और न देश की जनता को कुछ पता है।'

विडम्बना देखिए कि खुद प्रधानमंत्री स्ट्रेटजिक और सैन्य मामलों से जुड़ी हुई कार्रवाई के प्रचार की बात कह रहे हैं। क्या हर सैनिक कार्रवाई को जब तक प्राइम टाइम टीवी शो में दिखा ना दिया जाए और उसका राजनैतिक लाभ न ले लिया जाए, तब तक उसकी सच्चाई नहीं स्वीकार की जाएगी? दूसरी अहम बात यह है कि अगर सेना ने सही में अपना 'पराक्रम' दिखाया है, तो क्या उसका सेहरा सेना के बजाए किसी खास राजनीति दल और नेता को जाना चाहिए? ध्यान देने वाली बात है कि भाषण के दौरान मोदी बड़ी आसानी से इस बात को नज़र अंदाज़ कर गए कि क्या देश की सुरक्षा में कांग्रेस लीडरशीप का भी कभी कोई रोल रहा है? अगर नहीं, तो फिर मोदी से पहले देश की सुरक्षा कौन कर रहा था?

विज्ञापन - जानिए क्यों जाति का विनाश को सबसे महत्वपूर्ण मानते थे मान्यवर कांशीराम?

इस तरह का माहौल बनाया जा रहा है मानो लड़ाई सेना ने नहीं, बल्कि मोदी ने लड़ी हो। अगर इन सर्जिकल स्ट्राइक में सेना को बड़ी कामयाबी हासिल हुई हो तो इसका 'क्रेडिट' सेना को जाना चाहिए था या सत्ताधारी दल को?

सत्ताधारी दल हर कोशिश कर रहा है कि पाकिस्तान, आतंकवाद, और सुरक्षा का भय दिखा कर पहले लोगों को डराया जाए। डरी हुई जनता के सामने फिर कमजोर विपक्ष और मजबूत मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का विकल्प पेश किया जाए। मोदी की 'छवि' एक शक्तिशाली नेता के तौर पर पेश की जा रही है। मोदी के बारे में खूब प्रचार किया जा रहा है कि मोदी ही सेना के सब से बड़े 'हितैषी' हैं।

अब ज़रा एक नजर मोदी हुकूमत के सेना "प्रेम" पर भी डाल लें। क्या यह हकीकत नहीं है कि सेना के निचले रैंक के जवानों की हालत खराब बनी हुए है और उनको कई अवसर पर संतुलित भोजन तक नहीं मिलता है? यही बात बीएसएफ जवान तेज़ बहादुर यादव ने उठा दी तो उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया और वाराणसी से मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। क्या यह हकीकत नहीं है कि फौज के अंदर में भी प्राइवेटाइजेशन बढ़ रहा है और जवानों के अधिकारों को काटा जा रहा है? क्या यह सही नहीं है कि मोदी सरकार ने हाइयर मिलिट्री पे सर्विसेस, जिसका फायदा 1.12 लाख जवानों को मिलता, की मांग को ठुकरा दिया था? क्या यह सही नहीं है कि मोदी के चार सालों के कार्यकाल के दौरान जम्मू और कश्मीर में 219 जवान मरे,जो उनसे पहले के पांच सालों में मरे 144 जवानों से कहीं ज़्यादा है? क्या उस बात को झुठलाया जा सकता है कि मोदी के दौर में हमलों का सिलसिला थमा नहीं। मगर इन बातों को मोदी और भाजपा याद नहीं करना चाहेगी। उनकी पूरी कोशिश है कि ठोस सवालों से जनता का ध्यान दूर किया जाए और जज्बाती मसलों को उठाया जाए। सेना के नाम पर वोट की मांग करना इसी राजनीति का हिस्सा है जो लोकतंत्र के लिए काफी नुकसानदेह है।

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

फारवर्ड प्रेस की किताबें किंडल पर प्रिंट की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। कृपया इन लिंकों पर देखें



आरएसएस और बहुजन चिंतन

मिस कैथरीन मेयो की बहुचर्चित कृति : मदर इंडिया

बहुजन साहित्य की प्रस्तावना

दलित पैंथर्स : एन ऑथरेटिव हिस्ट्री : लेखक : जेवी पवार

महिषासुर एक जननायक’

महिषासुर : मिथक व परंपराए

जाति के प्रश्न पर कबीर

चिंतन के जन सरोकार

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

आंखन-देखी : मूल सवालों से टकराता नजर आया पहला झारखंड विज्ञान फिल्म महोत्सव

इस फिल्म फेस्टिवल में तीन दर्जन से ज्यादा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। अहम फिल्मों में पानी के लिए काम करने वाले पद्मश्री सिमोन उरांव की जिंदगी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'झरिया' रही, जिसके निर्देशक बीजू टोप्पो हैं। उसी तरह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने वाली दयामनी बारला और कवि निर्मला पुतुल की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'बुरु गारा' का प्रदर्शन हुआ, जिसके निर्देशक श्रीप्रकाश हैं। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार May 4, 2022

गत दिनों मैं झारखंड के लोहरदगा में था। मौका था प्रथम झारखंड विज्ञान फिल्म महोत्सव का। बीते 29 अप्रैल से लेकर 1 मई तक चले इस तीन दिवसीय फिल्म महोत्सव का आयोजन स्थल लोहरदगा का एक स्कूल था। इस कार्यक्रम में झारखंड के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से फिल्म निर्देशकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और छात्रों ने भाग लिया। इस फिल्म समारोह में प्रदर्शित कई सिनेमा आदिवासी समाजों और उनकी समस्याओं आधारित रहे।



इस फिल्म फेस्टिवल में तीन दर्जन से ज्यादा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। अहम फिल्मों में पानी के लिए काम करने वाले पद्मश्री सिमोन उरांव की जिंदगी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'झरिया' रही, जिसके निर्देशक बीजू टोप्पो हैं। उसी तरह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने वाली दयामनी बारला और कवि निर्मला पुतुल की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'बुरु गारा' का प्रदर्शन हुआ, जिसके निर्देशक श्रीप्रकाश हैं। आदिवासी इलाकों में छाए खौफ के माहौल को रेखांकित करने वाली डॉक्यूमेंट्री 'पहाड़ा' को भी दिखाया गया। इस फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली सुमित्रा टोप्पो ने भी फिल्म फेस्टिवल में अपनी बात रखी। स्क्रीन की गई कुछ अन्य फिल्में काबिल जिक्र हैं– 'मूविंग अपस्ट्रीम : गंगा', 'क्रोकिंग फ्रॉग', 'माई लाइफ ऐज अ स्नेल', 'दी प्रेशर', 'अंकुर', 'दी लॉस्ट बहरूपिया', 'एक खूबसूरत जहाज'।

फिल्म फेस्टिवल के दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रोफेसर नीतिशा खलखो ने विज्ञान और शिक्षा के ऊपर अपनी बात रखी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर अली इमाम खान, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता डी.एस.एन. आनंद ने अहम भूमिका निभायी। इनके अलावा श्रीराम डाल्टन, प्रबल महतो, मेघनाथ, सिद्धार्थ, महिमा, अरशी कुरैशी, कबीर नायक ने भी हिस्सा लिया। साथ ही, राकेश कुमार, संजीव आनंद, दीपक ठाकुर, विकास, विनोद बिहारी महतो सहित शोधार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी फिल्म फेस्टिवल को यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

फिल्म समारोह में अनेक विषयों पर विचार विमर्श हुए। इनमें राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रश्न शामिल रहे।

ध्यातव्य है कि झारखंड राज्य इस सदी की शुरुआत में वजूद में आया था, लेकिन यहां के आदिवासी लंबे समय से अलग राज्य की मांग कर रहे हैं। 'आदिवासी महासभा' 1930 और 1940 के दशक में बहुत सक्रिय था और इसने विभिन्न मंचों से आदिवासी क्षेत्रों से संसाधनों की लूट के खिलाफ आवाज उठाई। विशेष रूप से, जयपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व में आदिवासी महासभा ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे कुचलने के लिए सरकार ने बल प्रयोग किया।

प्रथम झारखंड विज्ञान फिल्म महोत्सव के दौरान प्रदर्शित एक फिल्म का दृश्य

इतिहास साक्षी है कि चाहे अंग्रेज हों या राष्ट्रीय आंदोलन के नेता या स्वतंत्र भारत के शासक, वे सभी आदिवासी क्षेत्रों के संसाधनों का दोहन करने में सबसे आगे रहते हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी आदिवासी को एक बराबर इंसान नहीं माना। मुख्यधारा के विद्वानों से लेकर राजनेताओं तक, हर कोई आदिवासी को पिछड़ा और असभ्य समझता है। कुछ अपने पूर्वाग्रह को जाहिर कर देते हैं तो कुछ उसे दबी जुबान में सामने लाते हैं।

उदाहरण के लिए जहां महाजनों ने सूदखोरी के जरिए आदिवासियों का शोषण किया, वहीं सरकारी कर्मचारियों और वन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें पानी, जंगल और जमीन से लगभग बेदखल कर दिया। आदिवासी क्षेत्रों में बांध बनाए गए और खनन किए गए तथा जो कुछ भी कमाया गया उसका एक छोटा हिस्सा भी आदिवासी समाज के विकास पर खर्च नहीं किया गया। उद्योग और कारखाने स्थापित करने और देश के विकास के नाम पर आदिवासी क्षेत्रों के संसाधनों को लूटा गया और स्थानीय लोगों को कल कारखानों और सरकारी दफ्तरों में नौकरी देने के बजाय गैर-आदिवासी, खासकर ऊंची जाति के लोगों को रोजगार दिया गया। अचानक झारखंड की डेमोग्राफी बदलने लगी और कम से कम शुरुआती दिनों में बाहरी लोग बड़ी संख्या में आदिवासी इलाकों में बस गए तथा व्यवसाय, रोजगार और मीडिया पर उन्होंने कब्जा कर लिया। आज हालात ऐसे बदल गए हैं कि झारखंड के इलाकों में एक सरना झंडे के पीछे तीन भगवा झंडे लहराते नजर आ रहे हैं।

फिल्म समारोह में इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा हुई कि तथाकथित सभ्य समाज, जो आदिवासियों को असभ्य कहने से कभी नहीं थकता, वह अपने आप में सबसे असभ्य है। आदिवासी समाज में अधिकांश लोग लाभ, सूदखोरी और प्रतिस्पर्धा के कीटाणुओं से दूर हैं। उनमें दूसरों के प्रति घृणा, शत्रुता, श्रेष्ठता की भावना या घृणा अमूमन नहीं पाई जाती है। उनका जीवन वास्तविकता और प्रकृति के करीब है। वे जंगल और जंगल में रहने वाले सभी जानवरों और पक्षियों के साथ सद्भाव के साथ रहते हैं। वे हजारों वर्षों से जंगल में रह रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी जंगल को काटना और उसे बेच कर मुनाफा कमाने की कभी नहीं सोची। अन्य प्रमुख धर्मों से आदिवासी लोगों का धर्म बहुत अलग है। उनके पास कोई धार्मिक ग्रंथ नहीं है, और ना ही उनके पूजा स्थल पर अमूमन कोई भवन है। उनका पूजा स्थल खुले आसमान में है और वे प्रकृति की पूजा करते हैं और अपने पुरखों से प्रार्थना करते हैं। हालांकि आज कल सरना के कुछ पूजा साथलों पर भी निर्माण कार्य हो रहे हैं।

आदिवासी महिलाएं अपने समाज के केंद्र में हैं और उनको पूर्ण स्वतंत्रता और समान अधिकार प्राप्त हैं। किताबों में 'तोता हरा होता है' पढ़ने के बजाय, वे तोता को जंगल और बगीचे में देखना पसंद करते हैं। जब खाने की बात आती है तो वे मुख्यधारा से आगे होते हैं और सब कुछ खाते हैं, चाहे वह मांस हो या फल या सब्जी। समग्र रूप से देखें तो आदिवासी समाज मुख्यधारा के समाज की तुलना में कहीं अधिक बराबरी पर आधारित और वैज्ञानिक पर टिका हुआ है।

फिल्म समारोह के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अली इमाम खान ने लोहरदगा में एक वार्ता के दौरान मुझसे कहा कि हमें आदिवासी समुदाय से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। अली इमाम बिहार के गया जिले के रहने वाले हैं, लेकिन वह पिछले चार दशकों से झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय हैं। वह पेशे से गणित के प्रोफेसर रहे हैं और सेवानिवृत्त होने से पहले उन्होंने झारखंड के एक कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में भी काम किया। वह लंबे समय से जन आंदोलन से जुड़े हुए हैं और फिल्म के माध्यम से समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।

अली इमाम खान इस बात से दुखी हैं कि देश में हिंदुत्व समर्थक शासक अंधविश्वास और अतार्किकता को बढ़ावा दे रहे हैं, जो एक खतरनाक प्रवृत्ति है।

यही हिंदुत्ववादी ताकतें झारखंड के क्षेत्रों में भी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास कर रही हैं। राम नवमी के मौके पर झारखंड में भगवा झंडे लहराए गए और रैलियां निकालीं गयीं। जहां जहां भी आदिवासियों के सरना झंडा था, वहां भगवा झंडे लहराए गए और सरना धर्म, को भगवा रंग में रंगने का प्रयास किया गया।

झारखंड में आदिवासियों के अलावा पिछड़े वर्ग में आने वाले महतो और अल्पसंख्यक मुस्लिम और ईसाई प्रमुख संप्रदाय हैं। भगवा ताकतें आदिवासियों और महतो समाज के लोगों को मुसलमानों और ईसाइयों के खिलाफ खड़ा करने की पूरी कोशिश कर रही हैं। अच्छी खबर यह है कि आदिवासियों ने बड़ी दूरदर्शिता के साथ काम किया है और अल्पसंख्यकों के साथ मजबूती से खड़े हैं, जिसने भगवा शक्तियों के जरिए माहौल खराब करने की योजना को विफल कर दिया है। एक बार फिर आदिवासियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया है और मुख्यधारा को संदेश दिया है कि धर्म से ऊपर इंसानियत है।

(संपादन : नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

फारवर्ड प्रेस की किताबें किंडल पर प्रिंट की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। कृपया इन लिंकों पर देखें

बहुजन विमर्श को विस्तार देतीं
फारवर्ड प्रेस
की पुस्तकें
हिंदू धर्म की पहेलियां
बहुजनो! ब्राह्मणवाद का सच जानो
डॉ. भीमराव आंबेडकर
सिद्धार्थ
कांचा इलैया शेपर्ड
दलित पैंथर
ज.वि. पवार
DALIT PANTHERS: An Authoritative History J.V. PAWAR
महिषासुर : मिथक और परंपराएं संपादक : प्रमोद रंजन
मिस कैथरीन मेयो
मदर इंडिया
अनुवाद
कँवल भारती
बिहार की चुनावी राजनीति संजय कुमार
SAGE
आरएसएस और बहुजन चिंतन कँवल भारती
FORWARD THINKING Ivan Kostka
Mahishasur: A people's hero Edited by PRAMOD RANJAN
The Case for Bahujan Literature Edited by IVAN KOSTKA & PRAMOD RANJAN
Make the Best of Your Life: Letters to Bahujan Youth Prabhu Guptara
भारतीय कार्यपालिका में
सामाजिक न्याय का संघर्ष
बातचीत
बी. वासंती देवी
ऑनलाइन खरीदने के लिए क्लिक करें

मिस कैथरीन मेयो की बहुचर्चित कृति : मदर इंडिया

बहुजन साहित्य की प्रस्तावना

दलित पैंथर्स : एन ऑथरेटिव हिस्ट्री : लेखक : जेवी पवार

महिषासुर एक जननायक’

महिषासुर : मिथक व परंपराए

जाति के प्रश्न पर कबीर

चिंतन के जन सरोकार

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सवर्ण व्यामोह में फंसा वाम इतिहास बोध

रिंकु यादव

जाति के प्रश्न को नहीं स्वीकारने के कारण उत्पीड़ितों की पहचान और
उनके संघर्षों की उपेक्षा होती है, इतिहास को देखने से लेकर वर्तमान...

त्यौहारों को लेकर असमंजस में क्यों रहते हैं नवबौद्ध?

संजीव खुदशाह

नवबौद्धों में असमंजस की एक वजह यह भी है कि बौद्ध धर्मावलंबी होने के बावजूद वे जातियों और उपजातियों में बंटे हैं। एक वजह...

संवाद : इस्लाम, आदिवासियत व हिंदुत्व

अभय कुमार

आदिवासी इलाकों में भी, जो लोग अपनी ज़मीन और संसाधनों की रक्षा के लिए लड़ते हैं, उन्हें आतंकवाद विरोधी क़ानूनों के तहत गिरफ्तार किया...

ब्राह्मण-ग्रंथों का अंत्यपरीक्षण (संदर्भ : श्रमणत्व और संन्यास, अंतिम भाग)

ओमप्रकाश कश्यप

तिकड़ी में शामिल करने के बावजूद शिव को देवलोक में नहीं बसाया गया। वैसे भी जब एक शूद्र गांव के भीतर नहीं बस सकता...

ब्राह्मणवादी वर्चस्ववाद के खिलाफ था तमिलनाडु में हिंदी विरोध

ओमप्रकाश कश्यप

जस्टिस पार्टी और फिर पेरियार ने, वहां ब्राह्मणवाद की पूरी तरह घेरेबंदी कर दी थी। वस्तुत: राजभाषा और राष्ट्रवाद जैसे नारे तो महज ब्राह्मणवाद...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

आंबेडकर बनाम गांधी : मशीनें – वरदान या अभिशाप

आंबेडकर ने कैसे गांधी के मशीन-मुक्त समाज के बचकाने विचार को ध्वस्त किया

अभय कुमार December 1, 2015

ग्रामीण समाज, जाति और अछूत प्रथा के मुद्दों पर आंबेडकर व गांधी के मतभेद जगजाहिर हैं। परंतु मशीनों के इस्तेमाल के मसले पर भी उनमें गहरी मत विभिन्नता थी। मशीनीकरण, औद्योगीकरण और बड़े पैमाने पर उत्पादन से देश बर्बाद होगा या उन्नत? जहां आंबेडकर मानते थे कि मशीनें आमजनों को रोज़ाना की उबाऊ मेहनत से मुक्त कर उन्हें "सांस्कृतिक जीवन" जीने के लिए समय उपलब्ध करवाएंगी, वहीं गांधीजी का मत इसके ठीक विपरीत था। वे कहते थे कि मशीनें "सांप की ऐसी बामी हैं, जिनमें एक से लेकर एक सौ तक सांप हो सकते हैं।" गांधीजी मशीनों को भारत की गरीबी और यहां व्याप्त बीमारियों के लिए जिम्मेदार बताते थे।

अपने-अपने विचारों का औचित्य सिद्ध करने के लिए आंबेडकर और गांधी ने कई पर्चे और पुस्तकें लिखीं। गांधीजी का आर्थिक दर्शन – जिसमें मशीनों के संबंध में उनके विचार शामिल हैं – मुख्यत: उनकी पुस्तक 'हिंद स्वराज' (1909) में वर्णित है। आंबेडकर ने अपने विचारों को स्वर दिया गांधी की समालोचना में, जिसका शीर्षक था "व्हॉट कांग्रेस एंड गांधी हैव डन टू द अनटचेबल्स" (1946)।

हिंदी स्वराज, और विशेषकर उसके 'मशीन' अध्याय में, गांधी ने मशीनों के प्रति अपने विरोध को व्यक्त करते हुए लिखा "मैं मशीनों में एक भी अच्छी चीज़ नहीं पाता...अगर मशीनों का एक वरदान की तरह स्वागत करने की बजाए हम उन्हें एक बुराई की तरह देखें, तो वे अंतत: यहां से चली जाएंगी।" मशीनों को 'बुराई' बताने के अलावा, गांधी ने उन्हें भारत की 'गरीबी' के लिए भी जिम्मेदार ठहराया। "मशीनरी ने ही भारत को निर्धन बनाया है। मेनचेस्टर ने हमें जितना नुकसान पहुंचाया है, उसका अंदाज़ा लगाना भी मुश्किल है। यह मेनचेस्टर के कारण ही है कि भारतीय हस्तकला लगभग गायब हो गई है।"

ज्ञातव्य है कि मेनचेस्टर, ब्रिटेन का वह शहर था, जिसमें उत्पादित माल भारत जैसे उपनिवेशों को निर्यात किया जाता था। 20वीं सदी की शुरूआत में, प्रारंभिक राष्ट्रवादियों ने औपनिवेशिक आर्थिक नीतियों की कड़ी आलोचना कर देश में आर्थिक राष्ट्रवाद के बीज बोए। गांधी, दादाभाई नेरोजी (द पावर्टी एंड ब्रिटिश रूल इन इंडिया, 1901) व रोमेश दत्त (द इकोनोमिक हिस्ट्री ऑफ इंडिया, 1906) के लेखन से वाकिफ थे, और इन स्त्रोतों के आधार पर उन्होंने मशीनरी और आधुनिक सभ्यता पर निशाना साधा।

मशीनरी और पश्चिमी सभ्यता का गांधी के विरोध का आधार कई पश्चिमी चिंतकों के विचार भी थे, जिनमें टाल्सटॉय, रस्किन, थोरो और इमरसन शामिल हैं। ये चिंतक व लेखक, दुनिया को प्रकृति की ओर वापिस ले जाना चाहते थे और औद्योगीकरण के खिलाफ थे। उनके लेखन ने गांधी के लिए मशीनीकरण पर हमला करना आसान बना दिया।

गांधी ने कहा कि मशीनों ने 'यूरोप में काफी गड़बड़ी पैदा कर दी है' और यूरोप 'बर्बादी' की कगार पर है। औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था के श्रमिकों और किसानों पर नकारात्मक प्रभाव की ओर इंगित करते हुए गांधी ने कहा कि मशीनें "आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी प्रतीक" हैं और यह सभ्यता "एक बड़े पाप का प्रतिनिधित्व करती है"।

गांधी का मानना था कि मशीनीकरण, भारत के श्रमिकों की दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही स्थिति के लिए जिम्मेदार है। "बंबई की मिलों के मज़दूर, गुलाम बन गए हैं। मिलों में काम करने वाली महिलाओं की स्थिति दिल को दहलाने वाली है। जब मिलें नहीं थीं, तब ये महिलाएं भूखी नहीं मरती थीं। अगर हमारे देश में मशीनों के प्रति प्रेम बढ़ता गया तो यह दु:खी लोगों की भूमि बन जाएगा।"

गांधी का यह कहना बिलकुल ठीक था कि मिलों और फैक्ट्रियों में श्रमिकों की दशा बहुत दयनीय थी। परंतु इसके लिए मशीनीकरण को दोषी ठहराना उनकी भूल थी। आधुनिकता और मशीनीकरण के विरोधी गांधी व अन्य अध्येताओं ने इस तथ्य को जानबूझकर नजऱअंदाज किया कि हमारे देश में वर्गीय ढांचा आधुनिक काल के पहले भी अस्तित्व में था। केवल मशीनों को सारी बुराईयों के लिए दोषी ठहराना, सामाजिक रिश्तों और सम्पत्ति के वितरण से जुड़े मुद्दों को नजऱअंदाज करना था।

सम्पत्ति रिश्तों के बारे में गांधी ने कभी बात नहीं की और ना ही यह बताया कि मशीनों के मालिक किस वर्ग के थे और कौन उनसे लाभांवित हो रहा था। गांधी का कहना था कि मनुष्य का काम ट्रामों, कारों और बिजली के बगैर भी चल सकता है। "अगर हमें रेलवे के बिना काम चलाना है तो हमें ट्रामों के बगैर भी काम चलाना होगा।" यद्यपि यह भी सच है कि अगर भाप से चलने वाले जहाज न होते तो गांधी उच्च शिक्षा पाने के लिए इंग्लैंड नहीं जा पाते और अगर ट्रेनें न होतीं तो वे भारत में अपना राजनीतिक अभियान नहीं चला पाते।

समाज की बुराईयों के लिए मशीनों को जिम्मेदार ठहराने के बाद, गांधी ने शारीरिक श्रम पर ज़ोर दिया। "ईमानदार चिकित्सक आपको बताएंगे कि जिन भी इलाकों में यातायात के कृत्रिम साधन बढ़े हैं, वहां लोगों का स्वास्थ्य खराब हुआ है।" चरखा और शारीरिक श्रम उनके आर्थिक दर्शन के केंद्र में थे। काठियावाड़ राजनैतिक सम्मेलन में अध्यक्षीय भाषण देते हुए 8 जनवरी, 1925 को गांधी ने कहा कि "दुनिया के सभी देश मुर्दा मशीनों की पूजा करते-करते थक गए हैं। हम बेजोड़ जिंदा मशीनों अर्थात हमारे अपने शरीर को नष्ट कर रहे हैं। हम अपने शरीर की जगह मशीन का इस्तेमाल कर शरीर को जंग लगने दे रहे हैं। यह ईश्वरीय नियम है कि शरीर का उपयोग होना चाहिए और उससे पूरा काम लिया जाना चाहिए। हम इस नियम की अवहेलना नहीं कर सकते। चरखा, शरीर यज्ञ का पवित्र प्रतीक है। जो इस त्याग को करे बगैर भोजन करता है वह अपना भोजन चोरी करता है। अगर हम यह त्याग नहीं करते तो हम देश के साथ द्रोह करते हैं और भाग्य की देवी के लिए अपना दरवाजा बंद करते हैं।"

गांधी का मानना था कि बिना काम किए खाना (उपभोग) चोरी के समान है। परंतु जब कमरतोड़ मेहनत करने वाले किसानों ने ज़मीदारों, जो कि किसानों के श्रम के अतिशेष मूल्य से लाभ उठाते थे, को लगान देने से इंकार किया तो गांधी ने किसानों से अपील की कि वे लगान का भुगतान बंद न करें।

दोषपूर्ण सामाजिक संगठन

दूसरी ओर, आंबेडकर ने मशीनों के उपयोग का स्वागत करते हुए यह आशा व्यक्त की कि वे आमजनों की मुक्तिदाता बनेंगी। उन्होंने गांधीवादी दर्शन को सनातनवाद बताते हुए उसकी कड़ी निंदा की और यह तर्क दिया कि वह हमें 'आदिमकाल' और 'पशुवत जीवन' की ओर पीछे ढकेल देगा (वेलेरियन रॉड्रिक्स द्वारा संपादित द एसेन्शियल राईटिंग्स ऑफ बी.आर. आंबेडकर, आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, नई दिल्ली, 2006, पृष्ठ 157)।

गांधी की तरह, आंबेडकर भी मशीनों पर अति-निर्भरता से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से वाकिफ थे परंतु वे गांधी द्वारा इस समस्या के इस हल से सहमत नहीं थे कि मशीनों को सिरे से खारिज कर दिया जाना चाहिए। आंबेडकर का कहना था कि हमें मशीनरी नहीं बल्कि "दोषपूर्ण सामाजिक संगठन" पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

जहां गांधीवादी दर्शन वर्गीय हितों की रक्षा करता था वहीं आंबेडकर 'निजी सम्पत्ति' और 'व्यक्तिगत लाभ' को 'पूर्ण अनुमोदन' देने के खिलाफ थे। दोषपूर्ण सामाजिक संगठन से उनका यही आशय था। "गांधीवाद के अर्थशास्त्र में मूलभूत कमियां हैं। मशीनों और आधुनिक सभ्यता ने कई बुराईयों को जन्म दिया है, इस तथ्य को तो स्वीकार किया जा सकता है परंतु इन बुराईयों का कारण मशीनरी और आधुनिक सभ्यता नहीं हैं। ये बुराईयां दोषपूर्ण सामाजिक संगठन से उपजी हैं, जिसने निजी सम्पत्ति और व्यक्तिगत लाभ पाने की आकांक्षा

को पूर्ण अभिस्वीकृति दे दी है। अगर मशीनरी और आधुनिक सभ्यता से सभी को लाभ नहीं हुआ है तो इसका इलाज मशीनरी और सभ्यता की आलोचना करना नहीं बल्कि सामाजिक संगठन को इस तरह बदलना है ताकि इनसे केवल कुछ लोग नहीं बल्कि सभी लाभांवित हों (पूर्वोक्त, पृष्ठ 158)।"

आंबेडकर ने आगे कहा कि मनुष्यों को रोजाना की कमरतोड़ मेहनत से मुक्त करने और उन्हें उनकी सांस्कृतिक व बौद्धिक विकास के लिए समय उपलब्ध कराने के लिए मशीनों की ज़रुरत है। "जो चीज़ मनुष्य को पशुओं से अलग करती है, वह है संस्कृति. पशुओं की कोई संस्कृति नहीं हो सकती परन्तु प्रत्येक मनुष्य के लिए सांस्कृतिक जीवन आवश्यक है. सांस्कृतिक जीवन से आशय है बुद्धि का विकास, जो कि मात्र शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति से आगे बढकर है (पूर्वोक्त, पृष्ठ 158)।"

आंबेडकर इस निष्कर्ष पर पहुंचे की आधुनिक सभ्यता और मशीने 'अपरिहार्य' हैं। आंबेडकर ने अपने विचारों को इन शब्दों में व्यक्त किया, "सांस्कृतिक जीवन कैसे संभव बनाया जा सकता है? यह तब तक संभव नहीं होगा जब तक कि लोगों के पास पर्याप्त खाली समय नहीं होगा।...इस मेहनत को कब कम किया जा सकता है? तब ही जब मनुष्य का स्थान मशीन ले ले।...जो व्यक्ति मशीनों और आधुनिक सभ्यता की निंदा करते हैं वे उनका उद्देश्य नहीं समझते और ना ही उस अंतिम लक्ष्य को पहचानते हैं, जिसे पाने का प्रयास मानव समाज को करना चाहिए (पूर्वोक्त, पृष्ठ 159)।"

आंबेडकर ने एक प्रजातांत्रिक समाज, जो अपने लोगों को कमरतोड़ मेहनत से मुक्ति दिलाता है, की तुलना गांधी के 'आदिम जीवन' की ओर लौटने पर ज़ोर देने से करते हुए लिखा "गांधीवाद ऐसे समाज के लिए उपयुक्त हो सकता है जो प्रजातंत्र को अपना आदर्श नहीं मानता। जो समाज प्रजातंत्र में विश्वास नहीं रखता, वह मशीनों और उन पर आधारित सभ्यता के प्रति तटस्थ रह सकता है परंतु प्रजातांत्रिक समाज ऐसा नहीं कर सकता। जो समाज प्रजातांत्रिक नहीं है उसके लिए यह स्थिति स्वीकार्य हो सकती है कि चंद लोगों के पास खूब खाली वक्त हो और वे सांस्कृतिक जीवन जी सकें और अधिकांश लोगों की नियति केवल अथक श्रम हो। परंतु प्रजातांत्रिक समाज को अपने हर नागरिक के लिए खाली वक्त और सांस्कृतिक जीवन सुनिश्चित करना होगा। अगर उपर्युक्त विवेचना सही है तब प्रजातांत्रिक समाज का नारा होना चाहिए मशीनें, और मशीनें; सभ्यता और सभ्यता। गांधीवाद के अंतर्गत आम आदमी को केवल थोड़े से धन के लिए लगातार कठिन मेहनत करनी होगी और वह एक पशु से अधिक कुछ नहीं होगा। संक्षेप में, गांधीवाद का प्रकृति की ओर लौटने का आह्वान का अर्थ है नग्नता की ओर लौटना, गंदगी की ओर लौटना, गरीबी की ओर लौटना और अज्ञानता की ओर लौटना (पूर्वोक्त, पृष्ठ 159)।"

मशीनरी के मुद्दे पर इस बहस के सौ साल बाद भी यह उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी कि तब थी। औद्योगिकरण के कारण हो रही ग्लोबल वार्मिंग और शहरी क्षेत्रों में बढ़ रहे प्रदूषण ने पर्यावरणविदों को भी मशीनरी के प्रश्न पर विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। श्रमिकों की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। उल्टे उनकी हालत बद से बदतर हुई है। क्या यह विडंबना नहीं है कि जहां एक ओर तकनीकी में दिन दूनी रात चैगुनी प्रगति हो रही है, वहीं बेरोजगारी, पर्यावरणीय क्षति, अनौपचारिक नियोजन, ठेका श्रम प्रथा आदि बढ़ते जा रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम आंबेडकर की ओर एक बार फिर लौटें। क्या उन्होंने यह चेतावनी नहीं दी थी कि निजी संपत्ति और व्यक्तिगत लाभ की लिप्सा को अर्थव्यवस्था की चालक शक्ति नहीं बनने दिया जाना चाहिए।

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सावित्रीबाई फुले, जिन्होंने गढ़ा पति की परछाई से आगे बढ़कर अपना स्वतंत्र आकार

सुधा अरोड़ा

सावित्रीबाई फुले ने अपने पति जोतीराव फुले के समाज सुधार के काम में उनका पूरी तरह सहयोग देते हुए एक परछाईं की तरह पूरे...

रैदास: मध्यकालीन सामंती युग के आधुनिक क्रांतिकारी चिंतक

सिद्धार्थ

रैदास के आधुनिक क्रांतिकारी चिंतन-लेखन को वैश्विक और देश के फलक पर व्यापक स्वीकृति क्यों नहीं मिली? सच तो यह कि उनकी आधुनिक चिंतन...

जब नौजवान जगदेव प्रसाद ने जमींदार के हाथी को खदेड़ दिया

एनके नन्दा

अंग्रेज किसानों को तीनकठिया प्रथा के तहत एक बीघे यानी बीस कट्ठे में तीन कट्ठे में नील की खेती करने के लिए मजबूर करते...

डॉ. आंबेडकर : भारतीय उपमहाद्वीप के क्रांतिकारी कायांतरण के प्रस्तावक-प्रणेता

सिद्धार्थ

आंबेडकर के लिए बुद्ध धम्म भारतीय उपमहाद्वीप में सामाजिक लोकतंत्र कायम करने का एक सबसे बड़ा साधन था। वे बुद्ध धम्म को असमानतावादी, पितृसत्तावादी...

सवर्ण व्यामोह में फंसा वाम इतिहास बोध

रिंकु यादव

जाति के प्रश्न को नहीं स्वीकारने के कारण उत्पीड़ितों की पहचान और उनके संघर्षों की उपेक्षा होती है, इतिहास को देखने से लेकर वर्तमान...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

Gandhi, cow protection and Hindu identity

Abhay Kumar writes that a large section of the "liberal-progressive" intelligentsia is too Gandhian to critically engage with the question that Gandhi played an important role in strengthening the hegemony of the 'holy cow' discourse

Abhay Kumar October 25, 2016

The self-appointed *gau-rakshaks* (cow protectors) have created a reign of terror in the country. Attacks on Dalits and Muslims in the name of protecting the "holy" cow are being reported from various places. The Hindutva goons have become a law unto themselves, beating people, thrusting cow-dung in their mouths and sometimes even killing them. Undoubtedly, there has been spurt in cow protectors' *goondaism* ever since this present Narendra Modi-led government came to power, but the attacks on innocent people, particularly Muslims and Dalits, in the name of saving the cow have a long history. The cow-protection movements were launched in the 19th century, and later during the nationalist movements, the "holy cow" was used as a mobilizing tool. One of the key advocates for cow protection was Mahatma Gandhi, the Father of the Nation.

'Gau rakshaks' beat up Dalit men in Una, Gujarat, in July 2016 for skinning a dead cow

Almost four decades before Gandhi appeared on the larger political scene, Dayananda Saraswati, the founder of Arya Samaj who also organized the first Gorakshini Sabha in 1882, set the "holy cow" discourse. Needless to say, the cow-protection campaigns escalated the Hindu-Muslim tensions, leading to several riots in north India, particularly in Azamgarh (1893), Ayodhya (1912-13) and Shahabad (1917).[1]

One of the main causes of riots, as shown by historians, was the Hindu communalists' aggressive campaign against Muslims that included provocative language and violence.

Gandhi, however, did not approve of violence in the name of cow protection and sharply differed with the Hindu communalists. Unlike them, Gandhi preferred "persuasion" and other non-violent (*ahimsa*) ways to achieve *gau-raksha* (cow protection). He thus strongly condemned those Hindus who attacked Muslims: "if a Musalman brother slays a cow, for instance during Id, on what ground can a Hindu raise his hand to strike him? Is he enjoined by the Shastras to kill a fellow man in order to save a cow?"[2]

He then warned cow protectors against attacking Muslims: "There is really no such injunction in the Shastras; but on the contrary it is against the Shastras to do so. In order to save the cow you can only sacrifice your own life; you cannot take another's life, nor can you even cherish anger against him."[3] He further said, "To attempt cow protection by violence is to reduce Hinduism to Satanism ..."[4]

Unlike the Hindu communalists, Gandhi knew that if Muslims were forced to give up cow slaughter, it might turn out to be counterproductive. A Muslim friend's letter to which Gandhi referred to prohibit Hindus from attacking Muslims hinted at this. "As a Musalman friend writes, beef-eating which is merely permissible in Islam will become a duty, if compulsion is resorted to by Hindus."[5]

Apart from his preferred method of persuasion, Gandhi did not hesitate to strike a political "deal" with Muslims to gain their support for cow protection. Gandhi thus made it clear that for their support to Muslims for the cause of the Khilafat (Caliphate), Hindus expected in return Muslims' support for cow protection. "The best and the only way to save the cow is to save the Khilafat," argued Gandhi. [6]

The Khilafat and the non-cooperation movements brought together the Congress and the Jamiat Ulema-I-Hind, the most prominent organization of Deobandi Ulema, against the British government in the early 1920s. While Gandhi was criticized for supporting a movement launched to restore the Caliph in Turkey, he was astute enough to see the occasion as an opportunity to win the goodwill of Muslims for the cause of cow protection.

While Gandhi preferred persuasion, dialogue and deal-making, he was against the use of the state and law for this purpose. His reliance on civil society and his "bottom-up" approach rejected the use of coercive state machinery and forceful imposition of law for banning cow slaughter.

Gandhi envisioned that even if India attained freedom, such a coercive policy would have no place: "Even in India under Swarajya, in my opinion, it would be for a Hindu majority unwise and improper to coerce by legislation a Musalman minority into submission to statutory prohibition of cow slaughter."[7]

However, after India actually became free from British rule, state after state began banning cow slaughter. This led to millions of people being deprived of their food and livelihood. Most recently, the controversy over the law banning cow slaughter in BJP-led Maharashtra government is another example of imposition of draconian laws on people.

While Gandhi should be commended for his opposition to the Hindu communalists and his opposition to the use of state machinery and the imposition of draconian laws, he, however, played an important role in strengthening the "holy cow" discourse and constructing the Hindu identity around it. Unfortunately, a large section of the "liberal-progressive" intelligentsia is too Gandhian to critically engage with this question.[8]

In fact, Gandhi remained associated with the cow protection movement throughout his political life. He wrote essay after essay and delivered speech after speech at cow protection conferences. He also served as the president of the standing committee of the Cow Service Association. Industrialist Jamnalal Bajaj was a member of the same standing committee, which pointed to the collusion between brahmanical elements and capitalists on the issue of the cow protection.

In his writings and campaigns, Gandhi argued, "The central fact of Hinduism is cow protection" and "Hinduism will live so long as there are Hindus to protect the cow".[9] His concern for gau-raksha made him oblivious to the great diversity among Hindus and their internal conflicts on political, social and economic issues. His mythicized definition of Hindus was: "Hindus will be judged not by their *tilaks*, not by the correct chanting of *mantras*, not by their pilgrimages, not by their most punctilious observance of caste rules but by their ability to protect the cow."[10]

Unlike the myth that Gandhi propagated, the fact remains that the identity of "who is a Hindu" is almost impossible to define. The so-called "Hindu" community – which was largely constructed during the colonial period through "enumeration" and electoral politics – is divided along, among others, caste, class and regional lines. No wonder, while many Hindus in India do practise vegetarianism, there are around 12.5 million of them who eat beef/buff.[11]

Not only Hindus today but Indians in the ancient times ate beef. Eminent historians such as D. D. Kosambi[12] and D.N. Jha have conclusively shown that beef remained an "integral part" of the diet for a long time in ancient India. With the help of textual evidence and historical facts, Jha writes about the "early India non-vegetarian dietary culture of which beef eating remained an integral part for a considerable length of time at least in the upper strata of society".[13]

Dr B.R. Ambedkar, who was a contemporary of Gandhi, and Swami Vivekananda, who had lived most of his life before Gandhi but whose thoughts had considerable influence on him, showed the prevalence of the practice of beef-eating in ancient India. Vivekananda, who is projected by the Hindutva forces as an "icon" of Hindus, had no qualms in saying that "There was a time in this very India when, without eating beef, no Brahmin could remain a Brahmin; you read in the Vedas how, when a Sannyasin, a king, or a great man came into a house, the best bullock was killed."[14]

But Gandhi conveniently ignored all of these facts. In his construction of the modern form of Hinduism, he exploited the symbol of cow and said that the defining feature of a Hindu was his "ability" to "protect" the cow. Words such as "ability" and "protect" or "protection"

Gandhi and Madan Mohan Malaviya with a cow

implicitly conveyed how there was a "threat" to cows (read Hindus) from the "butcher's knife" (read Muslims). Occasionally, Gandhi targeted Muslims too, who, he said, were "undoubtedly foolish and obstinate in that they slaughter the cow and needlessly wound Hindus' susceptibility".[15]

True, Gandhi's did not squarely blame Muslims while he expressed his concern for cows. He also criticized Hindus for the plight of cows. To Gandhi, Hindus "starved cows and cattle in general, they did not look after them as they should, they sold cows that were out of milk and never thought that they were sending them to the slaughterhouse. They sold them to the best bidder. They were cruel to bullocks and tortured them with goads."[16]

Gandhi's use of the term "cruel" for the Hindus though did not remove fear and suspicion among Muslims. The very foundation of cow protection, in the eyes of Muslims, was built on an anti-Muslim agenda.

Gandhi continued to mythicize history around the cow. As he put it, "In *Bhagawat* in one place the illustrious author describes the various things which have been the cause of India's downfall. One of the causes mentioned is that we have given up cow protection."[17]

In this manner, Gandhi often resorted to drawing on myths. To justify some of his pet ideas, he would often say that "as scriptures say it" or "illustrious or pious persons say it". By doing so, Gandhi would make sure there was no scope for further debate and critical inquiry.

As scholars have argued, the idea of "decline" is a highly loaded concept and before any scholar tries to find answers to what has caused decline in a particular society, he/she should ask questions like "whose decline?" But Gandhi did not critically look into the decline and conveniently ignored the fact that the cause of any social change is a political, historical and economic churning.

To gain further legitimacy, Gandhi had this to say: "Cow worship means to me worship of innocence. For me, the cow is the personification of innocence. Cow protection means the protection of the weak and the helpless."[18]

On the contrary, the cow protection movement had little to do with the welfare of the weak and the helpless. Rather, it was controlled by upper castes and funded by Hindu landlords, merchants and businessmen. The recent incident of Una (Gujarat) in which seven Dalits were beaten up for allegedly skinning a dead cow once again bears testimony to this fact.

Apart from cows, Gandhi had also reflected on buffaloes. In his campaign aimed at sacralizing cow, he ended up desecrating buffaloes. Again, he resorted to unsubstantiated facts: "Physicians unanimously declare that cow's milk is medically superior to buffaloes' milk".[19] He also added, "I have heard from Vaidyas that the buffalo's milk lacks and can never be made to have the hygienic and health-giving properties that cow's milk possesses. Pious people have told me that cow's milk is *sattvik* (possessing finer qualities) whereas buffalo's milk is *tamasik* (gross)." [20]

Some basic research will expose the absurdity of Gandhi's views. There is "no difference in nutritive value and digestibility" between cow milk and buffalo milk. Moreover, buffalo milk has "lower cholesterol contents", "more proteins" and "more vitamin A" and "more important minerals" than cow milk.[21]

Why is then buffalo an object of contempt? Dalitbahujan ideologue Kancha Ilaiah says that the lack of "sacred status" for buffaloes in civil society is due to the brahmanical hegemony. He further equated the status of buffaloes with that of the Dalitbahujans, the real productive class in Indian society: "The situation of the Dalitbahujan masses is similar to that of a black and beautiful buffalo that gives more milk – white milk at that – than the cows of India, but has no sacred status in civil society and no legal protection in the Constitution. Such a situation forces us to ask, whose India is it anyway?"[22]

As was mentioned earlier, the "holy cow" discourse launched in the 19th century was aimed at consolidating the Hindu identity. While Gandhi disapproved of the violent methods of the Hindu communalists, he contributed significantly in strengthening the hegemony of this brahmanical discourse.

[1] D. N. Jha, *The Myth of the Holy Cow*, Verso, London, 2004, pp 19-20.

[2] M. K. Gandhi, *How to Serve the Cow*, edited by Bharatan Kumarappa, Navajivan Publishing House, Ahmedabad, 1954, p 14.

[3] M. K. Gandhi, Ibid, p 14.

[4]Ibid, p 13.

[5]Ibid, p 13.

[6]Ibid, p 13.

[7] Ibid, p 14.

[8] One such scholar is Anirudh Deshpande, a professor of history at University of Delhi. While recognizing the role of Gandhi in opposing coercive method to ban cow slaughter, Deshpande overlooked his role in attempting to make cow the centre of Hindu identity. See, Anirudh Deshpande, "The Dear Hindu Holy Cow: An Obituary", *Forward Press*, 18 July 2015. Accessed on 15 August 2016 at https://www.forwardpress.in/2015/07/the-dear-hindu-holy-cow-an-obituary/

[9] Ibid, pp 3-4.

[10] Ibid, pp 3-4.

[11] Roshan Kishore and Ishan Anand, 'Who are the Beef Eaters in India', *Live Mint*, 20 October 2015. Accessed online on 15 August 2016 at http://www.livemint.com/Politics/RhPVLUFmclIDWRIiSoTC7N/Who-are-the-beef-eaters-in-India.html This report is based on the latest National Sample Survey (NSSO).

[12] D.D. Kosambi, 'Caste and Race' in D.D. Kosambi, *The Oxford India Kosambi: Combined Methods in Indology and Other Writings*, compiled and edited by Brajadulal Chattopadhyaya, Oxford University Press, New Delhi, 2011.

[13] D. N. Jha, p 23.

[14] Anirudh Deshpande in 'The Dear Hindu Holy Cow: An Obituary', *Forward Press*, 18 July 2015. Accessed on 15 August 2016 at https://www.forwardpress.in/2015/07/the-dear-hindu-holy-cow-an-obituary/. The same quotation is also available in a website that contains quotations of Swami Vivekananda. Accessed on 15 August 2016 at http://www.swamivivekanandaquotes.org/2013/12/swami-vivekanandas-quotes-and-comments_25.html

[15] M. K. Gandhi, Ibid, pp 17-18.

[16] Ibid, p 26.

[17] Ibid, p 8.

[18] Ibid, p 3.

[19] Ibid, p 52.

[20] Ibid, p 53.

[21] Accessed on 15 August 2016 at http://www.indiadairy.com/info_buffalo_milk_vs.html

[22] Kancha Ilaiah, 'The Buffalo's Unholy Milk' in Kancha Ilaiah, *Buffalo Nationalism: A Critique of Spiritual Fascism*, Samya, Kolkata, 2012. The article first appeared in *Outlook*, 20 August 2001, p 71.

Forward Press also publishes books on Bahujan issues. Forward Press Books sheds light on the widespread problems as well as the finer aspects of the Bahujan (Dalit, OBC, Adivasi, Nomadic, Pasmanda) community's literature, culture, society and culture. Contact us for a list of FP Books' titles and to order. Mobile: +919968527911, Email: info@forwardmagazine.in)

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

‘Dabba Cartel’: Amid drug trafficking, an exciting entanglement of class and gender questions

Survesh Pratap Singh

The women coming together to run a drug business disguised as a ‘dabba’ service has us wondering whether the old doctrine of class struggle...

A multifaceted approach needed to end witch-hunting in Jharkhand and other states

Md Tabrez Alam

There is a pressing need for a comprehensive national law that criminalizes witch-hunting and ensures strict penalties for perpetrators. Providing communities with proper healthcare...

‘Girls Will Be Girls’ is a poetic journey through adolescence

Neeraj Bunkar

Director Shuchi Talati's decision to employ a predominantly female crew results in a perspective that feels authentically feminine without being performatively so, writes Neeraj...

Pro-upper-caste bias warps Left's sense of history

Rinku Yadav

Remaining in denial about the caste system obfuscates the identity of its victims and leads us to forget their struggles. It also creates a...

Looking back at Indian cinema in 2024 through an anti-caste lens

Neeraj Bunkar

Together, 'Thangalaan', 'Kottukkaali (The Adamant Girl)', 'Blue Star' and 'Vaazhai' signify a transformative moment in Tamil cinema, using the medium to interrogate caste-based discrimination,...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

हरियाणा चुनाव : भाजपा को अब धर्मांतरण के मुद्दे का आसरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान के विपरीत आरएसएस दशकों से आदिवासियों को हिंदू बनाने का प्रयास करता रहा है, वहीं भगवा ताकतें ईसाई मिशनरियों पर धर्मांतरण का आरोप लगाती रही हैं। पढ़ें, अभय कुमार का यह आलेख

अभय कुमार October 1, 2024

धर्मांतरण के संबंध में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक विवादास्पद बयान दिया है। बीते 25 सितंबर, 2024 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि देश में धर्मांतरण की एक संगठित प्रक्रिया चल रही है, जो न केवल अवैध है, बल्कि देश के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण में शामिल लोग जनता को मीठी बातों और प्रलोभन से फंसाते हैं, और ऐसे तत्व देश के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से आदिवासियों के बीच घुसपैठ कर रहे हैं।

गाय, गोमांस और लव जेहाद के बाद धर्मांतरण का मुद्दा

उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हरियाणा में चुनावी सरगर्मियां चरम पर हैं। भाजपा पूरा प्रयास कर रही है कि सत्ता कांग्रेस या अन्य दलों के हाथ न जाए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की जमानत के बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव और भी रोचक हो गया है। यह संभावना जताई जा रही है कि चुनावी दौड़ में पिछड़ रही भाजपा ने धर्मांतरण का मुद्दा उठाकर मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने का प्रयास किया हो। भाजपा नेता पहले से ही गाय, गोमांस और लव जिहाद के मुद्दों को उछाल रहे हैं, और झारखंड में बांग्लादेशी तथा रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ का डर दिखाकर बहुसंख्यक वर्ग को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं।

73 वर्षीय जगदीप धनखड़, हिंदू जाट समुदाय से आते हैं और उनका हरियाणा की राजनीति में लंबा अनुभव है। 1990 में समाजवादी नेता चंद्रशेखर के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार में उन्हें संसदीय कार्य मंत्री बनाया गया था। चुनाव से पहले धर्मांतरण पर उनके बयान से भाजपा को राजनीतिक लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है।

मगर धर्म आधारित सांप्रदायिक राजनीति किसी पार्टी को कुछ वोट दिला सकती है, लेकिन इसका देश पर गहरा और नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अपने भाषण में धनखड़ ने ऐतिहासिक और सामाजिक तथ्यों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उपराष्ट्रपति ने यह उल्लेख करना जरूरी नहीं समझा कि धर्म तय करने का अधिकार हमारे संविधान के मौलिक अधिकारों

में आता है, जिसे किसी भी परिस्थिति में छीना नहीं जा सकता। यदि ऐसा किया गया, तो देश में धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा।

जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

संविधान देता है धर्म चुनने की आजादी

एक उदार समाज के निर्माण के लिए नागरिकों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार दिया जाना चाहिए, जिसमें धार्मिक स्वतंत्रता भी शामिल है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता यह सुनिश्चित करती है कि राज्य किसी भी नागरिक के निजी जीवन में हस्तक्षेप नहीं करेगा। लोकतांत्रिक और निरंकुश व्यवस्था में यही बुनियादी अंतर है कि लोकतंत्र हर नागरिक को अपनी ज़िंदगी अपने तरीके से जीने की आज़ादी देता है। लोकतंत्र में नागरिक स्वतंत्र हैं कि वे क्या खाना चाहते हैं, क्या पहनना चाहते हैं, किससे शादी करना चाहते हैं, कहां रहना चाहते हैं, क्या काम करना चाहते हैं और किस धर्म का पालन करना चाहते हैं।

यह चिंता का विषय है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के उपराष्ट्रपति धर्मांतरण पर असत्यापित दावे कर रहे हैं। उनके भाषण से ऐसा प्रतीत होता है कि देश में एक बड़ी साजिश चल रही है जिसमें बहुसंख्यक वर्ग को अल्पसंख्यक बनाया जा रहा है और इसके पीछे अल्पसंख्यक समुदायों का हाथ है। जब उन्होंने कहा कि देश में संगठित तरीके से धर्मांतरण हो रहा है, तो उन्होंने इसका कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया।

हिंदुत्ववादी शक्तियां बार-बार दावा करती हैं कि हिंदुओं का धर्मांतरण हो रहा है, लेकिन आज तक कोई ठोस प्रमाण नहीं दिया गया है। भगवा शक्तियां मुस्लिम आबादी के बढ़ने का डर भी दिखाती हैं, जबकि मुस्लिम जनसंख्या की वृद्धि दर में लगातार कमी आई है। यह प्रचार किया जाता है कि प्रलोभन या बलपूर्वक हिंदुओं का धर्म परिवर्तन किया जा रहा है, जिससे देश की अखंडता कमजोर हो रही है। यह सांप्रदायिक सोच इस आधार पर है कि देश को एक विशेष धर्म से जोड़ा जा रहा है, जबकि इस्लाम और ईसाई धर्म को विदेशी माना जा रहा है।

धनखड़ ने भी इसी प्रकार की बातें कीं और देश को सनातन धर्म से जोड़ दिया, जबकि हमारा संविधान स्पष्ट रूप से कहता है कि राज्य का कोई धर्म नहीं होगा। इतिहास गवाह है कि भारत में सदियों से सभी धर्मों के लोग सौहार्द के साथ रहते आए हैं। यहां ईश्वर की पूजा भी होती है और अल्लाह की इबादत भी।

धर्म परिवर्तन के बारे में यह कहना कि कमजोर वर्गों को प्रलोभन देकर उन्हें हिंदू से मुस्लिम या ईसाई बनाया जा रहा है, अल्पसंख्यकों के खिलाफ है और उन हिंदुओं की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के खिलाफ भी है जिन्होंने अपनी इच्छा से धर्म बदला है।

धर्म परिवर्तन को दलितों के लिए मुक्ति का मार्ग

डॉ. आंबेडकर ने धर्म परिवर्तन को दलितों के लिए मुक्ति का मार्ग बताया था, क्योंकि जाति-व्यवस्था के तहत उन्हें अछूत समझा जाता था। उन्होंने किसी प्रलोभन के कारण बौद्ध धर्म स्वीकार नहीं किया, बल्कि इसलिए कि यह धर्म दलितों और वंचितों को समानता और प्रगति का अवसर प्रदान करता है।

जहां आरएसएस दशकों से आदिवासियों को हिंदू बनाने का प्रयास करतर रहा है, वहीं भगवा ताकतें ईसाई मिशनरियों पर धर्मांतरण का आरोप लगाती रही हैं। कई बार ईसाई मिशनरियों पर हमले हुए हैं और कुछ को जिंदा भी जलाया गया है।

यह ऐतिहासिक सच्चाई है कि दलित और कमजोर वर्गों ने इस्लाम और ईसाई धर्म को भ्रम में नहीं, बल्कि जाति-व्यवस्था से मुक्ति पाने के लिए अपनाया। मुस्लिम शासकों के समय में अधिकांशत: दलित-पिछड़ों ही इस्लाम अपनाया, जिनमें से अधिकतर को आज भी ओबीसी दर्जा प्राप्त है और वे पसमांदा के रूप में जाने जाते हैं। आज भी धर्म प्रचार के मामले में सबसे अधिक आक्रामक भगवाधारी लोग हैं, लेकिन निर्दोष मुसलमान और ईसाई धर्मांतरण के आरोप में जेलों में बंद किए जा रहे हैं।

जाहिर तौर पर भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में, यदि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग सांप्रदायिक बयान देने लगें, तो यह स्थिति चिंताजनक है।

(संपादन : राजन/नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, संस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

कर्नाटक : उन्मादियों को बैर केवल हिजाब से नहीं

जोतीराव फुले और डॉ. आंबेडकर के आंदोलन की बदौलत ही आजाद देश के तालीमी इदारे (शिक्षण संस्थाएं) सभी जातियों और धर्मों के लिए खोल दिए गए। इसके बावजूद आज भी वर्चस्ववादी ताकतें नहीं चाहती हैं कि शोषित वर्ग को शिक्षा मिले। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार February 8, 2022

उत्तर प्रदेश और पंजाब सहित देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बीच एक बार फिर मुस्लिम विरोधी कार्ड उछाल दिया गया है। इस बार हिजाब का मुद्दा उठाया जा रहा है और कोशिश यह की जा रही है कि हिजाब के आधार पर लोगों की धार्मिक गोलबंदी की जाए। लेकिन यह मामला केवल यही तक सीमित नहीं है। यह एक बड़ी साज़िश का हिस्सा हो सकता है ताकि मुस्लिम छात्रों को हिजाब के मुद्दे की आड़ में निरक्षरता के कुएं में धकेल दिया जाए तथा उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों पर “कट्टरपंथी” और “नारी विरोधी” होने के “नॅरेटिव” को और मजबूत किया जाए।



यह चिंतनीय सवाल है कि कुछ उदारवादी और नारीवादी लोग भी इस पूरे खेल को नहीं समझ रहे हैं या जानबूझकर समझना नहीं चाह रहे हैं। उल्टे वे शोषितों पर आरोप लगा रहे हैं और उन्मादी शक्तियों के काम को आसान बना रहे हैं।

हिजाब के मुद्दे पर ताजा मामला दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक में सामने आया है, जहां भाजपा सत्ता में है। वैसे यह सुखद है कि देश की कई धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के दलों ने मुस्लिम छात्रों के प्रदर्शन का समर्थन किया है। लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार के द्वारा अपने फैसले को वापस लेने के बजाय इस मुद्दे पर बयान दिया है कि हिजाब व इस तरह के कपड़े देश की समानता, अखंडता और कानून एवं व्यवस्था को ख़तरा पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं, अपनी बात को साबित करने के लिए राज्य सरकार ने कर्नाटक शिक्षा अधिनियम का भी सहारा लेते हुए कहा है कि कॉलेज द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड पुरुष और महिला छात्रों के लिए अनिवार्य है।

ऐसी बातें कहकर राज्य सरकार खुद को अदालत और जनता के सामने कानून के रास्ते पर चलनेवाली सरकार के तौर पर पेश करना चाहती है। लेकिन उसका असली मकसद मुसलमानों के जख्मों पर और नमक छिड़कना, उन्हें “पिछड़ा” और “धार्मिक “शिद्दत-पंथी” करार देना तथा खुद को “संविधान का रक्षक” और “समानता और महिलाओं के अधिकारों का हिमायती” घोषित करना है। लेकिन सच तो यह है कि हिजाब पर प्रतिबंध लगाने का यह फैसला न सिर्फ मुस्लिम महिलाओं के लिए है, बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द के लिए भी खतरनाक है।

सनद रहे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक बार अपने भाषण में कपड़ों के आधार पर लोगों के पहचाने जाने की बात कही थी।

सवाल है कि कैसे कोई पोशाक क़ानून और व्यवस्था के लिए खतरा कैसे हो सकती है? क्या सरकार ने कोई शोध कराया है, जिसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि हिजाब पहनने वाला अपराधी है और भगवा वस्त्र पहननेवाला व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल को नहीं तोड़ सकता और ना ही वह किसी दंगे में मार-काट कर सकता है तथा ना ही वह आतंकी घटनाओं को अंजाम दे सकता है?

हिजाब पहनने के कारण कालेज में प्रवेश नहीं दिये जाने के खिलाफ आंदोलन करतीं छात्राएं

हिजाब प्रतिबंध से भाजपा को फ़ौरन लाभ यह मिल रहा है कि इस तरह के विवाद जनता की राय को मूल प्रश्न से धार्मिक और भावनात्मक मुद्दों की ओर मोड़ते हैं। वह दिन-रात केवल धर्म की बात करना चाहती हैं और उसकी पूरी कोशिश होती है कि लोग खुद को अपनी धार्मिक पहचान से बाहर नहीं देखें। मसलन वे यह न देखें कि देश की आर्थिक नीति किस दिशा में जा रही है, लोगों को किस हद तक रोजगार और जन स्वास्थ्य की सुविधाएं मिल रही हैं और युवा किस तरह की शिक्षा हासिल रहे हैं। इन सब सवालों से भाजपा के नेता बचने की कोशिश में लगे हैं।

क्या यह कोई भूल सकता है कि कोरोना महामारी के दौरान भी जब पूरी दुनिया बीमारी से लड़ रही थी और गरीबों और मजदूर वर्ग की मदद कर रही थी, तब भाजपा ने कोरोना का धर्म खोज निकाला और तब्लीगी जमात और मुसलमानों को महामारी के प्रसार के लिए बलि का बकरा बनाया। सरकार की विफलता को छिपाने के लिए मुसलमानों के खलनायक बनाया गया और यहां तक कि उनका आर्थिक बहिष्कार भी हुआ। इस मामले में कई मुसलमानों को जेल भी भेजा गया।

दरअसल, हिजाब पर प्रतिबंध के पीछे एक बड़ी साजिश शैक्षिक रूप से पिछड़ी मुस्लिम महिलाओं को निरक्षरता के क्षेत्र में धकेलना है। सिद्धांत और व्यवहार में उन्मादी ताकतें यह कभी नहीं चाहती हैं कि पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग शिक्षित हों। उन्हें डर है कि यदि मजलूम और महकूम तबक़ात शिक्षित होंगे तो वे उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलेंगे और इस

प्रकार असमानता और शोषण पर आधारित जाति व्यवस्था कमजोर पड़ जाएगी। फिर जो मुट्ठी भर द्विज वर्ग बहुजनों के मालिक बन गए हैं, उनका वर्चस्व खत्म हो जाएगा।

इसी प्रकार सवर्ण जाति और उच्च वर्ग ने सदियों से दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों, अकल्लियत और महिलाओं को शिक्षा से दूर रखा है और अपनी ग़ुलामी उन पर थोपी है। जोतीराव फुले और डॉ. आंबेडकर ने इन बातों को समझा और उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उनके आंदोलन की बदौलत ही आजाद देश के तालीमी इदारे (शिक्षण संस्थाएं) सभी जातियों और धर्मों के लिए खोल दिए गए। इसके बावजूद आज भी वर्चस्ववादी ताकतें नहीं चाहती हैं कि शोषित वर्ग को शिक्षा मिले। वे हिजाब का बहाना बनाकर भगवा सरकार मुस्लिम छात्रों को निरक्षर रखना चाहती है, क्योंकि इन बहादुर महिलाओं ने नागरिकता संशोधन क़ानून के दौरान दिखाया था कि महिलाएं भी आंदोलन का नेतृत्व करना जानती हैं। भाजपा व उनके नेताओं को लगता है कि अनपढ़ मुस्लिम महिलाएं उंनके लिए बड़ी चुनौती नहीं हो पाएँगी।

इन सबके अलावा यह सनद रहे कि कमजोर तबकों को शिक्षा से वंचित करने के लिए प्राईवेट विश्वविद्यालयों और कॉलेजों ने अपने परिसरों के बाहर फीस की ऊंची दीवारें खड़ी कर दी हैं और सरकारी शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाली मुस्लिम महिलाओं को अब हिजाब का बहाना बनाकर बाहर करने की योजना तैयार की गई है।

वहीं यह भारत के बौद्धिक जगत की बौद्धिकता पर सवाल खड़ा करता है कि कुछ उदारवादी विद्वान और कार्यकर्ता भी हिजाब के खिलाफ बयान देकर भगवा राजनीतिक दल के बयान को मजबूत कर रहे हैं। इस संबंध में यह कहा जाना कि वे समाज को ज़मीन पर देखने के बजाय किताबें में ढूँढते हैं, अतिश्योक्ति नहीं होगी।

(संपादन : नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

फारवर्ड प्रेस की किताबें किंडल पर प्रिंट की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। कृपया इन लिंकों पर देखें

बहुजन विमर्श को विस्तार देतीं
फारवर्ड प्रेस
की पुस्तकें
हिंदू धर्म की पहेलियां
बहुजनो! ब्राह्मणवाद का सच जानो
डॉ. भीमराव आंबेडकर
संकलन, संपादन और संदर्भ-टिप्पणी
सिद्धार्थ
भूमिका
कांचा इलैया शेपर्ड
दलित पैंथर
एक आधिकारिक इतिहास
ज.वि. पवार
DALIT PANTHERS: An Authoritative History J.V. PAWAR
महिषासुर : मिथक और परंपराएं संपादक : प्रमोद रंजन
मिस कैथरीन मेयो की बहुचर्चित कृति मदर इंडिया अनुवाद कँवल भारती
बिहार की चुनावी राजनीति संजय कुमार SAGE Bhasha
आरएसएस और बहुजन चिंतन कँवल भारती
FORWARD THINKING Ivan Kostka
महिषासुर : एक जननायक संपादक : प्रमोद रंजन
Mahishasur: A people's hero Edited by PRAMOD RANJAN
The Case for Bahujan Literature Edited by IVAN KOSTKA & PRAMOD RANJAN
बहुजन साहित्य की प्रस्तावना संपादक : प्रमोद रंजन, आयवन कोस्का
Make the Best of Your Life: Letters to Bahujan Youth Prabhu Guptara
भारतीय कार्यपालिका में सामाजिक न्याय का संघर्ष
अनकही कहानी, पी.एस. कृष्णन की जुबानी
बातचीत
वी. वासंती देवी
ऑनलाइन खरीदने के लिए क्लिक करें

मिस कैथरीन मेयो की बहुचर्चित कृति : मदर इंडिया

बहुजन साहित्य की प्रस्तावना

दलित पैंथर्स : एन ऑथरेटिव हिस्ट्री : लेखक : जेवी पवार

महिषासुर एक जननायक’

महिषासुर : मिथक व परंपराए

जाति के प्रश्न पर कबीर

चिंतन के जन सरोकार

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

शिक्षा ही स्त्री का गहना है : सावित्रीबाई फुले

भारत के वंचित तबकों को शिक्षा से वंचित करके हजारों वर्षों तक गुलाम बनाकर रखा गया। सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को गुलामी से मुक्ति का सबसे बड़ा हथियार बनाया। स्त्रियों एंव दलितों-बहुजनों को शिक्षित करना अपने जीवन का मिशन बना लिया। आधुनिक भारत की प्रथम शिक्षिका के व्यक्तित्व के विविध आयामों का विश्लेषण कर रहे हैं, अभय कुमार :

अभय कुमार January 12, 2018

फुले दम्पत्ति के अलावा 19वीं सदी में शायद कोई ऐसी दूसरी शख्सियतें होगीं, जिन्होंने अपनी पूरी ज़िन्दगी वंचित समाज की शिक्षा और उत्थान के लिए लगाया हो। ज़ात-पात, अछूत प्रथा, ब्राह्मणवाद, अंधविश्वास, महिलाओं की दुर्दशा, किसानों और मजदूरों के शोषण के खिलाफ़ आधुनिक भारत में सावित्रीबाई फुले ने प्रखर तरीके से आवाज उठाया। सावित्रीबाई की इस लड़ाई में उनके जीवनसाथी महात्मा जोतीराव फुले (1827-1890) बराबर के शरीक थे, जिनसे उनकी नौ साल की उम्र में शादी हो गई थी। संघर्ष के हर मोड़ पर दोनों साथ-साथ रहे। अपनी ज़िन्दगी में जोतीराव फुले आगमन पर ख़ुशी का इज़हार करते हुए, सावित्रीबाई ने अपनी कविता 'संसार की राह में' कहा : "मेरे जीवन में जोतीराव तुम आए ऐसे/जैसे पराग फूलों में/शहद, फूलों की कलियों में"।

जब औरतों को शिक्षा से अक्सर महरूम रखा जाता था, तब जोतीराव फुले ने सावित्रीबाई को पढ़ना-लिखना सिखाया। फुले-दम्पति ने पूरी ज़िन्दगी इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा सब के लिए, खासकर शूद्र और अतिशूद्र, के लिए ज़रूरी है। बाबासाहेब आंबेडकर ने भी फुले-दम्पति के जीवन और विचारों से प्रेरणा ली और जोतीराव फुले को अपना गुरु माना।

वंचितों की शिक्षिका सावित्रीबाई फुले

सावित्रीबाई का जन्म 3 जनवरी, 1831 को बॉम्बे प्रेसीडेंसी के नायगांव में हुआ था, जबकि उनकी मृत्यु 10 मार्च, 1897 को हुई। उस ज़माने में भी बहुत सारे लोग समाज-सुधार के पैरोकार थे, मगर किसी ने भी रूढ़िवादिता, दकियानुसी विचारों, अंधविश्वास, अछूत प्रथा, शोषण, ब्राह्मणवाद के खिलाफ उस तरह मुख़ालफ़त नहीं की, जैसा फुले-दम्पति ने किया। दोनों ने मुक्ति की बात सिर्फ भाषणों तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे कर के भी दिखाया। आख़िरी साँस तक, सावित्रीबाई प्लेग जैसी घातक महामारी से प्रभावित लोगों की सेवा करती रहीं। अफ़सोस की बात है आज भी बहुत सारे लोग उनकी कार्यों और विचारों से

अनभिज्ञ हैं। इसके मूल में दो कारण हैं। पहला, देश का ब्राह्मणवादी सत्ता-वर्ग फुले-दम्पत्ति के विचारों को अपने शोषणकारी-तंत्र के ख़िलाफ़ समझता है, और इसे दबाने की पूरी कोशिश करता है। दूसरा, उनकी रचनाओं विभिन्न भाषाओं में अनुवाद मौजूद नहीं है, जो इनके प्रचार-प्रसार में बड़ी रुकावट है।

अन्याय और शोषण को कैसे ख़त्म किया जाए? इस सवाल ने दुनिया के तमाम बड़ी और क्रान्तिकारी हस्तियों को परेशान किया है। इस सवाल से फुले-दम्पति और उनके समकालीन कार्ल मार्क्स भी जूझे। यह कैसा इत्तेफ़ाक़ था कि जब साल 1848 में कार्ल मार्क्स यूरोप में 'कम्युनिस्ट मैनिफेस्टो' लिखने में व्यस्त थे, उसी दौरान इधर भारत में फुले-दम्पति ने शुद्र और अतिशूद्र महिलाओं के लिए स्कूल खोला और कहा कि शिक्षा की धार से ग़ुलामी की जंज़ीर कट सकती है। उनके द्वारा शूद्र और अतिशूद्र (जिनको हज़ारों सालों से शिक्षा से वंचित रखा गया था) के लिए स्कूल खोलना एक क्रांतिकारी क़दम था। आगे के सालों में इस तरह के और भी स्कूल खोले गए और वहां पढ़ने वालों में सब शामिल थे, जैसे महिलाएं, दलित, पिछड़े इत्यादि। फुले दम्पत्ति के इन कामो में फ़ातिमा शेख भी शामिल थीं, जो दलितों, पिछड़ों, और मुसलमानों के गहरे सम्बन्ध की तरफ़ इशारा करता है। जोतीराव फुले ब्राह्मणवादी तंत्र से इस तरह क्षुब्ध थे कि उन्होंने धर्म-परिवर्तन की भी वकालत की है। उनके मन में राजा बलि, ईसा मसीह के लिए बड़ी इज्ज़त थी। उन्होंने पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहेब की तारीफ़ में एक कविता भी लिखी और इस्लाम के अन्दर पाए जाने वाले प्रगतिशील पहलुओं को रेखांकित भी किया। अफ़सोस है कि हिन्दुत्ववादी ताक़तें आज इन रिश्तों में खटास डालने और तनाव पैदा करने की हर संभव कोशिश कर रही हैं। वंचितों के 'दर्द के रिश्तों' को 'धर्म' के नाम पर कमज़ोर करने की नापाक कोशिश भी की जा रही है।

फुले-दम्पति ने शिक्षा के अभाव को शूद्रों और अतिशूद्रों की ग़ुलामी से जोड़ कर देखा। वर्ष 1873 में लिखी गई मशहूर और अहम किताब "गुलामगिरी" में, जोतीराव फुले ने कहा कि हिन्दुस्तान के पर निर्भर शूद्र और अतिशूद्र भारत के मूलनिवासी (नेटिव) हैं, उनके ऊपर राज करने वाले आर्य/ब्राह्मण विदेशी हैं, जो बाहर के मुल्कों से भारत 3000 साल पहले आये और यहाँ के शूद्रों और अतिशूद्रों को ग़ुलाम बनाया। उन ब्राह्मणों ने बहुत ज़ुल्म किया। अपनी 'श्रेष्ठता' बनाये रखने के लिए, धर्म और धार्मिक पुस्तकों का सहारा लिया, जिनकी मदद से लोगों को अज्ञानता के अंधेरे में रखा गया। ग़ुलामी की यह बेड़ियाँ "मूलनिवायों" को ह़ज़ारों सालों से जकड़ी हुई हैं। सावित्रीबाई फुले ने अपनी छोटी-सी कविता 'शूद्र का शब्दार्थ" में कहा, "शुद्र का तात्पर्य है 'नेटिव' अर्थात मूलनिवासी/आक्रमणकारियों ने हमला किया और क्रूर दुष्टों ने हमें विक्षिप्त किया/विजेता बन कर हम पर 'शुद्र' शब्द थोपा"।

इस ग़ुलामी और शोषण से निजात कैसे मिले? फुले दम्पति का जवाब था- शिक्षा लो और अज्ञानता को दूर करो। शिक्षा से ही शूद्र और अतिशूद्र अपनी परिनिर्भरता को समझ पायेंगें और "बामन" के जाल से निकल पाएंगे। 'परिनिर्भर शूद्र' कविता में, शिक्षा की अहमियत पर सावित्रीबाई ने कहा है, "शूद्रों एवं अतिशूद्रों की दरिद्रता के लिए ज़िम्मेदार है/अज्ञानता, रीति-रिवाज, रूढ़ीवादी परम्पराओं की बेड़ियों में बंधे-बंधे/पिछड़ गए सबसे, परिणामस्वरुप गरीबी के तेजाब से झुलस गए"।

शिक्षा का मार्ग ही नारी-मुक्ति का मार्ग है। यह बात उनकी रचनाओं से साफ ज़ाहिर होती है। मसलन, 'संगीत नाटिका' कविता में सावित्रीबाई कहती हैं : "स्वाभिमान से जीने हेतु बेटियों पढ़ो-लिखो खूब पढ़ो/पाठशाला रोज जाकर नित अपना ज्ञान बढ़ाओ/ हर इंसान का सच्चा आभूषण शिक्षा है/हर स्त्री को शिक्षा का गहना पहनना है..."

सावित्रीबाई फुले का एक कलात्मक चित्र

शूद्रों, अतिशूद्रों और महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की वजह से, फुले-दम्पति को प्रतिक्रियावादी ब्राह्मणों का ज़बरदस्त विरोध झेलना पड़ा। उनके ऊपर पत्थर और गोबर फेके गए। एक बार जोतीराव के उपर जानलेवा ह़मला भी हुआ मगर इस मुख़ालफ़त ने उनके संघर्ष को और भी बुलंद बना दिया। उनकी कठिन मेह़नत की वजह से साल 1848-1852 के बीच 18 स्कूल और खुले। धीरे-धीरे बहुत से लोगों ने अपनी सोच बदलने की शुरूआत की और अपनी बेटियों को फुले-दम्पति के स्कूल में भेजना शुरू किया।

उनके इन्हीं सब योगदानों को महत्ता देने के लिए शिक्षक दिवस (टीचर्स डे) को 3 जनवरी को मनाने की मांग हो रही है। दलित-बहुजन विचारों से जुड़े लोगों- विशेषकर विश्वविद्यालयों के बौद्धिक वर्ग और राजनितिक कार्यकर्ताओं ने, कई सालों ने इस दिशा में पहल भी की है और कई सालों से जेएनयू और एचसीयू जैसी बड़े शिक्षा केंद्रों में शिक्षक दिवस सावित्रीबाई के जन्मदिवस पर मनाया गया। सरकारी तौर से शिक्षक दिवस हर साल 5 सितम्बर को मनाया जाता है, जो देश के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन (1888-1975) का जन्मदिन है। राधाकृष्णन की जगह सावित्रीबाई के जन्मदिन पर शिक्षक दिवस मनाने की मांग करने वालों की दलील है कि राधाकृष्णन ब्राह्मण थे और उन्होंने निचली जाति के लोगों की शिक्षा के लिए कुछ नहीं किया है। मुझे लगता है कि इस तरह की मांगों को उठाना इस बात का सूचक है कि सावित्रीबाई के जीवन और दर्शन के बारे में जानकारी बड़ी तेज़ी से फ़ैल रही है।

शिक्षा के अलावा, सावित्रीबाई फुले ने विधवा-उत्थान और उनके पुनर्विवाह के लिए भी काम किया। उन्होंने काशीबाई नामक एक ब्राह्मणी विधवा से जन्मे बच्चे को गोद ले कर पढ़ाया-लिखाया और डॉक्टर बनाया। बाद में उसका अंतर्जातीय विवाह भी करवाया।

अछूत प्रथा के खात्मे लिए भी फुले-दम्पति ने काफी काम किया। इस वजह से, उनको सब तरफ से विरोध झेलना पड़ा। यहाँ तक की सावित्रीबाई का भाई भी यह कहने लगा की कि अछूत के साथ जाने से वह भी अछूत हो जाएँगी। इस पर सावित्रीबाई ने अपने भाई से पूछा, 'अपने जैसे इंसानों [दलित और अछूत] को तुम इन्सान नहीं समझते। उनसे तुम परहेज़ करते हो, उन्हें अछूत, अस्पृश्य समझ कर दुत्कारते हो, क्यों करते हो ऐसा?'

जात-पात, भेदभाव, ग़ैर-बराबरी, अंधविश्वास, शोषण, ब्राह्मणवाद से हमारा समाज आज भी जूझ रहा है, जिनके खिलाफ फुले-दम्पति ने लगभग 150 साल पहले आवाज़ बुलंद की थी। सावित्रीबाई को याद करने इससे बेहतर तरीक़ा और क्या होगा कि हम उनके बताये हुए रास्तों पर चलने की कोशिश करें।

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +919968527911, ईमेल : info@forwardmagazine.in

फारवर्ड प्रेस की किताबें किंडल पर प्रिंट की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। कृपया इन लिंकों पर देखें :

बहुजन साहित्य की प्रस्तावना

महिषासुर : मिथक व परंपराए

महिषासुर : एक जननायक

चिंतन के जन सरोकार

विज्ञापन - सामाजिक न्याय व साहित्य पर केंद्रित प्रेमकुमार मणि की महत्वपूर्ण किताब

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सावित्रीबाई फुले, जिन्होंने गढ़ा पति की परछाई से आगे बढ़कर अपना स्वतंत्र आकार

सुधा अरोड़ा

सावित्रीबाई फुले ने अपने पति जोतीराव फुले के समाज सुधार के काम में उनका पूरी तरह सहयोग देते हुए एक परछाईं की तरह पूरे...

रैदास: मध्यकालीन सामंती युग के आधुनिक क्रांतिकारी चिंतक

सिद्धार्थ

रैदास के आधुनिक क्रांतिकारी चिंतन-लेखन को वैश्विक और देश के फलक पर व्यापक स्वीकृति क्यों नहीं मिली? सच तो यह कि उनकी आधुनिक चिंतन...

जब नौजवान जगदेव प्रसाद ने जमींदार के हाथी को खदेड़ दिया

एनके नन्दा

अंग्रेज किसानों को तीनकठिया प्रथा के तहत एक बीघे यानी बीस कट्ठे में तीन कट्ठे में नील की खेती करने के लिए मजबूर करते...

डॉ. आंबेडकर : भारतीय उपमहाद्वीप के क्रांतिकारी कायांतरण के प्रस्तावक-प्रणेता

सिद्धार्थ

आंबेडकर के लिए बुद्ध धम्म भारतीय उपमहाद्वीप में सामाजिक लोकतंत्र कायम करने का एक सबसे बड़ा साधन था। वे बुद्ध धम्म को असमानतावादी, पितृसत्तावादी...

डॉ. आंबेडकर की विदेश यात्राओं से संबंधित अनदेखे दस्तावेज, जिनमें से कुछ आधारहीन दावों की पोल खोलते हैं

निखिल बागडे

डॉ. आंबेडकर की ऐसी प्रभावी और प्रमाणिक जीवनी अब भी लिखी जानी बाकी है, जो केवल ठोस और सत्यापन-योग्य तथ्यों – न कि सुनी-सुनाई...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

Hindu Right, Ambedkar and JNU Politics

The ABVP activists are hopeful that their “achievement” of having the library renamed after Dr Ambedkar will help them woo lower-caste students, particularly Dalits. With the JNUSU elections approaching, the Hindutva organization is desperate to broaden its social base by such acts of appropriation and tokenism

Abhay Kumar August 26, 2016

The recent decision of JNU administration to rename its Central Library after Dr B. R. Ambedkar is another attempt by the Hindutva forces to appropriate him. The activists of the ABVP, the students’ group affiliated to the RSS, used the media and other means to draw attention to their “struggle” that resulted in renaming the Central Library. The ABVP claimed that the JNU Executive Council, the highest statutory body, acted on its “demand”. Its media management was successful as several newspapers prominently highlighted its role, quoting the statement of ABVP leader and JNUSU Joint Secretary Saurabh Kumar Sharma.

Another Hindutva leader Subramanian Swamy, who hardly misses a chance to comment on issues related to JNU, joined ABVP’s celebration. He tweeted to welcome the decision, calling the renaming a “cultural revolution”, unmindful of the fact that it is a term that belongs to the Maoist tradition, which he perhaps dislikes the most.

Apart from installing a statute of Babasaheb in the Central Library, the ABVP has also come out with other demands such as the renaming of the Sports Ground and the Convention Centre after the Adivasi revolutionary Birsa Munda and former president A.P.J. Abdul Kalam, respectively. Needless to say, these are tokenisms aimed at wooing the deprived sections such Dalits, Adivasis and Muslims.

The ABVP activists are hopeful that their “achievement” of having the library renamed will help them woo lower-caste students, particularly Dalits. With the JNUSU elections approaching, the Hindutva organization is desperate to broaden its social base by such acts of appropriation and tokenism.

For a long time, the mainstream political organizations have largely ignored Ambedkar. However, the rise of Ambedkarite social and political movements and the growing consciousness of Dalits made them realize that Ambedkar, the icon, is needed to expand their social base among the marginalized sections. So, they launched into the mission of

appropriating Ambedkar. However, such a manoeuvring by the mainstream political organisations, as Dalits contend, has more to do with their own survival than their embracing Ambedkar's thoughts.

Meanwhile, the social composition of JNU has been changing fast. Inspired by Ambedkarite movements and having benefited from reservations and other state-sponsored welfare programmes, a section of the marginalized communities slowly began to knock at the doors of upper-caste/class-dominated higher education. The implementation of OBC reservation in higher education in 2007 accelerated the process of assertion by Dalitbahujans. This dynamism was seen at least in three spheres: change in social composition, Dalitization of public culture and inclusion of Dalitbahujan agendas.

WHAT THE CONSEQUENCES OF CONVERSION WILL BE TO THE COUNTRY AS A WHOLE IS WELL WORTH BEARING IN MIND. CONVERSION TO ISLAM OR CHRISTIANITY WILL DENATIONALISE THE DALITS.
-Baba Saheb Ambedkar
ABVP
ABVP 16
aisa
GBM
BAPSA
SFI
DSF

This is the latest ABVP's poster put up on the wall of SIS building (new) of JNU with the portrait of Dr. Ambedkar. The poster qoutes him without mentioning the reference as saying that if Dalits convert to Islam or Christianity, it will "denationalize them". Photo: Samim Asgor Ali

The shift in the social demography of students is worthy of note. According to the 45th Annual Report (2014-15), out of the 8,308 JNU students, there were 4,278 Dalitbahujan students (1201 SCs + 643 STs + 2443 OBCs). Simply put, the percentage of non-upper-caste students today is roughly around 50 per cent. If other deprived social groups, minorities and women are taken into account, the numerical strength of upper castes and classes gets further reduced.

Against this background, the Left organizations on the campus were perhaps first to change their course. Having ignored Dalitbahujan icons till recently, they modified their language and began to talk of a "unity" between the Left and the Ambedkarites. The Left organizations of JNU were increasingly seen wearing Ambedkar, Periyar, Birsa Munda and Phule on their sleeve. Posters, pamphlets and badges carrying the slogans and images of Dalitbahujan heroes and heroines began to outshine those of Marxist icons such as Marx, Lenin, Trotsky, Stalin and Mao.

Hindu Right's attempt to appropriate Ambedkar

The Hindutva forces on the campus also felt an urgent need to change its strategy. Since Sandeep Mahapatra's election to the post of president in 2000-01, the ABVP's only noteworthy presence in the JNU Students' Union has been the one seat on the central panel it won last year. One of the possible reasons for ABVP's electoral failure has to do with its inability to broaden its social base beyond the upper castes, mostly from northern India. The reason for the stagnation of the ABVP in the last decade is its failure in recruiting cadres from outside northern India. Saurabh Kumar Sharma, the JNU ABVP leader, seemed to support this argument when he claimed that JNU ABVP now drew its members from almost all parts of India such as Orissa, Bengal, Assam, Karnataka, Arunachal Pradesh and Assam, which traditionally have not been Hindutva strongholds.

According to observers, ABVP success in extending its reach among non-Hindi speaking groups has been facilitated by its politics of tokenism, symbolism and appropriation of lower-caste icons, particularly Ambedkar. Celebrations of Ambedkar Jayanti (birth anniversary) and Mahaparinirvan Diwas (death anniversary) have been regularly organized by JNU's ABVP unit for a few years. Even the venue of a recent hunger strike by the JNU ABVP in support of the action taken against "anti-nationals" for the February 9 incident had a portrait of Ambedkar and a "Bharat Mata" poster side by side, with the slogan "Jai Bhim" written on the wall.

Also noteworthy was Hindutva forces' propaganda to interpret Dr Ambedkar as a "reformer" of Hindu society and staunch "nationalist" who played a key role in drafting the Constitution and "opposed" Muslim "separatism" and "extra-territorial loyalty" of the Communists.

Another master strategy of the ABVP has been to sow seeds of suspicion and hatred against Muslims in the hearts and minds of Dalits. The ABVP has thus been saying that the "decline" of the status of Dalits has to do with the coming of Muslim "invaders". Such a discourse is to demonize Islam and Christianity as foreign religions. A recent JNU ABVP poster of Ambedkar with a saffron background warns Dalits against embracing Islam as well as Christianity and becoming "denationalized". The poster quotes Ambedkar as saying: "What the consequences of conversion will be to the country as a whole is well worth bearing in mind. Conversion to Islam or Christianity will denationalize the Dalits."

Further, ABVP has been saying that Dalits were "staunch Hindus" who were forced to live a degraded life because they opposed the "oppression" of Muslim rulers and "refused" to be converted to Islam. Besides, it has been sensationalizing and deliberately giving a "communal"

to any hint of Dalit-Muslim "conflict". It has been repeatedly highlighting that Aligarh Muslim University and Jamia Millia Islamia, institutions dominated by Muslims, have been denying reservations to SCs.

In order to antagonize Dalits against the Left, the ABVP claims that Ambedkar was "anti-Communists", conveniently overlooking the fact that his concern for labour was central to his ideas and he worked along with communists. ABVP's take is that Dr Ambedkar, despite suffering a lot in his life, did not create animosity but rather worked for harmony (*samrasta*) in society.

Note that the discourse of the Left about radical transformation of society is presented as an attempt to create disharmony and as a threat to the "unity" of the country. Thus, an ABVP pamphlet, dated 18 January 2016, took a dig at the Communists: "We must understand the hidden agenda of the leftists when they attack the state machinery. This state machinery runs according to the Constitution that was drafted by none other than Babasaheb Bhim Rao Ambedkar himself. We can understand their frustration with this Constitution and state machinery because they are not capable of operating in a transparent manner … It has been the history of Indian communists to radicalize the youth with the various slogans and then turn them against the Indian state and people. We must not forget the shameful origin of the CPI (M), SFI's parent organization. It was founded by those communist leaders who acted as spies for China during the 1962 War.'

Note that the ABVP attacks the communists by painting itself the "follower" of Babasaheb Ambedkar and his drafted Indian Constitution. However, the same students' outfit has never questioned its parent party, BJP, for going against Ambedkar's ideas. Ambedkar stood for liberty, equality and fraternity while the Hindutva forces are protecting Brahmanism and inequality, and encouraging polarization and division among the people.

With these measures, the ABVP has succeeded in bringing a section of lower-caste students into its fold. As a result, the Hindutva organization appears relatively strong at this movement. A considerable section of upper castes that had long expressed its allegiance to "progressive" politics on the campus have made a *ghar wapsi* (homecoming) to the Hindutva outfit, particularly after its recent ascendancy.

In an interview last year, a well-known face of the JNU unit of the ABVP, too, hinted at this newfound dynamism. Sandip Kumar Singh, a research scholar in international studies and an OBC from Bihar, admitted that a large number of lower-caste students had joined the ABVP. "The Dalits and Backwards dominate ABVP. Today, out of every 10 members of the JNU ABVP unit, eight are OBCs and SCs. The president and general secretary are OBCs from Bihar and

Rajasthan,' added Singh, who contested for the post of JNUSU general secretary in 2012 as an ABVP candidate. But when asked how Dalits and OBCs could ever dominate an organization that has so far not rejected Brahmanism and Manu's ideology, Singh retorted: "Who is worshipping Manu today? Manu's ideology is dead. Such issues are raked up by those want to divide Indian society. Unlike the rhetoric of communists, ABVP is not explicitly against Dalits. Rather, we want to build a *samras samaj* [harmonious society]. But one thing is for sure – that the leadership will remain in the hands of the Dalits and Backwards."

Is the leadership from among the Dalits and Backwards? Not quite so. The ABVP is still has an upper-caste leadership at the top. Moreover, a number of lower-caste ABVP members recently abandoned the saffron organisation and burnt the *Manusmriti* in protest against the institutional murder of Rohith Vemula and the attack on secular and progressive institutions. Against this backdrop, Singh's claims seemed exaggerated. However, it is true that there is a larger representation of the lower castes on the lower rung of the ABVP.

Moreover, the Hindu right has hardly missed an opportunity to widen inter-caste differences within marginalized groups. It has played identity politics in its own way. For example, when it fielded a candidate from a particular caste, it tried to break the opposition camp by appealing to the students to vote along caste lines.

'Degrading and humiliating'

Having said that, ABVP's politics of appropriation has been constantly challenged by Ambedkarite politics. Babasaheb Ambedkar's radical legacy and assertive Ambedkarite movements have been big hurdles in the path of the Hindutva juggernaut.

For example, the United Dalit Students' Forum (UDSF) easily saw through ABVP's efforts behind renaming the Central Library. UDSF's latest pamphlet was titled, "Ambedkar can neither be adopted nor appropriated by Hindutva forces". It said that Hindutva's design to rename the library was "degrading" and that Ambedkar, who has so far been "bitterly discriminated against", "neglected" and "ignored" by mainstream parties on the campus, had now been remembered.

This argument is not without substance. For example, the Central Library, which is soon to be known as Dr Ambedkar Library, does not have sufficient copies of Ambedkar's collected writings. Even Dr Ambedkar Chair and the Centre for Study of Social Exclusion suffer from a lack of funds. Apart from the UDSF, many other Ambedkarite students took an unambiguous

position in rejecting the Hindu right's design. For instance, Jadumani Mahanand, a PhD scholar of JNU, wasted no time in publishing a powerful critique on a website, calling the renaming a "humiliation".

While the Hindu right is expected to continue with its agenda of appropriating Ambedkar, the Ambedkarites appear determined to expose every such move.

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ali Anwar: By amending Waqf law, government wants to grab land, not ensure Pasmanda representation

Nawal Kishore Kumar

The creation of a Waqf is a religious process. How can a non-Muslim regulate it? Will you dare provide for non-Hindu membership on the...

Why isn't there talk about what if Ambedkar had been India's first prime minister?

Rajendra Prasad

Had India's policies been designed from a bottom-up perspective, the remnants of the British colonial system would have been dismantled far more quickly. However,...

The Waqf law, and the Ashraaf failure to come to terms with democracy

Ayaz Ahmad

The Islamophilic Ashraaf's failure to come to terms with democracy has made them hopelessly prejudiced against Common Family Code. This Ashraaf failure coupled with...

'Dabba Cartel': Amid drug trafficking, an exciting entanglement of class and gender questions

Survesh Pratap Singh

The women coming together to run a drug business disguised as a 'dabba' service has us wondering whether the old doctrine of class struggle...

K.K. Kochu and his struggle to redeem human dignity

Vinil Paul

One of the foremost Dalit thinkers of Kerala K.K. Kochu, 76, passed away on 13 March 2025. Historian Vinil Paul recalls his enduring contributions...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

"पवित्र गाय" से जुड़े कुछ "अपवित्र" सवाल

अफ़सोस की बात हैं कि आजादी के बाद भी गायरक्षा के नाम पर सियासत ख़त्म नहीं हुई। यह उसी ब्रह्मणवादी सोच का परिणाम है कि संविधान के नीति-निर्देशक तत्व में गाय जैसे जानवर की हत्या पर रोक लगाने की बात कही गई है। मुझे इसमें कोई हिचक नहीं है कि इस तरह की ब्रह्मणवादी नीतियों के पीछे गांधीवादी विचार था, जो गायरक्षा को हिंदू धर्म का कर्तव्य मानते थे

अभय कुमार August 19, 2016

गोरक्षकों दलितों को पीटते रहे, पुलिस नजरअंदाज करती रही

बीजेपी शासित गुजरात में पिछले दिनों दलितों पर हुए हमले के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आखिरकर अपनी चुप्पी तोड़ी और गौरक्षा संस्था पर करवाई करने का भरोसा दिलाया। मगर क्या हिंदुत्व की सरकार वाकई इन गौर रक्षा के "गोरखधंधा" करने वाले इन फासीवादियों पर कार्यवाही करेगी, यह यकीन के साथ नहीं कहा जा सकता।

ज्ञात रहे की गिर सोमनाथ जिले के उना टाउन के दलितों को इन्हीं फसादी तत्वों ने गाय की खाल निकालने के आरोप में सरेआम पीटा था। इस जालिमाना हमला के द्वारा भगवा ब्रिगेड ने देश भर में एक बार फिर से चेतावनी भेजी कि "गाय माता की रक्षा" के लिए वे किसी भी अपराधिक क़दम को उठाने से बाज़ नहीं आयेंगे जैसे दलित और मुसलमानों को पीटना, उन्हें जबरन उनके मुंह में गोबर ठूसना, या फिर जान से मारना। मुझे नहीं लगता की यह सब कुछ बगैर सरकार और पुलिस की जानकारी के इतने लम्बे अरसे से चला रहा होगा। हद तो तब हो गई जब ऊना में विशाल 'दलित अस्मिता रैली' से लौट रहे दलितों पर आतताइयों ने हमले किये और पुलिस कुछ नहीं कर सकी।

दूर दराज के इलाकों को कौन कहे, दिल्ली भी गाय रक्षा के आतंकियों से मुक्त नहीं हैं। देश की राजधानी की कई दीवारों पर बड़ी-बड़ी इवारतों में इन हिंदू फसादियों ने अपना आतंकी मेनिफेस्टो लिखा है कि गाय के "हत्यारों" को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। जब गाय के हत्यारों के लिए फांसी की सजा मांगी जाती है तो भारत की बहुजन आबादी (जिसमें दलित, पिछड़ा, आदिवासी, मुसलमान और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोग शामिल हैं) के दिलों में ख़ौफ भर जाता है।

इतिहास के पन्ने इस बात की गवाही देते हैं कि गाय के नाम पर धार्मिक जज्बात को भड़काने के सिलसिले ने उपनिवेशिक काल में तेज़ी पकड़ा, जिसके पीछे मकसद यह था कि हिंदुओं को राजनीतिक और समाजिक तौर पर लामबंद किया जाये और ब्राह्मणवादी व्यस्था को और मजबूती प्रदान की जाये ।

जैसा कि ब्रह्मणवादी नेतृत्व ने 19 वीं सदी से ही भांप लिया था कि गाय हिंदुओं को गैर-हिंदुओं के खिलाफ इकट्ठा करने का एक आसान तरीका है क्योंकि हिंदू समाज जाति समूहों और इलाका के आधार पर पूरी तरह से बंटा हुआ है।

"पवित्र गाय" के नाम पर बड़े हमले की शुरुआत 1870 से सामने आने लगे, जिसमें ख़ासकर मुसलमानों का बड़ा ख़ास नुकसान हुआ। 1882 में गौरक्षा संस्था की स्थापना आर्य समाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती की कयादत में हुआ। दयानंद सरस्वती ने इस मुद्दे से जहां एक तरफ हिन्दू-एकता बनाने की कोशिश की वहीं दूसरी तरफ मुसलमानों के खिलाफ सियासत को हवा दी। समय बीतने के साथ ही गौरक्षा के कई संगठन सामने आए और 1893 में आजमगढ़ में एक बड़ा दंगा हुआ, जिसमें 100 से अधिक लोग देश के विभिन्न हिस्सों में मारे गए। 1912-13 में "पवित्र गाय" के नाम पर अयोध्या की जमीन लाल हुई, वहीं 1917 में बिहार के शहाबादा में बड़ा दंगा हुआ, जिसमें फिर मुस्लमानों को जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। मगर अफसोस की बात यह है कि सेक्युलरवाद और हिंदू-मुस्लिम एकता की राग जपने वाली कांग्रेस के कई नेता दंगे में शरीक हुए। कांग्रेस के भीतर एक बड़ा तबका हिंदू महासभा जैसी दंगाई संगठन के साथ मिलकर दंगे में शरीक होता था। अलीगढ के इतिहासकार मो0 सज्जाद ने अपनी किताब "मुस्लिम पॉलिटिक्स इन बिहार" में कहा है कि इस दंगे के बाद बड़ी संख्या मे मुसलमानों ने कांग्रेस से पलायन करना शुरू कर दिया। इस तरह यह दलील पेश की जा सकती है कि आज़ादी की लड़ाई के दौरान हिन्दू-मुस्लिम एकता को कमज़ोर करने में गाय के नाम पर हुए दंगों की अहम भूमिका रही।



गोरक्षक

अफ़सोस की बात है कि आजादी के बाद भी गायरक्षा के नाम पर सियासत ख़त्म नहीं हुई। यह उसी ब्रह्मणवादी सोच का परिणाम है कि संविधान के नीति निर्देशक तत्व में गाय जैसे जानवर की हत्या पर रोक लगाने की बात कही गई है। मुझे इसमें कोई हिचक नहीं है कि इस तरह की ब्रह्मणवादी नीतियों के पीछे गांधीवादी विचार का बड़ा रोल था, जो गायरक्षा को हिंदू धर्म का कर्तव्य मानते थे।

धीरे-धीरे आजाद भारत के ज़्यादातर राज्यों की सरकारों ने गाय सुरक्षा के नाम पर गैर-जनवादी कानून बनाये और इस तरह पुलिस और प्रशासन को जनता को सताने का संस्थागत ठोस हथकंडा मिल गया है, जिसका सहारा लेकर देश की बहुजन आबादी को इसका शिकार बनाया जा रहा है।

मगर आरएसएस और उसे जुडी हुई संस्थायें गाय के नाम पर गुंडागर्दी करने में सबसे आगे रही हैं, और इससे जुड़े हुए हजारों गाय रक्षा संगठन देश भर में चलाये जा रहे हैं। अगर सही तौर से जांच हो तो यह बात खुलकर सामने आ जायेगी की दलितों के उपर गुजरात के हमलावर भी संघ परिवार से किसी न किसी तरह जुड़े हुए हैं।

इस सब के पीछे आरएसएस का उदेश्य है कि हिंदुओं में अपनी पहुंच बनाई जाये और दूसरी तरफ मुसलमानों के खिलाफ पूरे देश में फ़िजा खराब किया जाये। संघ की यह थोथी दलील रही है कि हिंदुस्तान में गाय जबह की शुरूआत मुसलमानों की आमद से जुड़ा हुआ है।

हालांकि इतिहासकार इस तरह की सांप्रदायिक सोच को पूरी तरह से खारिज करते हैं। प्रख्यात इतिहासकार डीएन झा ने अपनी मशहूर किताब "द मिथ आफ द होली काउ" में कहा है कि वैदिक दौर और उसके बाद के जमाने में गाय का मांस खाने का रिवाज था और गाय हमेशा से हिंदुओं के नजदीक एक पवित्र चीज नहीं रही है। यह वैदिक और बाद के ब्राह्मणवादी दौर में भी नहीं थी, जिसकी वजह से प्राचीन भारत में गाय का गोश्त अक्सर भोजों में लजीज खाने के तौर पर परोसा जाता था।

इसी तरह महान इतिहासकार डीडी कौशांबी अपने एक अहम लेख "कास्ट ऑर रेस" में कहते हैं कि जिस तरह एक तरफ वैदिक दौर के ब्राह्मण गाय का गोश्त खाते थे उसी तरह कश्मीर बंगाल और सारस्वत ब्राह्मण अगर मांस खा भी ले तो वह अपनी जात से बाहर नहीं होंगे।

इतिहासकारों की सहमति है कि बाद के दौर में गौ मांस खाने के खिलाफ धार्मिक ग्रंथ और पोथियां लिखी गईं। जिसे लागू करने की ब्राह्मणों ने पूरी कोशिश की। मगर समाज ने इन कानूनों को कभी भी पूरी तरह से नहीं अपनाया। समाजशास्त्रियों का कहना ठीक ही है कि कोई भी समाज पूरी तरह से धार्मिक ग्रंथों के द्वारा संचालित नहीं होता। भारत जैसे विविधता वाले देश में जहाँ धर्म, जाति, सम्प्रदाय की बहुलता थी, वहां कभी भी ब्राह्मणवादी साहित्य को पूरी तरह से कबुल नहीं किया गया।

यहाँ तक कि स्वामी विवेकानंद ने, जिन्हें आरएसएस अपना नायक मानकर उनका प्रचार करती है खुद हिंदुओं को गाय का मांस खाने और फुटबॉल खेलने की सलाह दी है। इस बात का खुलासा प्रख्यात इतिहासकार ज्ञान पाण्डे ने अपने चर्चित लेख "ह्वीच ऑफ़ अस आर हिंदूज?" में किया है। हालांकि इन तथ्यों पर आरएसएस हमेशा से इंकार करता रहा है और पवित्र गाय को हिन्दू पहचान के केंद्र में रखता रहां है, और इसतरह दलितों को समय-समय पर चेताता रहती है कि वे गाय के सम्मान में कोई कोताही न करें।

गोरक्षकों के खिलाफ अहमदाबाद में दलितों का प्रतिरोध

बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर आरएसएस की "पवित्र गाय" की राजनीति की पोल खोलते हैं बगैर किसी हिचकिचाहट के अछूत प्रथा के लिए इसी गौमांस को जिम्मेदार ठहराते हैं। जैसा कि बाबा साहेब ने कहा है कि दलित एक समुदाय के तौर पर चौथी सदी में तब सामने आये, जब ब्राह्मणवाद बौद्ध धर्म के उपर फिर से हावी होना शुरू हो गया था। ब्राह्मणों ने अपनी रणनीति बदलते हुए शाकाहार को लोगों पर थोपना शुरू किया और गौमांस खाने के खिलाफ अभियान चलाया। चूकि इन घुमंतू कबिले के लोगों की जिंदगी गाय पर काफी हद तक निर्भर थी, जो न सिर्फ मांस के लिए बल्कि उसके चमड़ी और अन्य वस्तुओं के लिए गाय पर निर्भर रहते थे, इसलिए वे गाय मांस खाने पर अड़े रहे तो सजा के तौर पर ब्राह्मणों ने उन्हें अछूत करार दिया। इस तरह से हमारे समाज में अछूत प्रथा का जन्म पंद्रह सौ साल पहले हुआ, जो आज भी पूरी तरह से खत्म नहीं हो पाई है।

स्वतंत्रता के बाद एक उम्मीद बंधी थी कि शायद गायरक्षा की खूनी राजनीति थम जाय। मगर ऐसा नहीं हुआ। स्वतन्त्र भारत में एक के बाद एक, अधिकांश राज्यों में गायरक्षा के नाम पर भयावह कानून पास हो चुका है। गाय के नाम पर जहां एक तरफ आरएसएस हिंसक राजनीति का सहारा लेता है, वहीं समाज में एक बड़ा हिस्सा, जो अपने आप को "उदारवादी" और "प्रगतिशील" कहता है, वह भी गाय को पवित्र मानकर करोड़ों लोगों को उनके आहार और रोजगार से महरूम किये जाने पर चुप्पी लगाये हुए हैं। आज पवित्र गाय के नाम पर बने काले कानून के खिलाफ बोलने का साहस "प्रगतिशील" तबके का एक बड़ा हिस्सा नहीं कर पा रहा है।

मिसाल के तौर पर यह बात 2012 की है, जब केंद्र में तथाकथित "सेकुलर" सरकार थी। उसी दौरान जेएनयू जैसे प्रगतिशील समझे जाने वाले विश्वविद्यालय के छात्रों ने पवित्र गाय पर कुछ "अपवित्र सवाल" उठाये तो उनके ऊपर प्रशासन ने यह आरोप लगाया गया कि गाय जैसे पवित्र मुद्दे को छेड़कर वे "अशंति" फैला रहे हैं।

मगर इस पूरी लड़ाई में सबसे अफसोसजनक बात यह थी कि प्रगतिशील तबके के एक बड़ी टोली की ख़ामोशी। अब यही लोग हैं, जो गायरक्षा संस्था की गुंडागर्दी पर सवाल तो उठाते हैं, मगर उनकी "क्रांति" कानून-वयवस्था के फ्रेमवर्क से बाहर अक्सर नहीं निकल पाती। अगर सही मायने में पवित्र गाय के नाम पर इस खूनी खेल को खत्म करना है तो हमें इस मुद्दे को सिर्फ और सिर्फ कानून व्यवस्था के चशमे से नहीं देखना होगा ,बल्कि इस से जुड़े हुए एतेहासिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और धार्मिक सवाल भी उठाने होंगे।

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से ‘संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

‘फुले’ फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

असहिष्णुता बढ़ा रहा है क्रिकेट

भद्रजनों का खेल क्रिकेट अब पूरी तरह से बाजार का महत्वपूर्ण घटक बन चुका है। लेकिन भारत और पाकिस्तान के मामले में यह केवल बाजार का हिस्सा नहीं है बल्कि राजनीतिक हथियार भी बन चुका है। असहिष्णु होते भारतीय जनमानस की नयी खतरनाक सोच को साझा कर रहे हैँ अभय कुमार :

अभय कुमार July 19, 2017

बीते 18 जून को चैंपियन्स ट्रॉफी का फाइनल मैच चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया था। इस मैच् में पाकिस्तान ने भारत को 180 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया था। सीमा पर घुसपैठ, आतंकवाद और कश्मीर के सवाल पर लंबसे समय से चल रहे रस्साकशी के बीच खेले गये इस फाइनल मैच में मिली हार भाारतीय समर्थकों को जहां एक ओर निरश कर गया तो दूसरी ओर देश के कई हिस्सों में इसका दूसरा पक्ष भी सामने आया। सांप्रदायिक ताकतें इसे मुद्दा बनाने में सफल रहीं। देश के कई हिस्सों में इसी नाम पर समाज में वैमनस्यता फैलाने का प्रयास किया गया।



राजनीति का शिकार क्रिकेट : 'पाकिस्तानी आतंकवादी नहीं होते' का पोस्टर दिखाता एक पाकिस्तानी प्रशंसक

मसलन यह मामला केवल खेल में मिली हार तक सीमित नहीं रही। फाइनल मैच के फ़ौरन बाद दर्जनों मुसलमानों के ऊपर मुक़दमे ठोक दिए गए और बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया गया। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं व समाचार साधनों से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक कम से कम 17 लोगों के ख़िलाफ़ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। जिन राज्यों में ये मामले मुख्य तौर पर सामने आये हैं उनमें उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और केरल आदि शामिल हैं। विडम्बना देखिये कि इन प्रदेशों में "लेफ्ट" और "राईट" दोनों विचारधाराओं की सरकारें हैं। इल्ज़ाम सब पर तकरीबन एक जैसे ही थे कि उन्होंने पाकिस्तानी टीम की जीत का "जश्न" मनाया और न सिर्फ पटाखे छोड़े बल्कि इस्लाम और पाकिस्तान-हिमायती नारे भी बुलंद किये।

सवाल यह कि क्या यह 'क्रैकडाउन' राजनीति से प्रेरित नहीं है? जब अंग्रेजी के मशहूर अख़बार 'इंडियन एक्सप्रेस' (जून 23, 2017) ने मध्यप्रदेश के बुरहानपुर केस के "शिकायतकर्ता" लक्ष्मण कोली से इस बारे में पूछा तब उसने साफ कहा कि यह सब उसने पुलिस के दबाव में किया था: "मैंने पुलिस को शिकायत नहीं की थी... मैंने (पाकिस्तान और इस्लाम समर्थक) कोई नारे

नहीं सुने और ना ही मैंने पटाखे छोड़ने की शिकायत की थी। जब सोमवार को मैं पुलिस थाने गया था तब पुलिस ने मुझे गवाह बना दिया। मैं बयान देने के लिए तैयार हूँ मगर मेरा बयान सिर्फ अदालत में जज के सामने होगा। मुझे डर है कि पुलिस मुझे परेशान करेगी।"



चैंपियंस ट्रॉफी के शुरूआती में जब पाकिस्तान की टीम भारत से हार गयी तब सोशल मीडिया पर ऐसे उड़ाया गया था मजाक

मैच से पहले सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली गयी। ज़ुबान और लहजा भी भड़काऊ था-"बाप (भारत) बेटे (पाकिस्तान) की औकात बता देगा।" क्या इस तरह की हरकत किसी भी लोकतंत्र के लिए शोभनीय है? 'क्या किसी टीम के खेल की तारीफ के लिए नागरिकों को ग़द्दार-ए-वतन कहना चाहिए? क्या आप ने सुना है कि इंग्लैंड में बसे भारतीयों को कभी सचिन, धोनी या कोहली की बैटिंग पर ताली बजाने के लिए वहां की पुलिस ने कभी गिरफ्तार किया हो?

अब फाइनल मैच को ही ले लीजिये। जब भारत के शीर्ष बल्लेबाज़ जल्दी-जल्दी पवेलियन लौट रहे थे तो एक शख्स ने पूर्वी ज़ुबान में हमारी तरफ इशारा करते हुए कहा कि "रमज़ान में हरवा दिए हो न इंडिया को।" रमज़ान का भारत की हार से क्या सम्बन्ध है? असल में उसकी टिप्पणी मेरे साथ बैठे कुछ मुस्लिम दोस्तों के ऊपर भी था। मगर उसे क्या ख़बर कि वही पास बैठा बरेली का एक मुस्लिम साथी अभी भी भारत की जीत को लेकर आशावान था और अपने मोबाइल पर तब भी मैच देख रहा था जब कई समर्थकों ने भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीवी-सेट बंद कर दिया।

इसी तरह की बेतुकी बात शारजाह टूर्नामेंट के दौरान सालों पहले सुनने को मिलती थी जब कुछ तंग-नज़र लोग यह कहते थे कि भारत पाकिस्तान से मैच इसलिए हार जाता था क्योंकि यह मैच अक्सर जुमा के दिन आयोजित होता था। जुमा से भारत की हार का क्या रिश्ता है? उनको कौन समझाए कि जुमा के दिन मैच इसलिए आयोजित किया जाता था ताकि ज्यादा से ज्यादा दर्शक मैच देखने आयें और मोटी कमाई की जा सके।

चरम पर असहिष्णुता : पूर्व कप्तान सह वर्तमान भारतीय टीम के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र सिंह धोनी ने जब पाकिस्तानी कप्तान सरफराज अहमद के बेटे को गोद लिया तब भारत में लोगों ने इसके लिए आलोचनायें की। सोशल मीडिया पर अपशब्द तक किये गये इस्तेमाल

इस तरह के प्रोपगंडा से 36-साल के ऑटो-रिक्शा ड्राईवर अबरार भी परेशान था। “अगर इंडिया फाइनल हार गयी तो इसमें मुसलमानों का क्या कुसूर है?” अबरार की झल्लाहट न सिर्फ उनकी आवाज़ बल्कि गाड़ी के शीशे में दिख रहे चेहरे से भी साफ दिख रही थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दादरी के निवासी अबरार दिल्ली में रोजाना ऑटो चलाते हैं और यह सब बातें मुझे उनकी गाड़ी में सवारी के दौरान कुछ दिन पहले सुनने को मिला। अबरार ने आगे कहा कि “पाकिस्तान इसलिए जीता कि उसने मेहनत बहुत की थी। इस जीत में मुसलमान कहाँ से आ गये!”. हिन्दुस्तानी मुसलमानों को पाकिस्तान से जोड़ना फिरकापरस्त ताकतों की पुरानी साजिश रही है। पचास साल पहले हिंदुत्व के एक बड़े विचारक ने अपनी एक किताब में हिन्दुस्तानी मुसलमानों को पाकिस्तानी “एजेंट” तक कह डाला और उन्हें देश की सुरक्षा के लिए आंतरिक खतरा बताया।

सांप्रदायिक विमर्श की तासीर देखिये कि जबतक पाकिस्तान को आप बुरा भला न कहे तब तक आप “सच्चे” देशभक्त नहीं हो सकते है। अगर आप मुसलमान हैं तो पाकिस्तान के खिलाफ आप को कुछ ज्यादा ही तल्खी का इज़हार करना होना। इस विमर्श ने नयी नस्ल के ज़ेहन और दिमाग तक को पूर्वाग्रह से ग्रसित कर दिया है। कुछ महीने पहले जब मैं अपने गाँव में बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहा था और एक बार मजाक-मजाक में यूँ ही बोल गया कि मैं पाकिस्तानी बॉलर हूँ तो उनमें से एक बच्चे ने मेरी गेंद को बड़ी जोर से मारा और कहा “जा पाकिस्तानी गेंद उठा”। इस बच्चे की हिकारत भरे लहजे ने मुझे झकझोड़ दिया। इसी तरह एक दफा मैं उनमें से कुछ बच्चों को पढ़ा रहा था और यूँ ही पूछ डाला कि आप पढ़-लिख कर क्या बनना चाहेंगे तो एक का जवाब था- “सेना में भर्ती होना है” और “देश के दुश्मनों को मार गिराना है”। जब पूछा कि देश के “दुश्मन” कौन हैं तो उसने जवाब देने में थोड़ा सा भी वक़्त नहीं लिया – ‘पाकिस्तान’।

क्या पाकिस्तान हमारे मुल्क की सारी परेशानियों और समस्याओं के लिए ज़िम्मेदार है? क्या यह हकीक़त नहीं हैं कि जितने लोग भारत-पाकिस्तान युद्ध में नहीं मरे उससे कहीं ज्यादा लोग ग़रीबी, भुखमरी, और इलाज के अभाव की वजह से मौत का शिकार हुए हैं? भगवा कट्टरपंथी अपनी राजनीतिक सुविधा के चलते पाकिस्तान, मुसलमान और इस्लाम के खुले फर्क को मिटा देते हैं। उन्हें कौन समझाए कि दुनिया में पाकिस्तान समेत 50 से ज्यादा मुस्लिम-बहुल देश हैं और उनमें समय-समय पर साझेदारी और विरोध दोनों देखने को मिलता है। उसी तरह धर्म के बुनियाद पर पाकिस्तान से हिन्दुस्तानी मुसलमानों को जोड़ना भी ग़लत है। क्या यह सही नहीं है कि एक बड़ी तादाद में हिन्दुस्तानी मुसलमानों ने पाकिस्तान के क़याम का कड़ा विरोध किया था? क्या भारत की सबसे बड़ी धार्मिक और सामाजिक मुस्लिम संगठन में से एक जमियत-ए-उलेमा-ए-हिन्द ने जिन्ना और उनकी मुस्लिम लीग का विरोध नहीं किया और तहरीक-इ-आज़ादी में कांग्रेस का समर्थन नहीं किया था? मगर इन सारे पहलुओं पर जानबूझ कर पर्दापोशी की जा रही है जिसके दूरगामी परिणाम देश के लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव के लिए नुकसानदायक होंगे।

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +919968527911, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

संवाद : इस्लाम, आदिवासियत व हिंदुत्व

आदिवासी इलाकों में भी, जो लोग अपनी ज़मीन और संसाधनों की रक्षा के लिए लड़ते हैं, उन्हें आतंकवाद विरोधी क़ानूनों के तहत गिरफ्तार किया जाता है। क्या आप आदिवासियों को सिर्फ इसलिए आतंकवादी कहेंगे क्योंकि वे अपने अधिकारों के लिए खड़े हो रहे हैं? पढ़ें, अभय कुमार व एक आदिवासी युवक के बीच यह संवाद

अभय कुमार October 21, 2024

प्रस्तुत संवाद लेखक अभय कुमार और झारखंड के एक आदिवासी छात्र के बीच बातचीत का संपादित अंश है। अभय कुमार ने यह संवाद पिछली सर्दियों के अंत में तब रिकार्ड किया था, जब उन्हें झारखंड के एक आदिवासी क्षेत्र में स्थित एक कॉलेज द्वारा उत्तर-उपनिवेशवाद पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था।

दरअसल, लंबे समय से, हिंदू दक्षिणपंथी शक्तियां आदिवासियों और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों, जैसे ईसाई और मुसलमानों, के बीच विभाजन पैदा करने का प्रयास करती रही हैं। मुस्लिम विरोधी नफरत, जो उत्तर भारत के जाति-आधारित समाजों में पहले से ही गहराई तक फैली हुई है, अब आदिवासी क्षेत्रों में भी अपनी जड़ें जमा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में पढ़ें यह बातचीत। यहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से हम छात्र का छद्म नाम दयाशंकर के रूप में उद्धृत कर रहे हैं और यह भी कहना चाहेंगे कि यह छात्र पूरे आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधि नहीं है।

दयाशंकर (द.) : ऐसा लगता है कि आपको मुसलमानों से विशेष लगाव है। मैंने देखा है कि आपके कई लेखों में मुसलमानों के प्रति सहानुभूति या समर्थन व्यक्त किया गया है। ऐसा क्यों है?

अभय कुमार (अ.कु.) : मुसलमानों के प्रति लगाव रखने में क्या गलत है? क्या आप इस तथ्य से इनकार करेंगे कि भारत में कई धर्मों और आस्थाओं के लोग रहते हैं? और जो लोग किसी संस्थागत धर्म को नहीं मानते, वे भी भारत के उतने ही नागरिक हैं। उदाहरण के लिए, आदिवासी समुदाय, जिससे आप आते हैं, को ही देख लीजिए। मैंने अपनी आंखों से देखा है कि आदिवासी समाज में धार्मिक कट्टरता बहुत कम है। पूजा स्थलों को लेकर संघर्ष शायद ही कभी होता है। आदिवासी समुदायों में पवित्र ग्रंथों की व्याख्या को लेकर खून-खराबे का कोई इतिहास नहीं है।

भारत में वे लोग भी बड़ी संख्या में रहते हैं जो किसी धर्म को नहीं मानते, और वे भी इस देश के समान नागरिक हैं। हमारा संविधान सभी को समान अधिकार और औपचारिक समानता प्रदान करता है। लेकिन, दुर्भाग्यवश, हिंदू दक्षिणपंथ के उदय के साथ भारत में एक नकारात्मक प्रवृत्ति उभर रही है, जहां एक विशेष धार्मिक समुदाय को सच्चा भारतीय और राष्ट्र का वफादार माना जाता है, जबकि अन्य – विशेष रूप से मुसलमान और ईसाई – को विदेशी धर्मों के अनुयायी मानकर उन्हें संदिग्ध देशभक्त के रूप में देखा जाता है।

मुसलमानों को तथाकथित मेनस्ट्रीम से अलग-थलग और "गैर" बनाने की यह प्रक्रिया भारत में सौ साल से भी अधिक पुरानी है। औपनिवेशिक काल के दौरान, हिंदू पुनरुत्थानवादी आंदोलनों ने राष्ट्र को ब्राह्मणवादी संस्कृति के संदर्भ में परिभाषित करने की कोशिश की। जब उन्हें यह एहसास हुआ कि आधुनिक राजनीति संख्या पर आधारित है – यानी बहुसंख्यक समुदाय अल्पसंख्यकों पर शासन करेगा – तब उन्होंने ब्राह्मणवाद को हिंदू धर्म के रूप में लोकप्रिय बनाने की कोशिश की। हालांकि, उच्च जाति के पुनरुत्थानवादी सिर्फ दिखावे के लिए वंचित वर्गों की बात करते थे।

आज भी, यह प्रक्रिया जारी है। जो दक्षिणपंथी प्रोपेगंडा से प्रभावित हैं, यह मानने लगे हैं कि मुसलमान शत्रु हैं और आदिवासी समाज को उनसे खतरा है। यह नॅरेटिव पूरी तरह से झूठ और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर आधारित है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए फैलाया जा रहा है। आदिवासी और मुसलमान दोनों ही इस देश के वंचित वर्ग हैं, और उन्हें एक-दूसरे से अलग करने का प्रयास सिर्फ विभाजनकारी राजनीति का हिस्सा है।

हमारे राष्ट्रवादी आंदोलन में कई धाराएं थीं, जिनमें धर्मनिरपेक्षता की एक मज़बूत धारा भी शामिल थी। लेकिन धीरे-धीरे हिंदू राष्ट्रवादियों ने धर्मनिरपेक्ष संगठनों में घुसपैठ की और राष्ट्रवाद की आड़ में उच्च जातियों के हितों को आगे बढ़ाया। मुझे नहीं लगता कि देश का विभाजन किसी एक नेता के कारण हुआ था। कुछ इतिहासकार अक्सर एक व्यक्ति को नायक और दूसरे को खलनायक के रूप में पेश करते हैं, लेकिन हमें ऐसी सरलीकृत धारणाओं से बचना चाहिए।

भारतीय मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव राज्य के स्तर पर व्यवस्थित है। सरकारें आती-जाती रहीं, लेकिन मुसलमानों की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ। उनका प्रतिनिधित्व संसद, विधानसभाओं, और सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों की नौकरियों में उनकी आबादी के अनुपात में नहीं है, लेकिन जेलों में उनका प्रतिनिधित्व अत्यधिक है। वे सांप्रदायिक दंगों से पीड़ित होते रहे हैं, और उनके इतिहास और संस्कृति को स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया है। भाजपा-शासित राज्यों में बुलडोज़र का उपयोग कर उनके घरों को ध्वस्त किया जा रहा है।

अब आप ही बताइए, क्या हमें मुसलमानों के लिए न्याय की मांग नहीं करनी चाहिए? क्या वे भारत के समान नागरिक नहीं हैं? अगर मुसलमानों को पिछड़ा रखा जाएगा, तो क्या हमारा देश प्रगति कर सकता है? क्या एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश में किसी व्यक्ति के साथ उसके धर्म के आधार पर भेदभाव होना चाहिए? यदि मैं अपने लेखन और एक्टिविज़्म के ज़रिए मुसलमानों के लिए कुछ कर सका हूं, और अगर इससे किसी एक भी मुसलमान की मदद हुई है, तो मैं इसे अपनी ज़िंदगी की सफलता मानूंगा।

द. : जब मुसलमानों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाता है, तो आप उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हैं। लेकिन क्या आप यह नहीं देखते कि कुछ मुस्लिम कट्टरपंथी हिंदुओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं और उन्हें मार रहे हैं?

अ.कु. : लोकतंत्र कानून के शासन पर आधारित होता है। यह धर्मनिरपेक्षता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के सम्मान के बिना जीवित नहीं रह सकता। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आरोपी या दोषी व्यक्ति के घर को सजा के तौर पर गिराना उचित नहीं है। अगर मैं कोई अपराध करता हूं, तो मेरे परिवार को बेघर कैसे किया जा सकता है? कानून कहता है कि सजा अपराध के अनुपात में होनी चाहिए। उदाहरण के तौर पर, अगर मैं चोरी करता हूं, तो मुझे हत्या की सजा नहीं दी जा सकती।

भाजपा-शासित राज्यों में कई ऐसी घटनाएं दर्ज की गई हैं, जहां मुसलमानों के घरों और कार्यस्थलों को बुलडोजर से गिराकर उन्हें सज़ा दी गई। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने यह दस्तावेज किया है कि इनमें से कई पीड़ित वे लोग थे जिन्होंने गलत सरकारी नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया था। संविधान और सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि शांतिपूर्ण विरोध को

दबाया नहीं जा सकता, क्योंकि असहमति एक जीवंत लोकतंत्र की पहचान है। फिर भी, मुसलमानों को जेल में डाला गया है और उनके घरों को केवल विरोध जताने के कारण जमींदोज कर दिया गया है। कोई इन बुलडोजर कार्रवाइयों को कैसे सही ठहरा सकता है?

'एमनेस्टी इंटरनेशनल' जैसे मानवाधिकार संगठनों की हालिया रिपोर्टों ने दिखाया है कि ये कार्रवाइयां राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों का उल्लंघन करती हैं। अधिकतर मामलों में पीड़ितों को कानूनी प्रक्रिया का समय नहीं दिया गया, उनके घरों को जल्दबाज़ी में ध्वस्त कर दिया गया, और उनके परिवारों के साथ मारपीट की गई। सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप कर इन कार्रवाइयों पर रोक लगाने का आदेश दिया है और देशभर में दिशा-निर्देश पेश करने का वादा किया है ताकि किसी समुदाय को गलत तरीके से निशाना न बनाया जाए।

क्या मैंने बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ बोलकर कुछ गलत किया है? एक आदिवासी के रूप में, आप मुसलमानों के दर्द को समझ सकते हैं, क्योंकि आज़ादी के बाद से विकास के नाम पर सबसे ज्यादा विस्थापन आदिवासियों का ही हुआ है। चाहे बांध हो, खनन हो या औद्योगीकरण – विस्थापित कौन हो रहे हैं? इसका उत्तर हम सभी जानते हैं : आदिवासी। क्या आपने कभी अमीरों के घर गिरते हुए देखे हैं? नहीं, क्योंकि वे ताकतवर हैं। मुसलमानों के घर इसलिए गिराए जा रहे हैं क्योंकि उन्हें कमजोर कर दिया गया है। उनके घरों को तोड़कर शासक वर्ग उन्हें सबक सिखाना चाहता है और उन्हें डराना चाहता है कि अगर मुसलमान अपनी आवाज उठाएंगे, तो उन्हें कठोर सज़ा दी जाएगी।

अगर समाज के किसी भी समुदाय के साथ बुरा व्यवहार या भेदभाव होता है, तो देश तरक्की नहीं कर सकता। एक पत्रकार के रूप में, जब मैं मुसलमानों और अन्य हाशिए पर पड़े समुदायों के मुद्दों के बारे में लिखता हूं, तो मैं किसी पर दया नहीं कर रहा हूं। एक पत्रकार का कर्तव्य है वंचितों के संघर्षों को उजागर करना।

जहां तक आपके इस दावे का सवाल है कि मुसलमान मुझे या आपको "काफ़िर" कहते हैं, तो यह सच नहीं है। मैं अपना अनुभव साझा करना चाहता हूं। मैंने पटना के सब्ज़ीबाग़ इलाके में चार साल बिताए, जो मुख्य रूप से मुस्लिम आबादी वाला क्षेत्र है। मैंने कभी किसी मुसलमान को मुझे "काफ़िर" कहते नहीं सुना। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि कुछ मुसलमान ऐसा नहीं मानते होंगे, लेकिन क्या हमें उन्हें पूरे मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधि मानना चाहिए? इसी तरह, कई हिंदू मुसलमानों के प्रति पूर्वाग्रह रखते हैं, लेकिन क्या हम उन्हें सभी हिंदुओं का प्रवक्ता मान सकते हैं? मुझे यकीन है कि आपका जवाब होगा – नहीं।

मैंने कुरान भी पढ़ा है, और यह अपने अनुयायियों को अन्य धर्मों के अनुयायियों का अनादर न करने की शिक्षा देता है ताकि वे बदले में इस्लाम के बारे में बुरा न कहें। कुरान एक साथ ईश्वर की पूजा और मानवता की सेवा – जिसमें गैर-मुस्लिम भी शामिल हैं – पर ज़ोर देता है। इस्लामी इतिहास से पता चलता है कि पैगंबर मुहम्मद ने भी गैर-मुसलमानों के साथ गठबंधन बनाए और उनके साथ उचित व्यवहार की वकालत की। मुस्लिम शासन के दौरान भी, कुछ अपवादों को छोड़कर, अल्पसंख्यकों को संरक्षण दिया गया था।

आपका यह दावा कि मुसलमान बड़े पैमाने पर हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं, गलत और बेबुनियाद है। अगर ऐसा हो रहा होता, तो इसके पुख्ता प्रमाण होते। हां, कुछ घटनाएं हो सकती हैं जहां किसी मुसलमान ने किसी हिंदू पर हमला किया हो। लेकिन ऐसी घटनाएं अपवाद हैं। और ऐसे मामलों में कानून के तहत हत्यारे के खिलाफ कार्रवाई भी होती है। आपके इस दावे का कि मुसलमानों द्वारा हिंदुओं की बड़े पैमाने पर हत्या की जा रही है, कोई ठोस आधार नहीं है।

जमीन पर अधिकार के लिए पत्थलगड़ी आंदोलन के दौरान प्रदर्शन करते आदिवासी

द. : इस्लाम का आतंकवाद से संबंध है, और इस धर्म से कई आतंकवादी निकले हैं। मुझे लगता है कि इस धर्म में बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। वरना इतने सारे आतंकवादी एक ही धर्म से क्यों आते?

अ.कु. : इस्लाम और आतंकवाद को एक साथ जोड़ना एक खतरनाक और गलत धारणा है। हर धर्म में कुछ कट्टरपंथी तत्व होते हैं, लेकिन इसे पूरी आबादी या धर्म के बारे में सामान्यीकरण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

अगर समाज के किसी भी समुदाय के साथ बुरा व्यवहार या भेदभाव होता है, तो देश तरक्की नहीं कर सकता। एक पत्रकार के रूप में, जब मैं मुसलमानों और अन्य हाशिए पर पड़े समुदायों के मुद्दों के बारे में लिखता हूं, तो यह दया नहीं है। एक पत्रकार का कर्तव्य है कि वह वंचितों के संघर्षों को उजागर करे।

रही बात आतंकवाद की तो यह किसी एक धर्म से जुड़ा नहीं है। दहशतगर्द किसी भी धर्म से हो सकते हैं, या वे नास्तिक भी हो सकते हैं। ऐसा कोई अध्ययन नहीं है जो यह साबित करे कि सभी आतंकवादी मुसलमान हैं, और न ही कोई विश्वसनीय डेटा यह दर्शाता है कि मुस्लिम संचालित आतंकवादी संगठनों की संख्या वैश्विक स्तर पर गैर-मुस्लिम संगठनों से अधिक है। वास्तव में, मुसलमान खुद आतंकवाद के सबसे बड़े पीड़ितों में से हैं।

अगर आप आतंकवाद की जांच करें, तो पाएंगे कि इसकी परिभाषा भी सार्वभौमिक रूप से स्वीकार नहीं की गई है। ऐतिहासिक रूप से, आतंकवादी की छवि बदलती रही है। आज जिसे आतंकवादी कहा जाता है, उसे कल कोई स्वतंत्रता सेनानी मान सकता है, और इसके विपरीत, आज का देशभक्त कल का आतंकवादी घोषित हो सकता है। कई विद्वान मानते हैं कि मुसलमानों को आतंकवादी के रूप में चित्रित करने का चलन शीत युद्ध के खात्मे के बाद बढ़ा है।

आतंकवाद को सही से समझने के लिए उसके ऐतिहासिक, राजनीतिक, और आर्थिक आयामों का अध्ययन ज़रूरी है। केवल धार्मिक या सांस्कृतिक दृष्टिकोण से देखने से आपकी समझ अधूरी रह जाएगी। आपको आतंकवाद और हथियार उद्योग के बीच संबंध को भी देखना होगा। खुद से पूछें : डर, खौफ, नफरत, पूर्वाग्रह और असुरक्षा का माहौल बनाये रखने से सबसे ज़्यादा

किसका फ़ायदा हो रहा है?

आदिवासी इलाकों में भी, जो लोग अपनी ज़मीन और संसाधनों की रक्षा के लिए लड़ते हैं, उन्हें आतंकवाद विरोधी क़ानूनों के तहत गिरफ्तार किया जाता है। क्या आप आदिवासियों को सिर्फ इसलिए आतंकवादी कहेंगे क्योंकि वे अपने अधिकारों के लिए खड़े हो रहे हैं?

मैं आपके इस विचार से भी असहमत हूं कि इस्लाम स्वाभाविक रूप से हिंसक है। मैंने कुरान पढ़ी है, और इसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि अपने अनुयायियों को दूसरों को मारना चाहिए। कुरान की शिक्षाओं का मूल ईश्वर की पूजा और मानवता की सेवा पर आधारित है।

पैगंबर मुहम्मद का जीवन देखें। उन्होंने हमेशा शांति स्थापित करने और युद्ध से बचने की कोशिश की। उन्होंने केवल तभी युद्ध किया जब कोई और विकल्प नहीं बचा था, और तब भी केवल आत्मरक्षा के लिए। अगर आपको मेरे शब्दों पर संदेह है, तो मैं आपको कुरान पढ़ने के लिए आमंत्रित करता हूं। मुझे आपको इसकी एक प्रति देने में खुशी होगी।

द. : क्या मुसलमान ही अल्पसंख्यक हैं? आदिवासी क्या हैं? क्या वे भी अल्पसंख्यक नहीं हैं? आपने आदिवासियों के लिए क्या किया है?

अ.कु. : मैंने कभी यह दावा नहीं किया कि मुसलमान ही एकमात्र अल्पसंख्यक हैं। कानूनी रूप से, अल्पसंख्यकों को अक्सर धर्म के संदर्भ में परिभाषित किया जाता है, और धर्म एक महत्वपूर्ण मानदंड है। लेकिन अल्पसंख्यक की मेरी समझ बाबासाहेब आंबेडकर के कार्यों से प्रभावित है। उनकी पुस्तक 'स्टेट्स एंड माइनॉरिटीज़' में, आंबेडकर ने अल्पसंख्यक की एक व्यापक परिभाषा दी है। उन्होंने कहा कि किसी समुदाय को अल्पसंख्यक मानने के लिए उसकी "सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति" का मूल्यांकन करना चाहिए।

इस परिभाषा के अनुसार, मेरा मानना है कि आदिवासी भी अल्पसंख्यक हैं। सरकारी आंकड़े बार-बार दिखाते हैं कि आदिवासी लगभग हर विकास सूचकांक में पिछड़ रहे हैं। ग़लत विकास नीतियों ने उनके जीवन, आजीविका और संस्कृति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। उनके संसाधनों पर कॉरपोरेट-राज्य गठबंधन ने कब्जा किया है, और पिछले 80 वर्षों में आदिवासी इलाकों की जनसांख्यिकी बदल गई है।

हालांकि, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि ये बाहरी लोग केवल मुसलमान हैं। हिंदू दक्षिणपंथियों के दावों के विपरीत, झारखंड का इतिहास बताता है कि आदिवासी और मुसलमान लंबे समय से शांतिपूर्वक साथ रह रहे हैं। झारखंड के ज़्यादातर मुसलमान पसमांदा समुदाय से आते हैं। उनमें से एक अंसारी बिरादरी है, जो पारंपरिक रूप से बुनकर समुदाय हैं और आदिवासी क्षेत्रों के लिए कपड़े बनाते हैं।

समाजशास्त्रीय दृष्टि से, पसमांदा और दलित मुसलमान आदिवासियों के साथ कई सांस्कृतिक प्रथाएं साझा करते हैं, और उनके बीच कोई संघर्ष का इतिहास नहीं है। हिंदू दक्षिणपंथियों के उदय ने इस शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में इस्लामोफोबिया का बीज बो दिया है।

हिंदू दक्षिणपंथी आदिवासी क्षेत्रों में सत्ता हासिल करना चाहते हैं ताकि कॉरपोरेट्स इन क्षेत्रों के संसाधनों का दोहन कर सकें। वे समझते हैं कि आदिवासी और मुस्लिम एकता उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिए एक बड़ी बाधा बन सकती है। इसलिए, आदिवासियों और मुसलमानों के बीच जानबूझकर गलतफहमियां पैदा की जा रही हैं। यह एकता कमजोर होने से धर्मनिरपेक्ष ताकतें भी कमजोर होती हैं, और हिंदू दक्षिणपंथियों के लिए सत्ता तक पहुंचने का रास्ता खुल जाता है।

समाज के प्रभुत्वशाली हितों के संरक्षक के रूप में, हिंदू दक्षिणपंथी अक्सर मुसलमानों को बलि का बकरा बनाते हैं और उन्हें गैर-मुसलमानों के लिए खतरे के रूप में पेश करते हैं।

द. : मुसलमानों द्वारा आदिवासियों की ज़मीनें हड़पी जा रही हैं, जिससे आदिवासी विस्थापित हो रहे हैं और हाशिए पर जा रहे हैं। इस पर आपकी क्या राय है?

अ.कु. : जैसा कि मैंने पहले बताया, समाज में प्रभावशाली ताकतें अक्सर मुसलमानों को खतरे के रूप में पेश करके असली शोषण के स्रोतों से ध्यान भटकाती हैं। आपने देखा होगा कि भाजपा नेता झारखंड में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ के मुद्दे को विधानसभा चुनावों के दौरान प्रमुखता से उठाते हैं। एक पल के लिए मान लें कि झारखंड में बांग्लादेश और म्यांमार से घुसपैठ हो रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि इसके लिए किसे दोष देना चाहिए – आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को, या प्रधानमंत्री मोदी की केंद्र सरकार को?

सीमा सुरक्षा केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, और अगर घुसपैठ हो रही है, तो सवाल केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों पर उठना चाहिए, न कि इसे केवल चुनावी मुद्दा बनाया जाना चाहिए। इस कथित घुसपैठ के समर्थन में कोई आधिकारिक डेटा या पुख्ता प्रमाण भी उपलब्ध नहीं है।

मैं यह नहीं कहता कि स्थानीय स्तर पर कुछ आदिवासी और मुस्लिम समुदायों के बीच संघर्ष नहीं हो सकता, लेकिन ये किसी बड़ी राजनीतिक साजिश का हिस्सा नहीं हैं और न ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कोई गंभीर खतरा हैं। चुनावी मौसम में आदिवासी मुख्यमंत्री को कमजोर करने और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए ऐसी अफवाहें फैलाई जाती हैं कि मुसलमान आदिवासियों की जमीनें हड़प रहे हैं, महिलाओं का अपहरण कर रहे हैं, और जबरन धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। ये दुष्प्रचार अक्सर राजनीतिक लाभ के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जाते हैं।

द. : ऐसी खबरें भी आई हैं कि आदिवासियों को जबरन मुसलमान बनाया जा रहा है। क्या आप इन मुद्दों को नज़रअंदाज़ करेंगे?

अ.कु. : इस बात का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है कि मुसलमान आदिवासियों को जबरन इस्लाम धर्म अपनाने पर मजबूर कर रहे हैं। हम एक लोकतंत्र में रहते हैं – क्या आप वास्तव में मानते हैं कि एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक अल्पसंख्यक समुदाय बहुसंख्यक समुदाय के सदस्यों को जबरन धर्म परिवर्तन करा सकता है? क्या आपने कभी किसी ऐसे व्यक्ति से बात की है जो मुसलमानों द्वारा जबरन धर्म परिवर्तन का शिकार हुआ हो?

अगर उपनिवेशवाद से पहले, जब मुसलमान भारत में सत्ता में थे, उन्होंने आदिवासियों को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर नहीं किया, तो क्या आपको लगता है कि स्वतंत्र भारत में, जब वे सबसे अधिक हाशिए पर और भेदभाव का शिकार समुदायों में से एक हैं, वे ऐसा कर सकते हैं?

मीडिया अक्सर मुसलमानों द्वारा जबरन धर्म परिवर्तन की अफवाहें फैलाता है, लेकिन आरएसएस द्वारा आदिवासियों को हिंदू धर्म में शामिल करने के लंबे समय से चल रहे प्रयासों पर चुप रहता है। उदाहरण के लिए, अगर आदिवासियों की सरना धर्म की पहचान को जनगणना में आधिकारिक मान्यता नहीं मिल रही है, तो यह एक बड़ा मुद्दा नहीं है?

बहुत से आदिवासी हिंदू धर्म में विलीन नहीं होना चाहते और सरना धर्म को मान्यता देने की मांग कर रहे हैं, फिर भी उनकी मांगें अनसुनी रह जाती हैं। क्या यह ज़्यादा गंभीर मसला नहीं है? हमें इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि आखिर क्यों आदिवासियों को अपनी पहचान बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

द. : आदिवासी समुदायों को कुछ मुस्लिम समूहों की ओर से हिंसा, धमकियों और डराने-धमकाने का सामना करना पड़ा है। क्या आप इन तथ्यों से इनकार करेंगे?

अ.कु. : जैसा कि मैंने पहले कहा था, आदिवासियों और मुसलमानों के बीच स्थानीय स्तर पर लड़ाई-झगड़े हो सकते हैं। यह स्वाभाविक है, खासकर अगर कोई आदिवासी भूमिहीन मज़दूर हो और कोई मुसलमान ज़मींदार हो – तो वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसी तरह, अगर कोई मुस्लिम राजमिस्त्री किसी आदिवासी के लिए घर बना रहा है, तो मज़दूरी को लेकर विवाद हो सकता है। इन संघर्षों की जड़ आर्थिक और वर्ग-संबंधी मुद्दों में होती है, न कि धार्मिक मतभेदों में।

मैं यह नहीं कहता कि ऐसे छोटे-मोटे संघर्ष नहीं होते, लेकिन ये आदिवासियों और मुसलमानों के बीच किसी बड़े टकराव का संकेत नहीं देते। आदिवासी और मुस्लिम के बीच झगड़ों की बात करने वाले अक्सर इस पर खामोश रहते हैं कि दोनों समुदायों के बीच मेल-जोल और सहयोग भी हुआ है। सदियों से झारखंड जैसे राज्यों में दोनों समुदायों ने साझा सांस्कृतिक और सामाजिक वास्तविकताओं को अपनाया है। आदिवासी और मुसलमान दोनों ही बड़े पैमाने पर हाशिए पर हैं और वंचित हैं। वे उच्च जाति के स्वार्थ और कॉर्पोरेट हितों द्वारा शोषण के शिकार हैं।

ऐसा कोई विश्वसनीय साक्ष्य या डेटा उपलब्ध नहीं है जो यह दर्शाता हो कि मुसलमान आदिवासियों के खिलाफ़ हिंसा के मुख्य स्रोत हैं। बड़ी सच्चाई यह है कि दोनों समुदाय राज्य के भेदभाव और कॉर्पोरेट शोषण का सामना कर रहे हैं। हमें इन साझा संघर्षों को पहचानने और उन्हें सुलझाने पर ध्यान देना चाहिए, न कि एक हाशिए पर पड़े समूह को दूसरे के खिलाफ़ खड़ा करने पर।

हमें इन समुदायों के आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। आदिवासी और मुस्लिम दोनों का शोषण हो रहा है, और यही हमारी चिंता का प्रमुख विषय होना चाहिए।

(संपादन : राजन/नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, संस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सवर्ण व्यामोह में फंसा वाम इतिहास बोध

रिंकु यादव

जाति के प्रश्न को नहीं स्वीकारने के कारण उत्पीड़ितों की पहचान और उनके संघर्षों की उपेक्षा होती है, इतिहास को देखने से लेकर वर्तमान...

त्यौहारों को लेकर असमंजस में क्यों रहते हैं नवबौद्ध?

संजीव खुदशाह

नवबौद्धों में असमंजस की एक वजह यह भी है कि बौद्ध धर्मावलंबी होने के बावजूद वे जातियों और उपजातियों में बंटे हैं। एक वजह...

ब्राह्मण-ग्रंथों का अंत्यपरीक्षण (संदर्भ : श्रमणत्व और संन्यास, अंतिम भाग)

ओमप्रकाश कश्यप

तिकड़ी में शामिल करने के बावजूद शिव को देवलोक में नहीं बसाया गया। वैसे भी जब एक शूद्र गांव के भीतर नहीं बस सकता...

ब्राह्मणवादी वर्चस्ववाद के खिलाफ था तमिलनाडु में हिंदी विरोध

ओमप्रकाश कश्यप

जस्टिस पार्टी और फिर पेरियार ने, वहां ब्राह्मणवाद की पूरी तरह घेरेबंदी कर दी थी। वस्तुत: राजभाषा और राष्ट्रवाद जैसे नारे तो महज ब्राह्मणवाद...

फुले को आदर्श माननेवाले ओबीसी और मराठा बुद्धिजीवियों की हार है गणेशोत्सव

बापू राउत

तिलक द्वारा शुरू किए गए इस उत्सव को उनके शिष्यों द्वारा लगातार विकसित किया गया और बढ़ाया गया, लेकिन जोतीराव फुले और शाहूजी महाराज...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

आंखन-देखी : मूल सवालों से टकराता नजर आया पहला झारखंड विज्ञान फिल्म महोत्सव

इस फिल्म फेस्टिवल में तीन दर्जन से ज्यादा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। अहम फिल्मों में पानी के लिए काम करने वाले पद्मश्री सिमोन उरांव की जिंदगी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'झरिया' रही, जिसके निर्देशक बीजू टोप्पो हैं। उसी तरह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने वाली दयामनी बारला और कवि निर्मला पुतुल की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'बुरु गारा' का प्रदर्शन हुआ, जिसके निर्देशक श्रीप्रकाश हैं। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार May 4, 2022

गत दिनों मैं झारखंड के लोहरदगा में था। मौका था प्रथम झारखंड विज्ञान फिल्म महोत्सव का। बीते 29 अप्रैल से लेकर 1 मई तक चले इस तीन दिवसीय फिल्म महोत्सव का आयोजन स्थल लोहरदगा का एक स्कूल था। इस कार्यक्रम में झारखंड के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से फिल्म निर्देशकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और छात्रों ने भाग लिया। इस फिल्म समारोह में प्रदर्शित कई सिनेमा आदिवासी समाजों और उनकी समस्याओं आधारित रहे।



इस फिल्म फेस्टिवल में तीन दर्जन से ज्यादा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। अहम फिल्मों में पानी के लिए काम करने वाले पद्मश्री सिमोन उरांव की जिंदगी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'झरिया' रही, जिसके निर्देशक बीजू टोप्पो हैं। उसी तरह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने वाली दयामनी बारला और कवि निर्मला पुतुल की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'बुरु गारा' का प्रदर्शन हुआ, जिसके निर्देशक श्रीप्रकाश हैं। आदिवासी इलाकों में छाए खौफ के माहौल को रेखांकित करने वाली डॉक्यूमेंट्री 'पहाड़ा' को भी दिखाया गया। इस फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली सुमित्रा टोप्पो ने भी फिल्म फेस्टिवल में अपनी बात रखी। स्क्रीन की गई कुछ अन्य फिल्में काबिल जिक्र हैं– 'मूविंग अपस्ट्रीम : गंगा', 'क्रोकिंग फ्रॉग', 'माई लाइफ ऐज अ स्नेल', 'दी प्रेशर', 'अंकुर', 'दी लॉस्ट बहरूपिया', 'एक खूबसूरत जहाज'।

फिल्म फेस्टिवल के दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रोफेसर नीतिशा खलखो ने विज्ञान और शिक्षा के ऊपर अपनी बात रखी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर अली इमाम खान, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता डी.एस.एन. आनंद ने अहम भूमिका निभायी। इनके अलावा श्रीराम डाल्टन, प्रबल महतो, मेघनाथ, सिद्धार्थ, महिमा, अरशी कुरैशी, कबीर नायक ने भी हिस्सा लिया। साथ ही, राकेश कुमार, संजीव आनंद, दीपक ठाकुर, विकास, विनोद बिहारी महतो सहित शोधार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी फिल्म फेस्टिवल को यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

फिल्म समारोह में अनेक विषयों पर विचार विमर्श हुए। इनमें राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रश्न शामिल रहे।

ध्यातव्य है कि झारखंड राज्य इस सदी की शुरुआत में वजूद में आया था, लेकिन यहां के आदिवासी लंबे समय से अलग राज्य की मांग कर रहे हैं। 'आदिवासी महासभा' 1930 और 1940 के दशक में बहुत सक्रिय था और इसने विभिन्न मंचों से आदिवासी क्षेत्रों से संसाधनों की लूट के खिलाफ आवाज उठाई। विशेष रूप से, जयपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व में आदिवासी महासभा ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे कुचलने के लिए सरकार ने बल प्रयोग किया।

प्रथम झारखंड विज्ञान फिल्म महोत्सव के दौरान प्रदर्शित एक फिल्म का दृश्य

इतिहास साक्षी है कि चाहे अंग्रेज हों या राष्ट्रीय आंदोलन के नेता या स्वतंत्र भारत के शासक, वे सभी आदिवासी क्षेत्रों के संसाधनों का दोहन करने में सबसे आगे रहते हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी आदिवासी को एक बराबर इंसान नहीं माना। मुख्यधारा के विद्वानों से लेकर राजनेताओं तक, हर कोई आदिवासी को पिछड़ा और असभ्य समझता है। कुछ अपने पूर्वाग्रह को जाहिर कर देते हैं तो कुछ उसे दबी जुबान में सामने लाते हैं।

उदाहरण के लिए जहां महाजनों ने सूदखोरी के जरिए आदिवासियों का शोषण किया, वहीं सरकारी कर्मचारियों और वन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें पानी, जंगल और जमीन से लगभग बेदखल कर दिया। आदिवासी क्षेत्रों में बांध बनाए गए और खनन किए गए तथा जो कुछ भी कमाया गया उसका एक छोटा हिस्सा भी आदिवासी समाज के विकास पर खर्च नहीं किया गया। उद्योग और कारखाने स्थापित करने और देश के विकास के नाम पर आदिवासी क्षेत्रों के संसाधनों को लूटा गया और स्थानीय लोगों को कल कारखानों और सरकारी दफ्तरों में नौकरी देने के बजाय गैर-आदिवासी, खासकर ऊंची जाति के लोगों को रोजगार दिया गया। अचानक झारखंड की डेमोग्राफी बदलने लगी और कम से कम शुरुआती दिनों में बाहरी लोग बड़ी संख्या में आदिवासी इलाकों में बस गए तथा व्यवसाय, रोजगार और मीडिया पर उन्होंने कब्जा कर लिया। आज हालात ऐसे बदल गए हैं कि झारखंड के इलाकों में एक सरना झंडे के पीछे तीन भगवा झंडे लहराते नजर आ रहे हैं।

फिल्म समारोह में इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा हुई कि तथाकथित सभ्य समाज, जो आदिवासियों को असभ्य कहने से कभी नहीं थकता, वह अपने आप में सबसे असभ्य है। आदिवासी समाज में अधिकांश लोग लाभ, सूदखोरी और प्रतिस्पर्धा के कीटाणुओं से दूर हैं। उनमें दूसरों के प्रति घृणा, शत्रुता, श्रेष्ठता की भावना या घृणा अमूमन नहीं पाई जाती है। उनका जीवन वास्तविकता और प्रकृति के करीब है। वे जंगल और जंगल में रहने वाले सभी जानवरों और पक्षियों के साथ सद्भाव के साथ रहते हैं। वे हजारों वर्षों से जंगल में रह रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी जंगल को काटना और उसे बेच कर मुनाफा कमाने की कभी नहीं सोची। अन्य प्रमुख धर्मों से आदिवासी लोगों का धर्म बहुत अलग है। उनके पास कोई धार्मिक ग्रंथ नहीं है, और ना ही उनके पूजा स्थल पर अमूमन कोई भवन है। उनका पूजा स्थल खुले आसमान में है और वे प्रकृति की पूजा करते हैं और अपने पुरखों से प्रार्थना करते हैं। हालांकि आज कल सरना के कुछ पूजा साथलों पर भी निर्माण कार्य हो रहे हैं।

आदिवासी महिलाएं अपने समाज के केंद्र में हैं और उनको पूर्ण स्वतंत्रता और समान अधिकार प्राप्त हैं। किताबों में 'तोता हरा होता है' पढ़ने के बजाय, वे तोता को जंगल और बगीचे में देखना पसंद करते हैं। जब खाने की बात आती है तो वे मुख्यधारा से आगे होते हैं और सब कुछ खाते हैं, चाहे वह मांस हो या फल या सब्जी। समग्र रूप से देखें तो आदिवासी समाज मुख्यधारा के समाज की तुलना में कहीं अधिक बराबरी पर आधारित और वैज्ञानिक पर टिका हुआ है।

फिल्म समारोह के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अली इमाम खान ने लोहरदगा में एक वार्ता के दौरान मुझसे कहा कि हमें आदिवासी समुदाय से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। अली इमाम बिहार के गया जिले के रहने वाले हैं, लेकिन वह पिछले चार दशकों से झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय हैं। वह पेशे से गणित के प्रोफेसर रहे हैं और सेवानिवृत्त होने से पहले उन्होंने झारखंड के एक कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में भी काम किया। वह लंबे समय से जन आंदोलन से जुड़े हुए हैं और फिल्म के माध्यम से समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।

अली इमाम खान इस बात से दुखी हैं कि देश में हिंदुत्व समर्थक शासक अंधविश्वास और अतार्किकता को बढ़ावा दे रहे हैं, जो एक खतरनाक प्रवृत्ति है।

यही हिंदुत्ववादी ताकतें झारखंड के क्षेत्रों में भी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास कर रही हैं। राम नवमी के मौके पर झारखंड में भगवा झंडे लहराए गए और रैलियां निकालीं गयीं। जहां जहां भी आदिवासियों के सरना झंडा था, वहां भगवा झंडे लहराए गए और सरना धर्म, को भगवा रंग में रंगने का प्रयास किया गया।

झारखंड में आदिवासियों के अलावा पिछड़े वर्ग में आने वाले महतो और अल्पसंख्यक मुस्लिम और ईसाई प्रमुख संप्रदाय हैं। भगवा ताकतें आदिवासियों और महतो समाज के लोगों को मुसलमानों और ईसाइयों के खिलाफ खड़ा करने की पूरी कोशिश कर रही हैं। अच्छी खबर यह है कि आदिवासियों ने बड़ी दूरदर्शिता के साथ काम किया है और अल्पसंख्यकों के साथ मजबूती से खड़े हैं, जिसने भगवा शक्तियों के जरिए माहौल खराब करने की योजना को विफल कर दिया है। एक बार फिर आदिवासियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया है और मुख्यधारा को संदेश दिया है कि धर्म से ऊपर इंसानियत है।

(संपादन : नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

फारवर्ड प्रेस की किताबें किंडल पर प्रिंट की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। कृपया इन लिंकों पर देखें

मिस कैथरीन मेयो की बहुचर्चित कृति : मदर इंडिया

बहुजन साहित्य की प्रस्तावना

दलित पैंथर्स : एन ऑथरेटिव हिस्ट्री : लेखक : जेवी पवार

महिषासुर एक जननायक’

महिषासुर : मिथक व परंपराए

जाति के प्रश्न पर कबीर

चिंतन के जन सरोकार

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सवर्ण व्यामोह में फंसा वाम इतिहास बोध

रिंकु यादव

जाति के प्रश्न को नहीं स्वीकारने के कारण उत्पीड़ितों की पहचान और
उनके संघर्षों की उपेक्षा होती है, इतिहास को देखने से लेकर वर्तमान...

त्यौहारों को लेकर असमंजस में क्यों रहते हैं नवबौद्ध?

संजीव खुदशाह

नवबौद्धों में असमंजस की एक वजह यह भी है कि बौद्ध धर्मावलंबी होने के बावजूद वे जातियों और उपजातियों में बंटे हैं। एक वजह...

संवाद : इस्लाम, आदिवासियत व हिंदुत्व

अभय कुमार

आदिवासी इलाकों में भी, जो लोग अपनी ज़मीन और संसाधनों की रक्षा के लिए लड़ते हैं, उन्हें आतंकवाद विरोधी क़ानूनों के तहत गिरफ्तार किया...

ब्राह्मण-ग्रंथों का अंत्यपरीक्षण (संदर्भ : श्रमणत्व और संन्यास, अंतिम भाग)

ओमप्रकाश कश्यप

तिकड़ी में शामिल करने के बावजूद शिव को देवलोक में नहीं बसाया गया। वैसे भी जब एक शूद्र गांव के भीतर नहीं बस सकता...

ब्राह्मणवादी वर्चस्ववाद के खिलाफ था तमिलनाडु में हिंदी विरोध

ओमप्रकाश कश्यप

जस्टिस पार्टी और फिर पेरियार ने, वहां ब्राह्मणवाद की पूरी तरह घेरेबंदी कर दी थी। वस्तुत: राजभाषा और राष्ट्रवाद जैसे नारे तो महज ब्राह्मणवाद...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

हिन्दू दक्षिणपंथ, आंबेडकर और जेएनयू की राजनीति

अभाविप के कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि लायब्रेरी का नाम बदलने की उनकी 'उपलब्धि' से वे निचली जाति के विद्यार्थियों, विशेषकर दलितों को लुभा पाएंगे। चूंकि जेएनयू छात्रसंघ के चुनाव शीघ्र ही होने हैं, इसलिए हिन्दुत्ववादी संगठन अपना सामाजिक आधार बढ़ाने के लिए यह दिखावा कर रहे हैं

अभय कुमार August 26, 2016

जेएनयू के केन्द्रीय पुस्तकालय का नाम डॉ. बीआर आंबेडकर के नाम पर रखने का विश्वविद्यालय प्रशासन का हालिया निर्णय, हिन्दुत्ववादी शक्तियों के आंबेडकर पर कब्जा जमाने की मुहिम का हिस्सा है। आरआरएस से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) ने मीडिया व अन्य माध्यमों से, केन्द्रीय पुस्तकालय को नया नाम देने के लिए अपने 'संघर्ष' का जोरदार प्रचार शुरू कर दिया है। अभाविप का मीडिया मैनेजमेंट सफल होता दिख रहा है। कई समाचारपत्रों ने अभाविप नेता व जेएनयू छात्रसंघ के सहसचिव सौरभ कुमार शर्मा का इस आशय का वक्तव्य प्रमुखता से प्रकाशित किया है। एक अन्य हिन्दुत्ववादी नेता सुब्रमण्यम स्वामी, जो जेएनयू से जुड़े किसी भी मसले पर टिपण्णी करने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देते, ने भी अभाविप की पीठ थपथपाई। उन्होंने ट्वीट कर इस निर्णय का स्वागत किया और इसे 'सांस्कृतिक क्रांति' बताया। वे शायद यह भूल गए कि यह उस माओवादी विचारधारा से जुड़ा शब्द है, जिससे वे शायद सबसे अधिक नफरत करते हैं।

केन्द्रीय पुस्तकालय में बाबासाहेब की एक मूर्ति स्थापित करने के अलावा अभाविप की अन्य मांगें हैं–खेल के मैदान एवं सम्मेलन केन्द्र का नाम क्रमशः आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुण्डा एवं पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा जाना। कहने की जरूरत नहीं कि ये प्रतीकात्मक मांगें दलितो, आदिवासियों एवं मुसलमानों, जैसे वंचित वर्गों को खुश करने के लिए की जा रही है।

अभाविप के कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि पुस्तकालय का नाम बदलने की उनकी 'उपलब्धि' से वे निचली जाति के विद्यार्थियों, विशेषकर दलितों को लुभा पाएंगे। चूंकि जेएनयू छात्रसंघ के चुनाव शीघ्र ही होने हैं, इसलिए हिन्दुत्ववादी संगठन अपना सामाजिक आधार बढ़ाने के लिए यह दिखावा कर रहे हैं।

एक लंबे अर्से से मुख्यधारा के राजनीतिक संगठनों ने आंबेडकर की अनदेखी की है परंतु आंबेडकरवादी सामाजिक एवं राजनैतिक आंदोलनों और दलितों में बढ़ती चेतना के कारण उन्हें यह महसूस हो रहा है कि उन्हें वंचित वर्गों में अपना सामाजिक आधार बढ़ाने के लिए आंबेडकर की जरूरत है। इस उद्देश्य से उन्होंने आंबेडकर को अंगीकार करने का अभियान प्रारंभ किया। किंतु दलित यह महसूस करते हैं कि मुख्यधारा के राजनीतिक संगठनों के रूख में इस परिवर्तन की मुख्य वजह आंबेडकर के विचारों के प्रति उनके नजरिए में आया बदलाव नहीं बल्कि अपना अस्तित्व बचाना है।

इस बीच जेएनयू का सामाजिक ताना-बाना भी तेजी से बदल रहा है। आंबेडकरवादी आंदोलन से प्रेरणा लेकर एवं आरक्षण तथा अन्य सरकारी कल्याण योजनाओं से लाभान्वित होकर वंचित वर्गों के छात्र अधिकाधिक संख्या में इस उच्च शिक्षा संस्थान, जहां पहले उच्च जाति/वर्ग के छात्रों का बोलबाला था, में पहुंच रहे हैं। सन् 2007 में ओबीसी के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण प्रारंभ होने से दलितबहुजनों का इन संस्थानों में प्रभाव बढ़ा।

यह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जेएनयू में लगाया गया ताज़ा पोस्टर है. जेएनयू की एसआईएस बिल्डिंग (नयी) की दीवार पर लगाये गए इस पोस्टर में डॉ. आंबेडकर के चित्र के साथ उन्हें यह कहते हुए उद्धृत किया गया है कि अगर दलित इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाएंगे तो उनका 'अराष्ट्रवादीकरण' हो जायेगा. लेकिन इस कथित 'उद्धरण' का स्त्रोत-संदर्भ नहीं बताया गया है. छाया: समीम असगोर अली

यह परिवर्तन कम से कम तीन क्षेत्रों में नजर आया: सामाजिक बुनावट में बदलाव, सार्वजनिक संस्कृति का दलितीकरण एवं दलितबहुजन एजेंडे का अंगीकार किया जाना। विद्यार्थियों की सामाजिक पृष्ठभूमि में आया यह बदलाव नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जेएनयू के 45वें वार्षिक प्रतिवेदन (2014-15) के अनुसार, जेएनयू के कुल 8308 छात्रों में से 4287 दलितबहुजन (1201 दलित 643 आदिवासी 2443 ओबीसी) थे। मोटे तौर पर, कुल छात्रों में से लगभग 50 प्रतिशत गैर उच्च जातियों के हैं। अगर इनमें अन्य वंचित वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को भी जोड़ दिया जाए तो उच्च जातियों का प्रतिशत और भी घट जाएगा।

इस पृष्ठभूमि में विश्वविद्यालय में सक्रिय वामपंथी संगठनों ने सबसे पहले अपनी रणनीति में बदलाव किया। दलितबहुजन प्रतीकों की अब तक उपेक्षा करने वाले इन संगठनों ने अपना सुर बदला और वामपंथ और अंबेडकरवादियों की 'एकता' पर जोर देना शुरू किया। जेएनयू के वामपंथी संगठनों के पदाधिकारियों के वस्त्रों पर अंबेडकर, पेरियार, बिरसा मुण्डा और फुले नजर आने लगे। पोस्टरों, पर्चों और बैजों पर दलितबहुजन नायकों और नायिकाओं की मौजूदगी बढती गई और मार्क्सवादी प्रतीकों जैसे मार्क्स, लेनिन, ट्रोटोस्की, स्टालिन एवं माओ गायब होते गए।

हिन्दू दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा अंबेडकर को अपनाने की कोशिश हिन्दुत्वादी संगठनों को भी महसूस हुआ कि उन्हें अपनी रणनीति बदलनी होगी। सन् 2000-01 में संदीप महापात्र के अध्यक्ष बनने के बाद से जेएनयू छात्रसंघ में अभाविप की उल्लेखनीय उपलब्धि पिछले साल सेन्ट्रल पैनल द्वारा जीती गई एक सीट ही है। अभाविप की इन चुनावी असफलताओं का एक संभावित कारण यह है कि उत्तर भारत के उच्च जातियों के छात्रों के अलावा, अन्य छात्रों में अपना प्रभाव कायम करने में वह असफल रही है। पिछले दशक में अभाविप का प्रभाव न बढ़ने की वजह यह है कि वह उत्तर भारत के अलावा अन्य क्षेत्रों के छात्रों को अपने

काडर में लाने में असफल रही है। सौरभ कुमार शर्मा इस तर्क का समर्थन करते हुए नजर आते हैं जब वे यह दावा करते हैं कि जेएनयू में अध्ययनरत भारत के सभी क्षेत्रों जैसे ओडिशा, बंगाल, असम, कर्नाटक, अरूणाचल प्रदेश आदि के छात्र अब अभाविप के सदस्य बन रहे हैं। ये वे क्षेत्र हैं जिनमें परंपरागत रूप से हिन्दुत्ववादी शक्तियों का प्रभाव नहीं रहा है।

प्रेक्षकों के अनुसार, गैर-हिंदी भाषी समूहों में अभाविप का प्रभाव बढ़ाने में, संगठन की इस प्रतीकवादी, दिखावटी रणनीति- जिसके अंतर्गत वह निचली जाति के प्रतीकों जैसे अंबेडकर को अपना रहा है- ने कुछ हद तक मदद की है। आंबेडकर जयंती एवं महापरिनिर्वाण दिवस पर पिछले कुछ वर्षों से अभाविप कार्यक्रम आयोजित करती आई है। यहां तक कि 9 फरवरी की घटना से जुड़े 'राष्ट्रविरोधियों' के विरूद्ध की गई कार्यवाही के समर्थन में जेएनयू में अभाविप द्वारा की गई भूख हड़ताल जिस स्थान पर आयोजित की गई थी, वहां आंबेडकर एवं भारत माता की तस्वीरें अगल-बगल रखी गईं थीं और दीवार पर लिखा था 'जय भीम'।

यह महत्वपूर्ण है कि हिन्दुत्ववादी, डॉ आंबेडकर को एक ऐसे 'हिन्दू समाजसुधारक' व 'पक्के राष्ट्रवादी' के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जिसने संविधान के निर्माण में अहम् भूमिका निभायी और जो मुस्लिम 'अलगाववाद' और साम्यवादियों की 'राज्य क्षेत्रातीत वफादारी' का घोर विरोधी था। अभाविप की एक और रणनीति है-दलितों के दिलोदिमाग में मुसलमानों के प्रति संदेह और घृणा के बीज बोना। अभाविप का कहना है कि दलितों की स्थिति में 'गिरावट, मुस्लिम 'आक्रान्ताओं' के भारत में आगमन के साथ आई। इस प्रचार का लक्ष्य इस्लाम और ईसाई धर्म को विदेशी बताकर उनका दानवीकरण करना है। हाल में जारी अभाविप के एक पोस्टर में, आंबेडकर का चित्र भगवा पृष्ठभूमि में प्रकाशित किया किया गया और उसमें दलितों को यह चेतावनी दी गयी कि वे इस्लाम या ईसाई धर्म को अपनाकर स्वयं को 'अराष्ट्रवादी' न बनाएं। पोस्टर में आंबेडकर को यह कहते हुए उद्धत किया गया है कि, "धर्मपरिवर्तन के राष्ट्र पर समग्र रूप से पड़ने वाले प्रभाव को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाने से दलितों का 'अराष्ट्रवादीकरण' हो जायेगा"।

अभाविप यह भी कहती आ रही है कि दलित 'निष्ठावान हिन्दू' थे, जिन्हें इसलिए बदहाली में ढकेल दिया गया क्योंकि उन्होंने मुस्लिम शासकों के 'दमन'का विरोध किया और 'जोर-जबरदस्ती' से इस्लाम अपनाने से इनकार कर दिया। दलितों व मुसलमानों के बीच किसी भी तरह के विवाद को सनसनीखेज बनाकर, सांप्रदायिक रंग दे दिया जाता है। बार-बार यह दोहराया जाता है कि अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय व जामिया मिलिया इस्लामिया जैसे मुस्लिम वर्चस्व वाले संस्थान, अनुसूचित जातियों को आरक्षण प्रदान करने से लगातार इंकार करते आये हैं। दलितों को वामपंथियों के खिलाफ भड़काने के लिए अभाविप यह दावा कर रही है कि आंबेडकर, साम्यवादियों के विरोधी थे। यह इस तथ्य के बावजूद कि हिंदुत्ववादियों के विपरीत, श्रमिकों के हित आम्बेडकर के लिए सर्वोपरि थे और उन्होंने साम्यवादियों के साथ मिलकर काम किया था। अभाविप यह भी कहती है कि अपने जीवन में बहुत दुःख और परेशानियाँ झेलने के बाद भी आंबेडकर ने वर्गीय शत्रुता पैदा करने की कोशिश नहीं की बल्कि वे समाज में समरसता के लिए काम करते रहे।

यह महत्वपूर्ण है कि समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन के वामपंथी विमर्श को, सामाजिक एकता को तोड़ने के प्रयास और देश की एकता के लिए खतरे के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। अभाविप का 18 जनवरी, 2016 को जारी एक परचा, साम्यवादियों पर कटु हल्ला बोलता है, "राज्यतंत्र पर हमले के पीछे वामपंथियों के छुपे हुए एजेंडे को हमें समझना होगा। यह तंत्र उस संविधान के तहत संचालित होता है, जिसके निर्माता स्वयं बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर थे। इस संविधान और इस राज्यतंत्र से साम्यवादियों की चिढ़ का कारण साफ है। उन्हें पारदर्शी ढंग से काम करना आता ही नहीं है....भारतीय वामपंथियों का यह इतिहास रहा है कि वे पहले अपने नारों से युवाओं को भड़काते और भरमाते हैं और फिर उनका इस्तेमाल भारतीय राज्य और इसके नागरिकों के खिलाफ करते हैं। हमें एसएफआई के पितृसंगठन सीपीएम के शर्मनाक इतिहास को नहीं भूलना चाहिए। इसकी स्थापना उन साम्यवादी नेताओं ने की थी जो 1962 के युद्ध के समय चीन के लिए जासूसी करते थे"।

जहाँ अभाविप अपने को बाबासाहेब और उनके बनाये हुए संविधान का 'अनुयायी' और 'प्रशंसक' बताते हुए साम्यवादियों पर हमले कर रही है वहीं इस संस्था ने कभी अपने पितृ संगठन आरएसएस से यह नहीं पूछा कि वह आंबेडकर के आदर्शों के विरुद्ध आचरण क्यों करती है। आंबेडकर, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के हामी थे जबकि हिन्दुत्ववादी शक्तियां ब्राह्मणवाद और असमानता की पोषक हैं और समाज को ध्रुवीकृत और विभाजित करना चाहती हैं।

इन सब के सहारे, अभाविप नीची जातियों के कुछ विद्यार्थियों को अपने साथ लेने में सफल हो गयी है और यही कारण है कि हिन्दुवावादी शक्तियां इन दिनों अपेक्षाकृत अधिक शक्तिशाली नजर आ रही हैं। जहाँ तक ऊँची जातियों के विद्यार्थियों का प्रश्न है, वे लम्बे समय से स्वयं को 'प्रगतिशील' राजनीति के हमराह बताते आ रहे हैं परन्तु अब उनकी घरवापसी हो रही है। वे हिन्दुत्ववादी शक्तियों के प्रभाव में वृद्धि के साथ, उनके साथ जुड़ रहे हैं।

अपने एक साक्षात्कार में अभाविप की जेएनयू इकाई के जानेपहचाने चेहरे संदीप कुमार सिंह ने हवा के रुख में आए इस परिवर्तन की चर्चा करते हुए यह स्वीकार किया कि नीची जातियों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में अभाविप से जुड़ रहे हैं। संदीप, बिहार के ओबीसी हैं और अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र में शोधार्थी हैं। वे कहते हैं, "आज अभाविप में दलितों और पिछड़ों का वर्चस्व है। अभाविप की जेएनयू इकाई के हर 10 में से 8 सदस्य ओबीसी या एससी हैं। इकाई के अध्यक्ष व महासचिव क्रमशः बिहार व राजस्थान के ओबीसी हैं। सिंह ने सन् 2012 में जेएनयू छात्रसंघ के महासचिव पद का चुनाव लड़ा था। यह पूछे जाने पर कि दलित और ओबीसी किसी भी ऐसे संगठन में वर्चस्वशाली कैसे हो सकते हैं, जिसने अब तक ब्राहम्णवाद और मनु की विचारधारा को खारिज नहीं किया है, सिंह कहते हैं "आज मनु की पूजा कौन कर रहा है? मनु की विचारधारा मर चुकी है। ये मुद्दे वे लोग उठाते हैं जो भारतीय समाज को विभाजित करना चाहते हैं। कम्युनिस्ट चाहे जो कहें, अभाविप दलितों के विरूद्ध नहीं है। हम तो समरस समाज का निर्माण करना चाहते हैं। परंतु एक चीज पक्की है। हमारा नेतृत्व दलितों और पिछड़ों के हाथों में रहेगा।

क्या नेतृत्व सचमुच दलितों और पिछड़ों के हाथों में है? कतई नहीं। अभाविप का शीर्ष नेतृत्व आज भी ऊँची जातियों का है। हाल में अभाविप के नीची जातियों के कई सदस्यों ने इस भगवा संगठन से किनारा कर लिया और रोहित वेमूला की "संस्थागत हत्या" और धर्मनिरपेक्ष संस्थानों पर हमले के विरोध में मनुस्मृति की प्रतियां जलाईं। इस पृष्ठभूमि में सिंह का दावा अतिशयोक्तिपूर्ण लगता है। परंतु यह सच है कि अभाविप में निचले स्तर पर नीची जातियों का प्रतिनिधित्व बढ़ा है।

यह महत्वपूर्ण है कि हिन्दू दक्षिणपंथी, वंचित वर्गों की जातियों को आपस में विभाजित करने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देते। वे अपने ढंग की पहचान की राजनीति करते हैं। उदाहरणार्थ, जब वे किसी जाति विशेष के उम्मीदवार को चुनाव लड़वाते हैं तब अपने विरोधियों को कमजोर करने के लिए वे विद्यार्थियों से जाति के आधार पर वोट देने की अपील करते हैं।

अपमानजनक व नीचा दिखाने वाला

आंबेडकर पर कब्जा जमाने की अभाविप की राजनीति का आंबेडकरवादी लगातार विरोध करते आए हैं। बाबा साहेब आंबेडकर की क्रांतिकारी विरासत और मुखर आंबेडकरवादी आंदोलन, हिन्दुत्ववादियों के लिए हमेशा एक बड़ी चुनौती रहे हैं।

उदाहरणार्थ, 'युनाईटेड दलित स्टूडेन्टस फोरम' ने केन्द्रीय पुस्तकालय का नाम आंबेडकर पर रखे जाने के अभाविप के प्रयासों का असली मंतव्य समझने में देरी नहीं की। फोरम के सबसे ताजा पर्चे का शीर्षक है, "आंबेडकर को हिन्दुत्ववादी न तो अंगीकार कर सकते हैं और न उन पर कब्जा जमा सकते हैं। पर्चे में कहा गया है कि लायब्रेरी के नाम बदलने का हिन्दुत्ववादी अभियान, "आंबेडकर का अपमान" है और यह कि आंबेडकर को मुख्यधारा के वे दल याद कर रहे हैं जो कि अब तक उनकी उपेक्षा करते आ रहे थे।

इस तर्क में दम है। उदाहरणार्थ, केन्द्रीय पुस्तकालय, जो जल्दी ही डा. आंबेडकर पुस्तकालय कहलाएगा, में आंबेडकर के संपूर्ण वांग्मय की पर्याप्त प्रतियां उपलब्ध नहीं हैं। आंबेडकर पीठ और सेंटर फॉर स्टडी ऑफ़ सोशल एक्सक्लूजन धन की कमी से जूझ रहे हैं। दलित स्टूडेंटस फोरम के अतिरिक्त अन्य आंबेडकरवादी विद्यार्थियों ने भी हिन्दू दक्षिणपंथियों की इस चाल की खुलकर भर्त्सना की। जेएनयू के पीएचडी शोधार्थी जदुमनी महानंद ने एक वेबसाईट पर इस प्रयास की कड़ी आलोचना करते हुए उसे "अपमानजनक" बताया। यह अपेक्षा करना गलत नहीं होगा कि आने वाले समय में हिन्दू दक्षिणपंथी, आंबेडकर पर कब्जा जमाने के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाते रहेंगे वहीं आंबेडकरवादी इस षड़यंत्र का पर्दाफाश करने में कोई कसर बाकी न रखेंगे।

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

जेएनयू की नई प्रवेश नीति : गंभीर सामाजिक अन्याय

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा नियुक्त नए कुलपति के साथ आई नई प्रवेश नीति का एकमात्र उद्धेश्य जेएनयू के विद्यार्थियों में हाशिए पर पड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व में कमी लाना है। अभय कुमार का विश्लेषण :

अभय कुमार April 4, 2018

जब से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने एम. जगदीश कुमार को दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) का कुलपति नियुक्त कर, इस प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान का संचालन अपने हाथों में लिया है, तभी से इसे 'राष्ट्र विरोधियों का अड्डा' बताकर बदनाम किया जा रहा है। जेएनयू पर हिन्दुत्ववादी हमले जारी हैं। उसके धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील चरित्र को समाप्त करने की कोशिश हो रही है। पहले से ही जारी निजीकरण की प्रक्रिया को और तेज किया जा रहा है और विश्वविद्यालय में प्रजातांत्रिक ढंग से अपनी असहमति को स्वर देने की गुंजाइश कम होती जा रही है। जीएससीएएसएच (एक समिति जो यौन उत्पीड़न के मामलों की जांच करती थी और लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा दे रही थी) का स्थान दंतविहीन और कठपुतली आईसीसी (इंटरनल कम्पलेंट्स कमेटी) ने ले लिया है। परंतु भारत के नए निजाम ने जेएनयू के संदर्भ में जो सबसे गंभीर और चिंताजनक कदम उठाया है वह है वहां विद्यमान आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने का प्रयास, जो सामाजिक न्याय की जड़ों पर प्रहार है। इससे वंचित वर्गों के विद्यार्थियों – चाहे वे वर्तमान मे विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हों या यहां दाखिला लेना चाहते हों – का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

जेएनयू के शिक्षकों और छात्रों ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन कर नये प्रवेश नीति का विरोध किया जिससे संविधान प्रदत्त आरक्षण की अवहेलना की जा रही है

आरक्षण की व्यवस्था को कमजोर करने और उसके जरिए सामाजिक न्याय की प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयास का सबसे प्रमुख उपकरण है नई प्रवेश नीति, जिसे कुलपति ने विश्वविद्यालय पर थोप दिया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक शुरू से ही इस नीति का लगातार विरोध करते आए हैं। उनका मानना है कि नई नीति के प्रावधानों से हाशिए पर पड़े वर्गों के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में प्रवेश पाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। नई नीति के अंतर्गत, प्रवेश प्रक्रिया को साक्षात्कार-

केन्द्रित बना दिया गया है। लिखित परीक्षा में अच्छे अंक, केवल उम्मीदवार को साक्षात्कार में भाग लेने की अहर्ता प्रदान करते हैं और अंतिम चयन से उनका कोई लेना-देना नहीं होता। नई नीति में प्रत्येक विद्यार्थी, चाहे उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि और रहवास का स्थान कोई भी हो, को साक्षात्कार में बुलाए जाने के लिए लिखित परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्त करना आवश्यक होगा। इसके अलावा, नई नीति में एमफिल और पीएचडी कार्यक्रमों में सीटों की संख्या बहुत कम कर दी गई है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में इन कार्यक्रमों में केवल 159 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। पिछले साल 970 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया था। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सीटों की संख्या में कमी इसलिए की गई है ताकि अध्यापक-शोध अध्येता अनुपात को बेहतर बनाया जा सके। यह इस तथ्य के बावजूद कि अध्यापकों का कहना है कि पिछले वर्ष जितने विद्यार्थियों को शोध कार्यक्रमों में प्रवेश दिया गया था, उतने विद्यार्थी आसानी से विश्वविद्यालय में अध्ययन कर सकते हैं।

कुलपति कुमार का कहना है कि नई प्रवेश नीति, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 5 मई 2016 की गजट अधिसूचना के अनुरूप है। वे यह नहीं बता रहे हैं कि यूजीसी की अधिसूचना केवल दिशानिर्देश है और कुलपति अपने विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं और प्रकृति को देखते हुए उसे स्वीकार अथवा अस्वीकार कर सकता है। विद्यार्थियों, अध्यापकों और प्रतिष्ठित अध्येताओं ने नई प्रवेश नीति के संबंध में कई चिंताएं और आपत्तियां व्यक्त की हैं परंतु कुलपति उनके सुसंगत तर्कों को सुनना ही नहीं चाहते। इसके कारण, मजबूर होकर विद्यार्थियों को हड़ताल और घेराव आदि का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। हर तरह की परेशानियों का सामना करते हुए – जिनमें उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाना शामिल है – विद्यार्थियों ने पिछले माह संसद तक लांग मार्च निकाला, जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। इस समय जेएनयू में शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह ठप्प हैं और पिछले तीन सप्ताह से तालाबंदी जारी है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वंचित वर्गों के विद्यार्थियों ने एक नए संगठन का गठन किया है जिसे 'जेएनयू एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्लूडी विद्यार्थी एवं अध्यापक फोरम' नाम दिया गया है। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए, फोरम ने नई प्रवेश नीति को भारतीय संविधान पर 'हमला' बताया। यह बिल्कुल उचित था। फोरम ने यह आरोप भी लगाया कि जेएनयू प्रशासन जानबूझकर नई नीति के आरक्षण पर प्रभाव के बारे में भ्रामक तथ्य प्रस्तुत कर रहा है। जेएनयू प्रशासन के दावों का खंडन करते हुए फोरम ने ऐसे आंकड़े प्रस्तुत किए, जिनसे यह जाहिर होता है कि किस प्रकार नई नीति से आरक्षण के संबंध में संवैधानिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन होता है। फोरम की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, "सन् 2017-18 में, एमफिल/पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों में एससी के लिए आरक्षण नियमानुसार 15 प्रतिशत की जगह 1.3 प्रतिशत, एसटी के लिए 7.5 प्रतिशत के विरूद्ध 0.6 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत के विरूद्ध 8.2 प्रतिशत और विकलांगों के लिए 3 प्रतिशत के स्थान पर 0.3 प्रतिशत था"। वेबसाईट 'काफिला' में 18 फरवरी 2018 को प्रकाशित अपने लेख में जेएनयू की प्राध्यापक निवेदिता मेनन ने आरक्षण संबंधी दिशानिर्देशों के उल्लंघन पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, "सन् 2017-18 में जेएनयू में एमफिल/पीएचडी कार्यक्रमों में प्रविष्ट विद्यार्थियों की संख्या में, उसके पिछले वर्ष की तुलना में 83 प्रतिशत की कमी आई। कुल 194 सीटों में से केवल 100 पर प्रवेश दिया गया। सन् 2018-19 में शोध कार्यक्रमों में प्रविष्ट विद्यार्थियों की संख्या, सन् 2016 की तुलना में 50 प्रतिशत से भी कम होने की संभावना है"।

शिक्षा तक पहुंच – विशेषकर फुले-आंबेडकर परंपरा में – मुक्ति के द्वार खोलती है। जैसा कि फुले ने अपनी पुस्तक 'गुलामगिरी' (1873) में लिखा था, ब्राम्हण अपना वर्चस्व इसलिए बनाए रख सके क्योंकि उन्होंने जबरदस्ती शूद्रों और अतिषूद्रों को शिक्षा से वंचित रखा। क्या नई प्रवेश नीति, उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से स्थापित करने का प्रयास नहीं है?

प्रतिनिधित्व और राष्ट्रीयता

हाशिए पर पड़े वर्गों के विद्यार्थी और शिक्षक, नई प्रवेश नीति को अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों के लिए एक बड़े खतरे के रूप में देखते हैं। परंतु ब्राम्हणवादी-कारपोरेट मीडिया, उनके प्रतिरोध को नजरअंदाज कर रहा है। मीडिया यह प्रचारित कर रहा है कि विद्यार्थी, कुलपति द्वारा उपस्थिति अनिवार्य किए जाने का विरोध कर रहे हैं और स्वयं की जवाबदेही स्वीकार नहीं करना चाहते।

जेएनयू के बापसा संगठन के सदस्यों ने संसद मार्च निकाला (फोटो साभार : बापसा)

स्कूल आॅफ सोशल साईंस (2) में स्थित आंदोलन स्थल में शनिवार की मध्यरात्रि को उपस्थित विद्यार्थी अपने भविष्य के प्रति चिंतित थे। उनमें से एक ने कहा, 'आरक्षण एक टानिक है। अगर वह नहीं होता तो आज मैं जेनएनयू में नहीं पढ़ रहा होता"। एक अन्य विद्यार्थी का कहना था कि "चूंकि हम लोग हाशिए पर पड़े वर्गों से आते हैं इसलिए हमारे साथ भेदभाव होता है। अगर आरक्षण की व्यवस्था न होती तो मैं आज यहां नहीं होता"।

इन विद्यार्थियों को यह खेद है कि आरक्षण-विरोधियों ने कभी उसके पीछे के दर्शन और सोच को समझने का प्रयास नहीं किया। आरक्षण-विरोधियों के इस तर्क में कोई दम नहीं है कि इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाना चाहिए क्योंकि उसके कारण 'योग्य व्यक्तियों' के साथ भेदभाव होता है। एक अन्य गलतफहमी यह है कि आरक्षण, वंचित वर्गों का अधिकार नहीं है बल्कि राज्य की ओर से उन्हें दिया गया उपहार है। सच यह है कि आरक्षण का उद्धेश्य, वंचित वर्गों को सभी क्षेत्रों में उचित प्रतिनिधित्व देना है, विशेषकर ऐसे स्थानों में जहां महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं या उनका कार्यान्वयन होता है। इसके अतिरिक्त, आरक्षण की आवश्यकता इसलिए भी है ताकि जातिप्रथा से पीड़ित भारतीय समाज के सभी सदस्यों को भेदभाव से मुक्ति दिलाई जा सके और देश के कामकाज में उनकी बराबरी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

आंबेडकर ने जाति की संस्था का गहन अध्ययन और विश्लेषण किया था। उन्होंने तर्कों के आधार पर यह साबित किया कि भारतीय समाज का जाति के आधार पर विभाजित होना, देश में बंधुत्व और राष्ट्रवाद की भावना के विकास में बाधक है। बाबासाहेब आंबेडकर का कहना था कि जाति-आधारित समाज के कारण बहुसंख्यकों ने कभी अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा नहीं की। दूसरे शब्दों में, अगर समाज के सभी वर्गों को देश के प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता तो उससे कमजोर वर्गों के हितों को चोट पहुंचेगी। अपनी पुस्तक 'मिस्टर गांधी एंड द इमेंसीपेशन आॅफ द अनटचेबिल्स' (1943, पृष्ठ 25-26) में वे लिखते है, 'यह मानना गलत होगा कि सभी परिस्थितियों में, बहुसंख्यक, किसी क्षेत्र के सभी अल्पसंख्यकों की इच्छा का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं'। अपने एक हालिया लेख ('वाय प्रजुडिस अगेंस्ट द रिजरवेशन पालिसी', क्रिटिकल क्वेस्ट, 2017,

पृष्ठ 3) में जानेमाने अर्थशास्त्री सुखदेव थोराट – जिन्होंने अपने शोध से यह साबित किया है कि जाति, वंचित वर्गों की समान सहभागिता में रोड़ा है – ने आंबेडकर के सरोकारों पर पुनः जोर दिया। उन्होंने लिखा कि आरक्षण की नीति का उद्धेश्य रोजगार, शिक्षा और विधानमंडलों में भेदभाव के विरूद्ध सुरक्षा प्रदान करना और हाशिए पर पड़े वर्गों की उचित भागीदारी सुनिश्चित करना है।

अप्रतिनिधिक षिक्षक संवर्ग

चूंकि जेएनयू के शिक्षक संवर्ग में वंचित वर्गों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं है इसलिए प्रवेश हेतु होने वाले साक्षात्कारों में उनके साथ भेदभाव किया जाता है। इस भेदभाव से निपटने के लिए बहुजन और वामपंथी विद्यार्थी संगठन लंबे समय से यह मांग करते आ रहे हैं कि प्रवेश परीक्षा में साक्षात्कार के अंकों का प्रतिशत, 30 से घटाकर 10-15 किया जाना चाहिए। एम जगदीश कुमार के जेएनयू के कुलपति का कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व, जेएनयू प्रशासन ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए अनेक समितियों का गठन किया था जिनमें राजीव भट्ट समिति, थोराट समिति और नाफे समिति शामिल हैं। इन सभी समितियों ने स्वीकार किया कि विश्वविद्यालय में जाति के आधार पर भेदभाव होता है। उन्होंने पाया कि साक्षात्कार में आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को, सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों की तुलना में, कम अंक दिए जाते हैं – यह तब, जब कि आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा – जिसमें उनकी पहचान उजागर नहीं की जाती – में सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों से तुलनात्मक रूप में अधिक अंक मिलते हैं। जाहिर है, ये निष्कर्ष साक्षात्कार के महत्व को घटाने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हैं। परंतु इन सिफारिशों पर अमल करने की बजाए, कुलपति कुमार ने प्रवेश की प्रक्रिया को साक्षात्कार-आधारित बना दिया है।

इससे भी ज्यादा बुरी बात यह है कि नई नीति में साक्षात्कार में अर्हकारी अंक बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिए गए हैं। यह भी सामाजिक न्याय की अवधारणा के खिलाफ है। क्या यह नहीं पूछा जाना चाहिए कि जब भारतीय समाज में लोग समान नहीं हैं तो उनके साथ समान व्यवहार कैसे किया जा सकता है।

एम जगदीश कुमार के जेएनयू में पदभार ग्रहण करने के पूर्व के अनुभव से यह स्पष्ट है कि आरक्षण से प्रजातंत्र सशक्त होता है, भेदभाव पर रोक लगती है और सभी की सहभागिता सुनिश्चित होती है। सन् 2007 से जेएनयू में प्रवेश में ओबीसी के लिए आरक्षण की व्यवस्था शुरू की गई। इसके कारण विश्वविद्यालय में ओबीसी विद्यार्थियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई और बहुत जल्द इन विद्यार्थियों की संख्या एक हजार से अधिक हो गई। सन् 2013-14 में विश्वविद्यालय के 7,677 विद्यार्थियों में से 3,648 दलित बहुजन (1,058 एसी, 632 एसटी और 1,948 ओबीसी) थे। नई प्रवेश नीति के असंवैधानिक प्रावधानों के कारण उनकी संख्या में तेजी से कमी आई है।

विद्यार्थियों में विभिन्न वर्गों के अनुपात में इस परिवर्तन के कारण, विश्वविद्यालय परिसर में दलित-बहुजन संस्कृति और राजनीति का दबदबा बढ़ा। विश्वविद्यालय का विमर्श बदलने लगा। छात्र संघों के नेतृत्व में भी बदलाव आया और वंचित वर्गों के विद्यार्थी, उच्च पदों के लिए चुने जाने लगे। सन् 2014 में बिरसा आंबेडकर फुले स्टूडेंटस एसोसिएशन (बीएपीएसए) का गठन और विश्वविद्यालय में एक शक्तिशाली संगठन के रूप में उसके उभार को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

विश्वविद्यालय में सक्रिय वामपंथी संगठनों को भी यह अहसास हो गया कि वे दलित-बहुजन नायकों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। उन्हें आंबेडकर, पेरियार, बिरसा मुंडा और फुले के प्रति अपनी उदासीनता को त्यागना पड़ा। पूर्व के विपरीत, कैंपस में लगे पोस्टरों, पर्चों और विद्यार्थियों द्वारा लगाए जाने वाले बैजों में दलित-बहुजन नायकों और नायिकाओं को माक्र्स, लेनिन, ट्रोटोस्की, स्टालिन और माओ की तुलना में अधिक स्थान मिलने लगा। जेएनयू की राजनीति के बदलते विमर्श का एक प्रतीक था 6 वर्ष पूर्व छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) के कार्यालय में फुले और बिरसा मुंडा के तैलचित्रों का अनावरण। इसके अलावा विश्वविद्यालय में बीफ और महिषासुर दिवस से जुड़े आयोजनों से ब्राह्मणवादी तबकों को गहरा धक्का लगा।

अब, असंवैधानिक कदम उठाकर इन परिवर्तनों की दिशा को पलटने की कोशिश की जा रही है। जेएनयू की नई प्रवेश नीति, कैंपस में दलित-बहुजनों के बढ़ते दबदबे को समाप्त करने के ब्राम्हणवादी/हिंदुत्व षड़यंत्र का हिस्सा है। जैसा कि एक प्रदर्शनकारी विद्यार्थी ने कहा, 'अगर हम प्रतिरोध नहीं करेंगे तो हमार्रा अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। अगर नई प्रवेश नीति का सामूहिक रूप से विरोध नहीं किया गया तो असंख्य एकलव्यों को अपने अंगूठे खोने पड़ेंगे"।

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +919968527911, ईमेल : info@forwardmagazine.in

फारवर्ड प्रेस की किताबें किंडल पर प्रिंट की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। कृपया इन लिंकों पर देखें :

बहुजन साहित्य की प्रस्तावना

विज्ञापन - वे बहुजन साहित्य से इन कारणों से डरते हैं

महिषासुर एक जननायक’

महिषासुर : मिथक व परंपराए

दलित पैंथर्स : एन ऑथरेटिव हिस्ट्री : लेखक : जेवी पवार

जाति के प्रश्न पर कबीर

चिंतन के जन सरोकार

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

यूपी : दलित जैसे नहीं हैं अति पिछड़े, श्रेणी में शामिल करना न्यायसंगत नहीं

अलख निरंजन

सामाजिक न्याय की दृष्टि से देखा जाय तो भी इन 17 जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने से दलितों के साथ अन्याय होगा।...

बहस-तलब : आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पूर्वार्द्ध में

विद्या भूषण रावत

मूल बात यह है कि यदि आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाता है तो ईमानदारी से इस संबंध में भी दलित, आदिवासी और पिछड़ो...

साक्षात्कार : 'हम विमुक्त, घुमंतू व अर्द्ध घुमंतू जनजातियों को मिले एसटी का दर्जा या दस फीसदी आरक्षण'

नवल किशोर कुमार

"मैंने उन्हें रेनके कमीशन की रिपोर्ट दी और कहा कि देखिए यह रिपोर्ट क्या कहती है। आप उन जातियों के लिए काम कर रहे...

कैसे और क्यों दलित बिठाने लगे हैं गणेश की प्रतिमा?

सुशील मानव

जाटव समाज में भी कुछ लोग मानसिक रूप से परिपक्व नहीं हैं, कैडराइज नहीं हैं। उनको आरएसएस के वॉलंटियर्स बहुत आसानी से अपनी गिरफ़्त...

महाराष्ट्र में आदिवासी महिलाओं ने कहा– रावण हमारे पुरखा, उनकी प्रतिमाएं जलाना बंद हो

एफपी डेस्क

उषाकिरण आत्राम के मुताबिक, रावण जो कि हमारे पुरखा हैं, उन्हें हिंसक बताया जाता है और एक तरह से हमारी संस्कृति को दूषित किया...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

JNU elections: Dalit rickshaw puller’s son challenges ‘a bunch of Brahmin boys’

BAPSA presidential candidate Sonpimple Rahul Punaram has always said the fight against the oppression is to be led by the oppressed themselves. During this conversation with Abhay Kumar, he reiterates that point

Abhay Kumar September 6, 2016

Sonpimple Rahul Punaram

JNU Students Union (JNUSU) elections are just a few days away and the campaigning on the university campus has reached a crescendo. This year’s election on September 9 assumes greater importance in the wake of the February 9 incident. While the arch-rivals AISA and SFI

have teamed up, claiming to forge a "unity in principle" to "defend JNU" from the Hindutva forces, the Birsa Ambedkar Phule Students' Association (BAPSA) believes that only the "unity of the oppressed" can uproot Brahmanism, politically, socially and culturally.

BAPSA presidential candidate Sonpimple Rahul Punaram, better known as Rahul on the campus, is studying for his PhD in sociology. He talked about the idea of "experience" as a framework, which Dalitbahujan intellectuals often underscore.

Rahul himself has had plenty of that "experience". He was born in a Nagpur slum. His father pulled a rickshaw and mother worked as a construction labourer to feed the family. As he grew up, he came to realize that the world outside the Dalit ghetto was perhaps even crueller. He began to face discrimination in villages where population was largely non-Dalit. In school, the discrimination at the hands of his teachers was more "subtle".

Then there was the massacre of Dalits in Khairlanji (2006). This infamous, inhuman act affected him deeply. But he was also inspired to see a huge number of Dalit women up in arms against the ruling castes and classes. "The oppression will not end unless the oppressed sections rise and raise their voices," he says.

It's this belief that drew him closer to BAPSA. When he left Maharashtra and joined JNU as an MPhil student some years ago, BAPSA was still a new organization. Rahul, among others, played an important role in its consolidation.

Since its inception, the BAPSA has been in the thick of campus politics, holding meetings, demonstrations and mobilizing support on issues, including oppression and discrimination. On many an occasion, Rahul's fiery speeches and presentation of facts from the Ambedkarite perspectives drew supporters as well as detractors.

Rahul and other BAPSA candidates lead a march in JNU in the run-up to the elections

He has always said the fight against the oppression is to be led by the oppressed themselves. During this conversation, he reiterates that point, saying an experience of oppression is key to fighting against oppression. Unlike the oppressed sections, some people just “talk about” oppression and “celebrate”, he laments. Thus, he makes a distinction between those who have never faced discrimination and just talk about it and the oppressed whose articulation bears a deep mark of their sufferings. He also appears to be taking a dig at the so-called progressive and the Left forces, which, in his opinion, are afraid to radically address the issue of inequality on the campus.

Unlike other contenders in the upcoming JNU polls, he assures that if he is elected, he would relentlessly fight for equality and inclusion no matter who stands in his way.

Some of the key issues figuring prominently during his campaign are the issue of dropouts, discrimination in viva voce (oral examination), reservation for the marginalized sections such as SCs, STs, OBCs and minorities, and gender justice, including for Kashmiri women whose rights have been violated.

Deeply concerned about the students dropping out, he says the most of students who were forced to leave are from the weaker sections. Besides, a large number of students who are not fluent in English are also shown the door. To address this issue, he, as he claims, took many cases of dropouts to the SC and ST Commission while the JNUSU did not care to address them.

He filed an RTI and studied the long-term trend of students dropping out. His findings were that both the "right-wing" and "left-wing" people were involved in discriminating against the oppressed sections. He laments that while the students of the weaker sections got 60 to 70 per cent marks in written exams, many of them were denied admission by teachers who gave them zero marks in the viva voce.

Also noteworthy is that many reserved seats aren't filled. Like BAPSA, the recently floated United OBC Forum has brought this issue centre stage. Rahul does not expect much from the right-wing forces but he is disappointed with the Left. The Left should have taken "bigger responsibility" for ensuring that the administration adhered to the reservation policy mandated by the Constitution.

To reach out to Muslim students of the campus, he has included their concerns in his manifesto. The representation of Muslim students in JNU programmes other than Urdu, Persian and Arabic is abysmally low and for many years demands have been made for "deprivation points" so as to facilitate their entry into other schools such as Social Sciences, International Studies and Natural Sciences.



As it has been evident so far, the discourse on gender justice is likely to cast its shadow over JNU polls because a case of rape has been filed against a former Delhi state president of the AISA. Rahul accuses AISA of tokenism for doing nothing more than just expelling him. He also questions the sincerity of the AISA intellectuals in the fight for gender justice when they have been largely silent about this barbaric incident. Rahul says this is "impunity". According to him, AISA is not confident about contesting the elections alone because it fears losing a large base among voters, especially among those who are concerned about gender justice. Thus it has teamed up with the SFI, its rival for almost three decades on JNU campus. The SFI, on the other hand, saw in this alliance a chance to "secure" seats in the central panel and overcome decades of setbacks.

Continuing his criticism of the ruling Left on the campus, Rahul says that the Left organizations are "soft-brahmanical forces" only interested in getting the votes of the oppressed sections. Unlike the so-called Left, he adds, the oppressed are capable of taking

the fight against brahmanical right-wing forces beyond politics and into the domain of social and cultural practices.

Does this criticism leave any scope for forging an alliance between the Ambedkarites and the Left parties? Rahul stresses the need for oppressed groups to be united. His position is clearly different from that of Dalit activist Jignesh Mewani, who calls for a united struggle led by the Ambedkarites and the Left forces.

But aren't there contradictions among the oppressed sections as well? For example, when the PMK leader Anbumani Ramadoss was invited to JNU by the United OBC Forum on the 25th anniversary of the implementation of Mandal commission's recommendations, BAPSA protested. There is a need to remove these contradictions and work for forging unity, Rahul says.

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ali Anwar: By amending Waqf law, government wants to grab land, not ensure Pasmanda representation

Nawal Kishore Kumar

The creation of a Waqf is a religious process. How can a non-Muslim regulate it? Will you dare provide for non-Hindu membership on the...

Why isn’t there talk about what if Ambedkar had been India’s first prime minister?

Rajendra Prasad

Had India’s policies been designed from a bottom-up perspective, the remnants of the British colonial system would have been dismantled far more quickly. However,...

The Waqf law, and the Ashraaf failure to come to terms with democracy

Ayaz Ahmad

The Islamophilic Ashraaf’s failure to come to terms with democracy has made them hopelessly prejudiced against Common Family Code. This Ashraaf failure coupled with...

‘Dabba Cartel’: Amid drug trafficking, an exciting entanglement of class and gender questions

Survesh Pratap Singh

The women coming together to run a drug business disguised as a ‘dabba’ service has us wondering whether the old doctrine of class struggle...

K.K. Kochu and his struggle to redeem human dignity

Vinil Paul

One of the foremost Dalit thinkers of Kerala K.K. Kochu, 76, passed away on 13 March 2025. Historian Vinil Paul recalls his enduring contributions...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

JNU elections: Dalit rickshaw puller’s son challenges ‘a bunch of Brahmin boys’

BAPSA presidential candidate Sonpimple Rahul Punaram has always said the fight against the oppression is to be led by the oppressed themselves. During this conversation with Abhay Kumar, he reiterates that point

Abhay Kumar September 6, 2016

Sonpimple Rahul Punaram

JNU Students Union (JNUSU) elections are just a few days away and the campaigning on the university campus has reached a crescendo. This year’s election on September 9 assumes greater importance in the wake of the February 9 incident. While the arch-rivals AISA and SFI

have teamed up, claiming to forge a "unity in principle" to "defend JNU" from the Hindutva forces, the Birsa Ambedkar Phule Students' Association (BAPSA) believes that only the "unity of the oppressed" can uproot Brahmanism, politically, socially and culturally.

BAPSA presidential candidate Sonpimple Rahul Punaram, better known as Rahul on the campus, is studying for his PhD in sociology. He talked about the idea of "experience" as a framework, which Dalitbahujan intellectuals often underscore.

Rahul himself has had plenty of that "experience". He was born in a Nagpur slum. His father pulled a rickshaw and mother worked as a construction labourer to feed the family. As he grew up, he came to realize that the world outside the Dalit ghetto was perhaps even crueller. He began to face discrimination in villages where population was largely non-Dalit. In school, the discrimination at the hands of his teachers was more "subtle".

Then there was the massacre of Dalits in Khairlanji (2006). This infamous, inhuman act affected him deeply. But he was also inspired to see a huge number of Dalit women up in arms against the ruling castes and classes. "The oppression will not end unless the oppressed sections rise and raise their voices," he says.

It's this belief that drew him closer to BAPSA. When he left Maharashtra and joined JNU as an MPhil student some years ago, BAPSA was still a new organization. Rahul, among others, played an important role in its consolidation.

Since its inception, the BAPSA has been in the thick of campus politics, holding meetings, demonstrations and mobilizing support on issues, including oppression and discrimination. On many an occasion, Rahul's fiery speeches and presentation of facts from the Ambedkarite perspectives drew supporters as well as detractors.

Rahul and other BAPSA candidates lead a march in JNU in the run-up to the elections

He has always said the fight against the oppression is to be led by the oppressed themselves. During this conversation, he reiterates that point, saying an experience of oppression is key to fighting against oppression. Unlike the oppressed sections, some people just “talk about” oppression and “celebrate”, he laments. Thus, he makes a distinction between those who have never faced discrimination and just talk about it and the oppressed whose articulation bears a deep mark of their sufferings. He also appears to be taking a dig at the so-called progressive and the Left forces, which, in his opinion, are afraid to radically address the issue of inequality on the campus.

Unlike other contenders in the upcoming JNU polls, he assures that if he is elected, he would relentlessly fight for equality and inclusion no matter who stands in his way.

Some of the key issues figuring prominently during his campaign are the issue of dropouts, discrimination in viva voce (oral examination), reservation for the marginalized sections such as SCs, STs, OBCs and minorities, and gender justice, including for Kashmiri women whose rights have been violated.

Deeply concerned about the students dropping out, he says the most of students who were forced to leave are from the weaker sections. Besides, a large number of students who are not fluent in English are also shown the door. To address this issue, he, as he claims, took many cases of dropouts to the SC and ST Commission while the JNUSU did not care to address them.

He filed an RTI and studied the long-term trend of students dropping out. His findings were that both the “right-wing” and “left-wing” people were involved in discriminating against the oppressed sections. He laments that while the students of the weaker sections got 60 to 70 per cent marks in written exams, many of them were denied admission by teachers who gave them zero marks in the viva voce.

Also noteworthy is that many reserved seats aren’t filled. Like BAPSA, the recently floated United OBC Forum has brought this issue centre stage. Rahul does not expect much from the right-wing forces but he is disappointed with the Left. The Left should have taken “bigger responsibility” for ensuring that the administration adhered to the reservation policy mandated by the Constitution.

To reach out to Muslim students of the campus, he has included their concerns in his manifesto. The representation of Muslim students in JNU programmes other than Urdu, Persian and Arabic is abysmally low and for many years demands have been made for “deprivation points” so as to facilitate their entry into other schools such as Social Sciences, International Studies and Natural Sciences.



As it has been evident so far, the discourse on gender justice is likely to cast its shadow over JNU polls because a case of rape has been filed against a former Delhi state president of the AISA. Rahul accuses AISA of tokenism for doing nothing more than just expelling him. He also questions the sincerity of the AISA intellectuals in the fight for gender justice when they have been largely silent about this barbaric incident. Rahul says this is “impunity”. According to him, AISA is not confident about contesting the elections alone because it fears losing a large base among voters, especially among those who are concerned about gender justice. Thus it has teamed up with the SFI, its rival for almost three decades on JNU campus. The SFI, on the other hand, saw in this alliance a chance to “secure” seats in the central panel and overcome decades of setbacks.

Continuing his criticism of the ruling Left on the campus, Rahul says that the Left organizations are “soft-brahmanical forces” only interested in getting the votes of the oppressed sections. Unlike the so-called Left, he adds, the oppressed are capable of taking

the fight against brahmanical right-wing forces beyond politics and into the domain of social and cultural practices.

Does this criticism leave any scope for forging an alliance between the Ambedkarites and the Left parties? Rahul stresses the need for oppressed groups to be united. His position is clearly different from that of Dalit activist Jignesh Mewani, who calls for a united struggle led by the Ambedkarites and the Left forces.

But aren't there contradictions among the oppressed sections as well? For example, when the PMK leader Anbumani Ramadoss was invited to JNU by the United OBC Forum on the 25th anniversary of the implementation of Mandal commission's recommendations, BAPSA protested. There is a need to remove these contradictions and work for forging unity, Rahul says.

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ali Anwar: By amending Waqf law, government wants to grab land, not ensure Pasmanda representation

Nawal Kishore Kumar

The creation of a Waqf is a religious process. How can a non-Muslim regulate it? Will you dare provide for non-Hindu membership on the...

Why isn’t there talk about what if Ambedkar had been India’s first prime minister?

Rajendra Prasad

Had India’s policies been designed from a bottom-up perspective, the remnants of the British colonial system would have been dismantled far more quickly. However,...

The Waqf law, and the Ashraaf failure to come to terms with democracy

Ayaz Ahmad

The Islamophilic Ashraaf’s failure to come to terms with democracy has made them hopelessly prejudiced against Common Family Code. This Ashraaf failure coupled with...

‘Dabba Cartel’: Amid drug trafficking, an exciting entanglement of class and gender questions

Survesh Pratap Singh

The women coming together to run a drug business disguised as a ‘dabba’ service has us wondering whether the old doctrine of class struggle...

K.K. Kochu and his struggle to redeem human dignity

Vinil Paul

One of the foremost Dalit thinkers of Kerala K.K. Kochu, 76, passed away on 13 March 2025. Historian Vinil Paul recalls his enduring contributions...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

आंखन-देखी : जेएनयू पहले और इन दिनों

‘मैंने वहां नौ साल बिताए हैं और अपनी आंखों से देखा है कि यूनिवर्सिटी में सालों से सरस्वती, दुर्गा और काली पूजा मनाया जाता है। लेकिन इससे पहले कभी कोई हंगामा नहीं हुआ था और सब कुछ शांति से हो रहा था। मगर इन दिनों कुछ लोग जानबूझकर धर्म के नाम पर हंगामा करना चाहते हैं और नफरत की आग में घी डालना चाहते हैं।’ अपने अनुभव साझा कर रहे हैं जेएनयू के पूर्व छात्र अभय कुमार

अभय कुमार April 19, 2022

बीते दिनों बिहार के मेरे एक रिश्तेदार ने मुझसे पूछा कि, “आख़िर जेएनयू में हिंदुओं को पूजा करने से क्यों रोका जा रहा है?” जवाब देते हुए मैंने कहा कि, “जेएनयू में कभी किसी को पूजा करने से नहीं रोका जाता। मैंने वहां नौ साल बिताए हैं और अपनी आंखों से देखा है कि यूनिवर्सिटी में सालों से सरस्वती, दुर्गा और काली पूजा मनाया जाता है। लेकिन इससे पहले कभी कोई हंगामा नहीं हुआ था और सब कुछ शांति से हो रहा था। मगर इन दिनों कुछ लोग जानबूझकर धर्म के नाम पर हंगामा करना चाहते हैं और नफरत की आग में घी डालना चाहते हैं। भगवा संगठन से जुड़े छात्रों ने जानबूझकर मांस का विवाद खड़ा किया और उनकी गुंडागर्दी के ख़िलाफ़ बोलने वाले छात्रों पर पत्थरबाजी की थी।”



लेकिन मुझे बीच में रोकते हुए मेरे रिश्तेदार ने कहा कि “जेएनयू के छात्रों को ‘जय श्री राम’ क़हने से दिक़्क़त है, लेकिन उन्हें ‘अल्लाहु अकबर’ का जाप करने में कोई समस्या नहीं है।”

यह सुनकर मैंने सिर पकड़ लिया। घंटों तक सोचता रहा कि देश किधर जा रहा है? जेएनयू को लेकर क्या अफवाह फैलाई जा रही है? जेएनयू, लेफ्ट, कांग्रेस को मुसलमानों से जोड़कर बदनाम किया जा रहा है। हाल के दिनों में प्रोपेगेंडा फिल्म ‘कश्मीर फाइल्स’ ने भी जेएनयू, विपक्ष और मुसलमानों पर भी निशाना साधा है और उनके ख़िलाफ़ काफ़ी दुष्प्रचार किया है।

वर्ष 2022 के लोकसभा उपचुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भगवा शक्तियां नफरत की इस आग को जलाये रखने की पूरी कोशिश कर रही हैं। वे दिन-रात कोशिश कर रही हैं कि मुसलमानों को कुछ करने के लिए उकसाया जाए और फिर उनको कुचलने के लिए बहानों की तलाश की जाए।



जेएनयू में आक्रामक हुआ है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

मगर खुशी की बात है कि मुसलमानों ने अब तक बहुत धैर्य दिखाया है। खाने, हिजाब और अज़ान को लेकर जिस तरह हर दिन उनके जज़्बात के साथ खेला जा रहा है, वह देश की सेहत के लिए ठीक नहीं है। आरएसएस और बीजेपी को लगता है कि मुस्लिम विरोधी उनकी रणनीति हमेशा कामयाब होगी। अबतक भाजपा अल्पसंख्यकों को 'खलनायक' बनाने में सफल रही है, लेकिन उसे इस बात का अंदाज़ा नहीं है कि उसने भारत का कितना बड़ा नुकसान किया है।

आज मुसलमान ही नहीं, दलित भी परेशान हैं। आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन छीनी जा रही है। पिछड़े वर्ग को रोजी-रोटी के लिए दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। श्रमिकों की मजदूरी घट रही है, जबकि उनके काम की अवधि बढ़ रही हैं। किसान की हालत इतनी खराब है कि वह जितना पैसा खेती में खर्च करता है, कई बार उसे वह निकाल नहीं पाता।

यह सच है कि तमाम संस्थाओं पर सवर्णों का कब्जा है, लेकिन सबसे कड़वी सच्चाई यह भी है कि उच्च जाति की आबादी का एक बड़ा हिस्सा भी गरीबी के दलदल में डूब रहा है। कुछ दिन पहले जब मैं गांव से दिल्ली लौट रहा था, तो मैंने अपनी एक बुढ़िया चाची को प्रणाम किया। उन्होंने ने मुझे आशीर्वाद दिया मगर मुझसे उन्होंने ने सर पर लगाने वाला 'ठंडा तेल' की एक बोतल खरीदने को कहा। मेरी चाची ब्राह्मण हैं, मगर फिर भी उनके पास तेल खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं। शिक्षा प्राप्त करने के लिए गांव के नौजवान को हर मुश्किल से गुजरना पड़ रहा है। गरीबी एक जमीनी सच्चाई है, जिसके बारे में बात नहीं हो रही है। जबकि सारी लड़ाई को हिंदू बनाम मुसलमान कर दिया गया है।

यह सच है कि मुसलमानों भगवा शक्तियों के सीधे निशाने पर हैं। लेकिन मुसलमान यह कभी न समझे कि गैर-मुसलमानों की हालत बहुत अच्छी है। ज्यादातर लोग सरकार की नीति से प्रताड़ित हैं। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने किराए से लेकर सब कुछ महंगा कर दिया है। अर्थव्यवस्था बीमार है, लेकिन भगवा सरकार इसका ठीक से इलाज करने के बजाय हिंदू-मुस्लिम खेल खेलकर जनता का ध्यान असल सवाल से भटका कर रखना चाहती है।

आवश्यकता इस बात की है कि मुसलमानों पर हो रहे हमलों के खिलाफ गैर-मुसलमानों आगे आएं। मुसलमानों को भी यह समझना होगा कि उनकी स्थिति अन्य वंचित वर्गों के हालात से बहुत अलग नहीं है। अगर हम इस बात को समझ लें तो भगवा साम्प्रदायिक शक्तियों और नफ़रत के सौदागरों का खेल तमाम हो जाएगा।

(संपादन : नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

फारवर्ड प्रेस की किताबें किंडल पर प्रिंट की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। कृपया इन लिंकों पर देखें

मिस कैथरीन मेयो की बहुचर्चित कृति : मदर इंडिया

बहुजन साहित्य की प्रस्तावना

दलित पैंथर्स : एन ऑथरेटिव हिस्ट्री : लेखक : जेवी पवार

महिषासुर एक जननायक’

महिषासुर : मिथक व परंपराए

जाति के प्रश्न पर कबीर

चिंतन के जन सरोकार

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

लाल भूमि पर दलितबहुजन दावेदारी

जेएनयू में दलितबहुजन नेतृत्व का उदय रातों-रात नहीं हुआ. इसकी शुरुआत आरक्षण व नीची जातियों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा पाने के अवसर मिलने के साथ हुई

अभय कुमार November 1, 2014

अधिकांश राजनैतिक पंडितों के लिए सन् 2014 के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के नतीजों की भविष्यवाणी करना अंतिम क्षणों तक मुश्किल था। अध्यक्ष पद के चारों प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला था। परन्तु वरिष्ठ पत्रकारए लेखक और जेएनयू की राजनीति के गहरे जानकार दिलीप मण्डल पूरे आत्मविश्वास से यह भविष्यवाणी कर रहे थे कि "परिणाम दलितबहुजन उम्मीदवारों के पक्ष में जायेगा"।

हर वर्ष, सितंबर के मध्य में, जब जेएनयू का विशाल कैंपस हरियाली से ढका होता है, तब जेएनयू व अन्य विश्वविद्यालयों के हजारों छात्रए स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टडीज के लॉन में जुटते हैं। तीन दिन तक वे लॉन में लगे लाउडस्पीकरों से छात्रसंघ चुनावों के नतीजों और रूझानों की घोषणाएं सुनते रहते हैं।

दिनेश कुमार अहिरवाल, जो चीनी अध्ययन के शोध छात्र हैं और जिन्होंने अध्यक्ष पद के लिये सन् 2011 में चुनाव लड़ा था, कहते हैं, "चूंकि अब कोई भी विद्यार्थी केंद्रीय पैनल के लिए एक ही बार चुनाव लड़ सकता है इसलिए अब छात्रसंघ के दरवाजे नीची जातियों के छात्रों के लिए खुल गये हैं। पहले ऊँची जातियों के छात्र साल दर साल चुनाव लड़ते रहते थे और नवागत विद्यार्थियों को मौका ही नहीं मिलता था।" मंडल की तरहए अहिरवाल भी इस तथ्य से वाकिफ हैं कि जेएनयू छात्रसंघ में ऊँची जातियों के नेतृत्व का वर्चस्व धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। वे इसका श्रेय लिंगडोह कमेटी की सिफारिशों को देते हैंए जो सन् 2011 में लागू की गई हैं। जेएनयू के वामपंथी और प्रजातांत्रिक खेमों में लिंगडोह सिफारिशों को बहुत प्रशंसा की दृष्टि से नहीं देखा जाता। इन खेमों के सदस्यों का कहना है कि ये सिफारिशें, दरअसल, शासक वर्ग द्वारा छात्र राजनीति के आमूल परिवर्तनवादी तबके को कमजोर करने का प्रयास हैं। अहिरवाल की राय इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूनाईटेड दलित स्टूडेंट्स फोरम, जिससे वे जुड़े हुए हैं, लिंगडोह समिति की सिफारिशों का विरोध करने के लिए गठित संयुक्त संघर्ष समिति का हिस्सा है।

तीसरे दिन राष्ट्रीय मीडिया ने ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के उम्मीदवारों की केंद्रीय पैनल के चारों पदों पर विजय की खबर को काफी महत्व दिया परंतु यह नहीं बताया कि चारों विजयी उम्मीदवार दलितबहुजन व अल्पसंख्यक सामाजिक पृष्ठभूमि के थे-आशुतोष कुमार, जो कि यादव हैंए अध्यक्ष चुने गये, अनंत प्रकाश नारायण जो उपाध्यक्ष बने व चिंटू कुमारी, जो महासचिव चुनी गयीं, दलित हैं और सहसचिव चुने गए शफकत हुसैन कश्मीरी मुसलमान हैं । मंडल सही सिद्ध हुए।

मीडिया से बातचीत करते हुए आशुतोष कुमार और चिंटू कुमारी ने बिना किसी लागलपेट के अपनी जीत को वंचित तबके की जीत बताया। "हम सब वंचित तबके की दावेदारी के लिए संघर्ष कर रहे थे", चिंटू ने एक टीवी चैनल से कहा।

न केवल विजेता बल्कि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी और अन्य अनेक उम्मीदवार नीची जातियों के थे। उदाहरणार्थ, 'लेफ्ट प्रोग्रेसिव फ्रंट' की राहिला परवीन, जो अध्यक्ष पद की उपविजेता रहीं, पसमांदा मुसलमान हैं। 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद' के सौरभ कुमार, जो तीसरे नंबर पर रहे, कुर्मी हैं और स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया के पिंडिगा अंबेडकर, जो चैथे स्थान पर थे, दलित हैं।

क्या 2014 के जेएनयू छात्रसंघ चुनाव, जेएनयू के लाल किले में दलितबहुजनों की सेंध का प्रतीक हैं? अगर हम जेएनयू छात्रसंघ राजनीति में आए हालिया परिवर्तनों को देखें तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि दलितबहुजनों की आवाज वहां बुलंद होती जा रही है।

ऊंची जातियों के वर्चस्व से

सन् 1969 में स्थापित जेएनयू, अपने इस दावे के विपरीत, कि वह सामाजिक न्याय की अवधारणा पर आधारित है, लंबे समय तक उच्च जातियों और वर्गों के वर्चस्व का केंद्र बना रहा। काफी लंबे संघर्ष के बाद, जेएनयू में दलितबहुजन छात्रों और शिक्षकों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। जानेमाने मानवाधिकार कार्यकर्ता और जेएनयू के पूर्व छात्र उमाकांत कहते हैं कि सन् 1990 के दशक की शुरूआत में जेएनयू में पहला एससी शिक्षक नियुक्त हुआ और यह नियुक्ति एक लंबे संघर्ष के पश्चात हो सकी। "जब जेएनयू अपनी रजत जयंती मना रहा था और भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा को समारोह में मुख्य अतिथि के बतौर आमंत्रित किया गया तब हमने इसका विरोध किया और यह सुनिश्चित किया कि वे कैंपस तक न पहुंच सकें। हमारा विरोध इसलिए उचित था क्योंकि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ी जातियों को इस तथाकथित प्रगतिशील विश्वविद्यालय में उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा था।"

नवंबर 1971 में जेएनयू छात्रसंघ का पहला चुनाव हुआ। तब से लेकर हाल तक, अधिकांश छात्रसंघ अध्यक्ष समाज के उच्च वर्गों से संबंधित थे। उदाहरणार्थ, जेएनयू छात्रसंघ के पहले अध्यक्ष एक ब्राह्मण ओ.एन. शुक्ला (1971-72, स्वतंत्र उम्मीदवार) थे। यहां तक कि सबसे 'लोकप्रिय' व 'सफल' छात्र नेता भी ऊँची जातियों से संबंध रखते थे-प्रकाश कारत, (1973-74, एसएफआई, वर्तमान में सीपीएम के महासचिव) आनंद कुमार, भूमिहार (1974-75, फ्री थिंकर्स, वर्तमान में आम आदमी पार्टी के नेता), डी.पी. त्रिपाठी, ब्राह्मण (1975-76, एसएफआई, वर्तमान में एनसीपी के महासचिव), एवं सीताराम येचुरी, ब्राह्मण (1976-77, एसएफआई, वर्तमान में सीपीएम पोलिट ब्यूरो सदस्य)।

...से दलितबहुजनों के प्रभाव में वृद्धि तक

दलित बहुजनों का विश्वविद्यालय कैंपस में प्रभाव बढ़ने की शुरूआत सन् 1990 के दशक में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू होने के साथ हुई। एआईएसए के चंद्रशेखर प्रसाद, कोयरी व एसएफआई के बातीलाल बेरवा, दलित दो-दो बार (क्रमशः 1994-96 व 1996-98) अध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा, अल्पसंख्यक व महिला उम्मीदवार भी अध्यक्ष पद के चुनाव में सफल रहे।

इनमें शामिल थे नसीर हुसैन (1999-2000, एसएफआई), अलबीना शकील (2001-2002, एसएफआई), मोना दास (2005-07, एआईएसए)।

परंतु जेएनयू छात्रसंघ के नेतृत्व की सामाजिक बुनावट में बड़ा परिवर्तन मंडल-2 के बाद आया। इस प्रतिष्ठित संस्थान में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण होने के बाद, यहां के विद्यार्थियों की सामाजिक पृष्ठभूमि में तेजी से बदलाव आया। आज जेएनयू के लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थी ऐसे हैं जो ऊँची जातियों से संबंधित नहीं हैं। अगर हम इनमें अन्य वंचित सामाजिक समूहों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को जोड़ दें तो ऊँची जातियों व वर्गों के विद्यार्थी घोर अल्पमत में नजर आयेंगे।

इस परिवर्तन का प्रभाव जेएनयू छात्रसंघ के पिछले तीन चुनावों के नतीजों में प्रतिबिंबित हुआ। इन तीनों चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित उम्मीदवार समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों से थे-व्ही. लेनिन कुमार (2012, एसएफआई-जेएनयू या डीएसएफ) जो कि तमिलनाडू के ओबीसी थे, अकबर चैधरी (2013, एआईएसए) जो कि उत्तरप्रदेश के मुसलमान थे और आशुतोष कुमार (2014, एआईएसए), जो कि बिहार के यादव हैं।

दलितबहुजनों का जेएनयू में बोलबाला बढ़ने का एक अन्य उदाहरण है फुले, पेरियार व अंबेडकर की विचारधाराओं पर आधारित छात्र संगठनों की बढ़ती संख्या। इनमें से कुछ, जो मंडल-2 के बाद अस्तित्व में आए, हैं आल इंडिया बैकवर्ड स्टूडेंट्स फोरम, अंटचेबल इंडिया, स्टूडेंट्स फॉर सोशल जस्टिस व आल इंडिया बैकवर्ड स्टूडेंट्स पार्लियामेंट आदि।

इसके अलावा, जेएनयू की संस्कृति का 'दलितीकरण' भी हो रहा है। पिछले कुछ सालों में जेएनयू में हमेशा से शक्तिशाली रहे वामपंथी छात्र संगठन, जो दलितबहुजन विभूतियों को नजरअंदाज करते आ रहे थे, को अब आम्बेडकर, पेरियार, बिरसा मुंडा और फुले के बारे में बात करने से कोई परहेज नहीं है। जेएनयू के कैंपस में सबालटर्न विभूतियों के प्रतीक और उनकी प्रतिमाएं, चित्र आदि आम हो गए हैं। पिछले वर्ष जेएनयू छात्र संघ के कार्यालय में फुले और बिरसा मुंडा के चित्र लगाए गए। पोस्टरों, पर्चों और बेजों पर अब दलितबहुजन नायक और नायिकाओं के चित्र और नारे देखे जा सकते हैं और इनकी संख्या मार्क्स, लेनिन, ट्रोटोस्की, स्टालिन व माओ के चित्रों से अधिक ही जान पड़ती है।

दलितबहुजनों की बुलंद होती आवाज का एक अन्य प्रकटीकरण है सबालटर्न एजेण्डे की बढ़ती स्वीकार्यता। लंबे समय तक ऊँची जातियों के मार्क्सवादियों का यह तर्क था कि जाति या आरक्षण संबंधी कोई भी बात, सर्वहारा वर्ग की एकता को कमजोर करेगी। परंतु अब वामपंथी पार्टियों के नेताओं के लेखों और भाषणों में 'सामाजिक न्याय', 'समावेश', 'प्रतिनिधित्व', 'आरक्षण', 'गरिमा', 'जाति का उन्मूलन' जैसे शब्दों की भरमार होती है।

कुछ आलोचकों का तर्क है कि वंचित वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ने मात्र से उनका सशक्तिकरण नहीं होगा और ना ही ढांचागत ऊँचनीच समाप्त होगी। वे कहते हैं कि कई बार चुने हुए प्रतिनिधि, अपनी पार्टी के या व्यक्तिगत हितों को मेहनतकश वर्गों के अधिकारों पर प्राथमिकता देते हैं। "हमें यह देखना होगा कि नवनिर्वाचित नेता किस हद तक अपनी पार्टी के अंदर और उसके

बाहर वंचित वर्गों से संबंधित मुद्दों को उठाते हैं", चंद्रसेन, पीएचडी छात्र व 2013 में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार कहते हैं। जहां यह चिंता जायज है और दलितबहुजन नेताओं को इस पर ध्यान देना चाहिए वहीं हमें इस चिंता को कैंपस में आयी नई गतिशीलता का स्वागत करने में बाधक नहीं बनने देना चाहिए।

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

कांशीराम आमजनों के नेता

दमित बहुसंख्यकों को प्रजातांत्रिक रास्ते से सत्ता पाने का तरीका सिखाना उनके जीवन का मिशन था

अभय कुमार November 1, 2015



२०वीं सदी के बहुत कम नेता हैं, जिन्होंने भारतीय राजनीति को इतना प्रभावित किया, जितना कि कांशीराम ने। वे सच्चे अर्थों में जननेता थे। पंजाब के एक गांव में रामदासिया चमार परिवार में जन्मे कांशीराम ने जीवनभर समाज के वंचित तबकों के राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए काम किया। 'मान्यवर' – जिस नाम से उनके अनुयायी उन्हें संबोधित करते थे – की कई उपलब्धियों में से एक थी, उत्तरप्रदेश, जो कि राजनीतिक दृष्टि से देश का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है और जो ब्राह्मणवाद का अभेद्य किला हुआ करता था, के मुख्यमंत्री पद पर एक दलित महिला को बिठाना। कांशीराम के जीवन की लगभग सभी महत्वपूर्ण घटनाओं को जानेमाने सामाजिक इतिहासविद और सांस्कृतिक मानवविज्ञानी बद्री नारायण द्वारा लिखित कांशीराम की राजनीतिक जीवनी में समेटा गया है।

जीवनी का शीर्षक है "कांशीराम लीडर ऑफ द दलित" (कांशीराम , दलितों के नेता)। पुस्तक आठ अध्यायों में विभाजित है, जिनमें उनके बचपन, महाराष्ट्र से उत्तरप्रदेश की उनकी राजनीतिक यात्रा व उनके राजनीतिक विचारों का विस्तार से वर्णन किया गया है। पुस्तक में कांशीराम और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की विभिन्न वर्गों द्वारा आलोचना की भी चर्चा की गई है।

छात्र व अध्येता के रूप में बद्री नारायण कई दशकों तक उत्तरप्रदेश में निवासरत रहे और उन्होंने कांशीराम की 'यात्रा' का 'नजदीकी से अध्ययन' किया। वे लिखते हैं कि उन्होंने जिन भी दलितों से इस सिलसिले में बात की, उन सभी ने यह 'स्वीकार' किया कि कांशीराम ने दलितों में आत्माभिमान, आत्मविश्वास और मुक्ति के भाव का सृजन किया। लेखक, कांशीराम को 'मूलत: प्रजातांत्रिक' बताते हैं। बद्री नारायण कहते हैं कि कांशीराम एक अत्यंत 'निष्णात रणनीतिकार' थे, जिन्होंने दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और धार्मिक अल्पसंख्यकों को एक नए सामाजिक वर्ग- 'बहुजन' – के झंडे तले इकट्ठा किया और उन्हें 'उनके मत की कीमत का अहसास कराया'। सन् 1984 में उन्होंने बसपा का गठन किया। यह पार्टी बहुजनों की मुक्ति और आत्मसम्मान का प्रतीक बनकर उभरी और इसने एक सामाजिक बदलाव की शुरुआत की।

पहला अध्याय पाठकों को कांशीराम के बचपन से परिचित करवाता है। 15 मार्च, 1934 को 'तुलनात्मक रूप से समृद्ध' परिवार में जन्मे कांशीराम की शुरुआती शिक्षा शासकीय प्राथमिक शाला मिलकपुर, पंजाब में हुई। अन्य अधिकांश दलित विद्यार्थियों की तरह, उन्हें भी अपने अध्यापकों के हाथों भेदभाव का शिकार होना पड़ा। दलित विद्यार्थियों को एक अलग मटके से पानी पीना पड़ता था। एक अन्य घटना, जिसने उन पर गहरा असर डाला वह थी एक बड़े अधिकारी का उनके पिता के साथ व्यवहार। कांशीराम स्वयं इस घटना का इन शब्दों में वर्णन करते हैं, "जब मैं स्कूल में पढ़ता था, तब एक दिन मेरी मां ने मुझसे, मेरे पिता को खाना पहुंचाने के लिए कहा। वे उस समय रोपड़ कनाल गेस्ट हाउस में बेगार कर रहे थे...मैंने खाने की पोटली ली और गेस्ट हाउस के लिए निकल पड़ा। उस दिन बहुत गर्मी थी और जब मैं गेस्ट हाउस पहुंचा तो मैंने देखा कि मेरे पिता पसीने से लथपथ थे। मैं उनकी यह हालत नहीं देख सका और मैंने उनसे आराम करने को कहा। परंतु मेरे पिता ने कहा कि वे ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि एक बड़ा अधिकारी अंदर सो रहा है और उन्हें हाथ से खींचे जाने वाले पंखे की रस्सी को लगातार खींचना पड़ेगा ताकि अफसर को ठंडी हवा मिलती रहे...मेरे पिता यह काम बहुत कम पैसों के लिए कर रहे थे और उन्होंने मुझे समझाया कि अगर उन्होंने रस्सी खींचना बंद कर दी तो अफसर की नींद खुल जायेगी और वह उन्हें सजा देगा। तब मैंने उनसे कहा कि वे दूसरे हाथ में एक छोटा पंखा लेकर खुद को हवा कर लें। परंतु मेरे पिता ने ऐसा करने से इंकार कर दिया (पृष्ठ 17-18)"।

जातिगत भेदभाव और तरह-तरह की मुसीबतों का मुकाबला करते हुए भी उन्होंने पढ़ाई में सफलता प्राप्त की और सन् 1956 में रोपड़ के सरकारी कालेज से बीएससी की डिग्री हासिल की।

राजनीति में पदार्पण

दूसरे अध्याय में कांशीराम की राजनीतिक यात्रा की चर्चा की गई है। यह राजनीतिक यात्रा आंबेडकर द्वारा उनके जीवन के अंतिम वर्षों में स्थापित की गई आरपीआई (द रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया) से शुरू होकर बामसेफ (ऑल इंडिया बैकवर्ड एण्ड माइनोरिटी कम्युनिटीज एम्प्लाइज फेडरेशन) के रास्ते बसपा तक पहुंची। लेखक ने कांशीराम के राजनीतिक जीवन को चार हिस्सों में विभाजित किया है। पहले चरण (1958-1964) की शुरूआत हुई उनके पुणे में एक नौकरी पाने से। वहीं वे आरपीआई से जुड़े। उन्होंने आंबेडकर द्वारा स्थापित "पीपुल्स एजुकेशन सोसायटी" के लिए भी काम किया। दूसरे चरण (1964-1978) की शुरूआत हुई 1964 में उनके द्वारा नौकरी से इस्तीफा देकर आरपीआई की सदस्यता लेने से। बाद में उन्होंने आरपीआई की यह कहकर आलोचना की कि वह अनेक धड़ों में बंटी हुई थी और अपने मूल लक्ष्य से भटक गई थी। आरपीआई से मोहभंग के बाद कांशीराम ने सन् 1971 में एसएमसीईए (एससी/एसटी/ओबीसी/माइनोरिटीज कम्युनिटीज एम्प्लाईज एसोसिएशन) का गठन पुणे में किया। बाद में इसी संस्था का नामकरण बामसेफ कर दिया गया। तीसरे चरण (1978-1984) की शुरूआत हुई 6 दिसंबर 1978 को बामसेफ की औपचारिक स्थापना के साथ। बामसेफ ने अपने अनुयायियों से "शिक्षा पाने, एक होने और संघर्ष करने" का आह्वान किया। चैथा चरण (1984 के बाद) नि:संदेह कांशीराम के राजनीतिक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा था। इसी दौरान देश में बसपा का उभार हुआ, जो बहुजनों के राजनैतिक उदय का प्रतीक थी।

तीसरा अध्याय सन 1982 में प्रकाशित कांशीराम की पुस्तक "द चमचा एज : एन इरा ऑफ स्टूजिस" (चमचा युग : कठपुतलियों का दौर) पर केंद्रित है। यह पुस्तक पुणे पैक्ट (1932) की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रकाशित की गई थी। गांधी ने आंबेडकर को "ब्लैकमेल" कर उन्हें इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर कर दिया था। इस समझौते के तहत, ब्रिटिश सरकार द्वारा दमित तबकों के लिए की गई पृथक निर्वाचन की व्यवस्था को खारिज कर दिया गया। मेरे विचार में लेखक 'द चमचा ऐज' का समुचित आलोचनात्मक विश्लेषण नहीं कर सके हैं। कांशीराम को यह उम्मीद थी कि इस पुस्तक से वे उन 'नकली' नेताओं के चेहरों पर से पर्दा उठा सकेंगे जो जन्मे तो दमित वर्ग के परिवारों में थे परंतु दमनकर्ताओं के हितपोषक थे।

चौथे अध्याय में यह बताया गया है कि कांशीराम ने किस तरह सबाल्टर्न संस्कृति, इतिहास और मिथकों का इस्तेमाल, दलितों और पिछड़ों में आत्मसम्मान जगाने के हथियार के रूप में किया। उदाहरणार्थ, बहुजनों को अपने साथ जोड़ने के लिए भाजपा ने बुद्ध, कबीर, रविदास, डारिया साहिब, जगजीवन दास, झलकारी बाई, बिजली महाराज, डालदेव महाराज, बालादीन, वीरापासी व महामाया जैसे व्यक्तित्वों का सृजन किया और उन्हें लोकप्रिय बनाया। जहां लेखक ने कांशीराम की सांस्कृतिक राजनीति का बेहतरीन विश्लेषण किया है वहीं गुरू रविदास पर एक अनुच्छेद खटकता है, "इसके अलावा, मुगल शासक बहुत जोरशोर से नीची जातियों के लोगों को तरह-तरह के लोभ-लालच देकर मुसलमान बना रहे थे ताकि देश में मुसलमानों की संख्या में वृद्धि हो और मुगल शासन मजबूत हो सके। संत रविदास ने अपनी शिक्षाओं के जरिये हिंदू समाज में सुधार लाने का प्रयास किया ताकि नीची जातियां, इस्लाम की तरफ आकर्षित न हों और वर्ण व्यवस्था कायम रह सके (पृष्ठ 121)।" हिंदू दक्षिणपंथी हमेशा से यह प्रचार करते आ रहे हैं कि मध्यकालीन भारत में बड़ी संख्या में हिंदुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया गया था। इसके विपरीत, धर्मनिरपेक्ष इतिहासविदों का कहना है कि चूंकि इस्लाम में ऊंचनीच नहीं थी, इसलिए ब्राह्मणवादी सामाजिक व्यवस्था से पीडित नीची जातियां उसकी ओर आकर्षित हुईं।

पांचवा अध्याय, बसपा, सत्ता पाने के उसके प्रयास और इनमें कांशीराम की भूमिका पर केंद्रित है। लेखक बिलकुल ठीक कहते हैं कि कांशीराम में "भीड़ इकट्ठा करने और उसे प्रभावित करने की असीम क्षमता थी।" कांशीराम को यह अच्छी तरह पता था कि प्रजातंत्र में अगर दमित बहुसंख्यकों को उनके वोट के मूल्य का एहसास करा दिया जाये तो सत्ता – जिसे वे गुरकिल्ली कहते थे – हासिल की जा सकती है। वे प्रजातंत्र की जटिल अवधारणा को इन सरल शब्दों में समझाते थे, "लोकशाही में रानी और मेहतरानी की कीमत एक ही होती है (पृष्ठ 165)।" वामपंथियों के एक हिस्से द्वारा चलाये जा रहे क्रांतिकारी सशस्त्र संघर्ष के विपरीत, कांशीराम ने बहुजनों को संवैधानिक तरीकों और प्रजातांत्रिक प्रक्रियाओं से एक किया।

'A sympathetic, clearly etched portrait of Kanshiram' Deccan Herald

Badri Narayan

KANSHIRAM

LEADER OF THE DALITS



पुस्तक : कांशीराम : लीडर ऑफ द दलितस प्रकाशक : पैंग्विन इंडिया (फोन : 0124-4785600) पेज : 265

छठवे, सातवें और आठवें अध्यायों में कांशीराम और उनकी पार्टी की सीमाओं और उनकी आलोचनाओं पर चर्चा की गई है। उदाहरणार्थ, यह आरोप लगाया गया कि वे "अवसरवाद को रणनीति की तरह इस्तेमाल करते हैं।" उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान और अकबर एहमद 'डंपी' जैसे 'दलबदलुओं' का स्वागत किया और बसपा ने उसी भाजपा से गठबंधन करने में कोई गुरेज नहीं किया, जिसकी वह धुर विरोधी थी। "कांशीराम को अपने राजनीतिक जीवन में सबसे कटु आलोचना तब झेलनी पड़ी जब बसपा, दो बार, भाजपा के समर्थन से उत्तरप्रदेश में सत्ता में आई (पृष्ठ 181)।"

आलोचकों को यह नहीं भूलना चाहिए कि बसपा कितनी समस्याओं से जूझ रही थी। उसे दमनकारी सामाजिक व्यवस्था से लड़ने के लिए समाज के सबसे वंचित वर्गों को लामबंद करना था। यह कोई आसान काम नहीं था। बेज़ुबानों को ज़ुबान देने और उनमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास जगाने के अलावा, उत्तरप्रदेश में मायावती के शासनकाल में कुछ ठोस परिवर्तन भी हुए। एस.एम. माईकल द्वारा संपादित पुस्तक "दलितस् इन माडर्न इंडिया : विजन एण्ड वैल्यूज़" (2007, पृष्ठ 262) में "द बीएसपी इन उत्तरप्रदेश : हूज़ पार्टी इज इट" शीर्षक के अपने लेख में जानेमाने राजनीति विज्ञानी और समाजशास्त्री क्रिस्टोफर जेफरलाट लिखते हैं कि मायावती सरकार की आंबेडकर ग्राम योजना के अंतर्गत ऐसे 25,434 गांवों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए धन आवंटित किया गया जिनके आधे या उससे अधिक रहवासी अनुसूचित जातियों के थे।

कांशीराम को पुस्तक के शीर्षक में 'दलितों का नेता' बताकर बद्री नारायण ने उनके योगदान के साथ न्याय नहीं किया है। यह विडंबना ही है कि जहां लेखक आमजनों को लामबंद करने और सामाजिक परिवर्तन लाने में कांशीराम की भूमिका की सराहना करते हैं वहीं वे उन पर "दलित नेता" का लेबल भी चस्पा कर देते हैं। जहां तक मुझे पता है, जवाहरलाल नेहरू की किसी जीवनी में उन्हें "ब्राह्मणों का नेता" नहीं बताया गया है। यह एक तरह से मुख्यधारा के समाज विज्ञानों के वर्चस्ववादी विमर्श का हिस्सा है जो फुले, पेरियार, आंबेडकर और इकबाल जैसे नेताओं को तो केवल समाज के कुछ तबकों के हितों का प्रतिनिधि बताता है, वहीं गांधी और नेहरू की स्तुति ऐसे नेताओं के रूप में की जाती जिन्होंने राष्ट्र के लिए संघर्ष किया।

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सावित्रीबाई फुले, जिन्होंने गढ़ा पति की परछाई से आगे बढ़कर अपना स्वतंत्र आकार

सुधा अरोड़ा

सावित्रीबाई फुले ने अपने पति जोतीराव फुले के समाज सुधार के काम में उनका पूरी तरह सहयोग देते हुए एक परछाईं की तरह पूरे...

रैदास: मध्यकालीन सामंती युग के आधुनिक क्रांतिकारी चिंतक

सिद्धार्थ

रैदास के आधुनिक क्रांतिकारी चिंतन-लेखन को वैश्विक और देश के फलक पर व्यापक स्वीकृति क्यों नहीं मिली? सच तो यह कि उनकी आधुनिक चिंतन...

जब नौजवान जगदेव प्रसाद ने जमींदार के हाथी को खदेड़ दिया

एनके नन्दा

अंग्रेज किसानों को तीनकठिया प्रथा के तहत एक बीघे यानी बीस कट्ठे में तीन कट्ठे में नील की खेती करने के लिए मजबूर करते...

डॉ. आंबेडकर : भारतीय उपमहाद्वीप के क्रांतिकारी कायांतरण के प्रस्तावक-प्रणेता

सिद्धार्थ

आंबेडकर के लिए बुद्ध धम्म भारतीय उपमहाद्वीप में सामाजिक लोकतंत्र कायम करने का एक सबसे बड़ा साधन था। वे बुद्ध धम्म को असमानतावादी, पितृसत्तावादी...

डॉ. आंबेडकर की विदेश यात्राओं से संबंधित अनदेखे दस्तावेज, जिनमें से कुछ आधारहीन दावों की पोल खोलते हैं

निखिल बागडे

डॉ. आंबेडकर की ऐसी प्रभावी और प्रमाणिक जीवनी अब भी लिखी जानी बाकी है, जो केवल ठोस और सत्यापन-योग्य तथ्यों – न कि सुनी-सुनाई...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

Kanshi Ram: Leader of the masses

His life's mission was to teach the oppressed majority how to seize power through democratic means

Abhay Kumar November 1, 2015



Not many political leaders of the 20th century have changed the landscape of Indian politics as much as Kanshi Ram, a true mass leader. Born in a Ramdasia Chamar family in rural Punjab, he fought throughout his life to politically empower the most deprived sections of society. Among his many achievements, "Manyawar", as he was popularly called, succeeded in "installing" a Dalit woman as the chief minister of Uttar Pradesh – politically the most crucial state of the country and the citadel of Brahmanism. Much of his eventful life has been portrayed in a political biography authored by the noted social historian and cultural anthropologist Badri Narayan.

The biography *Kanshiram: Leader of the Dalits*, comprising eight chapters, dwells on his childhood, political journey from Maharashtra to Uttar Pradesh, as well as his political ideas. Moreover, the book also touches on the criticisms of Kanshi Ram and the Bahujan Samaj Party (BSP).

The author, who has spent decades in Uttar Pradesh both as a student and a scholar and "closely followed" Kanshi Ram's "journey", writes that all the Dalits with whom he interacted "acknowledged" that Kanshi Ram had inculcated a strong sense of confidence, indemnity, self-respect in them. The author himself calls Kanshi Ram a "democrat to the core". Kanshi Ram, Badri Narayan goes on to say, was a "master strategist" who brought Dalits, Adivasis, Backwards and religious minorities under the social category of "Bahujan", making them "realize the value of their votes" and, in 1984, floating the BSP, a party that represented freedom and respect and brought about social transformation.

The first chapter takes the reader through his childhood. Born on 15 March 1934, in a "relatively well-off" family, he had his early education in the Government Primary School, Milakpur, Punjab. Like most Dalit students, he faced discrimination at the hands of his teachers. For example, at the school, the Dalits had to drink water from a separate pot. Another incident that deeply affected him was when he discovered how a senior officer treated his father. This is how Kanshi Ram recalled the incident: "Once, when I was a school student, my mother asked me to go and deliver food to my father who was performing a menial job [*begaar kar rahe the*] at the Ropar Canal Guest House … I took the food and set off for the guest house. It was intensely hot and when I reached the guest house I saw that my father was drenched in sweat. I could not bear to see his condition, so I asked him to rest. But

my father said that he could not do this as the senior officer was sleeping inside and he had to constantly tug at the rope of the hand-pulled fan to keep him cool … My father was doing that job in return for a small amount of money and explained that if he stopped pulling [the rope], the officer would wake up and punish him. I then told him to keep a small fan in his other hand to cool himself but my father said he would do no such thing [pp17-18]."

Overcoming such barriers of caste, he continued to do well in studies. In 1956 he completed his BSc from Government College, Ropar.

Foray into politics

The second chapter discusses his time in politics – from the RPI (the Republican Party of India), founded by Ambedkar towards the end of his life, BAMCEF (All India Backward and Minority Communities Employees Federation) to BSP. The author has divided the political life of Kanshi Ram into four periods. The first phase (1958-1964) begins when he finds a job in Poona and becomes associated with the RPI. He also worked with the People's Education Society, established by Ambedkar. The second phase (1964-1978) begins when he quits his job in 1964 and joins the RPI, which he later criticizes for being faction-ridden and overshadowing its "original objective". As he became disillusioned with the RPI, Kanshi Ram, in 1971, formed the SMCEA (SC/ST/OBC Minorities Communities Employees Association) in Poona, which was later renamed BAMCEF. The third phase (1978-1984) begins with the formation of BAMCEF, which was formally set up on 6 December 1978. The BAMCEF called upon its followers to "become educated, become consolidated, and struggle". The fourth phase (1984 onwards) is no doubt the most important phase of his political life, during which the BSP emerges, epitomizing the political rise of Bahujans.

The third chapter is based on Kanshi Ram's book *The Chamcha Age: An Era of Stooges* (1982), which he published on the 50th anniversary of the Poona Pact (1932). Gandhi had blackmailed Ambedkar into signing the pact and rejecting the separate electorate for "depressed classes" awarded by the British Government. In my view, the author has fallen short of critically engaging with *The Chamcha Age*. With this book, Kanshi Ram had hoped to awaken the masses about the "counterfeit" leaders, who, according to him, had been born into oppressed communities but had been serving the interests of the oppressors.

The fourth chapter talks about how Kanshi Ram used subaltern culture, history and myths as political resources to build self-respect among Dalits and Backwards. For example, in order to mobilize Bahujans, the BSP constructed and popularized icons such as Buddha, Kabir, Ravidas, Daria Sahib, Jagjivan Das, Jhalkaribai, Bijli Maharaj, Daldev Maharaj, Baaledeen, Veera Pasi and Mahamaya. While the author has presented a good analysis of the cultural politics of Kanshi Ram, a paragraph on Guru Ravidas is problematic: "In addition, the Mughal rulers were frantically converting the lower castes to Islam through various allurements and temptations in order to expand their numbers and consolidate their position in India. Sant Ravidas, through his preaching, tried to reform Hindu society so that the lower castes were not tempted to convert to Islam and the Varna system was maintained [p121]." Unlike the myths and propagandas of the Hindu right that the medieval period saw forceful conversions of

Hindus to Islam, many secular historians largely support the view that the egalitarian nature of Islam brought relief to the lower castes who were suppressed by the brahmanical social order.

The fifth chapter is about the BSP, its bidding for power and the role of Kanshi Ram. The author rightly acknowledges Kanshi Ram's ability to "sway and mobilize large crowds". Kanshi Ram had realized that in a democracy if the oppressed majority were made conscious of their votes, the master key or guru killi, a term he coined for power, could be seized. His managed to explain the concept of democracy in such a simple, yet profound, way: "Lokshahi mein rani aur mehtarani ki keemat ek hi hoti hai." [In a democracy the worth of a queen is the same as that of a maid. (p165)] In contrast to the armed struggles pursued by a section of communists, he mobilized the Bahujan through Constitutional means and democratic processes.

The sixth chapter, seventh and eighth chapters discuss the criticisms and limitations of Kanshi Ram and his party. For instance, it was alleged that he indulged in "opportunism as a strategy". He welcomed "defectors" such Arif Mohammad Khan and Akbar Ahmed "Dumpy", while it forged alliances with the BJP, which it had earlier opposed: "Kanshiram faced the greatest flak in his political career over the BSP coming to power twice in UP with the support of the BJP [p181]."

The critics, however, should not forget the constraints under which the BSP had to mobilize the most deprived sections of society to fight the oppressive social system. Apart from giving voice to the voiceless and instilling self-respect and confidence in them, Mayawati's rule in UP has brought about some concrete changes. Well-known political scientist and sociologist Christophe Jaffrelot ("The BSP in Uttar Pradesh: Whose Party is It?" in S.M. Michael, ed, *Dalits in Modern India: Vision and Values*, 2007, p262) noted that the Mayawati's Ambedkar Village Scheme set aside funds for the socio-economic development of the 25,434 villages where at least half of the residents belonged to the SCs.

Badri Narayan has not done justice to Kanshi Ram's contributions by referring to him merely as the "Leader of Dalits" in the title. It is paradoxical that while the author appreciates his role in mobilizing masses and transforming society, he, nevertheless, pushes him to the margins and pins the label of Dalit on him. As far I know no published biography of Jawaharlal Nehru has the title or subtitle, "Leader of Brahmins". This may be seen as a continuation of the hegemonic discourse in mainstream social sciences that often reduces the likes of Phule, Periyar, Ambedkar and Iqbal to leaders representing the interests of a certain section of society while it eulogizes leaders such as Gandhi and Nehru as those who fought for the nation.

'A sympathetic, clearly etched portrait of Kanshiram' Pratap Bhanu Mehta

Badri Narayan

KANSHIRAM

LEADER OF THE DALITS



About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ambedkar's insights and foresight remain deeply underappreciated

Sudhir Hilsayan

Dr B.R. Ambedkar's vision of democracy transcended the simplistic notion of majority rule. He critiqued majoritarian democracy as a system that risked perpetuating the...

Raidas: A modern revolutionary thinker from the feudal medieval era

Siddharth

Raidas' radical thinking and works didn't get wider national and international acceptance. In fact, his modern vision wasn't even accorded the place it deserved...

As Jharkhand turns 24, a reason to celebrate and a reality check

Md Tabrez Alam

Jharkhand stands at a crossroads. The state must strike a balance between preserving its rich cultural heritage and meeting the demands of modernization and...

How Ambedkar began mobilizing for conversion 20 years before the event

Aniket Gautam

Ambedkar said that religious conversion was no child's play and that it couldn't be achieved with merely political measures. It had to be realized...

Ambedkar's hitherto unseen intercontinental-travel and census records, some of which expose baseless claims

Nikhil Bagade

A powerful, authoritative biography of Dr Ambedkar, one that is based solely on hard, verifiable evidence, and not hearsay, is yet to be written....

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

कश्मीर : और कितना गिरेगा मीडिया

ये न्यूज़ चैनल कश्मीर मुद्दे का प्रस्तुतीकरण इस दावे के साथ कर रहे हैं कि वे 'स्वतंत्र'और 'मुक्त' हैं परन्तु सच यह है कि उनके आलेख सरकार और सेना लिखती है

अभय कुमार July 24, 2016

मीडिया सेंशरशिप के खिलाफ कश्मीरी पत्रकारों का प्रतिरोध

एक छोटे से तबके को छोड़ कर, भारतीय मीडिया इन दिनों राज्य की विचारधारा और बहुसंख्यककों की सोच का भोंपू बना हुआ है। कहने का अर्थ यह नहीं है कि मुख्यधारा का मीडिया पहले पूरी तरह से निष्पक्ष था। परन्तु कश्मीर के मामले में तो उसने अपने ही पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं।

बुर्जुआ प्रजातंत्र में भी मीडिया से यह अपेक्षा की जाती है कि वह घटनाओं के प्रस्तुतीकरण में निष्पक्ष रहे और अपने पाठकों और दर्शकों के सामने किसी भी घटनाक्रम या मुद्दे के सारे पक्ष रखे। परन्तु भारतीय मीडिया, विशेषकर चौबीस घंटे के खबरिया न्यूज़ चैनलों, का किसी सिद्धांत से कोई लेनादेना नहीं हैं। ये चैनल कश्मीर मुद्दे का प्रस्तुतीकरण इस दावे के साथ कर रहे हैं कि वे 'स्वतंत्र' और 'मुक्त' हैं परन्तु उनके आलेख सरकार और सेना ही लिखती है। सिवाय पीड़ितों के विचारों के, ये चैनल सब कुछ दिखाते हैं।

पहले मैं लोकप्रिय हिंदी न्यूज़ चैनल 'आज तक'की बात करूंगा। इस चैनल द्वारा हाल में प्रसारित एक समाचार कार्यक्रम में फोकस सेना के प्राधान्य वाले राज्यतंत्र के हाथों कश्मीरियों को जो भोगना पड़ रहा है उस पर न होकर, सैन्य बलों के सदस्यों की मौतों पर था। चैनल ने इस बात पर ढ़ेरों आंसू बहाए कि सैनिकों पर कश्मीरी अतिवादी क्रूर हमले कर रहे हैं और उनकी जानें खतरे में हैं।

दरअसल, यह एक अतिशयोक्ति है। विरोध प्रदर्शन करने वाले कभी राज्य की मशीनरी की ताकत का मुकाबला नहीं कर सकते और यही कारण है कि राज्य में सैकड़ों नागरिक घायल हुए हैं, अपनी आँखें खो बैठे हैं और दर्जनों को जान गंवानी पड़ी है। लगातार कर्फ्यू के कारण लोगों के पास खाने-पीने की सामग्री और दवाओं की कमी हो गयी है। राज्य द्वारा जब चाहे इन्टरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर देने से उनकी समस्याएं बढ़ी हैं। परन्तु 'आज तक'की निगाहों में केवल सैन्य बल ही पीड़ित हैं।

बुरहान वानी की शवयात्रा में उमड़ा जनसमुद्र

इसी मीडिया ने दशकों से जारी कश्मीर के सैन्यीकरण को छुपाने का पूरा प्रयास किया। कश्मीर दुनिया के सबसे सैन्यीकृत इलाकों में से एक है। वहां लोगों को रोज़ सड़कों पर रोका जाता है, उनकी तलाशी ली जाती है, उनसे पूछताछ की जाती है और उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे यह साबित करें कि वे सुरक्षा के लिए खतरा नहीं है। पूरा क्षेत्र स्थाई रूप से निगरानी में रहता है और वहां हमेशा आपातकाल लागू रहता है।

फिर सैन्य बलों के हालात पर रिपोर्टिंग करने में भी मीडिया कितना ईमानदार है? क्या उसमें लोगों को यह बताने का साहस है कि सैनिकों– जिनमें से अधिकांश समाज के निचले तबके से आते हैं– की जान को असली खतरा अतिवादियों से नहीं वरन सैन्यीकरण से है।

दूसरा उदाहरण है मुद्दों को सनसनीखेज बनाने और उनका साम्प्रदायीकरण करने में सिद्धहस्त हिंदी न्यूज़ चैनल ज़ी टीवी का। इस चैनल ने जेएनयू में ९ फरवरी 2016 की घटना का साम्प्रदायीकरण करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। इस चैनल ने बुरहान वानी को सर पर हरे रंग का कपड़ा बांधे हुए दिखाया। इस कपड़े पर कुछ इस्लामिक धार्मिक प्रतीक बने हुए थे। वानी को इस तरह दिखाए जाने का उद्देश्य था यह सन्देश देना कि कश्मीर का संघर्ष और वहां के लोगों का आक्रोश किसी धर्म से प्रेरित है। यह एक शुद्ध राजनैतिक मुद्दे को धार्मिक रंग देने की कोशिश थी। इस तरह के सन्देश से भारत के राजनीतिक श्रेष्ठि वर्ग को बहुत लाभ होता है। इससे समाज का धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण हो जात है, पीड़ितों के समर्थन में कमी आती है और बहुसंख्यकवादी सोच को बढ़ावा मिलता है, जिससे चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद रहती है।

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

डॉ. लोहिया, आजाद भारत में ओबीसी के लिए साठ फीसद हिस्सेदारी मांगनेवाले पहले महानायक

डॉ. लोहिया समानता में विश्वास करते थे। उनके लिए जाति के खिलाफ लड़ाई आर्थिक व राजनीतिक लड़ाई से अलग नहीं थी। वे महिलाओं के अधिकारों के भी बड़े हिमायती थे। उनका मानना था कि अन्याय के खिलाफ हर मोर्चे पर लड़ाई होनी चाहिए। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार March 23, 2022

डॉ. राम मनोहर लोहिया (23 मार्च, 1910 – 12 अक्टूबर, 1967) पर विशेष

आज 23 मार्च प्रसिद्ध समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती है। यह देश की जनता के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान था कि उनका निधन महज़ 57 साल की उम्र में ही हो गई। उन्होंने आजीवन वंचित समाज की समुचित हिस्सेदारी की लड़ाई लड़ी। वे धर्म निरपेक्ष भारत के हिमायती थे। इस लिहाज से देखें तो जिस अत्याचार के खिलाफ डॉ. लोहिया जीवन भर लड़े, वह आज और भी ज्यादा बढ़ गया है। जहां आज असमानता और नफरत बढ़ रही है, वहीं सरकार आए दिन आम लोगों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमला कर रही है। आज जनता परेशान और बेचैन हैं। फिर इन परिस्थितियों में डॉ. राम मनोहर लोहिया के जीवन और उनके विचारों को याद करना बे-महल नहीं है।

उनके जीवनी-लेखक और स्वतंत्रता सेनानी इंदुमति केलकर के अनुसार, डॉ. लोहिया का जन्म 23 मार्च 2010 को उत्तरप्रदेश के फैजाबाद में हुआ था। उनके पिता का नाम हीरालाल और माता का नाम चंद्री था। परिवार का मुख्य व्यवसाय लोहे का कारोबार था। उनका परिवार कांग्रेस समर्थक था। 1930 के दशक में शुरू हुए सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान उनके पिता को जेल में डाल दिया गया था।

डॉ. लोहिया की शिक्षा काशी, कलकत्ता और जर्मनी में हुई थी। उन्होंने जर्मनी के हम्बोल्ट विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उनका शोध विषय 'नमक क़ानून और सत्याग्रह' था। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने भारत की आजादी के लिए छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने 1933 साल में अपनी पीएचडी पूरी की और फिर वह भारत लौट आये। जब वह जर्मनी में थे तभी ही उन्होंने अपना जीवन राजनीति के लिए समर्पित करने का फैसला किया था। उन्हीं दिनों वह कलकत्ता में चल रही छात्र राजनीति में शामिल हो गए। अगले वर्ष उन्होंने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसी वर्ष वह कांग्रेस की अखिल भारतीय कार्यसमिति के सदस्य बने। उसके बाद के दिनों में, वह छात्र और श्रमिक आंदोलनों से जुड़े रहे। वह कांग्रेस सोशलिस्ट की पत्रिका के भी संपादक थे।

साथ ही वे कांग्रेस में, जवाहरलाल नेहरू और गांधी के करीबी थे। लेकिन आजादी के बाद वे गांधी के विचारों से जुड़े रहे, लेकिन नेहरू और कांग्रेस पार्टी के एक बड़े आलोचक बन गए। न केवल कांग्रेस के खिलाफ कमजोर विपक्षी दलों को एक साथ लाने की उन्होंने कोशिश की, बल्कि कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने के लिए भी रणनीति बनाई। यह भी बात याद रखने की ज़रूरत है कि जब वह संसद में थे और कांग्रेस की सरकार ग़लत काम करती थी तो वह उसकी सार्वजनिक आलोचना करते थे। उसी तरह वे विपक्षी सोशलिस्ट पार्टी की राज्य सरकारों की ग़लत नीतियों की भी खुले आम निंदा करते थे। डॉ. लोहिया के नज़दीक सत्ता से ज़्यादा अहम उसूल और लोगों का कल्याण था।

यहां यह बताना जरूरी है कि कई बार सांप्रदायिक शक्तियां डॉ. लोहिया का इस्तेमाल कांग्रेस के खिलाफ करती हैं। भगवा ताक़तें खुद को सही ठहराने और अपने काले कामों को सफेद करने के लिए लोहिया को कट्टर कांग्रेस विरोधी कहती हैं ताकि लोहिया की विरासत का भगवाकरण कर दिया जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि लोहिया के लिए सांप्रदायिक ताकतों और हिंदू-मुसलमानों को लड़ाने वालों के लिए कोई जगह नहीं थी। वह धर्म के नाम पर राजनीति और अंधविश्वास के कट्टर विरोधी थे। लोहिया तार्किक सोच के व्यक्ति थे। वे दलील और वैज्ञानिक सोच में विश्वास करते थे, अंध भक्ति में नहीं। वह किसी भी ईश्वर में विश्वास नहीं करते थे। यहां तक कि 12 अक्टूबर, 1967 को जब उनकी मृत्यु हुई तो उनका शरीर बिना किसी हिंदू संस्कार के बिजली की आग की मदद से भस्म कर दिया गया।

जहां तक उनकी कांग्रेस विरोधी भावना का सवाल है, तो इसका मतलब यह नहीं था कि वे भगवा की राजनीति करनेवाली पार्टी जनसंघ से प्यार करते थे। दरअसल, कांग्रेस सरकार द्वारा लगातार की जा रही गलतियों से उन्हें बड़ी मायूसी थी, क्योंकि आजादी की लड़ाई के दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए वादों को पूरा नहीं किया जा रहा था। लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण कांग्रेस के नेताओं का संपर्क लोगों से टूट गया था और वे अक्सर देश के कल्याण को पूंजीपतियों और ऊंची जातियों के हित में बनाई गई पॉलिसी को समझते थे। इस हालत में लोहियाजी ने वही किया जो कोई भी क्रांतिकारी करता। उन्होंने ताकतवर और शासकवर्ग़ के सामने सच बोला और उन्हें सत्ता से बेदखल करने के लिए सप्तक्रांति आंदोलन शुरू किया।

यह भी पढ़ें : क्या आप स्त्रीवादी लोहिया को जानते हैं?

दरअसल डॉ. लोहिया समानता में विश्वास करते थे। उनके लिए जाति के खिलाफ लड़ाई आर्थिक व राजनीतिक लड़ाई से अलग नहीं थी। वे महिलाओं के अधिकारों के भी बड़े हिमायती थे। उनका मानना था कि अन्याय के खिलाफ हर मोर्चे पर लड़ाई होनी चाहिए। लोहिया चाहते थे कि सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए काम करे और असमानता को खत्म करे। वे चाहते थे कि अमीर और गरीब के बीच की असमानता को समाप्त किया जाए। वह रंग और नस्ल के आधार पर भेदभाव से भी दुखी थे। वह अच्छी तरह जानते थे कि रंगभेद पर आधारित समाज में अश्वेत व्यक्ति को हीन माना जाता है। इसलिए उन्होंने रंग के आधार पर होने वाले भेदभाव के खिलाफ भी आवाज उठाई। डॉ. लोहिया ने अंग्रेज़ी भाषा को सरकारी भाषा बनाने का विरोध किया था जबकि वह बहुत अच्छी अंग्रेज़ी जानते थे और न ही वह किसी के अंग्रेज़ी पढ़ने के ख़िलाफ़ थे। मगर वह चाहते थे कि सरकारी कामकाज आमलोगों की भाषा में हो। महिलाओं को अपनी इच्छानुसार जीने का अधिकार मिले, इसके लिए भी उन्होंने सवाल उठाये। वह दहेज के भी कट्टर विरोधी थे। उनके लिए महाभारत में द्रौपदी आदर्श महिला थी, क्योंकि वह एक निडर, बहादुर और ज्ञानी महिला थी। इसी तरह, दिल्ली सल्तनत के शासनकाल में शासन करने वाली रजिया सुल्ताना डॉ. लोहिया की दृष्टि में एक पसंदीदा व्यक्तित्व थीं। डॉ. लोहिया की अंतरराष्ट्रीय मामलों में भी गहरी रुचि थी और उन्होंने विश्व शांति और विश्व सरकार के विचार को बढ़ावा देने के लिए दुनिया के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की। वे साम्राज्यवादी देशों के कट्टर विरोधी थी और सोशलिज़म के आधार पर कमजोर और गरीब मुल्कों को एक मंच पर लाना चाहते थे। उनके अनुसार, राष्ट्र-राज्य की संकीर्णता से मुक्त हुए बिना मानवता समृद्ध नहीं होगी। इसलिए वह विश्व शांति, आपसी सहयोग और 'वर्ल्ड गवर्न्मेंट' के समर्थक थे।

वहींआज के दौर में दुष्प्रचार किया जा रहा है कि डॉ. लोहिया हिंदुत्व की राजनीति करनेवाले दलों के समर्थक रहे। जबकि यह सर्वविदित है कि हिंदुत्व की राजनीति करनेवाली ये पार्टियां समाज के भीतर जाति को बनाए रखना चाहती हैं और उच्च जाति के वर्चस्व को बचाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। इन पार्टियों को पूंजीपतियों से कोई समस्या नहीं है, वहीं डॉ. लोहिया जीवन भर पूंजीपतियों के खिलाफ लड़ते रहे हैं। डॉ. लोहिया के पास न घर था और न ही बैंक खाता। खासकर उन्हीं की वजह से पिछड़े समाज को उनका हक मिला, जिसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार भी देने को तैयार नहीं थी। उन्होंने पिछड़े वर्गों के लिए 60 फीसदी आरक्षण की बात की और नारा दिया था– "संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़ा पावे सौ में साठ"। इस तरह आजाद भारत में



लिखते हुए डॉ. राम मनोहर लोहिया की तस्वीर

उन्होंने ओबीसी की राजनीति की मजबूत बुनियाद रखी। व्यक्तिगत स्वतंत्रता और तानाशाही पुलिस नीति के खिलाफ डॉ. लोहिया मरते दम तक सड़कों पर लड़ते रहे और जेल जाते रहे। डॉ. लोहिया जिन बातों के खिलाफ थे, आज वही हो रहा है। आज देश को डॉ. लोहिया की प्रतिरोध की विरासत का बेसब्री से इंतजार है।

(संपादन : नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

फारवर्ड प्रेस की किताबें किंडल पर प्रिंट की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। कृपया इन लिंकों पर देखें

बहुजन विमर्श को विस्तार देतीं
फारवर्ड प्रेस
की पुस्तकें
हिंदू धर्म की पहेलियां
बहुजनो! ब्राह्मणवाद का सच जानो
डॉ. भीमराव आंबेडकर
संकलन, संपादन और संदर्भ-टिप्पणी
सिद्धार्थ
भूमिका
कांचा इलैया शेपर्ड
दलित पैंथर
एक आधिकारिक इतिहास
ज.वि. पवार
DALIT PANTHERS: An Authoritative History J.V. PAWAR
महिषासुर : मिथक और परंपराएं संपादक : प्रमोद रंजन
मिस कैथरीन मेयो की बहुचर्चित कृति मदर इंडिया अनुवाद कँवल भारती
बिहार की चुनावी राजनीति संजय कुमार SAGE Bhasha
आरएसएस और बहुजन चिंतन कँवल भारती
FORWARD THINKING Ivan Kostka
महिषासुर : एक जननायक संपादक : प्रमोद रंजन
Mahishasur: A people's hero Edited by PRAMOD RANJAN
The Case for Bahujan Literature Edited by IVAN KOSTKA & PRAMOD RANJAN
बहुजन साहित्य की प्रस्तावना संपादक : प्रमोद रंजन, आयवन कोस्का
Make the Best of Your Life: Letters to Bahujan Youth Prabhu Guptara
भारतीय कार्यपालिका में सामाजिक न्याय का संघर्ष
अनकही कहानी, पी.एस. कृष्णन की जुबानी
बातचीत
वी. वासंती देवी
ऑनलाइन खरीदने के लिए क्लिक करें

मिस कैथरीन मेयो की बहुचर्चित कृति : मदर इंडिया

बहुजन साहित्य की प्रस्तावना

दलित पैंथर्स : एन ऑथरेटिव हिस्ट्री : लेखक : जेवी पवार

महिषासुर एक जननायक’

महिषासुर : मिथक व परंपराए

जाति के प्रश्न पर कबीर

चिंतन के जन सरोकार

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

मोदी फिर अलापने लगे मुस्लिम विरोधी राग

नरेंद्र मोदी की हताशा का आलम यह है कि वे अब पाकिस्तान का नाम भी अपने भाषणों में लेने लगे हैं। गत 3 मई को गुजरात के आनंद में उन्होंने मुसलमानों के खिलाफ बोलते हुए पाकिस्तान को भी घसीट लिया। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार May 15, 2024

गत 13 मई को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान संपन्न हुआ। अब केवल तीन चरण का मतदान बचा है, लेकिन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिस तरह मुस्लिम विरोधी प्रचार का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है, यह देश के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। भाजपा किसी भी तरह यह साबित करने के लिए बेचैन है कि विपक्ष मुसलमानों की पार्टी है तथा दलित, आदिवासी और ओबीसी विरोधी है। और फिर दावा किया जा रहा है कि भगवा पार्टी हिंदुओं की एकमात्र और सबसे बड़ी हितैषी पार्टी है।

जाहिर तौर पर मुसलमानों का डर दिखाकर मुसलमानों के ख़िलाफ़ दलितों, आदिवासियों और पिछड़ी जातियों का वोट हासिल करने की उनकी कोशिश है। इस बार तो ऐसा लग रहा है कि भाजपा मुसलमानों को निशाना बनाने का अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है। इसकी वजह भाजपा खेमे में हताशा है और आलम यह है कि देश के प्रधानमंत्री सिर्फ चुनाव जीतने के लिए समाज में जहर घोलने की कोशिशें कर रहे हैं।

पिछले कुछ हफ्तों से अखबारों के पन्ने नरेंद्र मोदी की चुनावी रैलियों की कवरेज से भरे हुए हैं। टीवी चैनल भी उनके भाषणों और बयानों को बार-बार प्रसारित कर रहे हैं। उनके ज्यादातर भाषणों में एक खास पैटर्न उभर कर सामने आ रहा है कि कैसे यह साबित करें कि कांग्रेस ने दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के अधिकारों को छीनने की साजिश रची है। वे यह भी कह रहे हैं कि कांग्रेस मुसलमानों के बीच आरक्षण बांटने को उत्सुक है। उनके बे-बुनियादी बात पर कार्रवाई करने के बजाय केंद्रीय चुनाव आयोग मूकदर्शक बना बैठा है। वैसे आयोग ने कर्नाटक भाजपा के एक बेहद सांप्रदायिक विज्ञापन को सोशल मीडिया से हटाने का आदेश जारी किया, लेकिन लोगों की अपेक्षा है कि चुनाव आयोग को और अधिक सक्रिय होना चाहिए।

जबकि इसके बरअक्स मोदी एक के बाद एक रैलियों में मुसलमानों पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं। उदाहरण के लिए गत 23 अप्रैल को राजस्थान के टोंक जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस और उसका गठबंधन सत्ता में आया, तो वे दलितों और ओबीसी समुदाय के आरक्षण को लूटकर उनका हक मार कर एक खास समूह को दे देंगे। 'एक खास समूह' से उनका इशारा मुसलमानों की ओर था। इसके पीछे मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के

पूर्व में एक भाषण को आधार बनाया था। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक तमाम वंचितों का है, जिनमें मुसलमान भी शामिल हैं। वैसे भी देखा जाय तो मुस्लिम समुदाय में 80 प्रतिशत से ज्यादा पसमांदा हैं, जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हैं और वर्ण-व्यवस्था के दमन से बाहर होने के प्रयास में पूर्व में इस्लाम कबूल किया था। अभी भी समाज उनको शूद्र और दलित के रूप में देखता है।

तीसरी बार नामांकन पत्र भरने बनारस पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक निजी न्यूज चैनल को इंटरव्यू देते हुए। इस दौरान उन्होंने भावुकता का भी प्रदर्शन किया

इसके पहले राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो बहुसंख्यक समुदाय में मुसलमानों का डर पैदा करने की पूरी कोशिश की जाएगी। यह लोगों की संपत्ति हड़प लेगी और इसे उनलोगों में बांट देगी, जिनके पास अधिक पैसा है और जो लालची हैं। वे बच्चे पैदा करके देश की जनसांख्यिकी को बदलने की भी कोशिश कर रहे हैं। जाहिर तौर पर उनके निशाने पर मुसलमान ही थे।

कुछ ऐसी ही बातें मोदी ने 7 मई को मध्य प्रदेश की एक रैली में फिर कही थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि चारा घोटाले के आरोपी ने मुसलमानों को पूरा आरक्षण देने की बात कही थी। मोदी के आरोप सिर्फ आरक्षण तक ही सीमित नहीं रहे हैं। उन्होंने धर्मनिरपेक्ष पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने गोधरा के हमलावरों को बचाने की कोशिश की। जबकि वर्ष 2002 में गुजरात दंगों के दौरान हजारों नागरिक मारे गए, जिनमें अधिकांश मुस्लिम थे। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि मोदी दंगा पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहे। उस समय अटल बिहार वाजपेयी की केंद्र सरकार में समर्थक दलों ने मोदी को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग की थी, लेकिन आखिरी वक्त में लालकृष्ण आडवाणी और संघ परिवार की एक बड़ी लॉबी ने ऐसा नहीं होने दिया।

मोदी की हताशा का आलम यह है कि वे अब पाकिस्तान का नाम भी अपने भाषणों में लेने लगे हैं। गत 3 मई को गुजरात के आनंद में उन्होंने मुसलमानों के खिलाफ बोलते हुए पाकिस्तान को भी घसीट लिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नेता भी कांग्रेस की जीत की दुआ कर रहे हैं। इस तरह मोदी ने मुस्लिमों, पाकिस्तान और कांग्रेस को एक पंक्ति में लाने की कोशिश की और भाजपा को देशभक्त और 'हिंदू नवाज' बता रहे थे।

जबकि अपने संबोधन में मोदी कभी यह नहीं बता रहे कि उन्होंने दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के लिए क्या किया है। जाहिर तौर पर मुख्यधारा की मीडिया भी उनके ही सुर अलाप रही है। इसके विपरीत वास्तविकता यह है कि कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में मुस्लिम शब्द ही नहीं। अलबत्ता उसमें अल्पसंख्यक वर्ग जरूर शामिल है, जिसमें मुसलमानों के साथ ही

ईसाई, सिक्ख, जैन और बौद्ध धर्मावलंबी सभी शामिल हैं।

खैर, अभी बहुत अधिक दिन नहीं हुए जब उनकी एक मददगार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी, अजित पवार गुट) ने फरवरी में एक प्रस्ताव पारित कर मुसलमानों के लिए आरक्षण की बात कही थी। हालांकि उसके इस प्रस्ताव को प्रतीकात्मक भी माना जा रहा है, लेकिन फिर भी मोदी में अजित पवार पर सवाल उठाने की हिम्मत नहीं है, क्योंकि महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और अजित पवार के गुट वाली एनसीपी की सरकार है।

मुस्लिम आरक्षण को लेकर भय पैदा करने वाली भाजपा आज उस ऐतिहासिक तथ्य पर बात भी नहीं करना चाहती कि सरदार पटेल, जिन्हें वह अपना नायक मानती है, ने संविधान सभा के सलाहकार आयोग का नेतृत्व करते हुए मुसलमानों सहित तमाम अल्पसंख्यकों के आरक्षण की बात कही थी। यह और बात है कि जब संविधान का मसौदा तैयार किया गया था तब मुसलमानों के हाथ से आरक्षण छीन लिया गया था।

याद रखें कि ब्रिटिश काल में मुसलमानों को राजनीतिक आरक्षण मिलता था, जो आज आज़ाद भारत में पाप माना जाता है। आज आलम यह है कि भारतीय मुसलमान राजनीति में अलग-थलग पड़ गए हैं।

(संपादन : राजन/नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, संस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

श्रेणियों के स्थायित्व को नकारने वाले इतिहासविद

गैर-ब्राह्मण श्रेणी ने भारतीयों की एकता को चुनौती दी। ठीक उसी तरह, सन् 1990 के दशक में तमिलनाडू में दलित राजनीति के उदय ने गैर-ब्राह्मण श्रेणी को अस्थिर कर दिया

अभय कुमार December 1, 2014

मेरे पीएचडी गाईड और द्रविड़ आंदोलन, जनसंस्कृति, कृषि अर्थव्यवस्था, जाति, राष्ट्र व राजनीति के आलोचनात्मक इतिहासकार, प्रोफेसर एमएसएस पाण्डियन का नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में गत 10 नवम्बर को देहांत हो गया। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था।

वे जेएनयू के इतिहास अध्ययन केंद्र में समकालीन इतिहास के प्राध्यापक थे। उसके पहले, वे अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों में कार्य कर चुके थे। इनमें मद्रास इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज शामिल है। वे मद्रास विश्वविद्यालय से कृषि अर्थव्यस्था में पीएचडी थे और उन्होंने इतिहास, राजनीति व जनसंस्कृति आदि विषयों पर उल्लेखनीय कार्य किया। प्रोफेसर पाण्डियन से मेरा सबसे पहले साबका तब पड़ा जब मैनें राष्ट्र, जाति, भाषा व सबाल्टर्न बौद्धिक इतिहास जैसे विषयों पर उनके अत्यंत लोकप्रिय व्याख्यान सुने। वे एक प्रतिभाशाली शिक्षक थे और अपने दो घंटे के साप्ताहिक व्याख्यान के लिए पूरे सप्ताह तैयारी करते थे। उनके व्याख्यान अत्यंत सुसंगत व बोधगम्य हुआ करते थे। वे हम छात्रों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करते थे। हम उनकी तीखी टिप्पणियों का बेसब्री से इंतजार करते थे, जो कि अक्सर हमें हमारे शोध के विषय पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर देती थीं।

यथार्थ का निषेध

उन्होनें अर्थशास्त्र पर अपने शोध की शुरुआत, तमिलनाडू के एक इलाके नन्चिल्नाडू की कृषि अर्थव्यवस्था पर अपनी पीएचडी थीसिस लिखने से की।

उनके शोध प्रबंध को तत्कालीत हरित क्रांति से उपजी उस बहस के संदर्भ में देखा गया, जो कि 'उत्पादन के साधनों' पर केंद्रित थी। हरित क्रांति के दौरान, खाद्यान्न उत्पादन में अपेक्षित बढ़ोत्तरी नहीं हुई। ऐसा क्यों हुआ, उसके दो अलग-अलग कारण बताए जाते थे। 'तकनीकी-आर्थिक स्पष्टीकरण' यह था कि कृषि में लगने वाली उत्पादक सामग्री की पर्याप्तता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी योजना नहीं बन सकी। यही सरकार का भी कहना था। दूसरी ओर, मार्क्सवादी अध्येता, जो कि 'उत्पादन के साधन' शिविर में थे, का कहना था कि गांवों में व्याप्त अर्द्ध-सामंती उत्पादन संबंधों के कारण हरित क्रांति असफल हुई। मार्क्सवादी अध्येताओं का कहना था कि अधिशेष उत्पादन का इस्तेमाल, जमींदारों ने साहूकारी और व्यापार जैसी अनुत्पादक गतिविधियों में किया।

प्रोफेसर एमएसएस पाण्डियन

पाण्डियन (द पॉलिटिकल इकोनॉमी ऑफ एग्रेरियन चेंज: नन्चिल्नाडू 1880-1939 : 1990) इस बहस में कूद पड़े। जहां वे 'उत्पादन के साधन तर्क' को 'तकनीकी-आर्थिक तर्क' पर तरजीह देते थे वहीं वे उत्पादन के साधन शिविर की इस बात के लिए निंदा भी करते थे कि भारतीय कृषि के 'ठोस यथार्थ' पर ध्यान न देते हुए, यह शिविर माक्र्स और लेनिन के सिद्धांत, यांत्रिक ढंग से लागू कर रहे हैं। पाण्डियन के शब्दों में "उत्पादन के साधन बहस में सिद्धांत पर एकतरफा और जरूरत से ज्यादा जोर था। इस हद तक कि यथार्थ, बहस में से गायब ही हो गया था'।

इस अध्ययन में उन्होंने माओ के लेखन को उद्धृत किया। इस तरह, वे उत्पादन के साधन शिविर के अध्येताओं से मतभिन्नता रखते थे और यह मानते थे कि उन अध्येताओं ने परिवर्तन के मुख्य वाहकों के आंतरिक विरोधाभासों को महत्व नहीं दिया। कुल मिलाकर, पाण्डियन ने हमें मार्क्सवादी श्रेणियों की सीमाओं से परिचित करवाया और इसका मुख्य कारण यह था कि उनमें यथार्थ और आंतरिक विरोधाभासों को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जाता था।

सिनेमा और राजनीति

अर्थशास्त्र में पीएचडी करने के बाद उन्होंने राजनीति व जनसंस्कृति के क्षेत्र में पदार्पण किया। उनका उद्देश्य था 'एमजीआर परिघटना' को समझना। एमजी रामचंद्रन (एमजीआर) ने सन् 1936 से तमिल फिल्मों में काम करना शुरू किया। सन् 1953 से 1972 तक एमजीआर, डीएमके के सदस्य रहे। उनकी फिल्मी सितारे के तौर पर लोकप्रियता को भुना कर, डीएमके ने जमकर वोटों की फसल काटी। डीएमके, राजनैतिक संवाद के लिए सिनेमा का इस्तेमाल करती थी। जैसा कि पाण्डियन ('द इमेज ट्रेप: एमजी रामचंद्रन इन फिल्मस् एण्ड पॉलिटिक्स', 1992) लिखते हैं कि रामचंद्रन की सिनेमाई छवि को राजनीति में हस्तांतरित कर दिया गया और इससे उनकी बड़े पर्दे की छवि असली जान पडऩे लगी। दूसरे शब्दों में, रामचंद्रन की गरीबों के मददगार नायक की सिनेमाई छवि का इस्तेमाल, जनता को आकर्षित करने और उसके वोट पाने के लिए किया गया।

अपनी जबरदस्त लोकप्रियता के बल पर एमजीआर तमिलनाडू के मुख्यमंत्री बन गए और सन् 1987 में अपनी मृत्यु तक, क्षेत्रीय राजनीति के सर्वेसर्वा रहे। पाण्डियन की दृष्टि में एमजीआर का मुख्यमंत्रित्व काल (1977-1987), समकालीन तमिल इतिहास का सबसे 'अंधकारपूर्ण' युग था। उन्होंने रामचंद्रन की सबाल्टर्न संस्कृति को कमजोर करने, मतभिन्नता को कुचलने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए कड़ी आलोचना की। मेरे विचार में पाण्डियन की 'इमेज ट्रेप' का मुख्य योगदान है ऐसे अध्ययनों की आवश्यकता को प्रतिपादित करना, जो यह बताएं कि शासक वर्ग किस तरह सबाल्टर्न वर्गों से सहमति प्राप्त करने के ढांचे का निर्माण करता है। अपनी बात को विस्तार देते हुए उन्होंने कहा, "मेरे विचार से, तमिलनाडू के समकालीन राजनैतिक इतिहास में एमजीआर परिघटना अध्ययन का विषय हो सकती है। इसका अध्ययन इसलिए किया जाना चाहिए ताकि अब तक अनछुए रहे

इस क्षेत्र की पड़ताल की जा सके और यह समझा जा सके कि श्रेष्ठी वर्ग जिस तरह की राजनीति करता है, उसके लिए वह उन लोगों की सहमति का उत्पादन कर लेता है, जिन पर उसका प्रभुत्व होता है। इस तरह, एमजीआर परिघटना पर इस लेख का एक विशिष्ट अकादमिक संदर्भ भी है'।

गैर-ब्राह्मण आंदोलन

गैर-ब्राह्मण राजनीति से उनके गहरे जुड़ाव ने ही शायद पाण्डियन को द्रविड़ आंदोलन का इतिहास लिखने और गैर-तमिल पाठकों तक उसे पहुंचाने की प्रेरणा दी। द्रविड़ आंदोलन के अपने शोधपूर्ण इतिहास में वे 'ब्राह्मण' व 'गैर-ब्राह्मण', इन दो श्रेणियों की चर्चा करते हुए यह बताते हैं कि किस तरह गैर-ब्राह्मण श्रेणी का निर्माण, भारतीय राष्ट्रवाद के विरोध में किया गया था क्योंकि इस राष्ट्रवाद ने 20वी सदी की शुरूआत में जातिगत व सामाजिक सुधारों को नजरअंदाज किया।

सन् 1916 में टी.एम. नायर व पिट्टी थिआग्राया चेट्टी सहित कई 'प्रमुख' राष्ट्रवादियों ने मद्रास प्रेसिडेंसी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अपना नाता तोड़ लिया। इसके बाद उन्होंने एक गैर-ब्राह्मण घोषणापत्र जारी किया, जिसमें यह कहा गया था कि अगर अंग्रेज भारत को स्वराज्य देते हैं तो उसके नतीजे में 'देश में ब्राह्मणों की तानाशाही स्थापित हो जाएगी' क्योंकि यद्यपि वे आबादी का केवल तीन प्रतिशत हैं, तथापि औपनिवेशिक व्यवसायों और अफसरशाही पर उनका पूर्ण नियंत्रण और प्रभुत्व है।

पाण्डियन ने कैम्ब्रिज स्कूल और गैर-ब्राह्मण पहचान के समर्थकों, दोनों की कड़े शब्दों में निंदा की। केम्ब्रिज स्कूल की इसलिए क्योंकि उसने गैर-ब्राह्मण पहचान को 'मूर्खतापूर्ण व अस्पष्ट' अवधारणा बताते हुए खारिज कर दिया और इस पहचान के समर्थकों की इसलिए क्योंकि वे इस श्रेणी को स्थायी मानते थे। पाण्डियन का कहना था कि किसी भी पहचान का निर्माण, इतिहास के विशिष्ट कालखंड में होता है और उसे नित उभरती नई पहचानों से लगातार चुनौती मिलती रहती है।

उदाहरणार्थ, गैर-ब्राह्मण श्रेणी ने भारतीयों की एकता को चुनौती दी। ठीक उसी तरह, सन् 1990 के दशक में तमिलनाडु में दलित राजनीति के उदय ने गैर-ब्राह्मण श्रेणी को अस्थिर कर दिया। पाण्डियन ने लिखा, "दलितों की आवाज ने एकरुप और एकीकृत गैर-ब्राह्मण पहचान में दरारें डाल दी हैं क्योंकि उसने ऐसी अन्य कई पहचानों को जिंदगी दी है, जो अब तक गैर-ब्राह्मण पहचान का हिस्सा बनी हुई थीं"। कहने का मतलब यह है कि वे यह नहीं मानते थे कि कोई भी पहचान अनादिकाल के लिए स्थिर है और उनके लिए राजनीति का अर्थ था सत्ता के विभिन्न स्वरूपों के बीच अनवरत प्रतिस्पर्धा।

अतीत का अ-राष्ट्रीयकरण

किसी भी श्रेणी को स्थायी न मानने के उनके सिद्धांत ने उन्हें भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा की समालोचना करने की प्रेरणा दी। ई.व्ही. रामासामी, जो कि तमिलनाडू के स्वाभिमान आंदोलन के नेता और कांग्रेस के कट्टर विरोधी थे, के बारे में लिखते हुए पाण्डियन ('डिनेशनलाईजिंग द पास्ट', इकोनामिक एण्ड पालिटिकल वीकली, 1993) ने कहा कि रामासामी, जो पेरियार के नाम से लोकप्रिय हैं, ने अतीत के 'राष्ट्रवादीकरण' की आलोचना की और राष्ट्रवाद को अतीत से विलग कर दिया। दूसरे शब्दों में, पेरियार के अनुसार, ब्राह्मणवादी बुद्धिजीवियों ने भारत के गौरवपूर्ण इतिहास के मिथक का प्रचार इसलिए किया ताकि शेष समाज पर उनका प्रभुत्व बना रहे। यहां यह महत्वपूर्ण है कि पाण्डियन के अनुसार, पेरियार ने न केवल भारतीय राष्ट्रवाद के मिथक को चूरचूर किया वरन् प्राचीन तमिल अतीत के निर्माण पर भी प्रश्नचिन्ह लगाए।

इसी तर्क को उन्होंने अपने प्रसिद्ध लेख 'नेशल इम्पोसिबल' (ईपीडब्ल्यू 2009) में आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र निर्माण की उन प्रक्रियाओं पर तीखे हमले किए, जिनमें 'एकरूपता', 'समानता', 'अपवर्जन', 'हिंसा' और 'विरोधाभास' की भूमिका रहती है। राष्ट्र-राज्य की उनकी समालोचना की पृष्ठभूमि में भारत और श्रीलंका द्वारा की गई हिंसा और नस्लीय शुद्धिकरण का प्रयास भी था। अंत में पाण्डियन ने 200 साल पुराने राष्ट्र-बढ़कर, 'अ-प्रादेशिक कल्पना' का समर्थन किया।

हमने इस लेख में पाण्डियन के कुछ प्रमुख सिद्धांतों की चर्चा की है। परंतु इस संक्षिप्त श्रंद्धाजलि में उनके जटिल लेखन के सभी पक्षों को समेटना संभव नहीं है। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके लेखन को पढ़े-समझें और आलोचनात्मक विचारक के तौर पर उनकी विरासत को आगे बढ़ाएं।

(फारवर्ड प्रेस के दिसम्बर 2014 अंक में प्रकाशित)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख



क्या है ओबीसी साहित्य?

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह

राजेंद्र प्रसाद सिंह बता रहे हैं कि हिंदी के अधिकांश रचनाकारों ने किसान-जीवन का वर्णन खानापूर्ति के रूप में किया है। हिंदी साहित्य में...

बहुजनों के लिए अवसर और वंचना के स्तर

अनिल चमड़िया

संचार का सामाजिक ढांचा एक बड़े सांस्कृतिक प्रश्न से जुड़ा हुआ है। यह केवल बड़बोलेपन से विकसित नहीं हो सकता है। यह बेहद सूक्ष्मता...

पिछड़ा वर्ग आंदोलन और आरएल चंदापुरी

हरिनारायण ठाकुर

बिहार में पिछड़ों के आरक्षण के लिए वे 1952 से ही प्रयत्नशील थे। 1977 में उनके उग्र आंदोलन के कारण ही बिहार के तत्कालीन...

कुलीन धर्मनिरपेक्षता से सावधान

प्रेमकुमार मणि

ज्ञानसत्ता हासिल किए बिना यदि राजसत्ता आती है तो उसके खतरनाक नतीजे आते हैं। एक दूसरा स्वांग धर्मनिरपेक्षता का है, जिससे दलित-पिछड़ों को सुरक्षित...

दलित और बहुजन साहित्य की मुक्ति चेतना

हरिनारायण ठाकुर

आधुनिक काल की मुक्ति चेतना नवजागरण से शुरू होती है। इनमें राजाराम मोहन राय, विवेकानंद, दयानंद सरस्वती, पेरियार, आम्बेडकर आदि नाम गिनाए जा सकते...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

नजीब प्रकरण का एक साल : कहाँ है वह?

उन्होंने विदेश मंत्री और बीजेपी की बड़ी नेता सुषमा स्वराज का भी ज़िक्र किया। “सुना है कि सुषमा स्वराज विदेशों में लोगों को बचाती हैं। मगर जब देश में ही कोई ग़ायब हो जाये तो वह क्यों नहीं कुछ करती हैं”

अभय कुमार October 9, 2017

नजीब की माँ फ़ातिमा नफ़ीस कभी बिस्तर पर लेट जाती और कभी उठकर बैठ जाती। उनकी ज़बान से शब्द और आँखों से आंसू साथ-साथ निकल रहे थे। पास में रखी कुर्सी पर बैठा मैं सोच रहा था कि बात कहाँ से शुरू करूँ । “मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरा बच्चा सेफ़ (सही-सलामत) है। मगर कोई यह नहीं बताता वह कहाँ है।” नजीब की माँ अचानक बोल पड़ी।



नजीब कहाँ है? इस सवाल का जवाब नजीब की माँ पिछले एक साल से तलाश रही हैं। साल गुज़र गया मगर उनके सवाल का न तो जवाब ही मिला और न उनके हालात ही बदले।

पिछले साल 14 अक्टूबर की रात, संघी विचारधारा से जुड़े हुए कई-सारे छात्रों ने मिलकर नजीब की पिटाई की थी। पिटाई इतनी ज़ोर की थी कि नजीब के नाक और कान से ख़ून निकल आया। अगले दिन से नजीब अपने हॉस्टल से गायब हो गए जो आज तक गायब हैं।

नजीब को जेएनयू में दाख़िला लिए हुए चंद महीने ही हुए थे जब यह घटना घटी। संघी तत्वों ने ख़ूब अफवाह फैलाया कि नजीब की पिटाई इसलिए हुई थी कि उसने कुछ हिन्दू लड़कों को उनकी धार्मिक भावना के खिलाफ कुछ कहा था। हालाँकि उसकी पिटाई के पीछे हमलावरों का असल मक़सद सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाना था और विश्वविद्यालय के अन्दर निगरानी बढ़ाने के लिए माहौल तैयार करना था।

नजीब की माँ का सवाल सुनकर मैं कुछ देर के लिए ख़ामोश रहा फ़िर वह मुझ से ही पूछ बैठी। “तुम को मैं अपने बेटे की तरह मानती हूँ बताओ नजीब कहाँ है?” मेरे पास इस सवाल का जवाब नहीं था मगर मैं इतना ज़रूर कहा कि “नजीब आज नहीं तो कल ज़रूर वापस आएगा”

पिछले शुक्रवार के रोज़ मेरी मुलाक़ात नजीब की 48 वर्षीय नजीब की माँ से ह्यूमन राइट्स लॉ नेटवर्क के दिल्ली ऑफ़िस में हुई। सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध वकील और हाई कोर्ट में नजीब का केस लड़ रहे कॉलिन गोन्साल्वस के नेतृत्व में यह ऑफ़िस चलता है जहाँ मज़लूमों को क़ानूनी मदद दी जाती है। पिछले कुछ महीनों से जब भी नजीब की माँ दिल्ली आती हैं। वह इसी ऑफ़िस में ठहरना पसंद करती हैं, क्योंकि वह नहीं चाहती कि उनके दिल्ली के रिश्तेदार उनसे और अधिक “परेशान” हों। असल में इन रिश्तेदारों को नजीब की माँ से कम और पुलिस से ज़्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। पुलिस नजीब की माँ को ठिकाना देने वाले लोगों को तरह-तरह से परेशान करती है।

नजीब की माँ की दिल्ली आगमन इस बार कोर्ट-कचहरी के लिए नहीं बल्कि एम्स में इलाज के ग़रज़ से था। उनके साथ उनका तीसरा और सब से छोटा बेटा हसीब अहमद भी था। लाल टी-शर्ट और ब्लू जींस पहने 22-साला हसीब बरेली में सिविल इंजीनियरिंग की पढाई पूरी कर रहा है। चूँकि नजीब की माँ को अगले रोज़ अपने शहर बदायूं लौटना था, मैं उनसे मिलने जेएनयू से फटाफट निकल पड़ा। रास्ते में ज़बरदस्त ट्रैफिक जाम था क्योंकि कि पास के जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप फ़ूटबॉल (अंडर 17) का मैच चल रहा था।

घंटे भर जाम में फसने के बाद, आखिरकर देर शाम मैं ऑफिस पहुँचा। ऑफिस के चौथे-तल्ले पर एक छोटा सा कमरा था जहाँ नजीब की माँ और हसीब मैगी खा रहे थे। मैगी इसलिए कि डॉक्टर ने नजीब की माँ को “शख्त” खाना खाने से मना किया है।

जैसे ही मैं उनसे मिला और उन्हें सलाम अर्ज़ किया नजीब की माँ ने मुझे बैठने को कहा और हसीब को मेरे लिए मैगी बनाने को कहा. नजीब की माँ से मेरी जान-पहचान भी एक साल पुरानी है। हमारी मुलाक़ात अक्सर प्रदर्शन और धरने में होती है।

बिस्तर पर बैठी नजीब की माँ मैगी खा रही है। अक्सर वह सलवार और कुर्ती में नज़र आती हैं और जब वह बात करती हैं तो उनके कान को बड़ी बाली हिलती-डूलती रहती है। मेरी उनसे मुलाक़ात कई महीने बाद हुई। इस बार भी मैंने उन्हें पहले की ही तरह आशावान पाया। अपने बेटे के ढूंढ पाने का उनका अज्म आज भी बुलंद है। साल भर की भाग-दौड़, कोर्ट-कचहरी के चक्कर और कई तरह की परेशानियों ने उन्हें किसी भी तरह से कमज़ोर नहीं किया है। “नजीब एक दिन ज़रूर वापस आएगा और सही-सलामत आएगा”।

मगर बीच-बीच में वह अपनी सिसकियाँ रोक नहीं पाई, माँ का दिल जो ठहरा। “हर पल मैं दरवाज़ा पर देखती रहती हूँ कि कब नजीब दरवाज़ा खटखटाएगा। हर लम्हा मैं उसका इंतज़ार करती हूँ। कोई रात ऐसी नहीं गुज़रती है जब मैं उसके लिए एक्स्ट्रा दुआ न करती हूँ।”

उनकी ये सिसकियां इस बात की तरफ इशारा करती हैं कि पुलिस और हुकूमत किस क़दर असंवेदनशील हो गयी है कि “मामूली इन्सान की सुनती ही नहीं है। अगर नजीब किसी मंत्री का बेटा होता तो पुलिस उसे दो दिन के अन्दर खोज लेती।”

दो दिन की कौन कहे पिछले एक साल में पुलिस, क्राइम ब्रांच, ख़ुफ़िया एजेंसी और भारत की सब से बड़ी जाँच एजेंसी सीबीआई भी नजीब के ढूंडने में पूरी “नक्कारा” साबित हुई है। पुलिस की लापरवाही का आलम यह है कि तथा-कथित हमलावरों के साथ उसने हिरासती पूछताछ भी नहीं किया है। दूसरी मायूसी यह है कि नजीब केस की जाँच कर रही सीबीआई ताज़ा एफ़आईआर दर्ज करने के बजाये पुराने एफ़आईआर को ही फ़िर से दर्ज किया है।

“आप को लगता है कि कुछ हुआ है?” नजीब की माँ ने मुझ से पूछा। फ़िर उन्होंने अपने ही सवाल का जवाब भी दिया। “कुछ नहीं हुआ है। जो बात पहले दिन सुनी थी वही आज भी सुन रही हूँ। इतनी नक्कारा पुलिस है...” बातचीत के दौरान उन्होंने विदेश मंत्री और बीजेपी की बड़ी नेता सुषमा स्वराज का भी ज़िक्र किया। “सुना है कि सुषमा स्वराज विदेशों में लोगों को बचाती हैं। मगर जब देश में ही कोई ग़ायब हो जाये तो वह क्यों नहीं कुछ करती हैं।” उनको मायूसी इस बात से भी है कि सुषमा स्वराज को नजीब से सम्बंधित ट्वीट भी करवाया गया मगर उन्होंने कभी इसका जवाब नहीं दिया और न ही कभी नजीब की खैरियत ही जाननी चाहिए।

सुषमा स्वराज की ख़ामोशी की एक वजह यह भी हो सकती है कि नजीब के तथा-कथित हमलावरों के तार भगवा तंजीम से जुड़े होने का शक है। जब जेएनयू प्रशाशन, पुलिस और सरकार नजीब के तथा-कथित हमलावरों को बचाने के लिया हर तरफ के हथकंडे अपनाने से बाज़ नहीं आ रहे हों तो भला सुषमा स्वराज उनके ख़िलाफ़ कैसे जा सकती हैं।

इसी बीच उनका दूसरा बेटा मुजीब अहमद का फ़ोन आया। जब फ़ोन पर नजीब की माँ बात करने लगी तभी हसीब मेरे लिए गरमा-गर्म मैगी बना कर लाया और फ़िर वह बिस्तर पर बैठ कर दिवार से लेट गया और मोबाइल पर कुछ देखने लगा।

“अब तो अल्लाह की ज़ात पर ही भरोसा है।” नजीब की माँ ने फ़ोन काटने के फ़ौरन बाद मेरी तरह मुड़ी. आगे उन्होंने बताया कि नजीब के तलाश में उन्होंने वह भी पैसे खर्च कर दिए जो वह अपनी छोटी बेटी की शादी के लिए रखा था। ऊपर से नजीब के अब्बा बीमार रहते हैं। “पिछले एक साल से मेरे घर में किसी ने कपड़े नहीं बनवाएं हैं। एक बार नजीब मिल जाये तो मैं उसे लेकर चुप हो जाऊगी। मुझे किसी से कोई दुश्मनी नहीं है. मुझे सिर्फ मेरा नजीब चाहिए।”

नजीब की माँ

इस के साथ-साथ वह उन तमाम अफवाहों को खारिज कर रहीं हैं, जिसमें कहाँ जा रहा है नजीब खुद से भाग गया है या फ़िर वह किसी ग़ैर-क़ानूनी संस्था में शामिल हो गया है। “वह खुद से नहीं गया है. जो खुद से गया होता तो वह अपनी माँ को फ़ोन नहीं करता।” वह आगे बताती है कि नजीब का किसी भी “फालतू” कामों से कोई मतलब नहीं था. उसको पढाई के अलावा किसी चीज़ से मतलब नहीं होता था। वह एक मेहनती लड़का था और एएमयू, हमदर्द, जामिया और जेएनयू जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटियों का प्रवेश परीक्षा उसने पास किया है।

इसी बीच ट्रायल कोर्ट में नजीब के वकील पल्लवी आई और नजीब की माँ उनसे केस बारे में बात करने लगी। पल्लवी ने बताया कि नजीब के तथा-कथित हमलावरों के ऊपर सीबीआई "नार्को टेस्ट" और "पालीग्राफी" टेस्ट कर सकती है। नजीब की माँ की तरह पल्लवी भी पुलिस और सीबीआई के सुस्त रवैया से काफी असंतुष्ट दिखी। "हम चाहते हैं कि कोर्ट खुद अपने निगरानी में एक एसआईटी कायम करें जिसके अफसर दिल्ली से बाहर के हों ताकि जांच की करवाई पूरी पारदर्शिता के साथ अंजाम को पा सके।"

पल्लवी के जाने के बाद मैंने ने भी उनसे जाने की इजाज़त मांगी। अगले हफ्ते नजीब की माँ फ़िर दिल्ली आ रही हैं क्योंकि कि 13 अक्टूबर के रोज़ सीबीआई दफ्तर पर एक बड़ा विरोध-प्रदर्शन होने वाला है। लौटते वक्त मैं यही सोच रहा था कि वह दिन कब आएगा जब माँ को उसका नजीब मिल जायेगा।

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, संस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। *द मार्जिनलाइज्ड प्रकाशन, वर्धा/दिल्ली।* मोबाइल : +919968527911, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

यूपी : दलित जैसे नहीं हैं अति पिछड़े, श्रेणी में शामिल करना न्यायसंगत नहीं

अलख निरंजन

सामाजिक न्याय की दृष्टि से देखा जाय तो भी इन 17 जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने से दलितों के साथ अन्याय होगा।...

बहस-तलब : आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पूर्वार्द्ध में

विद्या भूषण रावत

मूल बात यह है कि यदि आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाता है तो ईमानदारी से इस संबंध में भी दलित, आदिवासी और पिछड़ो...

साक्षात्कार : 'हम विमुक्त, घुमंतू व अर्द्ध घुमंतू जनजातियों को मिले एसटी का दर्जा या दस फीसदी आरक्षण'

नवल किशोर कुमार

"मैंने उन्हें रेनके कमीशन की रिपोर्ट दी और कहा कि देखिए यह रिपोर्ट क्या कहती है। आप उन जातियों के लिए काम कर रहे...

कैसे और क्यों दलित बिठाने लगे हैं गणेश की प्रतिमा?

सुशील मानव

जाटव समाज में भी कुछ लोग मानसिक रूप से परिपक्व नहीं हैं, कैडराइज नहीं हैं। उनको आरएसएस के वॉलंटियर्स बहुत आसानी से अपनी गिरफ़्त...

महाराष्ट्र में आदिवासी महिलाओं ने कहा– रावण हमारे पुरखा, उनकी प्रतिमाएं जलाना बंद हो

एफपी डेस्क

उषाकिरण आत्राम के मुताबिक, रावण जो कि हमारे पुरखा हैं, उन्हें हिंसक बताया जाता है और एक तरह से हमारी संस्कृति को दूषित किया...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

पहले बहुजन, फिर मुसलमान

अन्य दलितों और पिछड़ों के साथ एकजुट होकर और नए नायकों को अपनाकर पसमांदा, श्रेष्ठि वर्ग की जातिवादी अल्पसंख्यक राजनीति के चंगुल से मुक्त हो गए हैं

अभय कुमार January 20, 2016

भारत के राजनैतिक क्षितिज पर 1990 के दशक में उभरे पसमांदा आंदोलन को पारंपरिक अल्पसंख्यक राजनीति के झंडाबरदारों के कटु विरोध और निंदा का सामना करना पड़ा। मंडल राजनीति (1990) से प्रेरित पसमांदा आंदोलन ने न केवल अशरफ (उच्च जाति) मुसलमानों के वर्चस्व को चुनौती दी वरन उन्होंने सफलतापूर्वक इतिहास का पुनर्लेखन भी किया और 'कुलीन' अल्पसंख्यक राजनीति के प्रतीकों और भाषा को खारिज किया।

पसमांदा एक फारसी शब्द है। पसमांदा नेता और जदयू सांसद अली अनवर की एक पुस्तक "मसावात की जंग" (समानता की लड़ाई) के अनुसार पसमांदा शब्द का अर्थ है "पीछे छूटे हुए"। कुछ प्रमुख पसमांदा जातियां हैं-लालबेगी, हलालखोर, मोची, पासी, भंत, भटियारा, पमरिया, नट, बक्खो, डफाली, नलबंद, धोबी, साई, रंगरेज़, चिक, मिर्शीकार व दर्जी। अगर हम साधारण भाषा में कहें तो पसमांदा, वे पिछड़े (शूद्र) व दलित (अति-शूद्र) हैं, जिनके पूर्वजों ने सदियों पहले, जातिगत अत्याचारों से मुक्ति के लिए इस्लाम अपना लिया था। परंतु धर्म बदलने से उनके साथ हो रहा जातिगत भेदभाव समाप्त नहीं हुआ और न ही उनकी भौतिक वंचना में कोई कमी आई। नि:संदेह, इस्लाम समानता और भाईचारे का हामी है। परंतु मीडिया में अक्सर इस आशय की रपटें छपती रहती हैं कि अशरफ मुसलमान, मस्जिदों और कब्रिस्तानों में दलित मुसलमानों को प्रवेश नहीं करने देते। मुसलमानों में अंतर्जातीय विवाह भी कम ही होते हैं।

पसमांदा नेता अपनी मुस्लिम पहचान की बजाए अपनी दलित और पिछड़ी पहचान पर अधिक ज़ोर देते हैं और मुसलमानों के एकसार समुदाय होने की मान्यता पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। मुसलमानों में जातिगत भेदभाव के मद्देनज़र, पसमांदा राजनीति का लक्ष्य है सभी धर्मों के दलितों और पिछड़ों की व्यापक 'बहुजन एकता' की स्थापना।

पसमांदा बुद्धिजीवी खालिद अनीस अंसारी, पसमांदा आंदोलन के इतिहास को दो कालखंडों में विभाजित करते हैं। इस राजनीति का दूसरा कालखंड शुरू हुआ मंडल राजनीति के बाद से। पहले कालखंड की शुरूआत, बिहार में मोमिन कांफ्रेंस के दौर से मानी जाती है। मोमिन कांफ्रेंस (1930 व 1940 का दशक) राष्ट्रवादी आंदोलन और कांग्रेस की राजनीति से प्रेरित थी।

कोलकाता के बिहारी मुसलमानों द्वारा स्थापित मोमिन कांफ्रेंस, हिंदू और मुस्लिम दोनों राष्ट्रवादों को खारिज करती थी। परंतु यह संस्था स्वतंत्रता के बाद सक्रिय नहीं रह सकी यद्यपि इसके शीर्ष नेता कय्यूमी अंसारी (1905-1974) बिहार की कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री थे।

कय्यूम अंसारी, पसमांदा आंदोलन के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक माने जाते हैं। भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट भी जारी किया है। अपनी पुस्तक "मुस्लिम पॉलिटिक्स इन बिहार" (2014) में इतिहासकार मोहम्मद सज्जाद लिखते हैं कि अंसारी, 1940 के दशक की शुरूआत में बिहारी की राजनीति में तेजी से उभरे।

कय्यूम अंसारी बिहार राज्य जमायत-उल-मोमिनीन के अध्यक्ष भी थे। बिहार के सासाराम में अली बंधुओं के संपर्क में आने के बाद, उन्होंने खिलाफत आंदोलन के ज़रिए स्वाधीनता संग्राम में भाग लिया। सन् 1930 और 1940 के दशक में उन्होंने मुस्लिम लीग और द्विराष्ट्र सिद्धांत का जबरदस्त विरोध किया। स्वतंत्रता के बाद वे बिहार की कांग्रेस सरकारों (1946-52, 1955-57 व

वीर अब्दुल हमीद

1962-67) में मंत्री रहे। वे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य व राज्यसभा के सदस्य (1970-72) भी रहे।

अंसारी की मृत्यु के कई दशक बाद, पसमांदा आंदोलन का दूसरा दौर शुरू हुआ। इसका प्रेरणास्त्रोत था बिहार का सामाजिक न्याय आंदोलन। सन् 1994 में डॉ. एज़ाज अली द्वारा गठित "ऑल इंडिया बैकवर्ड मुस्लिम मोर्चा" और सन् 1998 में अली अनवर द्वारा स्थापित "पसमांदा मुस्लिम महाज़", पसमांदाओं के प्रमुख राजनैतिक संगठन हैं।

अपने पहले दौर में जहां पसमांदा आंदोलन का झुकाव कांग्रेस की ओर था वहीं दूसरे दौर में जनता दल, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल व जनता दल यूनाईटेड जैसी सामाजिक न्याय की पार्टियों से उसका गठबंधन होना स्वभाविक था। हिंदुओं और मुसलमानों के दमित तबकों की एकता के पीछे उनका "दर्द का रिश्ता" था। दोनों के अनुभव एक थे, दोनों एक-से काम करते थे और दोनों को ऊँची जातियों के हिंदुओं और मुसलमानों के हाथों अपमान सहना पड़ता था।

इस तथ्य को पसमांदा आंदोलन का नारा "पिछड़ा-पिछड़ा एक समान, हिंदू हो या मुसलमान" बड़े सहज व सटीक शब्दों में व्यक्त करता है।

धर्मों से ऊपर उठकर, दलितों और पिछड़ों की एकता कायम करने में बसपा के संस्थापक कांशीराम की राजनैतिक विचारधारा का महत्वपूर्ण योगदान था। वे बहुजन की अवधारणा के जनक थे और उन्होंने भारतीय राजनीति में एक नए गुट का निर्माण किया जिसमें दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक शामिल थे। पारंपरिक राजनीति मानती थी कि दलित और मुसलमान अल्पसंख्यक हैं। कांशीराम का कहना था कि शोषक उच्च जातियां अल्पसंख्यक हैं और दमित जातियां बहुजन हैं।

राजनैतिक समीकरणों को बदलने और नई पहचानें स्थापित करने के लिए इतिहास की पुनर्व्याख्या भी जरूरी होती है। जहां पारंपरिक मुस्लिम विद्वानों ने जाति के प्रश्न को नजरअंदाज़ किया वहीं पसमांदा मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने उसे प्रमुखता दी। उदाहरणार्थ, मसूद आलम फलाही ("हिंदुस्तान में जांतपांत और मुसलमान", 2007) लिखते हैं कि मध्यकाल से ही नीची जातियों के मुसलमानों के साथ भेदभाव होता आ रहा है और उन्हें सत्ता में भागीदारी से वंचित किया जाता रहा है। मुगल बादशाह औरंगज़ेब (1618-1707) और बहादुर शाह जफर (1775-1862) को पसमांदा नेता जातिवादी बताते हैं। वे यह भी कहते हैं कि आधुनिक भारत के प्रतिष्ठित मुस्लिम नेता जैसे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैय्यद एहमद खान (1817-1898) भी नीची जातियों के मुसलमानों के बारे में अपमानजनक शब्दों (बदज़ात जोल्हा) का इस्तेमाल करते थे और उच्च जातियों के हितों के संरक्षक थे।

अशरफ नायकों को दरकिनार कर, पसमांदा मुसलमानों ने अपने नए नायकों का निर्माण किया जो कबीर-फुले-आंबेडकर परंपरा के थे। आंबेडकर के जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष के कारण उन्हें पसमांदाओं ने अपना नायक बनाया। पसमांदा मुसलमान, ओबीसी नेता कर्पूरी ठाकुर को भी अपना नायक और आंबेडकर के समकक्ष मानते हैं। जब वे बिहार के मुख्यमंत्री थे, तब कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ी जातियों को 26 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया था और इनमें कई दलित मुस्लिम जातियां भी शामिल थीं।

इसके अलावा, पसमांदा मुसलमानों ने नीची जातियों के कई मुसलमानों को अपने नायक का दर्जा दिया है। इनमें शामिल हैं वीर अब्दुल हमीद (1933-1965) जिन्हें 1965 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में अदम्य साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र (मृत्योपरांत) से सम्मानित किया गया था; प्रतिष्ठित शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां (1903-2006) जिन्हें 2001 में भारत रत्न प्रदान किया गया था; कय्यूम अंसारी व मौलाना अतीक-उर-रहमान आरवी, जो दारुल उलूम देवबंद के छात्र और राष्ट्रवादी स्वतंत्रता संग्राम सैनानी थे।

इन नायकों को अपनाकर पसमांदा मुसलमानों ने सामाजिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में ऊँची जातियों के वर्चस्व को चुनौती दी है। सार्वजनिक संस्कृति के दलितीकरण के इस दौर में इन नए सांस्कृतिक बिम्बों का उभार स्वागतयोग्य है।

फारवर्ड प्रेस के अक्टूबर, 2015 अंक में प्रकाशित

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सावित्रीबाई फुले, जिन्होंने गढ़ा पति की परछाई से आगे बढ़कर अपना स्वतंत्र आकार

सुधा अरोड़ा

सावित्रीबाई फुले ने अपने पति जोतीराव फुले के समाज सुधार के काम में उनका पूरी तरह सहयोग देते हुए एक परछाईं की तरह पूरे...

रैदास: मध्यकालीन सामंती युग के आधुनिक क्रांतिकारी चिंतक

सिद्धार्थ

रैदास के आधुनिक क्रांतिकारी चिंतन-लेखन को वैश्विक और देश के फलक पर व्यापक स्वीकृति क्यों नहीं मिली? सच तो यह कि उनकी आधुनिक चिंतन...

जब नौजवान जगदेव प्रसाद ने जमींदार के हाथी को खदेड़ दिया

एनके नन्दा

अंग्रेज किसानों को तीनकठिया प्रथा के तहत एक बीघे यानी बीस कट्ठे में तीन कट्ठे में नील की खेती करने के लिए मजबूर करते...

डॉ. आंबेडकर : भारतीय उपमहाद्वीप के क्रांतिकारी कायांतरण के प्रस्तावक-प्रणेता

सिद्धार्थ

आंबेडकर के लिए बुद्ध धम्म भारतीय उपमहाद्वीप में सामाजिक लोकतंत्र कायम करने का एक सबसे बड़ा साधन था। वे बुद्ध धम्म को असमानतावादी, पितृसत्तावादी...

डॉ. आंबेडकर की विदेश यात्राओं से संबंधित अनदेखे दस्तावेज, जिनमें से कुछ आधारहीन दावों की पोल खोलते हैं

निखिल बागडे

डॉ. आंबेडकर की ऐसी प्रभावी और प्रमाणिक जीवनी अब भी लिखी जानी बाकी है, जो केवल ठोस और सत्यापन-योग्य तथ्यों – न कि सुनी-सुनाई...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

मत कहिए फूलन देवी को 'बैंडिट क्वीन'

फूलन देवी ने एक ऐसी मिसाल छोड़ी है, जिसे हमें हमेशा याद रखना चाहिए। उनकी जीवनगाथा हमें यही सिखाती है कि वंचितों की लड़ाई और उनका साहित्य केवल रोने-धोने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह संघर्ष का भी साहित्य होना चाहिए। पढ़ें, जेएनयू छात्र संघ के कार्यालय में बीते 10 अगस्त, 2024 को फूलन देवी की जयंती के मौके पर अभय कुमार के संबोधन का संपादित अंश

अभय कुमार August 20, 2024

सबसे पहले, मैं समाजवादी छात्र सभा के उन सभी साथियों का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने फूलन देवी जैसी महत्वपूर्ण शख्सियत और समाज में व्याप्त शोषण के खिलाफ संघर्ष करनेवाली महिला को याद किया।

फूलन देवी के बारे में मेरे से पहले एक साथी ने अपने विचार प्रस्तुत किए और उनका परिचय हमें बताया। फूलन देवी पर कुछ किताबें लिखी गई हैं, जिनमें से एक किताब, जिसे पढ़ने के लिए मैं आप सभी से अनुरोध करूंगा, वह है– 'दी बैंडिट क्वीन ऑफ इंडिया एंड इंडियन वुमैन्स अमेजिंग जर्नी फ्रॉम पीज़ेंट टू इंटरनेशनल लेजेंड', जिसका पहले संस्करण का शीर्षक था– 'आई फूलन देवी: दी ऑटोबायोग्राफी ऑफ इंडियाज बैंडिट क्वीन'।

फूलन देवी की आत्मकथा को प्रकाशित करने में दो लेखकों– मैरी-थेरेज़ क्यूनी और पॉल रामबली का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दोनों ने मिलकर फूलन देवी की कहानियों को आम लोगों तक पहुंचाने में बड़ी मदद की। इस किताब की खासियत यह है कि यह फूलन देवी के खुद के बयानों पर आधारित है। चूंकि वे पढ़ी-लिखी नहीं थीं, इसलिए लेखकों के सामने जो भी बातें वे कहती थीं, उन्हें लिखा जाता था। फिर ये लिखित बातें फूलन देवी को सुनाई जाती थीं। जब वे पढ़कर सुनाई जाती थीं, तो वे ध्यान से सुनती थीं। अगर उन्हें लगता था कि उनकी बातों को सही तरीके से दर्ज नहीं किया गया है या उसमें कोई गलती है, तो वे उसमें बदलाव करवाती थीं और जुड़ी अन्य बातें बताती थीं। उनके सुझावों को शामिल करके फिर से पढ़ा जाता था। जब वे पूरी तरह से संतुष्ट हो जाती थीं, तब वे हर पृष्ठ पर हस्ताक्षर करके अपनी मंजूरी देती थीं। इस प्रकार, यह किताब एक प्रामाणिक दस्तावेज़ है।

किताब के 'इंट्रोडक्शन' में लेखक एक दिलचस्प बात बताते हैं कि फूलन देवी उत्तर प्रदेश के सैकड़ों वर्षों की डकैती के इतिहास में तीसरी महिला डकैत नेता थीं। यह तथ्यात्मक रूप से सही है। किताब के शीर्षक में 'बैंडिट क्वीन' शब्द उल्लेखित है, जिसका अर्थ होता है– चोर और लुटेरे लोग, जो हथियार के बल पर लोगों की धन-संपत्ति छीनते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि किताब का

एक खास शीर्षक रखना प्रकाशक की एक मजबूरी हो सकती है।

फूलन देवी को "बैंडिट क्वीन" कहना मुझे गलत लगता है, क्योंकि उनका आंदोलन 'बैंडिट' शब्द के प्रयोग से ठीक से नहीं समझा जा सकता। फूलन कोई चोर-लुटेरा नहीं थीं, जो दूसरों की धन-संपत्ति लूट रही थीं। इसके बरअक्स वह जातिवादी समाज के खिलाफ मानवीय गरिमा और इंसानियत की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही थीं। असल में, फूलन एक 'इटरनल रेबल'(सार्वकालिक विद्रोही) थीं, जो लगातार शोषण के खिलाफ बग़ावत कर रही थीं।

यह भी पढ़ें – फूलन देवी की आत्मकथा : यातना की ऐसी दास्तान कि रूह कांप जाए

फूलन देवी की कहानी अन्याय के खिलाफ विद्रोह की कहानी है। मुझे लगता है कि वंचितों की लड़ाई के दो पहलू होते हैं– पहला, शोषण और दूसरा, शोषण के खिलाफ विद्रोह और संघर्ष। हमें सिर्फ शोषण की कहानी नहीं लिखनी चाहिए, बल्कि संघर्ष की दास्तान भी बतानी चाहिए। यदि कोई लेखक केवल शोषण की कहानी कहकर रुक जाए, तो कहानी अधूरी मानी जाएगी। इस तरह की कहानी को पूरा करने के लिए हमें संघर्ष की कहानी भी प्रस्तुत करनी होगी। इसलिए, यदि आज मुझे फूलन देवी पर केंद्रित नई किताब लिखनी हो तो, तो मैं उसका शीर्षक इस प्रकार रखना चाहूंगा– ;फूलन देवी डाकुओं की रानी नहीं, बल्कि एक इटरनल रेबल।' वजह यह कि उनकी बगावत स्वयं के लाभ के लिए नहीं थी और न ही किसी नेता की तरह पार्टी टिकट पाने के लिए थी। सच्चाई यह है कि फूलन का स्वभाव ही विद्रोही था। जहां कहीं भी उन्हें असमानता या भेदभाव दिखाई देता था, वे उसके खिलाफ लड़ती थीं।

जब फूलन खुद के दमन के खिलाफ खड़ी हुईं और विक्रम मल्लाह के सरगने में शामिल हो गईं, तब उन्होंने वहां भी अपनी क्षमता साबित की और दिखाया कि महिलाएं किसी भी काम में पुरुषों से कम नहीं हैं। फूलन देवी ने पुरुषों की 'मर्दानगी' पर भी सवाल उठाया। पुरुषवादी समाज 'मर्दानगी' को ताकत के इज़हार से जोड़ता है और समझता है कि केवल पुरुष ही घोड़े चढ़ सकते हैं, दौड़ सकते हैं, लड़ाई कर सकते हैं, और बंदूक चला सकते हैं। लेकिन फूलन देवी ने इन सभी कामों में अपनी दक्षता साबित की और यह सिद्ध किया कि वे किसी भी पुरुष से कम नहीं हैं।

जेएनयू छात्र संघ के कार्यालय में फूलन देवी की जयंती के मौके पर आयोजित सभा में बाएं से लेखक अभय कुमार, समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता तूफानी निषाद, स्वतंत्र पत्रकार सुनील कश्यप व छात्रा प्रियांशी यादव

अफ़सोस की बात है कि फूलन की बहादुरी को नजरअंदाज़ किया गया है और उन्हें सवर्ण लॉबी द्वारा हिंसा करने वाली 'डकैत' के रूप में प्रस्तुत किया गया है। सवर्ण मीडिया फूलन के बारे में कहता है कि वह डकैत थीं, लुटेरी थीं, और उन्होंने एक विशेष जाति के लोगों की हत्या की। हालांकि, यह सच्चाई नहीं बताई जाती कि वे जातिवादी-पितृसत्तावादी अत्याचार के खिलाफ लड़ रही थीं।

ऐसा नहीं है कि भारतीय विश्वविद्यालयों में बैठे द्विज प्रोफेसरों को विदेशी लेखकों से विशेष प्रेम है, जिसके कारण उनकी रचनाएं पाठ्यक्रम में शामिल की जाती हैं। बल्कि, प्रोफेसर लोग फूलन देवी के बजाय दूर के लेखकों को पढ़ना पसंद करते हैं, क्योंकि फूलन ने उनके समाज में हो रही अन्याय की आवाज उठाई है। द्विज प्रोफेसरों की कोशिश रहती है कि जो भी व्यक्ति उनके समाज में घटित अन्याय के खिलाफ बोलता है और लोगों को शोषण पर आधारित समाज में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है, उसे दूर रखा जाए। यही कारण है कि फूलन देवी के बारे में हमारे अकादमिक जगत में चुप्पी बनी हुई है।

यह केवल फूलन देवी के मामले में ही नहीं है। बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर को भी द्विज स्वीकार नहीं करते, क्योंकि उन्हें डर है कि डॉ. आंबेडकर की बातें उनके समाज में लोगों को आंदोलन के लिए प्रेरित कर सकती हैं। अगर डॉ. आंबेडकर कहीं दूर, जैसे कि अरब या यूरोप में जन्मे होते, तो शायद द्विजों को इतनी आपत्ति नहीं होती, क्योंकि तब आंबेडकर भारत के नहीं बल्कि अपने देश के समाज की समस्याओं की बात कर रहे होते।

मुझे लगता है कि नारीवाद का विमर्श भी वंचितों के मुद्दे को पूरी तरह से नहीं उठा पा रहा है। ज्यादातर लोग जो कॉलेज और विश्वविद्यालयों में खुद को नारीवादी कहते हैं, उनमें बड़ी संख्या सवर्णों की होती है। यदि मैं कहूं कि ये लोग केवल 'रिप्रेजेंटेशन' तक ही सीमित रहते हैं, तो गलत नहीं होगा। सवर्ण नारीवादियों ने नारीवाद के विमर्श को सीमित कर दिया है। उदाहरण के तौर पर, वे केवल यह सवाल उठाते हैं कि कितनी महिलाएं कॉलेज में हैं, कितनी महिलाएं विश्वविद्यालय में हैं, कितनी महिलाएं इस संस्थान में हैं, और कितनी उस संस्थान में हैं। द्विज नारीवादियों को यह बात समझ में नहीं आती है कि सभी महिलाएं समान नहीं होती हैं; उनमें भी जाति और वर्ग की असमानता होती है।

दैनिक जीवन में कितनी घटनाएं आपके सामने आती हैं, जब सवर्ण महिलाओं की इज़्ज़त पर हमला होता है? ऐसा नहीं कि ऐसा नहीं होता है, लेकिन उसकी संख्या कम है। जबकि दलित, पिछड़े, और आदिवासी महिलाओं के ऊपर तो हर दिन हमले होते हैं। सवर्ण नारीवादियों की सीमित सोच यह है कि वे महिलाओं को एक समान विचारधारा वाले समूह के तौर पर देखती हैं और महिलाओं के अंदर जाति और वर्ग की बुनियाद पर जो असमानता है, उसे नजरअंदाज़ करती हैं। सवर्ण नारीवादी ग्रुप जाति के सवाल को दबा देता है।

अब डॉ. आंबेडकर की लेखनी को देखिए। उन्होंने कहा है कि महिलाएं भी 'शूद्र' हैं। ऊंची जाति की महिलाएं भी अपने समाज में बराबरी नहीं पा पातीं। जब मैंने फूलन देवी की आत्मकथा पढ़ी, तो पता चला कि उनकी शादी 11 साल की उम्र में कर दी गई थी, जो बाल विवाह था। शादी के बाद फूलन को उनके ससुराल वाले खेलने से रोकते थे। उन्हें घर में बंद कर दिया जाता था। महिलाओं को घर में कैद करने की प्रथा सवर्णों में भी देखी जाती है। मेरे गांव के अनुभव से कह सकता हूं कि पड़ोस की एक बुजुर्ग महिला जब अपने घर से बाहर जाती थीं, तो अपनी बहू को घर के अंदर कमरे में बंद कर ताला लगा करके जाती थीं।

महिलाओं की सभी गतिविधियों, जैसे उनका आना-जाना, बोलना, पढ़ना-लिखना, सब पर पितृसत्ता द्वारा नियंत्रण किया जाता है। यह नियंत्रण सवर्ण समाज में अधिक है। इसलिए सवर्ण महिलाओं की स्थिति भी बेहतर नहीं है, लेकिन यह उनके लिए चर्चा का विषय नहीं है। बाबासाहेब आंबेडकर ने इस मुद्दे को बहुत अच्छे से उठाया है, लेकिन उसे दबाया जाता रहा है। महिलाओं की समानता की बात केवल एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं होनी चाहिए। नारीवाद का विमर्श केवल प्रतिनिधित्व तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जाति और वर्ग की असमानता को भी उजागर करना चाहिए।

डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि जाति का विनाश तब तक संभव नहीं होगा, जब तक अंतर-जातीय शादियां नहीं होतीं। लेकिन आप देखें कि भाजपा और आरएसएस जिसे 'लव-जिहाद' कह रही है, का मसला क्या है? 'लव-जिहाद' एक हद तक हिंदू बनाम मुसलमान का मामला दिखता है, लेकिन असल में इसका संबंध जाति प्रथा से भी है। मेरे गांव में सवर्णों को यह कहते हुए सुना जाता है कि सवर्ण जातियों की लड़कियों के ऊपर अवर्ण जातियों के लड़के, जैसे दलित और ओबीसी, डोरे डाल रहे हैं। उन्हें दुख है कि सवर्णों की 'इज्जत' मिट्टी में मिल गई है।

आप देखिए कि किस तरह से समाज में अफवाहें फैलाई जा रही हैं और महिलाओं की 'सेक्सुअलिटी' को नियंत्रित किया जा रहा है। जातिवादी और पुरुषवादी समाज इसी प्रकार की नफरत फैलाकर महिलाओं को घर में कैद करने, उनकी पढ़ाई छुड़वाने का रास्ता तैयार कर रहा है। कहना चाहिए कि यही आज के हक़ीकत है, और हमें फूलन देवी जैसी महिला की जरूरत है, जो इस असमानता और अमानवीय प्रथाओं के खिलाफ बग़ावत करे। मैं यहां दोहराना चाहता हूं कि फूलन देवी की लड़ाई न केवल पिछड़ी जातियों और दलित महिलाओं के लिए मुक्ति का द्वार खोलेगी, बल्कि उनकी लड़ाई सवर्ण जातियों की महिलाओं की मुक्ति का भी मार्ग प्रशस्त करेगी।

मुझे लगता है कि फूलन देवी की लड़ाई महिला के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है। यह जाति प्रथा के खिलाफ और जाति को तोड़ने की लड़ाई है। फूलन की लड़ाई केवल सवर्ण समाज के खिलाफ नहीं है। सवर्ण समाज को भी सोचना चाहिए कि जो लोग जाति के ऊपर इतना गर्व महसूस करते हैं, उस जाति ने समाज को आखिर दिया क्या है?

जाति से जुड़ी एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा। मेरे गांव के निवासी – गेंदा भइया (गेंदा सहनी) – पुराने ज़माने के ग्रेजुएट हैं। वे मल्लाह जाति में पैदा हुए। जब हमारे गांव में बीए पास की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती थी। सवर्णों में भी बीए कम ही थे। कुछ साल पहले जब मैं गांव में था, तब वह मेरे घर आए। उम्र में बड़ा अंतर होने के बावजूद, हम दोनों एक-दूसरे के साथ सहज थे। मैंने उनके लिए चाय बनाई। जब हम चाय पी रहे थे, तब ब्राह्मण समाज के एक छोटे बच्चे ने उन्हें 'घटवार' कहकर संबोधित किया। "मेरा नाम नहीं है क्या, जो आप मुझे मेरी जाति से पुकार रहे हैं?" गेंदा भइया ने अपने पोते की उम्र के उस बच्चे से पूछा।

सवर्ण समाज बार-बार यह दावा करता है कि उसे देश के बारे में बहुत चिंता है और वह स्वयं को सबसे बड़ा राष्ट्रवादी भी मानता है। लेकिन सवर्ण समाज जाति में इतनी गहराई से जकड़ा हुआ है कि उसकी रक्षा भी करता है। सवर्ण समाज को यह समझना चाहिए कि उनके समाज का छोटा-सा बच्चा भी अपने दादा के उम्र के बहुजन को "घटवार" कहकर अपमानित करता है। सवर्ण समाज के छोटे बच्चों को भी दलित और पिछड़ी जातियों के बुजुर्गों को सम्मान नहीं देने की आदत है, जबकि वे पूरी तरह से उम्मीद करते हैं कि सवर्णों को सम्मान मिले। क्या इस जातिवादी मानसिकता के लिए फूलन देवी जिम्मेदार हैं? क्या फूलन देवी ने घर-घर जाकर सवर्णों के बच्चों को यह कहा कि आप हमें जातिवादी शब्दों से पुकारें? मल्लाह समाज के व्यक्ति की पहचान और योगदान को नजरअंदाज कर सवर्ण समाज उसे 'घटवार' कहकर क्यों पुकारता है?

फूलन देवी के बारे में जो दुष्प्रचार किया जा रहा है, वह गलत है। जातिवादी प्रथाओं के खिलाफ लड़ने के लिए फूलन देवी को सम्मान मिलना चाहिए। उनके संघर्षों और उनके विचारों को पढ़ाया जाना चाहिए। आज हम फूलन देवी का जन्मदिन मना रहे हैं। मगर दुख की बात है कि वह हमारे बीच नहीं हैं। अगर आज वह हमारे बीच होतीं, तो वह सांप्रदायिकता विरोधी लड़ाई में अग्रणी होतीं और आज की जातिवादी नीतियों के खिलाफ खड़ी होतीं।

मेरी बातों का सार यही है कि फूलन देवी ने हमेशा संघर्ष किया। वह एक 'इटरनल रेबल' थीं। उन्होंने किस-किस से नहीं लड़ा? क्या उन्होंने केवल सवर्णों से लड़ा था? बिल्कुल नहीं। उनकी लड़ाई हर प्रकार के अन्याय के खिलाफ थी। क्या उन्होंने अपने घर वालों से नहीं लड़ा, जिन्होंने उनका तिरस्कार किया? क्या उन्होंने अपने पति से नहीं लड़ा, जब उसने उन्हें कैद किया? क्या उन्होंने अपने ससुर से नहीं लड़ा, जिसने उनके आने-जाने पर रोक लगाई थी? उनके ही समाज के एक बिहारी थे, जिनके पास बहुत ज़मीन थी और बड़ा घर था। जब फूलन उस घर के पास से गुजरती थीं, तो बिहारी उन्हें परेशान करता था। क्या फूलन ने अपने ही समाज के इस अमीर और बेईमान व्यक्ति का विरोध नहीं किया था? जब मैं फूलन की आत्मकथा पढ़ रहा था और उसमें

बिहारी के चरित्र का वर्णन पाया, तो मुझे समझ में आया कि किस तरह से निचली जातियों के लोग अपने ही समाज के गरीब और कमजोर लोगों को अपने घर से गुजरने नहीं देते। आत्मकथा में यह प्रसंग मल्लाह जाति के भीतर के शोषण और निजी संपत्ति के आधार पर हो रहे भेदभाव का भी उल्लेख करता है।

फूलन देवी ने अपने जीवन में न केवल सामाजिक असमानताओं और जातिवाद के खिलाफ आवाज़ उठाई, बल्कि धर्म और ईश्वर के अस्तित्व पर भी गंभीर प्रश्न उठाए। उनके ये सवाल उनके सामाजिक और व्यक्तिगत अनुभवों से जुड़े हुए थे, और उन्होंने अपने सवालों को वंचितों और कमज़ोर वर्गों की स्थिति से जोड़कर देखा। उनके सवाल, जैसे कि क्यों भगवान ने उनके समाज को इतनी गरीबी में रखा, उनके समाज की कठिनाइयों को समझने और उन्हें चुनौती देने का एक तरीका था। इसी तरह, भगत सिंह ने भी ईश्वर और धर्म पर सवाल उठाए थे, और उनका "मैं नैस्तिक क्यों हूं" पंफलेट इसी भावना को दर्शाता है।

फूलन देवी के जीवन में धोखों की कोई कमी नहीं रही। जब उन्होंने आत्मसमर्पण किया, तो उनके साथ विश्वासघात हुआ, और उन्हें ग्यारह साल तक जेल में रहना पड़ा। तब के उत्तर प्रदेश सरकार में गृह मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव की भूमिका महत्वपूर्ण थी, जिन्होंने उनकी रिहाई के लिए प्रयास किए और उन्हें मुख्यधारा में लाने की कोशिश की। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि फूलन देवी को मिर्ज़ापुर से लोकसभा का चुनाव जीतने का मौका समाजवादी पार्टी ने दिया, लेकिन उनके जीवन को केवल कुछ वर्षों में समाप्त कर दिया गया।

आज तक जितने भी पुरस्कार और सम्मान मिले हैं, उनमें से अधिकांश सवर्ण जाति के लोगों को ही दिए गए हैं। इसीलिए हम पुरस्कारों को उतनी गंभीरता से नहीं लेते हैं। फिर भी, अगर पुरस्कार की कुछ गरिमा बचानी है, तो फूलन देवी को अवार्ड मिलना चाहिए। जीते जी फूलन देवी को कोई पुरस्कार नहीं मिला, लेकिन क्या आज भी हम उन्हें सम्मान नहीं दे सकते? क्यों न हम इस मंच से फूलन देवी के लिए 'भारत रत्न' की मांग करें?

मगर इससे भी ज़्यादा महत्वपूर्ण है कि हम फूलन देवी के संघर्षों को समझें। उनकी आत्मकथा और उनसे संबंधित लेखों का अनुवाद होना चाहिए। मुझे लगता है कि जोतीराव फुले, सावित्रीबाई फुले, बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर, पेरियार और डॉ. राम मनोहर लोहिया की विरासत को फूलन देवी ने आगे बढ़ाया है। उन्होंने न केवल जुल्म झेला, बल्कि उसके खिलाफ प्रतिरोध भी किया। फूलन देवी ने एक ऐसी मिसाल छोड़ी है, जिसे हमें हमेशा याद रखना चाहिए। उनकी जीवनगाथा हमें यही सिखाती है कि वंचितों की लड़ाई और उनका साहित्य केवल रोने-धोने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह संघर्ष का भी साहित्य होना चाहिए।

(संपादन : राजन/नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, संस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

सवर्ण व्यामोह में फंसा वाम इतिहास बोध

रिंकु यादव

जाति के प्रश्न को नहीं स्वीकारने के कारण उत्पीड़ितों की पहचान और उनके संघर्षों की उपेक्षा होती है, इतिहास को देखने से लेकर वर्तमान...

त्यौहारों को लेकर असमंजस में क्यों रहते हैं नवबौद्ध?

संजीव खुदशाह

नवबौद्धों में असमंजस की एक वजह यह भी है कि बौद्ध धर्मावलंबी होने के बावजूद वे जातियों और उपजातियों में बंटे हैं। एक वजह...

संवाद : इस्लाम, आदिवासियत व हिंदुत्व

अभय कुमार

आदिवासी इलाकों में भी, जो लोग अपनी ज़मीन और संसाधनों की रक्षा के लिए लड़ते हैं, उन्हें आतंकवाद विरोधी क़ानूनों के तहत गिरफ्तार किया...

ब्राह्मण-ग्रंथों का अंत्यपरीक्षण (संदर्भ : श्रमणत्व और संन्यास, अंतिम भाग)

ओमप्रकाश कश्यप

तिकड़ी में शामिल करने के बावजूद शिव को देवलोक में नहीं बसाया गया। वैसे भी जब एक शूद्र गांव के भीतर नहीं बस सकता...

ब्राह्मणवादी वर्चस्ववाद के खिलाफ था तमिलनाडु में हिंदी विरोध

ओमप्रकाश कश्यप

जस्टिस पार्टी और फिर पेरियार ने, वहां ब्राह्मणवाद की पूरी तरह घेरेबंदी कर दी थी। वस्तुत: राजभाषा और राष्ट्रवाद जैसे नारे तो महज ब्राह्मणवाद...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

Prof Ratan Lal's arrest: Hindu right-wing is yet again shaken by an outspoken Ambedkarite intellectual

Is it a mere coincidence that both Ravikant Chandan, who teaches at Lucknow University, and activist and politician Jignesh Mevani are Ambedkarites and are facing court cases, too? An Ambedkarite intellectual problematizes the communal narrative of Hindus versus Muslims, writes Abhay Kumar

Abhay Kumar May 23, 2022

On Saturday afternoon, there was good news. Ratan Lal, an associate professor at Delhi University's Hindu College, was granted bail by a Delhi court. He had been arrested on Friday night from his residence in Delhi for a post on the social media platform Facebook.



An FIR had been filed against him under IPC Sections 153A and 295A. Section 153A pertains to a cognizable offence of "promoting disharmony, enmity or feelings of hatred between different groups on the grounds of religion, race, place of birth, residence, language". Section 295A concerns "deliberate and malicious acts, intended to outrage religious feelings of any class by insulting its religion or religious beliefs".

Ratan Lal has been trolled by hatemongers. He has received threats to his life, forcing him to write to Prime Minister Narendra Modi for a gun licence. Ratan Lal's post concerned what appears to be a fountain inside Gyanvapi Masjid in Banaras, which the right-wing Hindu groups claim is a Shivling. This has been dutifully brought into the mainstream discourse by a media subservient to the State.

Ratan Lal is a Dalit from Ladaura village in the Kurhani police station area of Muzaffarpur, Bihar. He worked hard for his academic qualifications and was appointed to the Department of History, Hindu College, in 2002. His late father Rambali Prasad worked at the Income Tax

Department. Ratan Lal had come to Delhi in 1991 for higher education. In 2015, he also contested the Bihar Assembly Elections from Patepur constituency in Vaishali district as an independent candidate but lost.

Around 70 per cent of Dalits, the former Untouchables, either do not own land or have a very small piece of land. They are mostly agricultural laborers and workers. Even today, they are often treated as Untouchables and become victims of caste atrocities, despite there being laws against them. Dalits are stopped while entering temples and attacked for riding horses or wearing good clothes.

A small section of Dalits are intellectuals. Ratan Lal is one of them. They have been the beneficiaries of reservation in public educational institutions and, inspired by the works and struggles of Dr B.R. Ambedkar, are now challenging the upper-caste hegemony in society.

Ravikant Chandan, Jignesh Mevani and Ratan Lal

Ratan Lal's PhD thesis was on the historian K.P. Jaiswal (1881-1937), who wrote a very influential book *Hindu Polity: A Constitutional History of India in Hindu Times* (1924). By drawing upon Vedic and other classical literature, Jaiswal tries to argue that "sovereign assemblies" were held in the Vedic period. He even claims the existence of "The Hindu Republic" and "Hindu Imperial System" in the ancient period.

The PhD thesis of Ratan Lal was titled 'K.P. Jaiswal: The Making of a Nationalist Historian' and was supervised by Marxist historian K.M Shrimali of Delhi University. He was awarded his PhD in 2014.

The work of Jaiswal was used by the nationalist leaders to counter the narratives of the British colonial rulers, who questioned Indians' ability to self-rule. However, the limitation of Jaiswal's work was that it built on James Mill's communal periodization of Indian history as Hindu and

Muslim. The work tends to glorify the "Hindu" period, feeding off the communal polarization since the 1920s. Ratan Lal's work thus deals with such a critical phase of modern Indian history.

Apart from research and teaching, Ratan Lal is known for his activism and for running a very popular YouTube channel, "Ambedkar Nama". On his channel, he holds discussions and conducts interviews on contemporary issues, particularly those affecting the lives of marginalized communities – the Dalits, Adivasis and OBCs. He takes a position informed by the Dalitbahujan ideology and confronts the Hindu right-wing and all those forces who want to preserve and strengthen the caste-based social order.

As a popular teacher at a prestigious college of Delhi University, he has a large number of admirers and followers. As an active member of the Delhi University teachers' community, he is often seen at protests favouring progressive educational policies. An Ambedkarite intellectual like Ratan Lal problematizes the communal narrative of Hindus versus Muslims and it is not surprising that he has become a thorn in the flesh of the Hindu right wing.

The arrest of Ratan Lal is not an isolated incident. Is it a mere coincidence that Ravikant Chandan, who teaches at Lucknow University, and activist and politician Jignesh Mevani are all Dalits and Ambedkarites and are facing court cases, too? In fact, Mevani was put behind bars by the Bharatiya Janata Party (BJP)-led Assam government.

On the pretext of hurting Hindu sentiments, there is an elaborate design to silence all those who are critical of the unequal Hindu social order. The upper castes, who dominate the institutions of the State and the media, aren't used to critical voices from the Bahujan community.

With their meagre resources, activist-scholars like Ratan Lal are beginning to shake this monopoly through various social media platforms. As is evident here, the attack on Prof Ratan Lal has little to do with hurting Hindu sentiments and more to do with bullying an Ambedkarite. By such an act of intimidation, he is being denied his fundamental rights of personal liberty and freedom of speech.

It is heartening that the court has granted him bail. But the real challenge to continue Ambedkar's mission to democratize society amid an authoritarian State and frenzied communal forces has perhaps only begun.

Forward Press also publishes books on Bahujan issues. Forward Press Books sheds light on the widespread problems as well as the finer aspects of Bahujan (Dalit, OBC, Adivasi, Nomadic, Pasmanda) society, culture, literature and politics. Contact us for a list of FP Books' titles and to order. Mobile: +917827427311, Email: info@forwardmagazine.in)

The titles from Forward Press Books are also available on Kindle and these e-books cost less than their print versions. Browse and buy:


Broadening the Bahujan Discourse
FORWARD PRESS books
DALIT PANTHERS
An Authoritative History
J.V. PAWAR
Co-founder
The Common Man Speaks Out PREMKUMAR MANI
Mahishasur: A people's hero Edited by PRAMOD RANJAN
Make the Best of Your Life: Letters to Bahujan Youth Prabhu Guptara
जाति का विनाश डॉ. भीमराव आंबेडकर
मिस कैथरीन मेयो मदर इंडिया अनुवाद कँवल भारती
महिषासुर : मिथक व परंपराएं संपादक : प्रमोद रंजन
The Case for Bahujan Literature
Edited by IVAN KOSTKA PRAMOD RANJAN
Click here to buy

The Case for Bahujan Literature

Mahishasur: A people's hero

Dalit Panthers: An Authoritative History

Mahishasur: Mithak wa Paramparayen

The Common Man Speaks Out

Jati ke Prashn Par Kabir

Forward Thinking: Editorials, Essays, Etc (2009-16)

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ali Anwar: By amending Waqf law, government wants to grab land, not ensure Pasmanda representation

Nawal Kishore Kumar

The creation of a Waqf is a religious process. How can a non-Muslim regulate it? Will you dare provide for non-Hindu membership on the...

Why isn't there talk about what if Ambedkar had been India's first prime minister?

Rajendra Prasad

Had India's policies been designed from a bottom-up perspective, the remnants of the British colonial system would have been dismantled far more quickly. However,...

The Waqf law, and the Ashraaf failure to come to terms with democracy

Ayaz Ahmad

The Islamophilic Ashraaf's failure to come to terms with democracy has made them hopelessly prejudiced against Common Family Code. This Ashraaf failure coupled with...

'Dabba Cartel': Amid drug trafficking, an exciting entanglement of class and gender questions

Survesh Pratap Singh

The women coming together to run a drug business disguised as a 'dabba' service has us wondering whether the old doctrine of class struggle...

K.K. Kochu and his struggle to redeem human dignity

Vinil Paul

One of the foremost Dalit thinkers of Kerala K.K. Kochu, 76, passed away on 13 March 2025. Historian Vinil Paul recalls his enduring contributions...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

Smashing brahmanical gods, constructing Dalitbahujan icons

The birthday of Radhakrishnan, a Brahmin, should no longer be held as Teachers' Day because he had made no contribution to the educational upliftment of the majority lowered castes and classes

Abhay Kumar October 1, 2014

Since 1962 India's schools and educational institutions have been observing 5 September as Teachers' Day. It is the birth anniversary of the first vice-president and second president of independent India, Dr Sarvepalli Radhakrishnan (1888-1975). More recently, a section of Dalits – mostly students, activists and intellectuals at public universities – has been increasingly denouncing this practice. They contend that the birthday of Radhakrishnan, a Brahmin, should no longer be held as Teachers' Day because he had made no contribution to the educational upliftment of the majority lowered castes and classes. Instead they exhort people to observe National Teachers' Day on 3 January, the birth anniversary of the 19th-century backward caste social reformer and teacher, Savitribai Phule (1831-1897).

Savitribai Phule as educationist icon

According to her biographer, M. G. Mali (Krantijyoti Savitribai Phule, 2005), Savitribai Phule was taught by her young husband, Jotiba in a school run under the shade of a mango tree. Access to education enabled her to become aware about egalitarian movements around the world – she managed to read the biography of Thomas Clarkson (1760-1846), who fought for the liberation of African Americans. Later, when she became a teacher, there was opposition from reactionary Brahmins, who pelted her with stones and flung dung on her in order to "save" their orthodox Hindu religion. While frustrated Brahmins were unable to deter the zeal of the young Phule couple for imparting education, they succeeded in reasoning with her father-in-law, Govinda Rao, to force them to leave his family home. She preferred eviction, along with her husband, from home to giving up her mission of education for all.

Savitribai Phule

Despite the opposition, the Phules continued to persuade parents to send their daughters to their schools. As a result of their hard work, 18 schools were opened from 1848 to 1852. Her dedication to spread education, particularly among Dalitbahujans, is self-evident from a few lines of her poem. “All gets lost without knowledge … We become animal without wisdom … So learn and break the chains of caste … Throw away the Brahman’s scriptures fast.”

Dalitbahujan assertion at HCU, JNU

Though it has been claimed that Savitribai Phule's birth anniversary has been celebrated as Teachers' Day by the radical Dalit Panther since the 1970s, the intensified campaigns, particularly at public universities, have been observed in the last few years. This article focuses on such activism at India's two prestigious universities, Hyderabad Central University (HCU) and Jawaharlal Nehru University (JNU), where Dalitbahujan politics are particularly strong.

Bahujan Student Front (BSF), a Dalit organisation active at HCU since its formation in 2007, has been celebrating the birth anniversary of Savitribai Phule as Teachers' Day for the past few years. In its 2013 pamphlet, the BSF offered its justification for this: "Education was denied to the Bahujan Samaj under the barbaric Brahmanical reign; despite this, Savitribai Phule made radical efforts to enlighten the mulnivasis [aboriginals] of India by taking up education as the weapon for emancipation."

Dalit ideology views Brahminism as a primary contradiction and education as one of the most important means for liberation. It therefore opposes the observance of Teachers' Day on the birth anniversary of a Brahmin who is alleged to have been an apologist of Hinduism/Brahminism as a scholar of comparative religion.

Similarly, S. Swaroop Sirapangi, a student of HCU with Dalitbahujan ideological persuasion, posted a pamphlet in 2012 on his blog that said Savitribai Phule, unlike Radhakrishnan, deserved to be recognised as a true educator, for she, along with her husband Jotiba Phule, was in the forefront of spreading education, particularly among women and lower castes as early as the middle of the 19th century. "As Brahmins never imparted education to others, especially to the Dalitbahujans, Savitri Bai Phule and her husband Jotiba Phule were instrumental in taking a revolutionary step to educate the Dalitbahujans sections."

A web portal Dalit Muslims Voice also supports the Dalits' demand. It praises Savitribai Phule as "a radical exponent of mass and female education", "a champion of women's liberation", "a pioneer in engaged poetry", "a courageous mass leader" fighting against "upper caste atrocities". The Pasmanda Muslims and Dalit and backward-caste Muslims allege that they face exploitation and humiliation at the hands of upper caste Ashraf Muslims. As a result they have forged an alliance with lower castes of Hindus and other religious communities.

In JNU, too, the United Dalits Students Forum (UDSF) has been organizing seminars, holding public meetings and taking out political processions on this issue. JNU's traditionally strong left students' organisations, which have ignored Dalitbahujan icons in the past, have now no hesitation in wearing Phule's badge on their sleeves. In short, while smashing Brahmin gods, the Dalitbahujans are simultaneously discovering their own icons.

To understand this phenomenon, let me draw on the work of social historian Badri Narayan (Women Heroes and Dalit Assertion in North India: Culture, Identity and Politics, 2006). Ac cording to Narayan, Dalits' identity history attempts to iconize Dalit heroes and heroines. The purpose of this exercise is to challenge the hegemony of the upper castes in the sphere of

culture and civil society. New icons such as Phule, Udadevi, Jhalkaribai, Avantibai, Pannadhai, Mahaviridevi are meant to enthuse Dalits to fight against the oppression and exploitation by the upper castes. As he puts it, 'In contemporary times, Dalit narratives are being rewritten and recreated to awaken the oppressed Dalit communities.' (p158)

Dalits' bitter experience with teachers

Dalits were denied access to education until a few centuries ago in Indian society. During the British raj, a number of social reform movements led by Dalitbahujan radicals propagated the idea of equality in a highly stratified society. As the colonial government gradually introduced education for the masses, some Dalitbahujans were able to enter schools. But unlike the experience of upper-caste students, who often glorified teachers and placed them higher than gods, Dalits, on the other hand, had an experience of mistreatment, discrimination and humiliation at schools. There is a significant amount of work on the colonial period which shows such inhuman treatment of Dalit students.

Most Dalit autobiographies, written in the post-colonial period, also reflect on this continuing grim reality. For example, Arvind Malagatti's Government Brahmana (2007) recalls with pain how he was abused as "bastard" and was forced to undergo severe punishment. But most shockingly, the teacher inflicted pain on him without touching his body. "But we untouchable lot never had the good fortune of receiving slaps from his hands," says the young Malagatti (p14). The experience of Namdeo Nimgade (In the Tiger's Shadow: The Autobiography of An Ambedkarite, 2010) is not less painful. "The headmaster admitted me under the strict condition that I, being an untouchable, must never enter the classroom but sit with a handful of other untouchables on the hot veranda and listen to lessons through a window", rues Nimgade (p27).

These examples show the bitter experience of Dalit students with their upper-caste teachers. As a result, Dalits nourish a negative image of most of their upper-caste and Brahminical teachers. The denunciation of Radhakrishnan as an educator is informed by these very sociological and historical experiences of Dalits while the adoption of a backward-caste woman, Savitribai Phule, as an icon, may be viewed as a sign of the intensification of Dalitisation of public culture.

Published in the October 2014 issue of the Forward Press magazine

Forward Press also publishes books on Bahujan issues. Forward Press Books sheds light on the widespread problems as well as the finer aspects of Bahujan (Dalit, OBC, Adivasi, Nomadic, Pasmanda) society, culture, literature and politics. Contact us for a list of FP Books' titles and to order. Mobile: +917827427311, Email: info@forwardmagazine.in)

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles



What is OBC Literature?

Dr Rajendra Prasad Singh

Rajendra Prasad Singh writes Hindi literature has ample references to eye-catching paddy fields and to standing wheat plants swaying in the wind. There are...

Opportunities for Bahujans and Layers of Deception

Anil Chamadia

The social communication structure is associated with a key cultural issue. The structure cannot be built merely by talking big. It demands precise action...

Backward Class Movement and R.L. Chandapuri

Harinarayan Thakur

Starting in 1952, he worked for securing reservation for the Backwards in Bihar. It was due to the powerful and aggressive movement led by...

Beware of Elitist Secularism

Premkumar Mani

Power without knowledge is dangerous. Secularism is another farce from which Dalit-OBCs should maintain a safe distance

FP News

Harinarayan Thakur

-

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

सामाजिक सुधार की अनिवार्यता

बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम को, उनकी 81वीं जयंती के अवसर पर, श्रद्धांजलि देने का इससे बेहतर तरीका क्या होगा कि हम भारत के जातिवाद से ग्रस्त समाज में परिवर्तन लाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्मरण करें

अभय कुमार March 1, 2015

कांशीराम : 15 मार्च, 1934 – 9 अक्टूबर, 2006

बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम को, उनकी 81वीं जयंती के अवसर पर, श्रद्धांजलि देने का इससे बेहतर तरीका क्या होगा कि हम भारत के जातिवाद से ग्रस्त समाज में परिवर्तन लाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्मरण करें।

कांशीराम के राजनैतिक परिदृश्य पर उभरने से बहुत पहले, फुले, आंबेडकर व पेरियार ने सामाजिक परिवर्तन के मुद्दे पर गहराई से विचार किया था। उदाहरण के लिए, आंबेडकर ने जोर देकर कहा था कि सामाजिक परिवर्तन के बगैर राजनैतिक परिवर्तन अर्थहीन हैं। अपने अत्यंत विद्वतापूर्ण लेख 'रानाडे, गाँधी एंड जिन्ना' (1943) में बाबासाहेब ने तथ्यपरक व तार्किक तरीके से यह साबित किया था कि सामाजिक परिवर्तन, राजनैतिक परिवर्तन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। 'अधिकांश लोगों को यह अंदाज़ा नहीं है कि समाज, किसी व्यक्ति का, सरकार की तुलना में कहीं अधिक दमन व उत्पीडऩ कर सकता है', उन्होंने लिखा था।



कांशीराम

आंबेडकर के विचारों से गहरे तक प्रभावित कांशीराम ने भी इस मुद्दे पर जोर दिया। आंबेडकर की तरह, कांशीराम ने भी 'सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन' के प्रति गंभीर न होने के लिए गाँधी व जिन्ना की आलोचना की। वे कहते थे कि परतंत्र भारत में जहाँ ऊंची जातियां अंग्रेजों की गुलाम थीं, वहीं दमित वर्ग, 'गुलामों के गुलाम' थे। जहाँ ऊंची जातियों के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी आन्दोलनों का प्रयास था कि अंग्रेज जल्दी से जल्दी उन्हें सत्ता सौपें (स्वराज) वहीं नीची जातियों के नेता, 'आत्मसम्मान' व 'सदियों पुरानी गुलामी व संत्रास से मुक्ति के लिए संघर्षरत थे 'उस गुलामी से, जिसके बारे में बाहरी दुनिया को कुछ पता ही नहीं था'। उन्होंने इस मुद्दे पर अपने पर्चे ('द चमचा एज', 1982) में विस्तृत प्रकाश डाला। यह पर्चा पूना समझौते के पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिखा गया था।

तत्पश्चात, सन 1997 में, जब स्वाधीनता की पचासवीं वर्षगाँठ के अवसर पर, ब्राह्मणवादी व पूंजीवादी शासक वर्ग स्वतंत्र भारत की 'उपलब्धियों' का जश्न मना रहा था, कांशीराम ने उनका ध्यान सडांध मारते भारतीय समाज की ओर आकर्षित करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। 'स्वाधीन भारत में बहुजन पराधीनता' विषय पर भाषण देते उन्होंने आम्बेडकर की इस चिंता को रेखांकित किया कि सामाजिक दास्यमुक्ति के बगैर, केवल राजनैतिक स्वतंत्रता से लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी। 'भारत ने बाहरी साम्राज्यवादी ताकतों को उखाड़ फेंका था परन्तु देश के अन्दर कुछ वर्ग अब भी जंजीरों में जकड़े हुए थे। ये जंजीरें थीं खून पीने वाले साहूकार, सामाजिक उंचनीच, जाति व्यवस्था, धार्मिक भेदभाव आदि' (अनुज कुमार द्वारा सम्पादित, 'बहुजन नायक कांशीराम के अविस्मरणीय भाषण', 2000, पृष्ठ 23)

आरपीई से लेकर बसपा तक, राजनेता व सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपने पचास वर्ष की जीवनयात्रा में, कांशीराम, न्याय की राह की हर बाधा 'चाहे वह अछूत प्रथा हो, असमानता हो, जातिवाद हो या पुरातनपंथी विचार या सोच' को दूर कर समाज में बदलाव लाने के प्रति प्रतिबद्ध रहे. उन्हें महसूस हुआ कि अपने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्हें 'मनुवादी व्यवस्था की शिकार' 6000 जातियों को एक करना होगा। वे यह जानते थे कि जाति 'दुधारी तलवार' है, जो बहुजनों के लिए लाभकारी हो सकती है, बशर्ते वे अपने दमनकताओं के विरुद्ध लामबंद हो जाएँ. उन्हें पता था कि अगर बहुजनों को उनके साथ हो रहे भेदभाव और उनके शोषण के प्रति जागृत कर दिया जाये तो वे राजनैतिक सत्ता हासिल कर सकते हैं। इसलिए उन्होंने समाजसुधार आन्दोलन की ज़मीन पर बसपा को खड़ा किया, ताकि 'सत्ता' की 'गुरकिल्ली' हासिल की जा सके।

जहाँ वे जीवनभर जातिगत भेदभाव के खिलाफ खुल कर बोलते रहे और नीची जातियों की एकता स्थापित करने में जुटे रहे, वहीं उनके आलोचकों ने यह कहकर उनपर हल्ला बोला कि वे 'जातिवाद' फैला रहे हैं। कुछ उदारवादी व वामपंथी अध्येताओं ने तो यह आरोप भी लगाया कि वे आम्बेडकर की राह से भटक गए हैं। उनका कहना था कि जहाँ आम्बेडकर जाति के उन्मूलन की बात कहते थे वहीं कांशीराम, जातियों की बीच की खाई को और गहरा कर रहे हैं। इन आरोपों में कोई दम नहीं था। कांशीराम जातिविहीन समाज के निर्माण के पैरोकार थे और वे यह नहीं मानते थे कि जातिगत दमन की बात करने से जातिवाद बढेगा। उलटे, उनका तर्क यह था कि जातिगत दमन के अस्तित्व को स्वीकार करना, उसका उन्मूलन करने की आवश्यक शर्त है। 'हम जाति के उन्मूलन की बात करते हैं। परन्तु ऐसा करने के लिए, सबसे पहले, हमें जाति का अस्तित्व स्वीकार करना होगा। हम जाति से अनभिज्ञ रहकर या उसे नज़रंदाज़ कर, जाति को नष्ट नहीं कर सकते।' (कुमार, 2000, पृष्ठ 68)

कुछ समय पहले, जाति जनगणना को लेकर भी इसी प्रकार की बहस छिड़ी थी। उच्च जातियों के इस तर्क का जवाब देते हुए कि जाति जनगणना से जातिवाद बढ़ेगा, दलितबहुजन अध्येताओं ने कांशीराम के तर्क को दोहराते हुए कहा कि जाति जनगणना से नीची जातियों की सामाजिक-शैक्षणिक-आर्थिक स्थिति का पता चलेगा, जिससे नीति-निर्माताओं और सरकार को जातिवाद से लडऩे के लिए उपयुक्त कदम उठाने में मदद मिलेगी।

जैसा कि द्रविड़ इतिहास, जाति संबंधों व जनसंस्कृति के जानेमाने विद्वान स्वर्गीय प्रोफेसर एमएसएस पांडियन ने लिखा था -ऊंची जातियों के उदारवादी व वामपंथी विद्वान अक्सर सार्वजनिक मंचों से जाति के प्रश्न पर चर्चा का विरोध करते हैं, परन्तु वे स्वयं 'जाति व जातिगत संबंधों का दूसरे रूपों में इस्तेमाल करते हैं' ('वन स्टेप आउट ऑफ़ मोडरनिटी', इकोनोमिक एंड पोलिटिकल वीकली, 4 मई, 2002)। ऊंची जातियों के लोग जाति-आधारित राजनैतिक एकता और आरक्षण की पुरजोर खिलाफत करते हैं, परन्तु अपने हितों की पूर्ति के लिए अपनी जाति के तंत्र का इस्तेमाल करने में उन्हें कोई गुरेज़ नहीं होता। समाजशास्त्री विवेक कुमार ठीक ही पूछते हैं कि आखिर क्या कारण है कि व्यापार-व्यवसाय, मीडिया, शिक्षण संस्थानों व न्यायपालिका में ऊंची जातियों का कब्ज़ा है?

यह विडम्बना ही है कि ऊंची जातियों के लोग जाति व्यवस्था से सबसे अधिक लाभ उठाते हैं और नीची जातियों पर जातिवाद को बढ़ावा देने का दोषी ठहराते हैं। कांशीराम ने ऊंची जातियों के इस दोगले चरित्र को उजागार करते हुए कहा था, 'जाति व्यवस्था से केवल मुट्ठी भर ऊंची जातियों को लाभ मिला है। इसके विपरीत, 85 प्रतिशत बहुजनों को इससे नुकसान हुआ है और वे हजारों सालों से अपमान और शोषण का शिकार हो रहे हैं। जब ऊंची जातियों को जाति व्यवस्था से लाभ ही लाभ है तो वे भला क्यों इसके उन्मूलन के लिए पहल करेंगीं।' (कुमार, 2002, पृष्ठ 68)

समाज के रूढ़िवादी तबके को तो छोडिये, मुख्यधारा के वामपंथी और समाजवादी भी जाति के प्रश्न पर चर्चा से दूर भागते हैं, क्योंकि उन्हें भय होता है कि जातिगत एकता से 'वर्गीय एकता' टूट जाएगी। वामपंथियों और समाजवादियों का मखौल बनाते हुए कांशीराम ने कहा था, 'हमारे बुद्धिजीवी सोचते हैं कि हमारी सभी समस्याओं का हल मार्क्सवाद, समाजवाद और साम्यवाद में है। जिस देश में मनुवाद है, वहां कोई और वाद सफल ही नहीं हो सकता, क्योंकि कोई वाद, 'जाति' के यथार्थ को स्वीकार करने को ही तैयार नहीं है। इसलिए, बुद्धिजीवियों का यह कत्र्तव्य है और मेरा भी यह कत्र्तव्य है कि हम एक ऐसे वाद का विकास करें, जो मनुवाद और जाति के अस्तित्व को नकारे नहीं' (कुमार, 2000, पृष्ठ 78)।

इस दौर में, जब सहचर पूँजीवाद और ब्राह्मणवाद का हमला तेज हो रहा है, समय आ गया है कि हम सब कांशीराम के क्रांतिकारी विचारों को अपनाएं और प्रजातान्त्रिक शक्तियों का वृहद् गठबंधन बनाने की ओर अग्रसर हों।

(फारवर्ड प्रेस के मार्च, 2015 अंक में प्रकाशित)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +919968527911, ईमेल : info@forwardmagazine.in

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

होम | सम-सामयिकी | समाज और संस्कृति | साहित्य | हमारे नायक | किताबें

नरम हिंदुत्व नहीं, सामाजिक न्याय से पार लगेगी कांग्रेस की डूबती नैया

अगर सोनिया गांधी चाहती हैं कि कांग्रेस एक ताकत के साथ सत्ता में आए और समाज के हाशिए पर पड़े लोगों के लिए काम करे तो उन्हें अपनी पार्टी के दरवाजे दलित, आदिवासी, पिछड़े और अकलियत के लिए सच्चे मन से खोलने होंगे। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार May 17, 2022

बीते दिनों राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस के द्वारा 'नवचिंतन संकल्प शिविर' का आयोजन किया गया। 15 मई, 2022 को दिल्ली से प्रकाशित दैनिक "जनसत्ता" में एक खबर के मुताबिक़ भारत की सबसे पुरानी पार्टी दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक को 50 फ़ीसद को संगठन के अंदर में प्रतिनिधित्व देने का मन बना रही है। चिंतन शिविर में बनी सामाजिक न्याय समन्वय समिति के सदस्य के राजू ने बयान दिया है कि "कांग्रेस का संविधान एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को 20 फ़ीसद आरक्षण देता है। समूह ने फ़ैसला किया है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों को प्रखंड स्तरीय कमेटी से लेकर कांग्रेस कार्य समिति तक सभी समितियों में 50 फ़ीसदी स्थान दिया जाए। कुछ लोगों की राय है कि इन समुदायों के लिए प्रतिनिधित्व को 50 फ़ीसदी से अधिक किया जाए। हालांकि फ़िलहाल यही तय हुआ है कि इसे 50 फ़ीसदी किया जाए।"



सवाल यह है कि जब समाज में बहुजन यानी एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक आदि की आबादी लगभग 85 प्रतिशत है, तो वे सामाजिक और सरकारी संस्थानों में इक्के-दुक्के ही क्यों नज़र आते हैं? क्या यह बात कांग्रेस पार्टी नहीं समझती है कि समाज की एक बड़ी आबादी को बाहर रखने से देश का बड़ा नुक़सान हो रहा है? आख़िर बहुजन समाज के लोग पार्टी के अंदर जगह नहीं बना पाएंगे तो किस मुंह से वे जनता से अपनी पार्टी के लिए वोट मांगेंगे? कांग्रेस को चाहिए कि वह अपनी तारीखी गलती से सीखे और पार्टी के अंदर जिसकी "जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी" के आधार पर हाशिए के लोगों को पार्टी के अंदर लाए।

इसमें दो राय नहीं कि अगर कांग्रेस में बहुजनों की वाजिब हिस्सेदारी दी जाय और महिला आरक्षण जिसमें बहुजन महिलाओं के लिए अलग से कोटा हो और इसको चुनावी एजेंडा बनाया तो उसका सामाजिक दायरा बढ़ जाएगा। और अगर कांग्रेस सामाजिक न्याय के इन सवालों के साथ लेकर आगे बढ़ती है तो उसकी राह में बहुत सारे कांटे भी बिछाए जाएंगे। वर्चस्ववादीवादी मीडिया सबसे पहले आगे आएगा और कांग्रेस से यह सवाल करेगा कि किस आधार पर उसने कोटा देने का फ़ैसला किया है। वह देश को जातिवाद में धकेलने और सवर्णों के साथ अन्याय करने का भी आरोप कांग्रेस के ऊपर लगाएगा। मीडिया के इस मुहिम में पर्दे के

पीछे सारी जातिवादी और पूंजीवादी ताकतें रहेंगी। इसलिए कांग्रेस को अभी से तैयारी करने की ज़रूरत है। अगर कांग्रेस ने जातीय जनगणना का समर्थन अभी से करना शुरू कर दिया और इसको लेकर जनता के बीच में चली गई तो वह मीडिया के आरोपों का जवाब देने में एक बेहतर हालात में होगी। जब कोटा पर सवाल उछाला जाएगा तो वह आत्मविश्वास के साथ बोल सकती है कि अगर कोटा पर आपको ऐतराज है तो जातीय जनगणना करा लीजिए। दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जाएगा।

जिस दिन कांग्रेस के नेता इस कदर 'बोल्ड' होकर बोलना शुरू कर देंगे, जातिवादी ताक़तों की सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाएगी। मगर सब से बड़ा सवाल है कि क्या कांग्रेस अपनी पुरानी गलती से सीखना चाहती है? या फिर वह आधा तीतर आधा बटेर बने रहना चाहती है?

कांग्रेस की लगातार होती हार और उसके सीमित होते सामाजिक दायरे के लिए पार्टी के अंदर मौजूद ब्राह्मणवादी ताक़तें हैं, जो पार्टी को प्रगतिशील बनाना नहीं देना चाहते हैं। बीमारी इधर और इलाज उधर के तर्ज़ पर जातिवादी और पूंजीवादी मीडिया पार्टी की हार का ठीकरा गांधी परिवार, ख़ासकर राहुल गांधी, पर फोड़ना चाहता है।

आज कल कांग्रेस को बुरा-भला कहना एक फैशन हो गया है। राहुल गांधी को "पप्पू" बना दिया गया है और इस तरह दिन रात प्रचारित किया जा रहा है कि राहुल से राजनीति की कोई समझ नहीं है और उनसे बड़ा कोई निकम्मा नेता देश में नहीं है। जबकि दूसरी ओर प्रचारित यह किया जा रहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन रात काम करते हैं।

हालांकि कांग्रेस के ख़िलाफ़ भाजपा लंबे समय से दुष्प्रचार कर रही है। मगर उसको कामयाबी तब मिली जब वह सत्ता में आई। 1977 में जनता सरकार के दौरान संघ विचारधारा से ग्रसित पत्रकार मीडिया हाउस में घुसे। मगर जब अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी सत्ता में आए तो मीडिया संघ विचारधारा की तर्जुमान बन गया। 1990 की दहाई तक ऊंची जाति के लोग भाजपा की तरफ़ नहीं गए थे और बड़ी तादाद में वे कांग्रेस के कट्टर समर्थक होते थे। जब बिहार में लालू प्रसाद यादव और जनता दल की लहर थी तो ब्राह्मण पूरी कोशिश करते थे कि उनका हर एक वोट कांग्रेस को ही जाए। इतना ही नहीं, वे दलित और दीगर निचली जाति के मतदाता के वोट को धांधली के तहत पहले ही कांग्रेस के पक्ष में डाल देते थे। वह ऐसा इसलिए करते थे कि उनको डर था कि दलित और पसमांदा कहीं सामाजिक न्याय की पार्टी को वोट न दे दें। सामंती लोग कांग्रेस के पक्ष में बूथ भी लूटा करते थे।

उदयपुर में कांग्रेस के नव संकल्प शिविर को संबोधित करतीं सोनिया गांधी

ब्राह्मणों के बीच कांग्रेस की मकबूलियत और ज्यादा थी। एक उदाहरण मेरे चाचा बात-बात पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम लेते थे। उनके लिए इंदिरा उनकी एक 'रिश्तेदार' की तरह थी। नेहरूजी पक्के 'ब्राह्मण' समझे जाते थे और उनका परिवार पूरे ब्राह्मण समाज का सगा बंधु समझा जाता था। जब भी कभी मेरे पड़ोस की कोई बच्ची शरारत करती थी तो मेरे बुजुर्ग चाचा मेरी तरफ देख कर कह पड़ते थे, "ले जाओ इसे दिल्ली। गांव में यह नहीं पढ़ पाएगी। इंदिरा गांधी के घर भात पकाएगी और वही रह कर पढ़ लेगी।" मेरे चाचा के लिए इंदिरा गांधी का घर ऐसा था मानो इंदिरा उनकी बहन हों।

दिलचस्प यह कि मेरे चाचा दिल्ली क्या, मेरे जिले पूर्वी चंपारण से बाहर शायद ही कभी गए होंगे। पढ़े-लिखे नहीं थे तो अख़बार और पत्रिका भी उनकी पहुंच से दूर था। लोगों को राजनीति के बारे में बोलते ज़रूर सुनते थे और उससे ही वह अपनी राय बनाते थे। उस दौर तक कांग्रेस की झोली में वोट दलित, आदिवासी, मुस्लिम का होता था, मगर जब कुर्सी देने की बात होती थी तो कांग्रेस अक्सर ब्राह्मण और अन्य सवर्ण जातियों को आगे करती थी।

मगर मंडल आंदोलन और कमंडल की राजनीति ने पुराने समीकरण को बदल डाला। मंडल ने पिछड़ी जातियों को आवाज़ दी। हिंदुत्व ने राम मंदिर आंदोलन से हिंदू समाज को एक करने की कोशिश की। साथ साथ उसने कांग्रेस को हिंदू विरोधी कहकर उसकी छवि बिगाड़ी। सेक्युलरिज्म की बात करने वाली सारी पार्टियों को 'मुस्लिम नवाज़' और 'हिंदू विरोधी' कहा। कांग्रेस की तरफ से सबसे बड़ी गलती यह हुई कि वह विचारधारा को लेकर स्पष्ट नहीं रही। एक मुंह से सेकुलरिज्म की बात की और दूसरे मुंह से नरम हिंदुत्व का कार्ड भी खेला। मुसलमानों के लिए इफ़्तार, हज, और उर्दू की बात की और बाबरी मस्जिद को मिस्मार होने से नहीं बचा सकी। सोशल जस्टिस की राग भी अलापती रही और पिछड़ों को पार्टी से दूर रखा। जिस 'कन्फ्यूजन' से कांग्रेस शिकार रही है, उसे अभी भी वह छोड़ नहीं पायी है। यही वजह है कि उसके पास आज न कोई "ख़्वाब" है, न कोई सामाजिक समूह, न उसके जिस्म में अंधेरे से लड़ने की ताक़त दिख रही है।

कांग्रेस की उलझन इस वजह से है कि भले ही उसकी विरासत धर्मनिरपेक्षता, और समाजवाद की रही है, लेकिन पार्टी के अंदर बड़ी तादाद में मौजूद स्वार्थी लोग उसे नरम हिंदुत्व की तरफ जाने को उकसाते हैं। उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी दिन रात मंदिर जाती रही और चुनाव के दौरान नरम हिंदुत्व का कार्ड खेलती रहीं। अब सदर सोनिया गांधी को यह तय करना है कि कांग्रेस आखिर कहां जाएगी। एक बात तो है कि दो नावों की सवारी उसे डुबोने के अलावा और कुछ नहीं दे पाएगी।

कांग्रेस के सामने एक दूसरा खतरा भी है, जो दिखता नहीं मगर वह आस्तीन के सांप की तरह है। ऐसे लोग कांग्रेस पार्टी के अंदर बैठे हुए हैं, मगर उनके दिल में नागपुर बसता है। ऐसे लोग सार्वजनिक तौर पर धर्मनिरपेक्षता से वफादारी की बात करते हैं, मगर वे अपने जातिगत स्वार्थ से कभी ऊपर नहीं उठ पाए हैं। ऐसे लोग कांग्रेस की पूरी मलाई खाकर भी जब वक्त मिलता है तो उसे डंस लेते हैं। अफ़सोस कि अक्सर मौक़ों पर पार्टी ने ऐसे ही मफ़ाद परस्त लोगों को आगे बढ़ाया है और जो ईमानदार और मेहनती लोग हैं उनको ज्यादा अहमियत नहीं दी है।

हालांकि यह सच है कि कांग्रेस में एक बड़ी तादाद में दलित, पिछड़े, आदिवासी, माइनॉरिटी समाज से आनेवाले कार्यकर्ता जुड़े हुए हैं। वे सालों मेहनत करते हैं, मगर जब ज़िम्मेदारी देने की बात आती है तो उनको अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक मेरे मुस्लिम साथी ने अपनी आपबीती जब मुझ से पिछले दिनों सुनाई तो मैं दंग रह गया। साथी बहुत सालों से कांग्रेस के छात्र विंग से जुड़े हुए थे। एक दिन संगठन के अंदर किसी बड़े पोस्ट के लिए वे इंटर्व्यू देने गए। इंटर्व्यू देने उनके जैसे और भी मुस्लिम कार्यकर्ता थे। तभी उन्होंने ने इंटरव्यू ले रहे कांग्रेस पार्टी के एक बड़े नेता को यह कहते हुए सुना "क्या सारे पोस्ट मुल्ले ले जाएंगे?"

बहरहाल, यह हक़ीक़त है कि कांग्रेस के अंदर में सामाजिक न्याय की बात करने वाले लोग हैं। मगर उनकी तादाद आटे में नमक के बराबर है। पार्टी के अंदर ज्यादातर लीडर पूंजी के चापलूस हैं। ऐसे लोगों ने ही कांग्रेस की नैया को डुबोने में बड़ी भूमिका निभायी, क्योंकि उनका जनता से कोई सरोकार नहीं होता। 2004 के पहले टर्म में कांग्रेस ने औसतन अच्छा काम किया था और हाशिए के लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली। मगर यह भी कड़वी सचाई है कि 'विकास' के नाम पर देश के संसाधनों की लूट भी जारी रही।

मगर बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस अपनी डूबती नैया को बचाने के लिए कोशिश करना चाहती है? कांग्रेस के पास कई रास्ते हैं। अगर वह चाहे तो आसान रास्ता चुन सकती है और नरम हिंदुत्व की राह पर चलते चलते उग्र हिंदुत्व को अपनाना सकती है। अगर वह बाजारवाद को बढ़ावा देना चाहती है तो उसके पास भी कारपोरेट चंदा आने लगेगा। यह रास्ता कांग्रेस को कम मेहनत में कामयाबी मिल सकती है। अगर उसने यह साबित कर दिया किवह हिंदुत्व शक्तियों से भी बेहतर तरीके से पूंजीवाद की सेवा कर सकती है तो उस को भी मीडिया हाथों हाथ ले लेगी।

मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि वह भाजपा की कांग्रेस पीछा ही करती रह जाए और उसे कुछ हासिल न हो। यह इसलिए कि जातिवादी राजनीति, सांप्रदायिकता और पूंजीवाद समर्थक सियासत में भाजपा की महारत है। एक महारथी को उसी की विद्या में शिकस्त देना लोहे का चना चबाने के बराबर होता है। अगर मान भी लें कि कांग्रेस इस खेल में भाजपा को हरा देती है और सत्ता में आ भी जाती है तो वह भी कांग्रेस की एक हार ही होगी। कैसे?

भाजपा की राह पर चल कर हासिल की गयी जीत 'कांग्रेस विचारधारा' की हार होगी। अपनी तमाम गलतियों के बावजूद कांग्रेस के साथ देश के बड़े बड़े नेता जुड़े रहे। बहुत लोगों ने बाद में चल कर कांग्रेस का विरोध भी किया क्यूँकि कांग्रेस का सर्वोच्च नेतृत्व ने विचारधारा के साथ समझौता किया। मगर इस के बावजूद भी हम कह सकते हैं कि भारत के उपनिवेशवाद विरोधी स्वतंत्रता संग्राम के पेट से कांग्रेस निकली हुई है। इतिहास का छात्र होने की वजह से मुझे मालूम है कि कांग्रेस के चरित्र में भी समय के साथ बदलाव हुआ है। मगर किसी न किसी रूप में कांग्रेस विचारधारा का मतलब सेक्युलरिज्म और सोशलिज्म रहा है। भले ही ये आदर्श बातों में ज़्यादा रहे हों और अमल में काम। मगर इन सपनों ने देश को आगे बढ़ने की एक ऊर्जा दी है। आजादी के बाद कांग्रेस ने एक के बाद एक गलती की जिस की वजह से कांग्रेस के पुराने नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया उसके सबसे बड़े आलोचक बने। मगर अपनी तमाम कमी के बाद भी कभी कांग्रेस ने अपनी विचारधारा को खुलेआम रद्दी की टोकरी में नहीं फेका। मगर कांग्रेस के अंदर मौजूद मनुवादी लोग लम्बे समय से चाहते हैं कि कांग्रेस और भाजपा में फ़र्क़ मिट जाए और कांग्रेस भगवा चोला धारण कर ले। मगर क्या यह सब करना कांग्रेस की हत्या के समान नहीं होगा?

पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लिए एक मुश्किल रास्ता भी है। अगर वह चाहती हैं कि कांग्रेस एक ताकत के साथ सत्ता में आए और समाज के हाशिए पर पड़े लोगों के लिए काम करे तो उन्हें अपनी पार्टी के दरवाजे दलित, आदिवासी, पिछड़े और अकलियत के लिए सच्चे मन से खोलने होंगे। इस दिशा में उन्हें क्रांतिकारी कदम उठाने की ज़रूरत है और बहुजनों के लिए उनकी आबादी के मुताबिक़ भागीदारी देने की ज़रूरत है। नरम हिंदुत्व की जगह कांग्रेस को बुद्ध और कबीर की राह पर चलने की आवश्यकता है। बाजारवाद की जगह उसे समाजवाद को अपनाना चाहिए। यह काम मुश्किल है मगर न मुमकिन नहीं। रास्तों में रुकावटें हैं, मगर मंजिल मिलने पर इतिहास की करवट बदल जायेगी। इस राह में जहां पूंजीवादी और मनुवादी लोग कांग्रेस की राह में पत्थर डालेंगे वहीं भारत का बहुसंख्यक समाज इस पत्थर को हटाने के लिए कांग्रेस के साथ देगा। डॉ. आंबेडकर की वजह से अमीर और गरीब दोनों को वोट देने का हक है। सोनिया गांधी ने यदि दबे और कुचले समाज के लोगों को नीति बनाने में उचित भागीदारी दे दी तो भारत की तक़दीर बदल जाएगी।

(संपादन : नवल/अनिल)

फारवर्ड प्रेस वेब पोर्टल के अतिरिक्त बहुजन मुद्दों की पुस्तकों का प्रकाशक भी है। एफपी बुक्स के नाम से जारी होने वाली ये किताबें बहुजन (दलित, ओबीसी, आदिवासी, घुमंतु, पसमांदा समुदाय) तबकों के साहित्य, सस्कृति व सामाजिक-राजनीति की व्यापक समस्याओं के साथ-साथ इसके सूक्ष्म पहलुओं को भी गहराई से उजागर करती हैं। एफपी बुक्स की सूची जानने अथवा किताबें मंगवाने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : +917827427311, ईमेल : info@forwardmagazine.in

फारवर्ड प्रेस की किताबें किंडल पर प्रिंट की तुलना में सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। कृपया इन लिंकों पर देखें

मिस कैथरीन मेयो की बहुचर्चित कृति : मदर इंडिया

बहुजन साहित्य की प्रस्तावना

दलित पैंथर्स : एन ऑथरेटिव हिस्ट्री : लेखक : जेवी पवार

महिषासुर एक जननायक'

महिषासुर : मिथक व परंपराए

जाति के प्रश्न पर कबीर

चिंतन के जन सरोकार

लेखक के बारे में

अभय कुमार

जेएनयू, नई दिल्ली से पीएचडी अभय कुमार संप्रति सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए स्वतंत्र लेखन करते हैं।

संबंधित आलेख

संसद मार्ग में आंबेडकर मेला : दिखी सरकारी उपेक्षा और नजर आया मीडिया का पक्षपात

नवल किशोर कुमार

स्थानीय प्रशासन इस मेले को संसद मार्ग के बजाय पंत मार्ग पर आयोजित कराने के पक्ष में था ताकि इस मेले से 'संसद मार्ग...

बिहार में कांग्रेस : दलित-अतिपिछड़ों की पक्षधरता या महज दिखावा?

कुमार दिव्यम

सामाजिक न्याय की बात कर रही कांग्रेस में बदलाव के बाद भी 40 जिला अध्यक्षों में 14-15 सवर्ण हैं। इनमें भी 6 भूमिहार जाति...

'फुले' फिल्म को साजिशन अर्थहीन बनाती सेंसर की कैंची

नीरज बुनकर

फिल्म को मूलतः 11 अप्रैल – जोतीराव फुले की जयंती – के मौके पर रिलीज़ किया जाना था। मगर अब इसे 25 अप्रैल को...

डॉ. अतुल कृष्ण बिस्वास : एक अदम्य साहसी आंबेडकरवादी चिंतक

विद्या भूषण रावत

1973 में आईएएस की नौकरी ज्वाइन करने पर उन्हें बिहार के अनेक जिलों में जाने का अवसर मिला। अपने स्वभाव के कारण नेताओ के...

हिंदुत्व में शूद्र : आत्मा-विहीन शरीर

कांचा आइलैय्या शेपर्ड

अगर आप किसी समुदाय को पुरोहित बनने ही नहीं देंगे, अगर आप उसे आध्यात्मिक दर्शन का ज्ञान हासिल ही नहीं करने देंगे तो उस...

सदस्यता लें

आपका इमेल: Go

Some unsacred questions about the sacred cow

It is unfortunate that cow politics continued to flourish even after Independence. At its root was the same brahmanical mindset that led to the inclusion of the ban on cow slaughter under the Directive Principles of State Policy in the Constitution. Gandhian thought, which considered protecting the cow a duty of the Hindus, was behind these brahmanical policies

Abhay Kumar August 19, 2016

The police looked the other way as gau rakshaks beat up Dalits for skinning a dead cow in Una, Gujarat

At long last, Prime Minister Narendra Modi broke his silence on the brutal assault on Dalits in BJP-ruled Gujarat and assured the nation that cow vigilantes would be reined in. But it is difficult to say whether the Hindutvavadi government will actually take action against these fascist cow protectors.

Anti-social “gau rakshaks” had publicly flogged Dalits in Una town of Somnath district for skinning a dead cow. Through the barbaric attack, the saffron brigade sent out a clear signal that it will go to any extent to protect the “gau mata”, even it means committing crimes – thrashing Dalits and Muslims to stuffing cow dung into their mouths to even murdering them. It is hard to believe that all this was going on for so long and the police and the government didn’t know about it. The marauders are far from subdued. In Una again, they attacked Dalits who were returning from the huge “Dalit Asmita Rally” and the police looked on.

Let alone remote areas, even Delhi is not free from the terror of the cow protectors. Hindu fascists have painted their manifesto on the walls of the national capital demanding that cow killers be hanged. When capital punishment is sought for the killers of the cow, it fills the hearts of India's Bahujans (which include Dalits, OBCs, Tribals, Muslims and other religious minorities) with terror.

History stands testimony to the fact that the trend of whipping up religious passions in the name of the cow began in the colonial era and its objective was to unite the Hindus politically and socially and strengthen the brahmanical system.

The brahmanical leadership had realized in the 19th century itself that cow was a handy issue for uniting the Hindus – who were deeply divided into innumerable castes and sects and had regional variations too – and for pitting them against non-Hindus.

Violence in the name of the "sacred cow" began in 1870 and its target was mainly the Muslims. In 1882, the Gau Raksha Sanstha was established under the leadership of Dayanand Saraswati, founder of Arya Samaj. Dayanand Saraswati used it to build Hindu unity on the one hand and fan anti-Muslim sentiment on the other. Gradually, other organizations committed to the protection of the cow came into being. In 1893, the issue triggered a major riot in Azamgarh. The violence that followed left more than 100 people dead in different parts of the country. In 1912-13, there was bloodshed in Ayodhya for the "sacred cow". In 1917, Bihar's Shahabad witnessed communal violence, in which Muslims suffered loss of life and property. What was unfortunate was that a large number of leaders of the Congress – which swore by secularism and Hindu-Muslim unity – also joined the rioters. A big section of Congressmen clandestinely joined hands with Hindu Mahasabha – a rabidly communal organization – and participated in the riots that it had engineered. Mohammed Sajjad, a historian from Aligarh, writes in his book *Muslim Politics in Bihar*, that after this riot, a large number of Muslims deserted the Congress. Thus, it can be said without any doubt that riots in the name of the cow significantly weakened Hindu-Muslim unity during the freedom struggle.

It is unfortunate that cow politics continued to flourish even after Independence. At its root was the same brahmanical mindset that led to the inclusion of the ban on cow slaughter under the Directive Principles of State Policy in the Constitution. Gandhian thought, which considered protecting the cow a duty of the Hindus, was behind these brahmanical policies.

One by one, most of the states promulgated cow protection laws that were anti-people and gave the police and the administration a tool to harass innocent citizens. Today, these laws are being used to harass Bahujans.

The RSS and its auxiliary organizations have been taking the law into their hands ostensibly to protect cows. Thousands of cow protection bodies are operating in the country under the aegis of the RSS. An investigation would surely reveal the Sangh Parivar connections of the men who assaulted Dalits in Una, Gujarat.



Gau rakshaks

The RSS wants to gain a firmer foothold among the Hindus and spread hatred against the Muslims through these organizations. It has been peddling the white lie that cow slaughter began in India with the advent of Muslims. Historians reject this notion outright. In his well-known book *The Myth of the Holy Cow*, renowned historian D.N. Jha writes that people consumed cow meat in the Vedic and post-Vedic eras and that Hindus did not always regard the cow as sacred. That was so even in the brahmanical era that followed the Vedic age. Then, cow meat was served as a delicacy in feasts.

Similarly, great historian D.D. Kosambi writes in his path-breaking essay *Caste or Race* that while Vedic Brahmins ate cow meat, Saraswat Brahmins and Brahmins of Kashmir and Bengal did not lose their caste even if they consumed meat.

Historians are unanimous that consumption of cow meat was prohibited in religious scriptures written after the Vedic age. Brahmins tried to enforce the ban but society never accepted it fully. As sociologists have repeatedly pointed out, no society is solely guided by religious texts. In India, with its bewildering diversity of religions, castes and communities, it would have been impossible for the brahmanical forces to ensure total compliance with their norms.

Even Swami Vivekananda, whom RSS considers its hero, had advised Hindus to eat beef and play football. Historian Gyan Pandey revealed this titbit in his much talked-about article “Which of us are Hindus?”. The RSS, of course, vehemently denies it. For the RSS, the cow is central to the Hindu identity and it keeps on warning Dalits against any slip-up in respecting the cow.

Dalits protest against cow vigilantism in Ahmedabad

Dr B.R. Ambedkar had exposed the politics of the “sacred cow”, categorically asserting that it was responsible for Untouchability. Babasaheb wrote that Dalits emerged as a community in the 4th century AD after Brahmanism got the better of the Buddhist religion. Altering their strategy, Brahmins began thrusting vegetarianism on the people and launched a campaign against consumption of beef. Since gypsy tribes were dependent on cow for meat, skin and other things, they steadfastly refused to stop consuming beef and as a punishment, Brahmins branded them as Untouchables. Thus, the system of Untouchability was born in our country 1500 years ago and is yet to be completely eliminated.

Post-Independence, there was hope that the bloody politics of cow protection would come to an end. But that did not happen. Many states have enforced draconian cow-protection statutes. While the RSS is using violent means to “protect the sacred cow”, that section of society which calls itself “liberal” and “progressive” is keeping quiet – even though it knows very well that according “sacred” status to the cow may deprive millions of their source of livelihood. Most of the “progressives” are yet to gather the courage to speak out against the draconian cow protection laws.

In 2012, a so-called secular government was ruling the country. At that time, when some students of JNU – widely considered a progressive institution – asked some “unsacred” questions about the sacred cow, the administration charged them with spreading “unrest” by raking up a religious issue.

What is disturbing is the silence of the progressive camp. They do protest against the thuggery of cow protectors but their “revolutionary zeal” remains confined to the framework of law and order. If we really want to end the bloodshed in the name of sacred cow, we will have to stop looking at it only as a law-and-order issue. We will have to focus on its historical, social, economic, cultural and religious dimensions, too.

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

Ali Anwar: By amending Waqf law, government wants to grab land, not ensure Pasmanda representation

Nawal Kishore Kumar

The creation of a Waqf is a religious process. How can a non-Muslim regulate it? Will you dare provide for non-Hindu membership on the...

Why isn't there talk about what if Ambedkar had been India's first prime minister?

Rajendra Prasad

Had India's policies been designed from a bottom-up perspective, the remnants of the British colonial system would have been dismantled far more quickly. However,...

The Waqf law, and the Ashraaf failure to come to terms with democracy

Ayaz Ahmad

The Islamophilic Ashraaf's failure to come to terms with democracy has made them hopelessly prejudiced against Common Family Code. This Ashraaf failure coupled with...

K.K. Kochu and his struggle to redeem human dignity

Vinil Paul

One of the foremost Dalit thinkers of Kerala K.K. Kochu, 76, passed away on 13 March 2025. Historian Vinil Paul recalls his enduring contributions...

Economic redistribution through democratic politics

Shiveshwar Kundu

The modern version of redistributive politics is concerned with redistribution of income and other forms of material welfare. Caste census will play a decisive...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

'Speculative figures promote dangerous casteism'

Professor Amitabh Kundu says that the last time we had a caste census was almost a century ago and it's high time the government based its programmes and quotas on recent robust and comparable data

Abhay Kumar December 27, 2015

Professor Amitabh Kundu *chaired the Post Sachar Evaluation Committee. The committee was set up in August 2013 by then prime minister Manmohan Singh to evaluate the implementation of both the Sachar Committee's recommendations to improve the socio-economic and educational status of the Muslim community and the Prime Minister's New 15-Point Programme for the Welfare of Minorities. In an e-mail interview with* ***Abhay Kumar****, Prof Kundu argues that a caste census would provide policymakers with the disaggregated data about caste, helping them to work towards the goal of inclusive growth. Excerpts:*

What was the background against which the caste census was undertaken? What was the need for it?

The disaggregation of population by caste and religious group is extremely important for the successful implementation of many of the government's programmes. I do not think that the country is yet ready to discard the targeted programmes, because the budgetary requirements for (unnecessary) universal coverage would be astronomical. The need for such disaggregated information has been recognized by most policymakers and practitioners, because after 1930, all we have on castes are speculative figures, including those discussed in the context of the Mandal Commission. National Sample Survey (NSS) figures for OBCs vary in different rounds of survey due to unresolved definitional issues. I believe it is time we revisited the allocation of funds and quotas under different programmes and ensured that they are based on recent figures that are robust and comparable, at least cross-sectionally.

The critics of caste-census argue that it would promote "casteism" in society. Do you agree with this view?

It is better to have informed debate than to sweep the issues under the carpet. A discussion and debate based on speculative figures would promote "dangerous casteism".

Instead of a caste census, it is a caste survey that was undertaken. How accurate would be the results of the caste survey? Do you consider caste survey a good substitute for caste census?

Combining collection of caste data with the gathering of information for identifying the deprived population, based on a seven-dimensional concept of poverty, has resulted in over-reporting of deprivation and vulnerability across the board in the Socio-Economic and Caste Census (SECC). Income data has been collected in a cavalier manner. Even the reported illiteracy figures are on the higher side. A census or a survey conducted with a definite goal of identifying beneficiaries for a set of programmes would inevitably have this bias. I only hope that this has not contaminated the basic data on population by caste. I had argued in my writings for not combining collection of the caste data with the population census, because I was apprehensive that the inclusion of the caste question would result in deliberate misreporting on various socio-economic parameters and make the data temporally non-comparable. I had also argued that instead of the ministries of rural and urban development conducting such surveys, the National Sample Survey Office should do the survey through a special round using a fairly large sample. The identification of beneficiaries should be done separately.

The reliability of the caste (and also other) data in SECC must now be checked through cross-tabulation of the information at a disaggregative level by various parameters. Since the caste data reported by the households is verified at the gram sabha and panchayat level, the data may have adequate robustness to be usable. Furthermore, several million complaints on this have been entertained and resolved. I am therefore not willing to dismiss the caste data without examining it thoroughly. It appears to be at least the beginning of a process that will hopefully give us reliable socio-economic estimates by caste and religious group, if not now, in a few years.

Political scientist Prof Yogendra Yadav recently said on a TV programme that releasing of the caste-census requires four to five years because it is a complicated exercise. Do you agree with Prof Yadav's views?

I am given to understand that only a small proportion of the complaints received on the data remain to be resolved. I am not aware of any statistical complication that can delay the bringing of the data into the policy domain. However, the socio-economic data from this census is comparable with those obtained from other official sources.

Do you think publishing the caste-census data would help policymakers improve the condition of the marginalized?

If the inclusive-growth agenda of the government is dependent on targeted programmes and not on a change in the strategy of macro-economic development, allocations must be based on realistic figures. Also, institutional and legal provisions would have to be made to ensure that benefits reach the targeted groups. The government cannot first give subsidies to all and then make a moral appeal to the upper- and middle-class households to give them up. Such appeals can work when the annual amount involved is small but not when that is substantial. My naive argument is that given there is political will, better information would result in better designing of the programmes/missions and better outcomes.

You have significantly contributed to the study of urbanization. How do you respond to the views that caste is disappearing from urban spaces?

My studies based on limited data on caste show that indeed urbanization reduces caste-based discrimination. In the metropolitan (million-plus) cities for which we have more reliable estimates on socio-economic parameters from the NSSO, caste-based discrimination is certainly less than in other urban centres and rural areas and is declining faster than in the rest of the country.

It has almost been a year since the Post Sachar Evaluation Committee under your chairmanship submitted its report to the government. Would you agree with the perception that the government does not seem to be enthusiastic about taking action based on the recommendations of the committee?

Not only has there not been any formal response from the government, I am sad and disappointed that even the political parties (except one or two) have not taken serious note of the analysis in the report and its recommendations. Questions have been raised in the Parliament thanks to the media reporting, but no serious debate has taken place on the critical areas of concern identified in the report. Importantly, Diversity Index Committee Report, chaired by me, which made a case for bringing all organizations and companies, including those in private sector, under an incentive system linked to diversity in the composition of their workforce and beneficiaries, was not considered seriously by the UPA government a few years ago.

While you have emphatically argued in favour of extending SC status to Dalit Muslims and Christians in your recommendation, the political establishment of the country continues to ignore this issue. Do you agree with the view that depriving Dalit Muslims and Christians of their legitimate right to SC status violates the India's secular ethos?

I do. And so does the committee.

Published in the September 2015 issue of the FORWARD Press magazine

About The Author

Abhay Kumar

Abhay Kumar writes on contemporary issues and is a regular contributor to newspapers and magazines. He has a PhD from Jawaharlal Nehru University, Delhi

Related Articles

‘Dabba Cartel’: Amid drug trafficking, an exciting entanglement of class and gender questions

Survesh Pratap Singh

The women coming together to run a drug business disguised as a ‘dabba’ service has us wondering

whether the old doctrine of class struggle...

A multifaceted approach needed to end witch-hunting in Jharkhand and other states

Md Tabrez Alam

There is a pressing need for a comprehensive national law that criminalizes witch-hunting and ensures strict penalties for perpetrators. Providing communities with proper healthcare...

'Girls Will Be Girls' is a poetic journey through adolescence

Neeraj Bunkar

Director Shuchi Talati's decision to employ a predominantly female crew results in a perspective that feels authentically feminine without being performatively so, writes Neeraj...

Pro-upper-caste bias warps Left's sense of history

Rinku Yadav

Remaining in denial about the caste system obfuscates the identity of its victims and leads us to forget their struggles. It also creates a...

Looking back at Indian cinema in 2024 through an anti-caste lens

Neeraj Bunkar

Together, 'Thangalaan', 'Kottukkaali (The Adamant Girl)', 'Blue Star' and 'Vaazhai' signify a transformative moment in Tamil cinema, using the medium to interrogate caste-based discrimination,...

Subscribe

Please enter your email address Go

About | Privacy Statement | Terms of Service | Pricing Policy | Refund Policy | Contact Us

एससी-एसटी आरक्षण में उपश्रेणीकरण के संभावित खतरे

यह दुखद है कि दलित और आदिवासी आज भी समाज के सबसे निचले पायदान पर हैं, मगर अदालत उनमें "मलाईदार" तबका ढूंढ रही है। लेकिन अदालत ने कभी अपने आस-पास नहीं झांका कि उसके आस-पास क्या चल रहा है। बता रहे हैं अभय कुमार

अभय कुमार August 7, 2024

गत 1 अगस्त, 2024 के अपने फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) में उप-श्रेणीकरण की अनुमति दी। इसके चलते आदिवासियों में भी उपवर्गीकरण को हरी झंडी दिखा दी गई है। साथ ही यह कि कहीं आरक्षण में कोटा के अंदर कोटा का आधार आर्थिक आधार पर 'क्रीमीलेयर' के रूप में तैयार न कर दिया जाए और उनके समुदाय के एक हिस्से को आरक्षण मिलने से रोक दिया जाए। हालांकि अभी तक स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाई है। ऊंची जाति के वर्चस्व वाला राष्ट्रीय मीडिया सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जश्न मना रहा है और पूरे मामले को सतही तौर पर देख रहा है। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर अफवाहों का बाजार गर्म है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि जो दलित और आदिवासी वर्षों से "मलाई" खा रहे हैं, अब उनकी जगह "कमजोर" लोगों को मौका मिलेगा। इस तरह की थोथी दलील के पीछे की मानसिकता आरक्षण को 'चैरिटी' (दान) का एक रूप मानती है। ऐसे तत्वों को कौन समझाए कि आरक्षण वंचितों का संवैधानिक अधिकार है। यह 'चैरिटी' पर नहीं, बल्कि 'पैरिटी' (बराबरी) हासिल करने के लिए बना है। उसी तरह, संविधान में आरक्षण सदियों की लड़ाइयों का प्रतिफल है। जोतीराव फुले, डॉ. भीमराव आंबेडकर, पेरियार और डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे नेताओं ने प्रमुख भूमिका निभाई है।

इन आंदोलनकारियों और विचारकों ने दिखाया कि भारत में योग्यता का निर्धारण जाति के आधार पर किया जाता है। अर्थात भारत में 'कास्ट' ही 'मेरिट' है। लेकिन आरक्षण विरोधी प्रचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आज भी ऐसी बेसिर-पैर की बातें फैलाई जाती हैं कि एक अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार को 90 अंक प्राप्त करने पर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश नहीं मिलता है, जबकि एक 'अयोग्य' दलित-बहुजन उम्मीदवार 40 अंक प्राप्त करने पर डॉक्टर बन जाता है और मरीज की जान ले लेता है। मगर ऐसे लोग कभी इस बात पर चर्चा नहीं करते कि किस तरह दलित-बहुजन छात्रों के साथ हर कदम पर भेदभाव किया जाता है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि रोहित वेमुला की सांस्थानिक हत्या करने वाले कौन लोग हैं?

निश्चित तौर पर एससी और एसटी आरक्षण के भीतर उप-श्रेणीकरण आरक्षण को कमजोर कर सकती है, क्योंकि ऐसी चिंताएं हैं कि जब कुछ एससी और एसटी जातियों को 'अधिक प्रतिनिधित्व प्राप्त होने' के नाम पर बाहर कर दिया जाएगा, तो एससी और एसटी की सीटें और नहीं भर पाएंगी। पहले से ही इन वर्गों के लिए आरक्षित पदों पर देय आरक्षण के हिसाब से सीटें नहीं

भरी जाती हैं और अक्सर ही 'नॉट फाउंड सूटेबुल' (एनएफएस) की बातें देखने-सुनने को मिल जाती हैं। फिर आरक्षित पदों को सामान्य कोटे में बदल दिया जाता है, जिसका सीधा लाभ सवर्ण जातियों को मिलता है।

अगर मान भी लिया जाए कि एससी और एसटी के आरक्षण को 'जनरल कैटेगरी' में नहीं डाला जाएगा, फिर भी इस बात के खतरे बने हुए हैं कि उपश्रेणियां दलितों और आदिवासियों को आपस में बांट देंगी और उनके लिए आरक्षण पाना और भी मुश्किल हो जाएगा। सवर्ण लॉबी सीधे बहुजनों का आरक्षण खत्म करने का खतरा नहीं मोलना चाहती है, क्योंकि इससे वह सीधे तौर पर 'एक्सपोज़' हो जाएगी। उसकी हमेशा कोशिश रही है कि आरक्षण पाने की राह में कई सारी रुकावटें खड़ी कर दी जाएं और कानून के पालन के नाम पर बहुजनों को आरक्षण लेने से पहले ही थका दिया जाए।

यह दुखद है कि अदालत ने एससी को उप-श्रेणियों में बांटने संबंधी फैसला देने में इतनी जल्दी की है, लेकिन उसने अभी तक दलित मुसलमानों और दलित ईसाइयों को एससी श्रेणी में शामिल करने की अपील वाले मामले पर फैसला नहीं दिया है। इसी तरह, बिहार सरकार ने हाल के महीनों में वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण दर बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दी, लेकिन वहां भी पटना उच्च न्यायालय ने वंचितों के खिलाफ फैसला सुनाया है। कुछ महीने पहले, कोलकाता उच्च न्यायालय ने भी मुसलमानों की कुछ जातियों को ओबीसी श्रेणी में रखने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले के खिलाफ राय व्यक्त की थी। कोलकाता हाई कोर्ट ने कहा कि ओबीसी श्रेणी में मुस्लिम जातियों को शामिल करने का कोई ठोस आंकड़ा नहीं है। लेकिन दिलचस्प कि सुप्रीम कोर्ट तक ईडब्ल्यूएस आरक्षण को बगैर किसी पुख्ता आंकड़े के हरी झंडी दिखा देता है। कई कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि आरक्षण पर अदालत के फैसले अक्सर ऊंची जातियों के पक्ष में दिए गए हैं और वंचितों के अधिकार को 'योग्यता' के नाम पर दबा दिया गया है।

गंदे नाले की सफाई करता सफाईकर्मी समुदाय का एक सदस्य

यह दुखद है कि दलित और आदिवासी आज भी समाज के सबसे निचले पायदान पर हैं, मगर अदालत उनमें "मलाईदार" तबका ढूंढ रही है। लेकिन अदालत ने कभी अपने आस-पास नहीं झांका कि उसके आस-पास क्या चल रहा है। क्या इस बात से इंकार किया जा सकता है कि कुछ ही परिवार के लोग वर्षों से न्यायपालिका के उच्च पदों पर काबिज हैं और जज का बेटा जज बन जाता है।

ऐसे फैसले के पीछे की राजनीति को नजरअंदाज करना नासमझी होगी। क्या यह कोई रहस्य है कि हिंदुत्व पार्टी के भीतर एक मजबूत ऊंची जाति की लॉबी है, जो आरक्षण खत्म करना चाहती है और दलितों और पिछड़ी जातियों को विभाजित करना चाहती है? इस तरह की बात भी उठती रही है कि सवर्ण लॉबी ने एक पिछड़ा नरेंद्र मोदी को अपना प्रचंड समर्थन इस लिए दिया

था कि वे सत्ता पर काबिज होकर आरक्षण को खत्म करेंगे?

वंचित तबके को इस बात का डर है कि प्रधानमंत्री मोदी के राज में आदिवासियों की जमीन की लूट और निजीकरण की नीति सवर्ण साजिश का हिस्सा है। आरक्षण को खत्म करने की राह को हमवार करने के लिए, उसके खिलाफ गलतफहमियां फैलायी जाती रही हैं। तभी तो इसे अक्सर 'आर्थिक' नजरिए से देखा जाता है। भ्रम इसलिए भी पैदा किया जाता है क्योंकि इसे गरीबी उन्मूलन योजना बता दिया जाता है। हालांकि संविधान में कहीं भी आर्थिक आधार पर आरक्षण देने का जिक्र नहीं है। इस कड़वी सच्चाई को भुला दिया गया है कि अगर कोई दलित अधिकारी और नेतागण किसी ऊंची जाति के मंदिर में प्रवेश करना चाहता है या ऊंची जाति की लड़की से शादी करना चाहता है, तो जातिवादी समाज उसके खिलाफ खड़ा हो जाता है।

